फाल्गुन कृष्ण पक्ष, चतुर्थी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 28 फरवरी 2024
वर्ष -2, अंक -188, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

मंगल की धरती पर उड़ान भरेगा भारतीय हेलीकॉप्टर 16

यामी गौतम के आगे विद्युत का एक्शन फेल 2

भ्रामक दावों पर पतंजलि को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- कोर्ट में दिए हलफनामे के उल्लंघन पर मानहानि की नोटिस

सुप्रीम कोर्ट ने योग गुरु रामदेव की कंपनी पतंजलि आयुर्वेद के उत्पादों के बारे में अदालत में दिए गए हलफनामे और उनके औषधीय प्रभाव का दावा करने वाले बयानों के प्रथम दृष्टया उल्लंघन को लेकर मंगलवार को उसे कड़ी फटकार लगाई।

न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति ए. अमानुल्लाह की पीठ ने पतंजलि आयुर्वेद एवं इसके प्रबंध निदेशक को नोटिस जारी किया तथा पूछा कि उनके खिलाफ अवमानना कार्यवाही क्यों न की जाए। पीठ ने पतंजलि आयुर्वेद और इसके अधिकारियों को दवा की किसी भी पद्धति के विरूद्ध प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक, दोनों मीडिया में उसे किसी भी रूप में कोई बयान देने के खिलाफ आगाह भी किया, जैसा कि उन्होंने न्यायालय के समक्ष अपने हलफनामे में कहा था। कंपनी का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील ने पिछले साल 21 नवंबर को शीर्ष अदालत को आश्वस्त किया था कि अब से कानून का किसी तरह से भी उल्लंघन नहीं किया जाएगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- हम अंतरिक्ष के लिए तैयार...इस बार काउंटडाउन, समय और राकेट भी हमारा होगा

गगनयान मिशन के लिए नामित चार अंतरिक्ष यात्रियों के नामों की घोषणा

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

शुभांशु शुक्ल | प्रशांत बालकृष्णन | अंगद प्रताप | अजित कृष्णन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को उन चार अंतरिक्ष यात्रियों के नामों की घोषणा की जो देश के पहले मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन गगनयान के लिए प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने थुंबा स्थित विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर, अंगद प्रताप, अजीत कृष्णन और विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला गगनयान मिशन के लिए नामित किए गए अंतरिक्ष यात्री हैं। उन्होंने इन चारों को अंतरिक्ष यात्री पंख प्रदान किए। मोदी ने इन चार अंतरिक्ष यात्रियों को चार ताकतें करार दिया, जो देश के 1.4 अरब लोगों की आकांक्षाओं को समाहित करती हैं। मोदी ने कहा कि चार दशक बाद कोई भारतीय, अंतरिक्ष में जाने के लिए तैयार है और इस बार उलटी गिनती (काउंटडाउन), समय और यहां तक कि रॉकेट भी हमारा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ये चार अंतरिक्ष यात्री सिर्फ चार नाम या व्यक्ति नहीं हैं, बल्कि वे 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं को अंतरिक्ष में ले जाने वाली चार 'शक्तियां' हैं। मोदी ने केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, मुख्यमंत्री पिनराई विजयन, विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन और इसरो के प्रमुख एस सोमनाथ सहित अन्य गणमान्य की उपस्थिति में नाम की घोषणा की। मिशन में स्वदेशी पुर्जों के इस्तेमाल पर प्रधानमंत्री ने खुशी जताई।

प्रयागराज से ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप और लखनऊ से विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला बने टीम के सदस्य

प्रयागराज/लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को जिन चार अंतरिक्ष यात्रियों के नामों की घोषणा की उनमें दो यात्री अंगद प्रताप और शुभांशु शुक्ला उत्तर प्रदेश से हैं। रक्षा मंत्रालय के जनसंपर्क अधिकारी समीर गंगाखेडकर ने एक विज्ञप्ति में बताया कि 17 जुलाई 1982 को प्रयागराज में जन्मे ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप एनडीए के छात्र रह चुके हैं। उन्होंने 18 दिसंबर 2004 को वायु सेना की फाइटर स्ट्रीम में कमीशन प्राप्त किया था। अंगद प्रताप एक फ्लाइंग प्रशिक्षक और एक टेस्ट पायलट हैं जिनको लगभग 2000 घंटे के उड़ान का अनुभव है। वहीं, 10 अक्टूबर 1985 को लखनऊ में जन्मे विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला भी एनडीए के छात्र रहे हैं और उन्होंने 17 जून 2006 को वायु सेना की फाइटर स्ट्रीम में कमीशन प्राप्त किया था। शुक्ला एक फाइटर कोम्बेट लीडर और एक टेस्ट पायलट हैं जिनको लगभग 2000 घंटे का विमान उड़ाने का अनुभव है। दोनों को सुखोई, मिग-21, मिग-29, जगुआर, हॉक, डॉर्नियर, एएन-32 जैसे विमान उड़ाने का अनुभव है।

एक नजर

न्यायमूर्ति खानविलकर लोकपाल के अध्यक्ष बने

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने न्यायमूर्ति अजय माणिकराव खानविलकर को लोकपाल का अध्यक्ष नियुक्त किया है। राष्ट्रपति सचिवालय से मंगलवार को जारी वक्तव्य में कहा गया कि राष्ट्रपति ने न्यायमूर्ति लिंगप्पा नारायण स्वामी, न्यायमूर्ति संजय यादव और न्यायमूर्ति ऋतु राज अवस्थी को लोकपाल का न्यायिक सदस्य नियुक्त किया है। इसके अलावा सुशील चन्द्र, पंकज कुमार और अजय तिर्की को लोकपाल का सदस्य बनाया है। उपरोक्त नियुक्तियां उनके संबंधित कार्यालयों में कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से प्रभावी होंगी।

छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ में चार नक्सली मारे गए

रायपुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में मंगलवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में चार नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह मुठभेड़ जांगला पुलिस थाना क्षेत्र के जंगल में हुई, जब जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के अलग-अलग दलों को नक्सल विरोधी अभियान पर रवाना किया गया था। आधिकारी ने बताया कि जब डीआरजी का दल तुंगाली गांव के जंगल में पहुंचा तब नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद सुरक्षा बल के जवानों ने जवाबी करवाई की। उन्होंने बताया कि कुछ देर बाद नक्सली वहां से फरार हो गए। मुठभेड़ वाली जगह से अब तक चार नक्सलियों के शव बरामद किए जा चुके हैं। इलाके में खोजबीन जारी है।

केंद्र की पेयजल सर्वेक्षण पुरस्कार की घोषणा

नई दिल्ली। केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय ने मंगलवार को पहले पेयजल सर्वेक्षण पुरस्कार की घोषणा की और कहा कि जल क्षेत्र में शहरों और राज्यों की उल्लेखनीय उपलब्धि को दर्शाने वाले इन पुरस्कारों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पांच मार्च को प्रदान करेंगी। मंत्रालय की ओर से जारी बयान में यह जानकारी दी गई है। यह मंच उन लोगों को सम्मानित करने के लिए तैयार किया गया है जो अपने समुदायों के लिए स्वच्छ और टिकाऊ जल संसाधन सुनिश्चित करने में सफल रहे हैं। शहरों और राज्यों की उपलब्धियों को दर्शाते हुए 130 पुरस्कारों की एक विशिष्ट श्रृंखला प्रदान की जाएगी।

सपा में फूट, भाजपा के सभी 8 प्रत्याशी विजयी

राज्यसभा चुनाव : सपा के दो प्रत्याशी जीते, सात विधायकों ने की भाजपा के पक्ष में वोटिंग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

वोट डालने जाते उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, कई सपा विधायक भी साथ रहे।

- बसपा विधायक उमा शंकर सिंह ने भाजपा प्रत्याशी को किया वोट
- अपना दल की पल्लवी पटेल ने सपा प्रत्याशी को किया वोट, बोलीं - मैं पीडीए के साथ
- अखिलेश का आरोप-विधायकों से वोट लेने को पैकेज डील हुई

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में राज्यसभा की 10 सीटों पर भाजपा ने परचम लहराया। चुनाव में भाजपा के सभी आठों प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की जबकि सपा के तीन उम्मीदवारों में से दो ही विजयी हुए। भाजपा के विजयी प्रत्याशियों में आरपीएन सिंह, सुधांशु त्रिवेदी, चौधरी तेजवीर सिंह, साधना सिंह, अमरपाल मौर्य, संगीता बलवंत, नवीन जैन के साथ 8वें प्रत्याशी के रूप में संजय सेठ भी रहे। सपा से जया बच्चन, रामजी लाल सुमन चुनाव जीते। तीसरे प्रत्याशी आलोक रंजन हार गए। 10 सीटों पर 11 प्रत्याशी मैदान में थे।

मतदान में जमकर क्रॉस वोटिंग हुई। समाजवादी पार्टी के मुख्य सचेतक मनोज पांडेय समेत सात विधायकों ने भाजपा प्रत्याशी के लिए वोट किया। वहीं, एनडीए के घटक दल सुभासपा के एक विधायक ने सपा प्रत्याशी को वोट दिया। सपा प्रमुख ने क्रॉस वोटिंग करने वाले अपने विधायकों पर सत्तासीन दल से सौदा करने का आरोप लगाया वहीं मतदान और मतगणना के दौरान कई बार नोकझोंक की भी नौबत आई।

मतगणना के बाद परिणामों के मुताबिक भाजपा के अमरपाल मौर्य को 38, तेजवीर सिंह को 38, नवीन जैन को 38, आरपीएन सिंह को 37, साधना सिंह को 38, सुधांशु त्रिवेदी को 38 और संगीता बलवंत को 38 वोट मिले। जबकि संजय सेठ को 29 और सपा के आलोक रंजन को प्रथम वरीयता के 19 मत ही मिले। सपा के रामजी लाल 37 और जया बच्चन 41 वोट पाकर विजयी रहीं। भाजपा और सपा दोनों तरफ से महत्वपूर्ण प्रत्याशियों को मानक से अधिक वोट डलवाए गए थे ताकि जीत में कोई संशय न रहे। विधान भवन परिसर स्थित तिलक हाल में मतदान सुबह नौ से शाम चार बजे तक चला। इस दौरान कुल 395 विधायकों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। भाजपा को अपने आठवें और सपा को तीसरे प्रत्याशी को जिताने के लिए अतिरिक्त मतों की आवश्यकता थी। ऐसे में जोडतोड़ की राजनीति के बीच चुनाव में क्रास वोटिंग भी हुई। दरअसल, नामांकन के आखिरी दिन राज्यसभा के पूर्व सदस्य रहे बिल्डर संजय सेठ को आठवें प्रत्याशी के तौर पर मैदान में उतार कर भाजपा ने चुनाव को दिलचस्प बना दिया।

हिमाचल में भाजपा के हर्ष महाजन जीते, सिंघवी हारे

शिमला। 'क्रॉस-वोटिंग' के बीच भाजपा उम्मीदवार हर्ष महाजन ने सत्तारूढ़ कांग्रेस के अभिषेक मनु सिंघवी को पराजित कर हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा की इकलौती सीट पर मंगलवार को जीत दर्ज की।दोनों को 34-34 मत मिले जिसके बाद महाजन को 'ड्रॉ' के जरिए विजेता घोषित किया गया। यह कांग्रेस के लिए बड़ा झटका है जिसके पास 68 सदस्यीय विधानसभा में 40 विधायक हैं और उसने निर्दलीयों का समर्थन होने का भी दावा किया है। इस परिणाम से यह स्पष्ट हो गया है कि नौ विधायकों ने भाजपा के पक्ष में मतदान किया। भाजपा ने दावा किया था कि महाजन मजबूत स्थिति में हैं क्योंकि कांग्रेस के कई विधायकों ने अंतरात्मा की आवाज पर वोट डालने की उनकी अपील पर ध्यान दिया है। अभी भाजपा के राज्य विधानसभा में 25 विधायक हैं।

कर्नाटक में कांग्रेस ने तीन, भाजपा ने एक सीट जीती

बेंगलुरु। कर्नाटक में राज्यसभा चुनाव में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने तीन सीट, जबकि भाजपा ने एक सीट जीती। उच्च सदन के लिए निर्वाचित हुए व्यक्तियों में अजय माकन, जीसी चंद्रशेखर और सैयद नसीर हुसैन (सभी कांग्रेस से) और भाजपा के नारायणसा के. भांडगे शामिल हैं। चुनाव में चार सीट के लिए पांच उम्मीदवार मैदान में थे, जिनमें जनता दल (सेक्युलर) के उम्मीदवार डी. कुपेंद्र रेड्डी भी शामिल थे। चुनाव में क्रॉस वोटिंग हुई। भाजपा विधायकों में से एक एसटी सोमशेखर ने कांग्रेस के अजय माकन के लिए मतदान किया, जबकि अन्य विधायक ए. शिवराम हेब्बार ने मतदान में भाग नहीं लिया।

क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायकों की अब अंतरात्मा के साथ-साथ सम्पूर्ण आत्मा की जांच क्षेत्र की जनता करेगी ताकि भटकती हुई आत्माएं हमेशा के लिए शांत हो जाएं। -**शिवपाल यादव**

हमारी तीसरी सीट सच्चे साथियों की पहचान की परीक्षा थी। ये जानने के लिए कि कौन-कौन दिल से पीडीए के साथ हैं। सुनने में तो ये आ रहा है कि पैकेज डील हुई है। - **अखिलेश यादव**

क्रॉस वोटिंग नहीं ये तो वेलकम चेंज है। मुझे तो किसी ने पैकेज नहीं दिया है। मैंने भाजपा के पक्ष में वोट किया है। मुझे तो चवन्नी भी नहीं मिली है। - **राजा भैया**

मैंने पीडीए के पक्ष में मतदान किया है। मैं सपा और अपना दल कमेरावादी की विधायक हूं। मैं अपने हक की बात करती रहूंगी, मेरा सपा नेतृत्व से कोई मनमुटाव नहीं। - **पल्लवी पटेल**

सपा के दो प्रत्याशी जीते उनको भी बधाई और उनका तीसरा प्रत्याशी हारा उसके लिए भी उनको बधाई। अखिलेश यादव के अहंकार की आज हार हुई। - **केशव प्रसाद मौर्य**

सपा सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क का निधन



- मुरादाबाद के कांठ रोड स्थित निजी अस्पताल में चल रहा था इलाज

मुरादाबाद। संभल से समाजवादी पार्टी के सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क (94) का मंगलवार की सुबह निधन हो गया। मुरादाबाद के कांठ रोड स्थित एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। उनके निधन पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, बसपा सुप्रीमो मायावती, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी समेत कई राजनेताओं ने गहरा शोक जताया है।

पांच बार के सांसद बर्क संभल के अलावा मुरादाबाद जिले से भी तीन बार सांसद रह चुके हैं। वह करीब एक महीने से बीमारी के चलते अस्पताल में भर्ती थे। 21 फरवरी को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अस्पताल में पहुंचकर उनका हाल जाना था। मंगलवार को उनके निधन की खबर सुनते ही उनके परिवार व शुभचिंतकों में शोक व्याप्त हो गया।

वैन पलटी, चार विद्यार्थियों की मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

प्रतिष्ठा मिश्रा।

मुस्कान।

अनुराग।

अनुरूप।

- हाईस्कूल की परीक्षा देने जा रहे थे, कांट थाना क्षेत्र में हुआ हादसा

अमृत विचार : हाईस्कूल के छात्र-छात्राओं को परीक्षा केंद्र छोड़ने जा रही ईको (वैन) का कांट क्षेत्र के जरावन में टायर फट गया जिससे ईको खाई में पलट गई। हादसे में दो छात्राओं और दो छात्रों की मौत हो गई। सात परीक्षार्थी घायल हो गए।

मंगलवार सुबह कांट के गांव बरेंडा से द्वारिका प्रसाद महर्षि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के हाईस्कूल के 11 परीक्षार्थी ईको से जैतीपुर स्थित लटूरी लाल इंटर कॉलेज गणित का पेपर देने जा रहे थे। ईको बरेंडा गांव का मुलायम चला रहा था। करीब 6:10 बजे कांट क्षेत्र के गांव जरावन में बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने अगला टायर फट गया जिससे ईको अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। चालक वैन से कूद गया जिससे उसकी तो जान बच गई, लेकिन वैन में सवार चार परीक्षार्थी कांट के गांव बरेंडा निवासी मुस्कान (16), बरेंडा के मजरा गौटिया निवासी अनुराग (14), हरीपुर की प्रतिष्ठा (15) और नगला जाजू निवासी अनुरूप (17) की मौत हो गई। गांव बरेंडा निवासी ज्योति, अवनीश, विपिन, मोहन गुप्ता, रविकांत, ध्रुव, मुलायम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए।

> मंगलवार सुबह कांट क्षेत्र में ईको का टायर फटने से घटना होने की बात सामने आई है। घायलों के बेहतर इलाज के निर्देश दिए गए हैं। चालक के शराब पीये होने की बात कही जा रही है। इस बारे में अभी पुष्टि नहीं हो पाई है। आवश्यक कार्रवाई भी किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। - **उमेश प्रताप सिंह**, जिलाधिकारी

15 से 31 मई तक होंगी सीयूईटी यूजी की परीक्षाएं

नई दिल्ली। केंद्रीय विश्वविद्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सीयूसीईटी)-स्नातक की परीक्षा 15 से 31 मई तक 'हाइब्रिड मोड' में प्रतिदिन दो या तीन पालियों में आयोजित की जाएगी और परीक्षा के परिणाम 30 जून को घोषित किए जाएंगे। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी(एनटीए) ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए इस महत्वपूर्ण परीक्षा को 13 भाषाओं में 26 विदेशी शहरों सहित 380 शहरों में आयोजित किया जाएगा। आवेदन प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हुई और 26 मार्च को समाप्त होगी।

पंजाब-राजस्थान में 16 स्थानों पर एनआईए का छापा, छह हिरासत में

नई दिल्ली, एजेंसी

- आतंकी गठजोड़ के सिलसिले में केंद्रीय जांच एजेंसी की कार्रवाई

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने देश में आतंकवादियों एवं अन्य अपराधियों के गठजोड़ का पता लगाने के लिए मंगलवार को पंजाब और राजस्थान में कई स्थानों पर छापेमारी की और इस दौरान छह लोगों को हिरासत में लिया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। केंद्रीय एजेंसी के अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों और अन्य अपराधियों के बीच साठगांठ से संबंधित एक मामले में जारी जांच के तहत पंजाब में 14 और राजस्थान में दो स्थानों पर छापेमारी जारी है। अधिकारी ने कहा कि आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने को लेकर छह लोगों से पूछताछ की जा रही है।

वहीं, पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की एक विशेष अदालत ने चार वर्ष पूर्व राज्य में नकली भारतीय मुद्रा की जब्ती से संबंधित एक मामले में एक अन्य आरोपी को सात वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इसके साथ ही मामले में दोषियों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। संघीय एजेंसी ने बताया कि पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के रहने वाले अकरमुल को आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत पांच वर्ष के कठोर कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। यूएपीए के तहत अकरमुल को सात वर्ष के कठोर कारावास की भी सजा सुनाई गयी और उसके ऊपर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया।

सुप्रीम कोर्ट ने पांच जिलाधिकारियों को ईडी के समक्ष पेश होने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी



- तमिलनाडु में अवैध खनन से संबंधित धन शोधन का मामला

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कथित अवैध रेत खनन को लेकर की जा रही धन शोधन जांच के संबंध में तमिलनाडु के पांच जिलाधिकारियों (डीएम) को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने ईडी के समन के खिलाफ तमिलनाडु और उसके अधिकारियों की याचिका को 'अजीब और असामान्य' बताया और पांच जिलाधिकारियों को राहत देने के मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी। मद्रास उच्च न्यायालय ने पिछले साल 28 नवंबर को केंद्रीय जांच एजेंसी द्वारा जारी समन पर रोक लगा दी थी, जिसमें उसकी ओर से जारी जांच के सिलसिले में वेल्लोर, तिरुचिरापल्ली, करूर, तंजावुर और अरियालुर के जिला अधिकारियों को पेश होने के लिए कहा गया था। ईडी ने उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ शीर्ष कोर्ट का रुख किया और कहा कि इससे जांच प्रभावित होगी।

ईडी ने केजरीवाल को जारी किया 8वां समन

ईडी ने आबकारी नीति संबंधी कथित घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में पूछताछ के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आठवीं बार समन जारी किया है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को यहां एजेंसी के मुख्यालय में चार मार्च को आने को कहा गया है। केजरीवाल (55) इस मामले में सोमवार को ईडी के सामने पेश नहीं हुए थे। यह सातवीं बार है जब केजरीवाल ईडी के समन पर एजेंसी के सामने पेश नहीं हुए।

अंबाला में कुछ इलाकों में मोबाइल इंटरनेट निलंबित

- दिल्ली कूच के मद्देनजर फैसला

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने किसानों के 'दिल्ली चलो' आंदोलन के मद्देनजर मंगलवार को 28 से 29 फरवरी तक अंबाला जिले में कुछ स्थानों पर मोबाइल इंटरनेट और भारी मात्रा में संदेश भेजने की सेवाएं निलंबित रखने की घोषणा की। अंबाला समेत सात जिलों में मोबाइल इंटरनेट और संदेश सेवाएं बहाल किए जाने के दो दिन बाद यह नया फैसला आया है। मंगलवार को जारी आदेश के अनुसार, अंबाला में सदर अंबाला, पंजोखेड़ा और नग्गल थाना क्षेत्रों में सेवाएं निलंबित रहेंगी।

मिला रोजगार डॉ. कलाम तकनीकी विवि और संबद्ध कॉलेजों के 70 से अधिक शोधार्थियों को मिले उद्यम के अवसर

जेम पोर्टल ने तैयार की यूपी में स्टार्टअप की खेप

जीशान कदीर, लखनऊ

शोधार्थियों द्वारा तैयार इलेक्ट्रिक व्हीकल।

- केन्द्र सरकार की स्टार्टिंग यूपी योजना के तहत मिली है 2 करोड़ की धनराशि
- अलग जिलों में रहकर शुरू किया रोजगार, ऑनलाइन बाजार से बढ़ा कारोबार

अमृत विचार : जेम पोर्टल यानि गवर्मेंट ई मार्केट प्लेस के सहारे यूपी में छात्रों को स्टार्टअप मिला। चंद माह के भीतर 70 से अधिक जुड़े शोधार्थियों ने ऑनलाइन बाजार में बढ़त बना ली। अलग-अलग जिलों में रहने वाले युवा अब नए साथियों को जोड़कर रोजगार देने में मददगार साबित हो रहे हैं।

एमआईईटी इंक्यूबेशन सेंटर मेरठ के सीईओ रेहान अहमद बताते हैं कि सेंटर में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय लखनऊ और संबद्ध महाविद्यालयों के अलावा अन्य विद्यालयों के 70 से अधिक शोधार्थियों ने मिलकर इलेक्ट्रिक व्हीकल, साफ्टवेयर, बॉयोडायजेस्टर टैंक, मेडिकल डिवाइस, इनोवेटिव प्रोडक्ट, स्टेच्यू मेकिंग, इलेक्ट्रानिक पार्ट, इंडेक्शन सहित अन्य सामानों को बनाया है। नई तकनीक के सहारे तैयार माल ने ऑनलाइन बाजार में युवाओं को रोजगार दिया है। जिन शोधार्थियों ने उद्यम स्थापित किए हैं, वे युवाओं को कंपनी के रजिस्ट्रेशन से लेकर उसे स्थापित करने तक में मदद दे रहे हैं।

स्टार्टिंग यूपी योजना के तहत मिला लाभ

इंक्यूबेशन सेंटर को केन्द्र सरकार की स्टार्टिंग यूपी योजना के तहत दो करोड़ की धनराशि मिल चुकी है। रेहान बताते हैं कि योजना के सहारे वे शोधार्थियों को 70 लाख रुपये की मदद दे चुके हैं।

पिच डेक के सहारे कॉल टू एक्शन

शोधार्थियों ने पिच डेक के सहारे पूंजी जुटाई और निवेशकों से खरीदारी कर वित्तीय व्यवस्था को मजबूत किया। साथ ही व्यवसाय मॉडल को टीम की मदद से कॉल-टू-एक्शन तक रेखांकित किया जा रहा है।

हॉकी इंडिया की सीईओ एलेना नॉर्मन का त्यागपत्र

आरोप लगाया- लंबे समय से वेतन रोका, गुटबाजी से काम करना मुश्किल

नई दिल्ली, एजेंसी

लंबे समय तक हॉकी इंडिया की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रहीं एलेना नॉर्मन ने त्यागपत्र दे दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि लंबे समय से उनका वेतन रोका गया था तथा महासंघ में गुटबाजी से काम करना मुश्किल हो गया था।

ऑस्ट्रेलिया की नॉर्मन 13 वर्ष से यह पद संभाल रही थीं और उन्हें तीन

महीने से भुगतान नहीं किया गया था। हॉकी इंडिया के नॉर्मन के पद छोड़ने के संबंध में किसी कारण का उल्लेख किए बिना इस ऑस्ट्रेलियाई ने कहा कि (वेतन से जुड़े हुए) कुछ मुद्दे थे तथा काफी पहल करने के बाद पिछले सप्ताह उन्हें मंजूरी मिली। नॉर्मन ने कहा कि हॉकी इंडिया में दो गुट हैं। एक तरफ मैं और (अध्यक्ष) दिलीप टिर्की हैं तथा दूसरी तरफ (सचिव) भोलानाथ सिंह, (कार्यकारी निदेशक) कमांडर आरके श्रीवास्तव और (कोषाध्यक्ष) शेखर जे मनोहरन हैं। दो गुटों की लड़ाई में काम करना मुश्किल हो रहा था। नॉर्मन का त्यागपत्र भारतीय महिला हॉकी टीम की मुख्य कोच यानेक शोपमैन के उस बयान के कुछ दिनों बाद आया है, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि राष्ट्रीय महासंघ उन्हें महत्व नहीं देता और उनका सम्मान नहीं करता। नॉर्मन का त्यागपत्र राष्ट्रीय महासंघ के लिए एक और झटका है। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष और पूर्व भारतीय कप्तान दिलीप टिर्की ने नॉर्मन का त्यागपत्र स्वीकार करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। टिर्की ने कहा कि न सिर्फ हॉकी इंडिया के अध्यक्ष बल्कि पूर्व खिलाड़ी और हॉकी प्रेमी होने से मैं 12-13 वर्षों में उल्लेखनीय योगदान के लिए उनका आभार व्यक्त करता हूं। नॉर्मन के सानिध्य में भारत की पुरुष और महिला टीमों ने सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की थी। यही नहीं पुरुष टीम ने तोक्यो ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक जीतकर 41 साल के इंतजार को खत्म किया था।

13 साल तक एलेना नॉर्मन ने संभाला था पद

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया की निवर्तमान सीईओ एलेना नॉर्मन ने कहा कि महासंघ में जैसा माहौल बन गया था उसमें काम करना मुश्किल था और ऐसे में उनके पास त्यागपत्र देने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था। 13 साल तक यह पद संभालने के बाद नॉर्मन ने त्यागपत्र दे दिया। हॉकी इंडिया ने अपने आधिकारिक बयान में इसका कोई कारण नहीं बताया है लेकिन नॉर्मन ने उन चीजों का जिक्र किया है जिनसे उन्हें अपना पद छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा।

नामीबिया के लॉफ्टी-ईटन ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में 33 गेंद पर जड़ा शतक

कीर्तिपुर (नेपाल), एजेंसी

नामीबिया के यान निकोल लॉफ्टी-ईटन ने मंगलवार को त्रिकोणीय श्रृंखला के पहले मैच में नेपाल के खिलाफ 33 गेंद में शतक के साथ टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास का सबसे तेज शतक जड़ा। मध्य क्रम के बल्लेबाज लॉफ्टी-ईटन ने नेपाल के कुशाल मल्ला के 34 गेंद में शतक के रिकॉर्ड को तोड़ा।

मल्ला ने पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों के दौरान यह उपलब्धि हासिल की थी जब उनकी टीम ने मंगोलिया के खिलाफ 3

विकेट पर 314 रन का विश्व रिकॉर्ड स्कोर बनाया था। लॉफ्टी-ईटन ने सिर्फ 36 गेंद में 101 रन की पारी खेली। उन्होंने 11 चौके और 8 छक्के लगाए तथा 280.55 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 92 रन बाउंड्री से जुटाए। 22 साल के लॉफ्टी-ईटन ने अब तक 33 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय और 36 एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं। यह उनका पहला अंतर्राष्ट्रीय शतक है। लॉफ्टी-ईटन के अलावा सलामी बल्लेबाज मलान क्रूगर ने भी नाबाद 59 रन की पारी खेली, जिससे नामीबिया ने 4 विकेट पर 206 रन बनाए। नेपाल की टीम इसके जवाब में 19वें ओवर में 186 रन पर सिमट गई। दीपेंद्र सिंह ऐरी (48) नेपाल की ओर से शीर्ष स्कोरर रहे। नामीबिया की ओर से रूबेन ट्रंपलमैन ने 29 रन देकर 4 विकेट चटकाए। टूर्नामेंट की तीसरी टीम नीदरलैंड है।

खेल डायरी

एंडी मरे ने दुबई में जीत के बाद दिया संकेत, कुछ महीने और बचे हैं

दुबई, एजेंसी। तीन बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन एंडी मरे ने दुबई टेनिस चैंपियनशिप के पहले दौर में तीन सेट में डेनिस शापोवालोव को हराने के बाद संकेत दिया कि उनके करियर के अब कुछ अंतिम महीने बचे हैं। मरे ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करत हुए शापोवालोव को 4-6, 7-6 (5), 6-3 से हराकर हार्ड कोर्ट पर 500वीं जीत दर्ज की। पहले दौर में जीत के बाद मरे ने कहा कि बेशक मुझे अब भी प्रतिस्पर्धा पेश करना पसंद है और अब भी खेल से प्यार करता हूं। लेकिन उम्र बढ़ने के साथ युवा खिलाड़ियों से प्रतिस्पर्धा करना और शरीर को फिट तथा तरोताजा रखना मुश्किल हो जाता है। संभवत : मेरे पास काफी समय नहीं बचा है लेकिन इन अंतिम महीनों में मैं जितना संभव हो सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगा। मरे पहले भी संन्यास लेने पर विचार कर चुके हैं। शापोवालोव के खिलाफ जीत साल की उनकी सिर्फ दूसरी जीत है। मरे अगले दौर में उगो हम्बर्ट और गेल मोनफिल्स के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगे। ओपन युग में मरे के अलावा रोजर फेडरर (783), नोवाक जोकोविच (700), आंद्रे अगासी (592) और रफेल नडाल (518) ने हार्ड कोर्ट पर 500 से अधिक जीत दर्ज की हैं।

रोनाल्डो के आपत्तिजनक इशारे से बवाल

रियाद (सऊदी अरब), एजेंसी। दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो सऊदी प्रो लीग में दर्शकों की तरफ कथित आपत्तिजनक इशारा करने से विवादों में फंस गए हैं। उनके इस व्यवहार की जांच की जा रही है। सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में रोनाल्डो को अपने कान पकड़ते हुए और बार-बार अपनी श्रोणि के पास हाथ ले जाते हुए दिखाया गया है। ऐसा लगता है कि रोनाल्डो इस तरह का आपत्तिजनक इशारा करके अपनी टीम अल नासर की प्रतिद्वंद्वी टीम अल शबाब के समर्थकों को चिढ़ा रहे हैं। यह घटना रविवार को खेले गए मैच के दौरान हुई जिसमें अल नासर ने अल शबाब को 3-2 से हराया। इस वीडियो में दर्शकों को मेसी मेसी के नारे लगाते हुए सुना जा सकता है। लियोनेल मेसी रोनाल्डो के प्रतिद्वंद्वी रहे हैं।

मेरा लक्ष्य पैरालंपिक स्वर्ण बरकरार रखना है : प्रमोद

नई दिल्ली, एजेंसी। पांच विश्व चैंपियनशिप खिताब के लिन डैन के रिकॉर्ड की बराबरी करने वाले भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत अब पेरिस में अपना पैरालंपिक खिताब बरकरार रखना चाहते हैं और उनका इरादा 2036 खेलों में भी भाग लेने का है। बिहार में जन्मे 35 वर्ष के भगत ने रविवार को इंग्लैंड के डेनियन बेथेल को एसएल3 वर्ग के फाइनल में हराकर चीन के लिन डैन के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। पोलियो के शिकार भगत ने कहा कि ओलंपिक के बाद से मेरे अभ्यास में कमी आ गई थी और उसने भी अपने खेल पर काम किया। हमने जितने फाइनल खेले हैं, उसका दबदबा रहा है लिहाजा मेरे लिए मानसिक अवरोध पैदा हो गया था। पेरिस पैरालंपिक से पहले वह तोड़ना जरूरी था। मैं यह गलती सुधारना चाहता था जो मैने ओपन टूर्नामेंटों में की थी।

न्यूजीलैंड के नील वैगनर ने टेस्ट से संन्यास लिया

वेलिंगटन (न्यूजीलैंड), एजेंसी। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज नील वैगनर ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। दक्षिण अफ्रीका में जन्मे वैगनर ने न्यूजीलैंड की तरफ से 64 टेस्ट मैच खेले, जिनमें उन्होंने 37 की औसत से 260 विकेट लिए। वह न्यूजीलैंड की तरफ से टेस्ट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में पांचवें नंबर पर हैं। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच के लिए न्यूजीलैंड की टीम में जगह मिलने की संभावना नहीं थी और उन्होंने 5 दिवसीय प्रारूप से संन्यास लेने की घोषणा कर दी। वैगनर ने 2012 में टेस्ट में पदार्पण किया था तथा वह न्यूजीलैंड के सबसे सफल दौर में टीम का अहम हिस्सा रहे। उन्होंने टीम को 2022 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वैगनर ने जो 64 टेस्ट मैच खेले उनमें से न्यूजीलैंड ने 34 में जीत दर्ज की। वैगनर 2008 में दक्षिण अफ्रीका से न्यूजीलैंड आ गए थे और उन्होंने ओटैगो प्रांत की तरफ से प्रथम श्रेणी क्रिकेट में छाप छोड़ी।

शमी के टखने का ऑपरेशन आईपीएल से बाहर होना तय

जून में होने वाले टी-20 विश्व कप से भी रह सकते हैं बाहर

नई दिल्ली, एजेंसी

- गत वर्ष वनडे विश्व कप में भारत को फाइनल में पहुंचाने में निभाई थी अहम भूमिका
- 19 नवंबर 2023 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था अपना अंतिम मैच

भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के बाएं टखने (अकिलीज़ टेंडन) का सफल ऑपरेशन हुआ है, जिससे वह अगले महीने से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में नहीं खेल पाएंगे। इस कारण से वह जून में होने वाले टी-20 विश्व कप से भी बाहर रह सकते हैं।

इस 33 वर्षीय गेंदबाज ने पिछले साल वनडे विश्व कप में भारत को फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने भारत की तरफ से अपना अंतिम मैच 19 नवंबर 2023 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व कप फाइनल के रूप में खेला था। उनका सोमवार को लंदन में ऑपरेशन हुआ। शमी को फिट होने में 3 महीने का समय लग जाएगा। इससे वह 22 मार्च से 26 मई तक होने वाले आईपीएल में नहीं खेल पाएंगे। उनका जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप में खेलना भी संदिग्ध है। शमी ने सोमवार को अस्पताल से अपनी कई तस्वीरों को साझा करते हुए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, अभी मेरे अकिलीज़ टेंडन का सफल ऑपरेशन हुआ है। इससे उबरने में समय लगेगा लेकिन मैं फिर से अपने पांवों पर खड़े होने के लिए उत्सुक हूं।वनडे विश्व कप में 24 विकेट लेने वाले शमी दर्द के बावजूद इस टूर्नामेंट में खेले थे। वह टखने में विशेष इंजेक्शन लगाने के लिए जनवरी में लंदन चले गए थे। उन्हें हालांकि इससे कोई फायदा नहीं हुआ जिसके बाद उन्हें ऑपरेशन करवाना पड़ा।

इस घटनाक्रम से राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) की ओर से शमी के लिए तैयार किए रिहैबिलिटेशन कार्यक्रम पर भी सवाल उठ गया है। इस गेंदबाज के बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ अक्टूबर-नवंबर में भारत में होने वाली टेस्ट श्रृंखला से पहले वापसी की संभावना नहीं है। उनका लक्ष्य ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसकी धरती पर होने वाली टेस्ट श्रृंखला में वापसी करना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शमी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मैं आपके शीघ्र स्वस्थ होने और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं मोहम्मद शमी। मुझे विश्वास है कि आप अपने अंदर रचे बसे साहस से जल्द चोट से उबर जाएंगे।

शमी का बाहर होना गुजरात टाइटंस के लिए झटका

शमी का आईपीएल से बाहर होना गुजरात टाइटंस के लिए करारा झटका है, जिसके ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या पहले ही मुंबई इंडियंस से जुड़ चुके हैं। शमी ने पिछले साल आईपीएल में अपनी टीम की तरफ से सर्वाधिक विकेट लेकर उसे फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। शमी को हाल में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्होंने अभी तक एक दशक के अपने करियर में टेस्ट क्रिकेट में 229, वनडे में 195 और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 24 विकेट लिए हैं।

भारत से प्रतिस्पर्धा का मौका तक नहीं था: बेन

रांची, एजेंसी

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि वर्तमान टेस्ट श्रृंखला में उनके पास भारत के साथ प्रतिस्पर्धा करने का मौका तक नहीं था, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने मेजबान टीम को कड़ी चुनौती दी और इसलिए उन्हें अपने खिलाड़ियों पर गर्व है।

भारत ने इंग्लैंड को चौथे टेस्ट मैच में 5 विकेट से हराकर 5 मैच की श्रृंखला में 3-1 से अजेय बढ़त ले ली है। इंग्लैंड ने स्टोक्स के कप्तान और ब्रैंडन मैकुलम के मुख्य कोच बनने के बाद पहली बार कोई श्रृंखला गंवाई है। स्टोक्स ने कहा कि 3-1 अच्छा नहीं लग रहा है, लेकिन जिस तरह से हमने भारत को चुनौती दी उस पर मुझे गर्व है। उन्होंने कहा कि यहां तक कि हमारे पास भारत के साथ प्रतिस्पर्धा करने तक का मौका नहीं था, लेकिन हमने भारत को आसानी से नहीं जीतने दिया और मुझे लगता है कि वे इसे स्वीकार करेंगे।

स्टोक्स ने कहा कि यह युवा और कम अनुभवी टीम दो वर्ष से सफल रही है लेकिन भारत आना पूरी तरह से भिन्न होता है जिसका इस टीम को अभी तक अनुभव नहीं था। हमने जिस तरह से उनकी हर चुनौती का जवाब दिया उस पर मुझे वास्तव में गर्व है भले ही हमें हार का सामना करना पड़ा हो। हमारे हर खिलाड़ी ने जिस तरह से आखिर तक हार नहीं मानी, उस पर मुझे गर्व है। कोई भी खिलाड़ी किसी भी समय पीछे नहीं हटा।

गिल-जुरेल की साझेदारी ने भारत को संभाला

इंग्लैंड ने चौथे टेस्ट मैच में एक समय अच्छी वापसी की थी। चौथे दिन 192 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत का स्कोर एक समय 5 विकेट पर 120 रन था। इसके बाद शुभमन गिल और ध्रुव जुरेल ने 72 रन की साझेदारी करके भारत को लक्ष्य तक पहुंचाया।

डब्ल्यूपीएल संहिता के उल्लंघन में अरुंधति पर लगा 10% जुर्माना

बेंगलुरु, एजेंसी

दिल्ली कैपिटल्स की तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी पर यूपी वॉरियर्स के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

इस खिलाड़ी ने दिल्ली की यूपी के खिलाफ 9 विकेट से जीत में 1 विकेट लिया था। डब्ल्यूपीएल ने कहा कि अरुंधति रेड्डी पर यूपी के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान डब्ल्यूपीएल आचार

संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। अरुंधति ने डब्ल्यूपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.1 के अंतर्गत आने वाले लेवल एक के अपराध को स्वीकार किया है। संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के मामले में मैच रेफरी का फैसला अंतिम होता है।

तुर्की महिला कप: उप विजेता बनीं भारतीय टीम

अलान्या (तुर्की), एजेंसी

भारतीय महिला फुटबॉल टीम का दक्षिण एशिया क्षेत्र से बाहर अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट जीतने का सपना मंगलवार को टूट गया जब तुर्की महिला कप के अंतिम राउंड रोबिन मैच में कोसोवो ने इंजरी टाइम में गोल दागकर उसे हरा दिया। कोसोवा ने एलेंटा मेमेटी (90+2) के गोल की मदद से 1-0 से जीत दर्ज की।

कोसोवो ने 4 देशों के इस टूर्नामेंट में अपने तीनों मुकाबले जीते और 3 मैच में 9 अंक के साथ टीम शीर्ष पर रही। कोसोवो का यह लगातार दूसरा खिताब है। फीफा रैंकिंग में 65वें स्थान पर मौजूद भारत 3 मैच में 6 अंक के साथ उप विजेता रहा। टूर्नामेंट में तीसरी बार हिस्सा ले रही भारतीय महिला

फुटबॉल टीम का यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारत की मनीषा कल्याण को सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर चुना गया। कोसोवो ने पिछला मुकाबला नवंबर 2022 (स्लोवेनिया के खिलाफ 1-3 की हार) में गंवाया था और भारत के खिलाफ ड्रॉ से ही उसका खिताब पक्का हो जाता लेकिन टीम ने जीत दर्ज की। भारत ने हांगकांग के खिलाफ मैच के दौरान कार्तिका अंगमुथु की जगह संगीता बासफोर को मैदान में उतारा। भारत ने शुरुआत में ध्यान कोसोवो को रोकने पर दिया। पहले हाफ में भारत की सौम्या गोगुलोथ को मौका मिला। प्यारी शाशा ने गेंद को इंदुमति कथिरेसन की ओर बढ़ाया जिन्होंने डिफेंस को छकाते हुए गेंद सौम्या की ओर बढ़ाई। सौम्या को 6 यार्ड के बॉक्स में सिर्फ जेल्जा मेहमेती को पछाड़ना था लेकिन उनका शॉट सीधे गोलकीपर के हाथ में चला गया। कोसोवो के डिफेंस पर दबाव का भारत को फायदा मिला। प्यारी ने 38वें मिनट में अच्छा मूव बनाया लेकिन डोनजेता हालिलाज ने उसे नाकाम कर दिया। मनीषा ने इसके बाद फ्री किक पर लेकन मेहमेती ने गेंद को गोल में जाने से रोक दिया।



बॉलीवुड हलचल

वार 2 का ऋतिक ने वीडियो किया शेयर

फिल्म 'फाइटर' के बाद ऋतिक रोशन की नई फिल्म 'वॉर 2' की शूटिंग शुरू हो चुकी है। ऐसे में खुद एक्टर ने स्टाइलिस्ट अनाइता श्रॉफ अदजानिया को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए 'वॉर 2' का बीटीएस वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया। ऋतिक रोशन ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें वह अपनी स्टाइलिस्ट के साथ चल रहे हैं और खूब मस्ती करते नजर आ रहे हैं उस वीडियो में स्टाइलिस्ट अनाइता श्रॉफ अदजानिया भी है उन्हीं को एक्टर ने विश कर लिखा- अनसुनी चीजों को पर्दे पर लाने के लिए धन्यवाद, आपका आने वाला साल सुपरसोनिक हो! प्यार। ऋतिक रोशन और स्टाइलिस्ट अनाइता श्रॉफ काफी समय से एक-दूसरे के साथ काम कर रहे हैं। वह एक्टर के लुक से शानदार जादू चलाती है। इससे पहले बैंग बैंग, वॉर और अब वॉर 2 जैसी फिल्मों में भी ऋतिक के साथ काम किया हैं।

अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के इवेंट में हंगामा

अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ-स्टारर 'बड़े मियां छोटे मियां' साल की मचअवेटेड फिल्मों में से एक है। एक्टर सोमवार (26 फरवरी) को लखनऊ में थे जहां उन्होंने भारी भीड़ के सामने कुछ स्टंट किए। शेयर हुए एक वीडियो के मुताबिक हालात जल्द ही बेकाबू हो गए क्योंकि भीड़ ने इवेंट में हंगामा शुरू कर दिया। वीडियो में अक्षय और टाइगर को मंच पर देखा गया जहां उन्होंने लखनऊ आने पर अपनी एक्साइटमेंट के बारे में बात की। जैसे-जैसे भीड़ बढ़ती गई सिक्योरिटी के होते हुए भी भीड़ को संभालना मुश्किल हो गया। कई लोगों को सामने चप्पल फेंकते देखा गया जबकि सुरक्षा बलों ने हालात कंट्रोल करने की कोशिश की। भीड़ में से कई चप्पलें मैदान के चारों तरफ पड़ी देखी गईं। हंगामे के कारण मची अफरा-तफरी से कुछ देर के लिए प्रोग्राम रोक दिया गया। टाइगर श्रॉफ को लोकेशन पर इकट्ठा हुए फैन्स से कुछ देर इंतजार करने के लिए माफी मांगते भी देखा गया। इसके बाद उन्होंने कहा कि लखनऊ आना और वहां की एनर्जी देखना उनके लिए अब तक का सबसे 'हैरान कर देने वाला पल' था। इस इवेंट के दौरान सितारों ने कुछ हवाई स्टंट भी दिखाए।

यामी गौतम के आगे विद्युत का एक्शन फेल

फिल्म आर्टिकल 370 का कलेक्शन वीकेंड के बाद गिरा है लेकिन इसे वीकडेज के हिसाब से बुरा नहीं कहा जाएगा। ये फिल्म विद्युत जामवाल की क्रैक पर भारी पड़ती दिख रही है। एक्ट्रेस यामी गौतम की फिल्म आर्टिकल 370 जब रिलीज हो रही थी उस दौरान लोगों का ऐसा मानना था कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा पाएगी, लेकिन इससे एकदम विपरीत होता दिख रहा है। फिल्म फैंस काफी पसंद कर रहे हैं और इसकी कमाई के ताजा आंकड़े इस बात का सबूत हैं। इसी के साथ विद्युत जामवाल की फिल्म क्रैक कमाई के लिए काफी संघर्ष कर रही है। दोनों फिल्में एक साथ ही रिलीज हुई थीं। वीकेंड के बाद यामी गौतम की फिल्म में गिरावट देखने को मिल रही है। फिल्म ने वीकेंड में काफी अच्छा कलेक्शन किया। फिल्म ने 3 दिनों में 23 करोड़ का कलेक्शन किया था। रविवार को फिल्म ने 9 .6 करोड़ का कलेक्शन किया, लेकिन सोमवार को फिल्म की कमाई में गिरावट दर्ज की गई है। फिल्म ने 3 .25 करोड़ का कलेक्शन चौथे दिन किया है। ये कलेक्शन भले ही रविवार की तुलना में कम है, लेकिन इसके बाद भी फिल्म के कलेक्शन को वीकडेज के हिसाब से बुरा नहीं कहा जाएगा। 4 दिनों में आर्टिकल 370 ने 26 .15 करोड़ कमा लिए हैं। फिल्म की इस कमाई से यामी गौतम भी खुश नजर आ रही हैं और उन्होंने फैंस को थैंक्स कहा है। वहीं, क्रैक तो रिलीज होने के बाद से ही दर्शकों के लिए तरस रही है। फिल्म का कलेक्शन अच्छा नहीं जा रहा है। फिल्म ने वीकेंड तक 8 .70 करोड़ की कमाई कर ली थी। रविवार को फिल्म सिर्फ 2 .3 करोड़ कमा सकी . लेकिन सोमवार को फिल्म के कलेक्शन में भारी गिरावट देखने को मिली। बड़े स्टार्स से सजी ये फिल्म एक दिन में 1 करोड़ रुपये भी कमाने के लिए संघर्ष कर रही है। फिल्म ने सोमवार को करीब 1 करोड़ कमाए हैं। फिल्म के लिए आगे के दिन और मुश्किल होने वाले हैं। फिल्म को रफ्तार पकड़ने के लिए वीकेंड का इंतजार करना होगा।

चाचा की नकल से अर्जुन को मिली थी फिल्म

अर्जुन कपूर बॉलीवुड में एक दशक से काम कर रहे हैं। अब वह अजय देवगन की सिंघम अगेन में बड़े रोल में नजर आएंगे। अर्जुन ने कई सारी फिल्मों में काम किया है। भले ही वे फिल्मी खानदान से आते हैं, लेकिन एक्टर को फिल्मों में आने के लिए ऑडिशन देना पड़ा था। अर्जुन कपूर की डेब्यू फिल्म इशकजादे आज तक उनके करियर की सबसे बड़ी फिल्म मानी जाती है। हाल ही में अर्जुन कपूर ने एक इंटरव्यू में इसी फिल्म और अपने करियर पर बात करते हुए बताया कि उन्हें ये फिल्म उनके चाचा अनिल 5कपूर की कॉपी करके मिली थी। दरअसल अर्जुन कपूर और रणबीर का 'कॉफी विद करण' शो का एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें अर्जुन कपूर से पूछा गया कि उन्हें ये फिल्म कैसे मिली, तो एक्टर ने इस बारे में बताया कि 'इशकजादे' फिल्म उन्हें ऑडिशन के बेस पर मिली थी। अर्जुन कपूर ने बताया कि जब वो ऑडिशन दे रहे थे, तो उन्होंने उस सीन को अपने चाचा की नकल करते हुए किया। उन्होंने अनिल कपूर की एक्टिंग की। इसके अलावा उन्होंने ये भी बताया कि उन्होंने अनिल कपूर के साथ सलमान खान की एक्टिंग भी की। प्रोड्यूसर को दोनों सुपरस्टार्स की कॉपी की गई एक्टिंग पसंद आई और उन्होंने अर्जुन को फाइनल कर लिया। इस तरह से अर्जुन कपूर को चाचा की नकल करके उनके करियर की सबसे बड़ी फिल्म मिल गई। इस फिल्म में उनके अपोजिट परिणीति चोपड़ा थीं।

ओम शांति ओम ने बदल दी अर्जुन रामपाल की किस्मत

अर्जुन रामपाल इन दिनों क्रैक को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म ने 23 फरवरी 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक दे दी है। इस फिल्म में वो विद्युत जामवाल के साथ हैं। हाल ही में अर्जुन रामपाल ने शाहरुख खान के साथ 27 साल पहले की एक फिल्म का जिक्र किया और बताया कि कैसे उस फिल्म ने अर्जुन रामपाल की जिंदगी बदल दी थी। अर्जुन रामपाल ने अपने करियर की शुरुआत 22 साल पहले 2001 में आई फिल्म प्यार इश्क और मोहब्बत से की थी। उन्होंने इस फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू किया। उसके बाद से अब तक वो विलेन से लेकर हीरो तक कई रोल निभा चुके हैं। 2 दशक से फिल्म इंडस्ट्री में काम कर रहे अर्जुन रामपाल ने कई फिल्में की हैं, जिसमें उनके अलग-अलग तरह के रोल देखने को मिले हैं, लेकिन वो शाहरुख खान के साथ की ओम शांति ओम को अपने करियर की सबसे अहम फिल्म मानते हैं. उनका कहना है कि ये फिल्म उनके करियर में टर्निंग प्वाइंट साबित हुई। शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण स्टारर फिल्म ओम शांति ओम साल 2007 में आई। फिल्म का निर्देशन फराह खान ने किया था। इस फिल्म ने दर्शकों का दिल जीत लिया था और ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। फराह खान की इस फिल्म में अर्जुन रामपाल ने विलेन मुकेश मेहरा का रोल किया था। उनकी एक्टिंग की खूब तारीफ हुई थी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
Video Recto Scope
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919

एक नजर

गबन में प्रधान, सचिव पर रिपोर्ट और वसूली के आदेश

रसूलाबाद। ग्राम पंचायत नौहानौगांव में ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव की सरकारी धन के दुरुपयोग कर लाखों रुपये के गबन के मामले में डीएम ने जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज कर वसूली के आदेश दिए हैं। जांच में 2 लाख 99 हजार पांच सौ सत्तर रुपये का गबन पाया गया। डीएम आलोक सिंह ने गबन की गई धनराशि की वसूली करने और ग्राम प्रधान मुकेश कुमार और पंचायत सचिव दीपक त्रिपाठी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के आदेश दिए हैं।

अज्ञात वहान की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

पुखरायां। शिवाली थाना क्षेत्र के गहरा गांव के सर्वेश कुमार (28) अपने मित्र गजनेर थाना क्षेत्र के रानियां सेंधा गांव के रामशंकर (30) बाइक में सवार होकर झांसी और कानपुर हाइवे से चैरा गांव रिश्तेदारी में जा रहे थे, जहां पर सिखमापुर मोड़ के पास बाइक में अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दो लोग घायल होने पर स्थानीय लोगो के द्वारा घायलों को सीएचसी लाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार किया गया

किशोरी को भगाने में रिपोर्ट

मूसानगर। किशोरी के पिता ने तहरीर देकर बताया कि सोमवार की शाम को शौच क्रिया के लिए गई थी। वापस न लौटने पर तलाश की गई कहीं पता नहीं चला। पिता ने आरोप लगाया कि मोहल्ले के ही हरीराम की पुत्री, विष्णु की लड़की, कालीदीन की बहू व विजय की बहू आदि ने उसे कहीं भगा दिया है। थानाध्यक्ष अमरेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि किशोरी पिता की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

कार ने बाइक में टक्कर मारने के बाद तोड़ा खंभा

रूरा। बाइक सवार अजब सिंह यादव ने बताया कि वह अपनी पुत्री व साले के साथ रूरा जा रहा था। बनीपारा में भट्ठे के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे पुत्री पल्लवी व साला अर्पित बुरी तरीके से घायल हो जबकि साले अर्पित का दाया पैर टूट गया।मौके पर पहुंचे 112 के सिपाही शिशुपाल ने सभी घायलों को उपचार हेतु सीएससी भिजवाया।वही आगे जाकर कार सवार ने बनीपारा गांव में तकिया मोहल्ले के पास खाई बिजली खंभे के खंभे में टक्कर मार दी जिससे खंभा टूट गया और कार को खाई में कूदा दिया और और कार सवार फरार हो गया।

करंट से किशोर झुलसा

कानपुर देहात। रसूलाबाद क्षेत्र के नारखुर्द गांव निवासी शरद कुमार का बेटा पीयूष 17 सबमर्सिबल पंप चालू कर रहा था इसी दौरान वह करंट की चपेट में आकर झटके से दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। डॉक्टर सौरभ शाक्य ने हैलट रेफर कर दिया ।

मार्ग दुर्घटना में दो घायल

कानपुर देहात। नेहरू नगर निवासी रानू बेटा अयात 1 के साथ बाइक से आजाद चैक खरीदारी करने आया था वहां से घर वापस जाते समय अचानक बाइक अनियंत्रित होकर गिर पड़ी। हादसे में मासूम अयात गंभीर रूप से घायल हो गया परिजन सीएचसी ले गये वहां ईएमओ ने इलाज के बाद हैलट रेफर कर दिया। नेहरू नगर निवासी रंजीत कुमार वैन पलटने से गंभीर रूप से घायल हो गया। ईएमओ ने इलाज के बाद हैलट रेफर किया।

नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले दोषी को 20 साल का कारावास

सजेती क्षेत्र में पांच साल पहले हुई थी घटना

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

● अदालत ने दोषी पर 13 हजार रुपये का अर्थदंड ठोंका

अमृत विचार: सजेती थाना क्षेत्र में करीब पांच साल पहले एक गांव की रहने वाली नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर घर ले जाने और फिर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में अदालत ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए 20 साल की सजा सुनाई है। अपर जिला जज पॉक्सो कोर्ट ने मंगलवार को दोषी कठोर कारावास की सजा सुनाते हुए 13 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है।

विशेष लोक अभियोजक राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि कानपुर नगर जनपद के सजेती थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें बताया था कि उसकी नाबालिग पुत्री 18 सितंबर 2019 की शाम घर से माचिस लेने दुकान पर जा रही थी। उसे अकेला देखकर पड़ोस में रहने वाला परशुराम उसे बहला कर अपने घर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। घर वापस आकर पुत्री ने घटना की जानकारी दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

पुलिस ने विवेचना कर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया था। मामले की सुनवाई अपर जिला जज 13 पॉक्सो एक्ट बाकर शमीम रिजवी की अदालत में चल रही थी। मंगलवार को अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी परशुराम को दोषी करार देते हुए 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई, साथ ही उस पर 13 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड की आधी धनराशि पीड़िता को दिए जाने तथा अर्थदंड अदा न करने पर तीन माह के अतिरिक्त कारावास की सजा का भी आदेश दिया है।

दुष्कर्म व मारपीट में तीन भाई दोषी करार

कानपुर देहात। घाटमपुर क्षेत्र के एक गांव में मायके आई विवाहिता को घर पर अकेला पाकर एक युवक ने जबरन दुष्कर्म किया था। वहीं उसके दो भाइयों ने विवाहिता व उसकी छोटी बहन के साथ मारपीट की थी। मामले की सुनवाई अपर जिला जज एफटीसी प्रथम की अदालत में चल रही थी। मंगलवार को अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए दुष्कर्म में एक युवक को दोषसिद्ध किया है। वहीं सहयोगी उसके दोनों भाइयों को मारपीट में दोषसिद्ध करते हुए सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 29 फरवरी की तिथि नियत की है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता अमित सिंह चैहान ने बताया कि घाटमपुर क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी इसमें बताया था कि वह 2 नवंबर 2013 को अपने मायके आमावस्या पर्व पर घर आई थी। 4 नवंबर 2013 को उसके घर के सभी लोग खेतों पर काम करने गए थे वह घर पर अकेले थी उसी समय गांव के प्रधान का भतीजा अरविंद कुमार उसे घर पर अकेला पाकर घुस आया और उसके गले में चाकू लगाकर जान से मारने की धमकी देते हुए उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया उसी समय मौके पर आईं उसकी छोटी बहन ने उसे छुड़ाने का प्रयास किया तो अरविंद कुमार का छोटा भाई शैलेन्द्र कुमार व चचेरा भाई राहुल ने वहां आकर उसकी बहन और उसके साथ मारपीट की और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए।मामले में पुलिस ने विवेचना कर सभी आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र अदालत में पेश किए थे।मामले की सुनवाई अपर जिला जजध्एफ टी सी प्रथम सुरेन्द्र सिंह की अदालत में चल रही है।मंगलवार को अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी अरविंद कुमार को दुष्कर्म के अपराध में दोषसिद्ध किया वहीं अन्य आरोपियों शैलेन्द्र कुमार व राहुल को घर में घुसकर मारपीट करने के अपराध में दोषसिद्ध किया है।अब सजा के बिंदु पर अदालत 29 फरवरी को सुनवाई करेगी।

आरोपियों पर मुकदमा दर्ज करने का आदेश

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

अमृत विचार। राजपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी सहित अन्य ससुरालियों पर घर में घुसकर जेवर व रुपए लूटने का आरोप लगाते हुए एंटी डकैती कोर्ट में प्रार्थनापत्र दिया था। अदालत ने प्रार्थनापत्र पर सुनवाई कर राजपुर थाना प्रभारी को आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना के आदेश दिए हैं।

राजपुर थाना क्षेत्र के गांव बदनपुर पैलावर निवासी मैनेजर सिंह ने अदालत में प्रार्थनापत्र पेश करते हुए कथन किया था कि 20 सितंबर 2022 को दो बजे दिन उसके ससुर हाकिम सिंह, सास कृष्णावती उर्फ मुन्नी देवी, साले आदित्य कुमार उर्फ ओमी,अमित कुमार व उसकी पत्नी वंदना एकराय होकर घर में आकर चार लाख कीमती जेवर और बीस हजार रूपए बक्से का ताला तोड़कर लूट लिए मौके पर उसके आने पर उसे जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए।

अधिवक्ता राम नरेश मिश्रा ने बताया कि मामले में थाने सहित पुलिस के कई उच्च अधिकारियों प्रार्थनापत्र देकर कार्यवाही की मांग की लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई इसपर अदालत में प्रार्थनापत्र पेश किया गया था।जिसकी सुनवाई करते हुए एंटी डकैती कोर्ट ने राजपुर थाना प्रभारी को मामले में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना करने के आदेश दिए हैं।

पांच आरोपियों को मिले निशुःल्क अधिवक्ता

कानपुर देहात। हत्या, दुष्कर्म, चोरी सहित अन्य के मामलों में जेल में बंद पांच आरोपियों को आर्थिक स्थिति का हवाला देने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने निशुल्क अधिवक्ता नियुक्त करने को हरी झंडी दी है। चीफ डिफेंस काउंसिल संजय शुक्ला को अधिवक्ता नामित किया गया है। हत्या के मामले में जेल में निरुद्ध बरौर निवासी जीतेंद्र कुमार ,शस्त्र अधिनियम के मामले में सटटी ततारपुर निवासी मनीष उर्फ मिर्ची व मावर भोगनीपुर निवासी विक्की उर्फ निहाल व चोरी के मामले में पतारा निवासी साजिद ने मुकदमें की पैरवी को निशुल्क अधिवक्ता नियुक्त करने को जेल अधीक्षक के माध्यम से प्राधिकरण में प्रार्थना पत्र दिया था। वहीं दुष्कर्म के मामले में जेल में बंद भोगनीपुर निवासी ब्रजेश ने अदालत में प्रार्थना पत्र दिया था। इस पर विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से तीनों मामलों के लिए चीफ डिफेंस काउंसिल संजय शुक्ला को अधिवक्ता नियुक्त किया गया है।

हत्या के मामले में दोषी को उम्रकैद

कानपुर देहात। रूरा थाना क्षेत्र के अंबरपुर गाव में 2015 में युवक की हत्या करने के मामले में सुनवाई पूरी होने के बाद जिला जज की अदालत ने एक आरोपी को दोषसिद्ध करते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही उस पर बीस हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है।वहीं साक्ष्य के अभाव में दो आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया है।

रूरा क्षेत्र के अंबरपुर का सत्येंद्र पाल 7 मार्च 2015 को जगजीवन पाल के यहां रामायण में गया था। रात 9 बजे घर जाते समय आरोपियों ने हमला कर हत्या कर दी थी। दूसरे दिन सुबह उसकी लाश गांव के बाहर पड़ी मिली थी। पिता रमेश ने गांव के ही बच्चन पाल व कल्लू पाल के अलावा भोगनीपुर क्षेत्र के पिलखिननी निवासी नरेश पाल के खिलाफ 8 मार्च को हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था। सुनवाई जिला जज जय प्रकाश तिवारी कर रहे थे। जिला शासकीय अधिवक्ता राजू पोरवाल ने बताया कि मंगलवार को अदालत ने आरोपी बच्चन पाल को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई। इसके साथ ही उस पर बीस हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है।वहीं साक्ष्य के अभाव मे आरोपी कल्लू पाल व नरेश पाल को दोषमुक्त कर दिया गया है ।

पिकअप की टक्कर से युवक की चली गई जान

कानपुर देहात। काम से अकबरपुर जा रहे एक व्यक्ति को तेज रफ्तार पिकप ने जोरदार टक्क्र मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुची पुलिस ने घायल को ईलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा, जहां ईएमओ ने मृत घोषित कर दिया, जिससे परिजनो में कोहराम मच गया।

अकबरपुर थाना क्षेत्र के साहिबापुर गांव निवासी सुशील कुमार (40) खेती बाड़ी काम करके जीवन यापन करता था। सोमवार की देर शाम को वह अपने घर से निजी कार्य से अकबरपुर जा रहे थे। तभी अकबरपुर-रूरा रोड पर ज्योतिष गांव के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकप ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुची ने पुलिस एंबुलेंस से सुशील कुमार को जिला अस्पताल अकबरपुर भेजा जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया गया। पिता की मौत से पुत्र आयुष, राम, लक्ष्मण का रो-रो कर बुरा हाल है। कोतवाल सतीश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

राजपुर थाना प्रभारी का छिन गया चार्ज

कानुपर देहात। पुलिस अधीक्षक ने मंगलवार को जिले में पांच थाना प्रभारी निरीक्षकों व उप निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में बदलाव कर दिया है।

पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति ने रूरा थाना प्रभारी अजय पाठक को राजपुर, गजनेर थाना प्रभारी महेश कुमार को सिकंदरा थाना प्रभारी बनाया है। सिकंदरा थाना प्रभारी दिलीप बिंद को हटाकर गजनेर थाने की जिम्मेदारी दी है, जबकि राजपुर थाना प्रभारी शैलेंद्र मिश्रा को थाने से हटाकर वीआईपी सेल की जिम्मेदरी दी है। वहीं रूरा के एसएसआई देव नरायण द्विवेदी को थाने का प्रभार दे दिया गया है।

खूनी रफ्तार: घर पहुंचने से पहले ही 'परदेशी' की मौत

संवाददाता, सिकंदरा

हादसे में मौत के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

अमृत विचार: कानपुर-इटावा हाईवे पर घर जाने के लिए बस का इंतजार कर रहे एक अधेड़ को पीछे से तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां ईएमओ ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर घर पहुंची तो परिवार में कोहराम मच गया।

सट्टी थाना क्षेत्र के शाहजहांपुर का रहने वाला रमेश कुमार (50) जयपुर में एक प्राइवेट फैक्ट्री में काम करता था। वह मंगलवार को जयपुर से अपने गांव शाहजहांपुर आ रहा था। उसने अपने आने की खबर पहले ही घरवालों को दे दी थी। मंगलवार की सुबह करीब छह बजे वह प्राइवेट बस से हाईवे पर सूर्या होटल के सामने उतरा और गांव जाने के लिए सवारी का इंतजार कर रहा था। इसी बीच तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने पीछे से उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। राहगीरों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरा पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घर में उसके आने का इंतजार कर रहे परिवार वालों को जब मौत की खबर मिली तो कोहराम मच गया। परिवार के लोग जिस हालत में थे, उसी तरह अस्पताल की ओर भागे।

तीन बेटियों के सिर से छिना पिता का साया

अस्पताल पहुंचे पड़ोसी युवक ने बताया कि रमेश कुमार जयपुर में एक प्राइवेट फैक्ट्री में काम करके अपनी तीन बेटियों और एक बेटे का पालन-पोषण करता था। उसके परिवार में और कोई कमाने वाला नहीं है। रमेश की मौत से तीन बेटियों के सिर से पिता का साया छिन गया है। गांव वाले यही कह रहे हैं कि रमेश की मौत के बाद अब परिवार का गुजारा कैसे होगा।

अस्पताल में गर्भवती की मौत

संवाददाता, राजपुर

● मायके वालों ने ससुराल वालों पर लापरवाही का आरोप मढ़ा

अमृत विचार: सट्टी थाना क्षेत्र के महाराजपुर गांव में एक विवाहिता की सोमवार रात कानपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। वह कई दिन से बीमार थी। पिता ने ससुराल वालों पर लापरवाही का आरोप लगाकर पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है और कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

रूबी देवी।

देवराहट थाना क्षेत्र के सेल्हूपुर निवासी मलखान सिंह ने बताया कि उसकी बेटी रूबी देवी की शादी सट्टी थाना क्षेत्र के महाराजपुर गांव निवासी दीपू सिंह से हुई थी। उसकी बेटी के दो बच्चे जाह्नवी (8) और कृष्णा (6) हैं। रूबी दो माह के गर्भ से थी और कई दिनों से बीमार चल रही थी। दामाद दीपू ने उसका ठीक से इलाज नहीं कराया। रविवार को हालत बिगड़ने पर ससुरालीजन उसे अकबरपुर के प्राइवेट अस्पताल ले गए। हालत में सुधार न होने कानपुर के निजी अस्पताल ले जाते समय रूबी की मौत हो गई।

उन्होंने बेटी के ससुरालीजनों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर पुलिस को सूचना दी। थानाध्यक्ष शिवशंकर सिंह ने बताया कि मृतका के पिता की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। छानबीन की जा रही है। तहरीर मिलने पर जांच-पड़ताल कर कार्रवाई की जाएगी। उनका कहना है कि फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार किया जा रहा है।

प्रधान संगठन ने सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

अमृत विचार: राष्ट्रीय पंचायतीराज प्रधान संगठन ने ग्राम पंचायतों में कार्य संचालन में आ रही बाधाओं व अधिकारों में की गई कटौती को लेकर प्रदेश महासचिव दिनेश मिश्रा ने ग्राम प्रधानों के साथ मुख्यमंत्री के नाम संबोधित 15 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा है।

मंगलवार को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए राष्ट्रीय पंचायतीराज प्रधान संगठन के प्रदेश महासचिव दिनेश मिश्रा ने बताया कि 73वें संविधान संशोधन में ग्राम पंचायतों में प्रदत्त अधिकार आज तक पूरे नहीं दिए गए, बल्कि कई अधिकारों में कटौती भी कर ली गई है, जो गलत है। मांग की गई कि यह संशोधन बिल पूर्ण रूप से लागू किया जाए। मनरेगा का भुगतान बीडीओ के डोंगल से होता है, जबकि घोषणा के मुताबिक यह अधिकार प्रधान व सचिव को दिए जाए। मनरेगा में ग्राम पंचायतों को पांच लाख से 20 लाख तक के कार्य स्वीकृत करने का अधिकार दिया जाए। मनरेगा में 60 प्रतिशत कच्चे कार्य और 40 प्रतिशत पक्के कार्य पर व्यय करने का प्राव्धान है, 70 प्रतिशत पक्के और 30 प्रतिशत कच्चे कार्यों पर किया जाए।

सार-संक्षेप

प्रतिमा का अनावरण करते सासंद देवेंद्र सिंह भोले। अमृत विचार

पूर्व राज्यमंत्री स्व.संतोष शुक्ला की मूर्ति का अनावरण

कानपुर देहात। दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री स्व . संतोष शुक्ला की प्रतिमा का अकबरपुर के नवीन बस अड्डे पर सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने अनावरण किया। उन्होंने कहा कि पूर्व राज्यमंत्री संतोष शुक्ला की प्रतिमा का अनावरण सौभाग्य का क्षण है। नगर पंचायत में जो कार्य किया है, वह सराहनीय हैं। संतोष शुक्ला अपने जीवन की आहुति देकर अमर हो गए। उन्होंने चैयरमैन को धन्यवाद दिया, जिन्होंने मूर्ति लगवाने का संकल्प लिया। भाजपा जिलाध्यक्ष एवं स्व . संतोष शुक्ला के भाई मनोज शुक्ला भावुक थे। उन्होंने कहा हम जिस पद पर बैठे हैं, वह भाई के कारण ही संभव हुआ है। उनकी प्रतिमा का अनावरण होने से लोग प्रेरणा लेंगे एक सुखद अवसर है। इस मौके पर राजेंद्र सिंह राजू, चेयरमैन दीपाली सिंह, जितेंद्र सिंह गुड्डन, राजेश तिवारी, महंत देवनारायण दास, डॉ. सतीश शुक्ला, राजेश सचान, कन्हैया कुशवाहा, पूर्व विधायक कमलेश दिवाकर, राजेश शुक्ला, अनिल मिश्रा, रवि शुक्ला, डॉ विवेक द्विवेदी, अवधेश शुक्ला, परवेश कटियार, विकास मिश्रा समेत भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू

कानपुर देहात। जहां भी भागवत होती है वहां का क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक ऊर्जा से सशक्त हो जाता है । वहीं इसके सुनने मात्र से पापी और प्रेत योनि में गए लोगों को भी मुक्ति मिल जाती है। यह बात रसूलाबाद क्षेत्र के बंशी निवादा स्थित भोले शंकर मंदिर परिसर में शुरू हुई सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के पहले दिन भागवत महात्म्य बताते हुए कथावाचक मोहित कृष्ण महाराज ने लोगों को बताई। श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ के पूर्व सैंकड़ो भक्त सिर पर कलश रखकर निचली राम गंगा नहर से जल लेकर आए जिन्हें आचार्य ने विधिवत भागवत पंडाल में स्थापित करवाया। कलश यात्रा में परीक्षित राम सिंह फौजी व उनकी पत्नी, अरुण कुमार यादव, दिनेश यादव, सदाफूल सविता, नीरज प्रजापति, विश्वनाथ सिंह, बलवान, राहुल यादव उर्फ मामू विनय, अजय, उदयवीर आदि मौजूद रहे।

नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैयालाल की...

राजपुर। अमरौधा ब्लॉक के किशुनपुर के बजरंग वली मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन कथावाचक आचार्य मनोज अवस्थी ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाते हुए कहा कि जब जब धरा पर अत्याचार, दुराचार, पापचार बढ़ता है, तब-तब प्रभु का अवतार होता है। मथुरा के राजा ने पाप का आचरण करते हुए अपने ही पिता को कारावास में डाल कर सत्ता हथियाकर प्रजा पर अत्याचार किया। बहन देवकी व पति वसुदेव को कारावास में बंद कर दिया लेकिन श्री हरि की कृपा से माया के कारण कारावास के बंद पड़े द्वार खुल जाते हैं।

धर्म-अध्यात्म

श्रीराम जानकी आश्रम गौरियापुर में भागवत कथा की अमृत वर्षा से सराबोर हुए श्रद्धालु

ईश्वर सूक्ष्म रूप से सृष्टि के कण-कण में व्याप्त

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

पंडाल में बैठकर कथा सुनते भक्त। अमृत विचार

अमृत विचार। श्रीरामजानकी आश्रम व संस्कृत महाविद्यालय गौरियापुर परिसर में आयोजित पंचकुंडीय महायज्ञ के अंतर्गत मंगलवार को तृतीय दिवस में जहां यज्ञशाला में यज्ञ के आचार्यों ने वेदी पूजन करके 33 कोटि देवताओं का आवाहन और स्थापन यज्ञशाला में किया। श्रीमद्भागवत व प्रवचन पंडाल में भी भक्तों की भीड़ काफी मात्रा में बढ़ी हुई दिखाई पड़ी।

श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा के अंतर्गत व्यासपीठ से राष्ट्रीय भागवत व्यास राजेशजी मिश्रा प्रशांत जी महाराज ने प्रहलाद चरित्र की कथा सुनाते हुए बताया कि भक्त प्रहलाद की भगवान में अपार आस्था थी जिसका परिणाम यह हुआ कि उन्होंने एक निर्जीव स्तंभ से भी परब्रह्म परमेश्वर को प्रकट करके दिखा दिया। श्रीव्यास जी ने बताया कि इस प्रसंग से यह भी प्रमाणित होता है कि ईश्वर सूक्ष्म रूप से सृष्टि के कण-कण में व्याप्त है और भक्त की आस्था और उसके द्वारा जहां चाहे वहां ईश्वर को प्रत्यक्ष प्रकट कर सकता है, इसलिए सनातन धर्म में मूर्तिपूजा की भी परम सार्थकता सिद्ध होती है।

श्री मिश्र ने बताया कि भक्त प्रहलाद ने भगवान को स्तंभ से प्रकट करके जहां अपने ईश्वर पर अटल विश्वास और ईश्वर भक्ति को प्रमाणित किया वहीं उन्होंने इस परम पुरुष परमात्मा को नरसिंह रूप में प्रकट करके अपने पिता हिरणाकश्यप का कल्याण करवाया और अपनी पितृ भक्ति को भी समाज के सामने प्रस्तुत किया। उन्होंने हिरणाकश्यप का उदाहरण देकर जीवन के परम सत्य की पुष्टि करते हुए बताया कि मनुष्य चाहे जितना बुद्धिबल छलबल प्रयोग कर ले,लेकिन संसार के परमसत्य मृत्यु को कभी छाला नहीं कर सकता हां धर्म के मार्ग पर चलकर और भगवान की भक्ति का आश्रय लेकर अपने जीवन में अमृत्व जरूर प्राप्त किया जा सकता है। वहीं यज्ञशाला में यज्ञ आचार्य पंडित राज नारायण त्रिपाठी के द्वारा अपने सहयोगी आचार्य पंकज अग्निहोत्री,दीपक तिवारी, आभास शुक्ला के साथ यज्ञवेदियों में 33 कोटि देवताओं का आवाहन और स्थापन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया। प्रवचन मंच से उत्तर भारत में महाभारत सम्राट उपाधि से विभूषित पंडित रामकुमार शुक्ला ने संगीतमयी शैली में महाभारत के विराट पर्व का बहुत ही मनोहारी वर्णन किया।उनके शिष्य सत्यम शुक्ला महाभारती ने भी अपने मधुरिम स्वर में महाभारत की कथाएं सुनाई। प्रधान सरमन तिवारी, रामबालक, रामनरेश त्रिपाठी, वेदनारायण पाण्डेय, राजेश शुक्ला, योगेश्वर नाथ अवस्थी, राहुल त्रिपाठी, गणेश गर्ग,राकेश शुक्ला, लक्ष्मी नारायण कश्यप, मोतीलाल कश्यप, छोटे आदि रहे।

कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

रूरा । थाना क्षेत्र के सिठमरा गॉव निवासी अजीत यादव ने बताया कि वह घर के बाहर बैठा हुआ था तभी रंजिशन गॉव के ही राजेश, प्रांजु, ओमप्रकाश घर मे गाली गलौच करते हुये घुस आये और पूर्व मे दर्ज मुकदमे को सुलह करने का दबाव बनाने लगे मना करने पर मारपीट करने लगे इसी बीच प्रांजुल ने अवैध असलाहा से मारने के लिये फायर कर दिया दिवार के पीछे होने के कारण गोली दिवार मे लगी और वह बच गया पीडित के चिल्लाने पर उक्त लोग भाग गये। पाडित जब थाने मे रिपोर्ट लिखवाने पहुचा तो पुलिस ने उसकी रिपोर्ट नही दर्ज की बाद मे उसने न्यायालय की शरण ली। थानाध्यक्ष देवनारायण दुबे ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

आरटीओ मार्ग अतिक्रमण में गुम, फुटपाथ का पता नहीं

व्यस्त मार्ग बदहाल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। अतिव्यस्त आरटीओ रोड के दोनों छोर से लेकर बीच में हर जगह अतिक्रमण दिखेगा। सड़क पर ही पार्किंग, आरटीओ में काम कराने वालों के बस्ते, दो दर्जन से अधिक ठेला खड़े होते हैं। इतना ही नहीं इसी रोड पर एक नामी स्कूल को सुविधा देने के लिए सड़क की दुर्दशा कर दी गई है। रूट डायवर्जन के लिए रोड पर इतने जर्सी बैरियर और स्प्रिंग पोस्ट लगा दिए गए हैं कि वाहन चालक उसी में उलझ कर रहे जाते हैं। स्कूल के सामने तो सड़क लगभग पूरी तरह गायब हो गई है।

आरटीओ कार्यालय से 50 मीटर दूर सर्वोदयनगर में दो दर्जन अधिक प्रमुख चिकित्सकों के क्लीनिक हैं। इसलिए सुबह आठ बजे से ही मरीजों का आवागमन इस रोड पर शुरू हो जाता है। सुबह दो घंटे तो मरीजों को कुछ राहत मिलती है, मगर 10 बजे के बाद मरीज क्लीनिक तक पहुंचने में तड़प जाते हैं। आरटीओ कार्यालय, हैंडलूम, श्रम विभाग के कार्यालय इसी रोड पर हैं। अगर इन कार्यालयों में आने वाले आईटीआई से होकर आएं तो अपने मुकाम पर पहुंच जाएंगे, लेकिन अगर रेवमोती की तरफ से आए तो उन्हें भी सड़क पर ही आने वाहन खड़े करने होंगे। नतीजा अन्य लोगों को समस्याओं से जूझना पड़ेगा। दोपहर तक सड़क कम और अतिक्रमण ज्यादा दिखता है। वहीं रेवमोती के सामने दुकानदारों ने पूरी तरह फुटपाथ पर कब्जा कर रखा है। चार पहिया वाहन ही सड़क पर खड़े मिल जाएंगे।

बीच सड़क पर वाहनों की पार्किंग। अमृत विचार

सड़क के दोनों ओर खड़े होते वाहन। अमृत विचार

- अति व्यस्त रोड पर हर तरफ पार्किंग, अतिक्रमण के कारण तड़प जाते मरीज

ठेलों की भरमार

सड़क के दोनों तरफ फुटपाथ पर अतिक्रमण रहता है। फल, चाय, नाश्ता के करीब दो दर्जन से अधिक ठेले खड़े होते हैं। ठेले वाले फुटपाथ पर ही ग्राहकों के लिए कुर्सी व बेंच डालते हैं। इसी रोड पर एक दर्जन चोखा-बाटी की दुकानें भी दुकानें भी फुटपाथ पर लगती हैं।

जहां चाहे वाहन खड़ा करें

इस रोड पर अकेले श्रम विभाग के पास पार्किंग स्टैंड है। बाकी सभी प्रतिष्ठानों के वाहन सड़क पर ही खड़े होते हैं। रोड पर आठ से दस की संख्या में अकेले एंबुलेंस ही खड़ी होती हैं। आरटीओ में काम कराने आने वाले लोगों के वाहन मनमर्जी रोड पर खड़े किए जाते हैं। आरटीओ के बाहर भारी वाहन भी सड़क पर ही खड़े दिख जाएंगे।

20 कदम के लिए एक किमी चक्कर

अगर कोई आईटीआई की तरफ से आया, उसे आरटीओ जाना है तो वह हैंडलूम के सामने वाली रोड पर जाकर रेवमोती की तरफ से आरटीओ आए। जबकि हैंडलूम से आरटीओ के बीच की दूरी 20 कदम से ज्यादा नहीं है। ये सब स्कूल को सुविधा देने के लिए किया गया है। स्कूल के गेट के पास ही जर्सी बैरियर और स्प्रिंग पोस्ट लगाए गए हैं।

आरटीओ रोड की जाम की समस्या धीरे-धीरे गंभीर होती जा रही है। आरटीओ पहुंचने के बाद पहला संघर्ष वाहन खड़ा करने का होता है। कहीं जगह ही नहीं मिलती है। पुलिसकर्मी बैठे रहते हैं, यह बताने के लिए कि वाहन यहां मत लगाओ

– काके, सर्वोदयनगर

रोड पर दुकानदार खुद पूरी फुटपाथ पर कब्जा किए हैं, अगर वाहन लगाने लगो तो झगड़ने पर उतारू हो जाते हैं। अतिक्रमण करने वाले ही पांच मिनट के लिए वाहन नहीं खड़ा करने देते हैं। पुलिस को चाहिए फुटपाथ से अतिक्रमण हटवाएं। दुकानदारों की मनमानी ठीक नहीं है।

–अफजाल, सर्वोदयनगर

कई बार मरीजों के वाहन फंस जाते हैं। आगे बढ़ने का रास्ता ही नहीं मिलता है। कुछ लोग जद्दोजहद करके आगे निकल जाते हैं तो कुछ दूसरा रास्ता तलाशते हैं। कई बार लोगों को मरीज वाहन से उतारकर पैदल ले जाते देखा हैं। इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

–राजेश, सर्वोदयनगर

सड़क पर वनवे हो या टूवे। इसका सख्ती से पालन होना चाहिए, मगर सभी के लिए। मजबूरी में सहूलियत भी मिलनी चाहिए। मगर आरटीओ रोड पर तो पूरी तरह मनमानी है। पूरी तरह अतिक्रमण है। जाम और लोगों की परेशानी का ध्यान ही नहीं दिया जा रहा है।

–बंटी, सर्वोदयनगर

एलिवेटेड रोड का स्वरूप एक सप्ताह में तय होगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- ट्रैफिक गणना कर फोर व सिक्स लेन का होगा निर्धारण
- मिट्टी का परीक्षण, दृश्यता के साथ तय की जाएगी डिजाइन
- रोड पर चढ़ने-उतरने के लिए होगी बैठक

अमृत विचार। रामादेवी से गोल चौराहा तक बनाए जाने वाले एलिवेटेड रोड का स्वरूप एक सप्ताह में तय हो जाएगा। एलिवेटेड रोड के निर्माण के लिए सप्ताह भर में कंसल्टेंट टीम दोबारा शहर आएगी और मिट्टी, दृश्यता का परीक्षण करेगी। इसके साथ ही मंडलायुक्त के साथ बैठक कर रोड का डिजाइन, जीटी रोड पर अतिक्रमण जैसे मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही जीटी रोड पर ट्रैफिक गणना के अनुसार ही एलिवेटेड रोड फोर या सिक्सलेन निर्माण तय किया जाएगा।

अनवरगंज-फर्रूखाबाद रेल रूट से रोजाना 50 से अधिक ट्रेनें गुजरती हैं। जिससे बार-बार क्रॉसिंग बंद होने से लोगों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। शहर के बीचों-बीच रेलवे क्रॉसिंगों से लगने वाले जाम को खत्म करने के लिए गोल चौराहा से रामादेवी तक एलिवेटेड रोड बनाये जाने की योजना तैयार की थी। निर्माण के लिए हैदराबाद की हेक्सा कंपनी को पांच करोड़ से डीपीआर तय करने के लिए चुना गया था। कुछ समय पहले कंसल्टेंट कंपनी की दो सदस्यीय टीम आई थी और सर्वे किया था। अब एक सप्ताह के भीतर दोबारा टीम शहर आएगी। टीम एलिवेटेड निर्माण के लिए मिट्टी का परीक्षण के साथ अतिक्रमण की समस्या पर अधिकारियों संग चर्चा करेगी।



सप्ताह भर में कंसल्टेंट टीम के सदस्यों को दोबारा सर्वे के लिए आना है। इसके बाद एलिवेटेड रोड का स्वरूप तय किया जाएगा। टीम के सदस्यों की मंडलायुक्त संग बैठक में रोड पर रैंप का निर्धारण किया जाएगा। अतिक्रमण की समस्या से मुक्ति के लिए भी संबंधित विभागों संग चर्चा होगी।

अरुण कुमार जयंत, अधिशासी अभियंता, पीडब्ल्यूडी, एनएच डिवीजन

रोड पर किन-किन स्थानों पर रैंप बनाया जाएगा, एलिवेटेड रोड फोर या सिक्सलेन बनाई जाएगी, इसके लिए जीटी रोड के ट्रैफिक गणना कर निर्धारण करेगी। गोल चौराहे से सेवायोजन क्रॉसिंग, कोका कोला क्रॉसिंग व गुमटी क्रॉसिंग पर एलिवेटेड रेलवे ट्रैक निर्माण के चलते रेलवे अधिकारियों व जरीबचौकी अंडरपास योजना पर सेतु निगम के अधिकारियों से मिलकर एलिवेटेड रोड निर्माण की संभावना तलाशी जाएगी।

रेट्रोफिटिंग प्रोजेक्ट की डीपीआर की जांच करेगा आईआईटी

गंगा बैराज से पेयजल योजना के लिए पाइप लाइन का किया जाना है सुदृढ़ीकरण

एग्रीमेंट हुआ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। गंगा बैराज से पेयजल योजना के लिए डाली गईं जीआरपी पाइप लाइनें जगह-जगह फट रही हैं। ऐसे में इन पाइपों का एमएस पाइप की कोटिंग के द्वारा रेट्रोफिटिंग (सुदृढ़ीकरण) होना है। इसको लेकर 15वें वित्त आयोग से नगर निगम के 139.38 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इस योजना के लिए बनी डीपीआर की जांच आईआईटी कानपुर करेगा। जलनिगम ने आईआईटी से एग्रीमेंट पूरा कर लिया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे का कार्य किया जायेगा।

शहर में जगह-जगह पेयजल लाइनें फट रही हैं। इससे पेयजल सप्लाई बाधित होती है और सड़कें टूटती हैं। जलनिगम इन पेयजल लाइनों में रेट्रोफिटिंग कार्ययोजना के तहत माइल्ड स्टील सॉ पाइप (एयर कंडीशनिंग और रेफ्रीजरेशन प्रोसेसिंग में इस्तेमाल होने वाला) लगाने की तैयारी में है। इसके लिए जलनिगम ने कुल 164 करोड़ रुपये की योजना बनाई है। योजना की सैद्धांतिक मंजूरी के साथ ही 15वें वित्त आयोग से धनराशि खर्च होगी। प्राथमिक तौर पर अभी 139.38 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

सर्वोदय नगर में पाइप लाइन लीकेज के कारण खोदाई की गई है। अमृत विचार

164 करोड़ रुपये की योजना बनाई है

139 करोड़ रुपये अभी खर्च होंगे

869 करोड़ रुपये पहले हो चुके खर्च

1000 किमी लाइन बिछाने का दावा

67 वार्डों को शामिल किया गया था

योजना के प्रथम चरण में पुराने क्षेत्रों के 67 वार्डों को शामिल किया गया था। इसमें 270.95 करोड़ रुपये से वाटर वर्क्स, फीडर मेन लाइन, ट्रीटमेंट प्लांट, जोनल पम्पिंग स्टेशन समेत कई कार्य होने थे। अधिकारियों और कार्य कर रही कंपनी की लापरवाही से लेटलतीफी हुई और योजना की लागत बढ़ते-बढ़ते 394 करोड़ रुपये पहुंच गई। इसी तरह दूसरे चरण में शेष बचे 33 वार्डों में 340 करोड़ से रिजरवॉयर, ओवरहेड टैंक आदि बनाने के कार्यों को शामिल किया गया। इस प्रोजेक्ट में भी जमकर अनियमितता बरती गई और लेटलतीफी की वजह से लागत 475 करोड़ से अधिक हो गई जिससे शहर पेयजल समस्या बनी हुई है। जिसको देखते हुए ही नई योजना बनाई गई है।

869 करोड़ खर्च फिर भी नहीं पहुंच पाया पानी

जेएनएनयूआरएम योजना वर्ष 2007 में शहर में शुरू हुई थी। इसके तहत कुल 869 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। योजना के तहत शहर में 313 करोड़ लागत से डाली गई पेयजल लाइनें खोजे नहीं मिल रही हैं। काम करने वाली कंपनी रैमकी का दावा है कि उसने एक हजार किलोमीटर पाइप लाइन शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में बिछाई हैं। लेकिन, जलनिगम के अधिकारियों की मानें तो कंपनी 300 किलोमीटर का भी साक्ष्य नहीं दे पाई है। पतली लाइनों के साथ ही रबड़ पाइप लाइन भी जमीन में दफन हो गई है।

रैमकी कंपनी की बैंक गारंटी जब्त

जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण योजना (जेएनएनयूआरएम) योजना के तहत शहर में डाली गई पेयजल लाइनों में हुए घोटाले में कार्रवाई हो चुकी है। जलनिगम ने कार्यदायी कंपनी रैमकी की 23 करोड़ 80 लाख रुपये की बैंक गारंटी (जमानत राशि) को जब्त कर लिया है। कंपनी के डॉयरेक्टर अयोध्या रामी रेड्डी द्वारा जवाब न देने पर जलनिगम के जीएम ने यह कार्रवाई की थी। इससे पहले घोटाले के आरोप में जलनिगम के 24 अभियंताओं पर मुकदमा हो चुका है।

सार-संक्षेप

नशेबाजी के विरोध पर पीटा, 12 पर रिपोर्ट

कानपुर। चकेरी थानाक्षेत्र में घर के बाहर के बाहर नशेबाजी और अभद्रता कर रहे लोगों ने टोकने पर युवक को लाठी डंडों और रॉड से जमकर मारापीटा। पुलिस ने चार नामजद और आठ अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मंगला विहार निवासी गिरजा देवी ने पुलिस को बताया कि उनका निर्माणाधीन मकान कैम्ब्रिज स्कूल रोड पर स्थित है। जिसमें उनके बेटे टाइल्स पत्थर लगाने का काम कर रहे थे। 24 फरवरी की रात 10 बजे करीब अविनाश सिंह, रिन्शू राणा, वसीम, अंकित शुक्ला उनके मकान के बाहर सिगरेट शराब पी रहे थे। गाली गलौज कर रहे थे। बड़े बेटे नितिन राजपूत ने टोका तो आरोपी लड़ने लगे। अपने साथियों को बुला लिया और नितिन राजपूत को लाठी डंडों और रॉड से पीटा। बेटे के सिर पर गंभीर चोटें आ गईं। भागते समय अविनाश सिंह को लोगो ने पकड़ लिया। इस संबंध में चकेरी प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर अविनाश सिंह, रिन्शू राणा, वसीम, अंकित शुक्ला, सात से आठ अज्ञात के खिलाफ बलवा, मारपीट, गालीगलौज, धमकी में रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच की जा रही है।

गौकशी के आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

कानपुर। सचेंडी पुलिस ने गौकशी करने वाले गैंग के सदस्यों पर गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस अब आरोपियों की संपत्ति को चिन्हित कर कुर्की की कार्रवाई करेगी। सचेंडी थाना प्रभारी योगेश कुमार ने बताया कि कौशांबी करारी निवासी मोहम्मद इरफान, मेरठ खरखौदा हुमांयू नगर निवासी शाहिद और मुरादाबाद शेखपुर निवासी अजीव शान गिरोह बनाकर गौकशी वारदात करते हैं। गैंग लीडर मोहम्मद इरफान है। क्षेत्रीय लोगों ने इनका भय व्याप्त है। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज है। अब आरोपियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप अधिनियम (गैंगस्टर) का मुकदमा दर्ज किया है।

लंबित विवेचनाओं को लेकर बैठक

कानपुर। अपर पुलिस आयुक्त (मुख्यालय व अपराध) विपिन कुमार मिश्रा ने अपने कार्यालय में क्राइम ब्रांच के विवचकों के साथ लंबित विवेचनाओं के संबंध में समीक्षा बैठक की। विवेचनाओं के समयबद्ध निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। काम में लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

पत्नी के सुसाइड में पति पर उकसाने की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। कोतवाली थानाक्षेत्र में चार दिन पूर्व अपहृत दो वर्षीय बच्चे कार्तिक की बुआ के आत्महत्या मामले में पति के खिलाफ आत्महत्या को उकसाने की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

फूलबाग सब्जी मंडी की रहने वाली रानी ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी लक्ष्मी ने 12 वर्ष पूर्व विक्कू पहाड़ी के साथ प्रेम विवाह किया था। आए दिन विक्कू लक्ष्मी के साथ लड़ाई झगड़ा करता था। 25 फरवरी को रात करीब 11 बजे फलमंडी नानाराव पार्क के पीछे विक्कू ने लक्ष्मी के साथ लड़ाई झगड़ा किया।

आरोप है कि उसे मरने के लिए इतना उकसाया कि लक्ष्मी ने पेड़ पर फांसी के फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। कोतवाली थाना प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि लक्ष्मी की मां की तहरीर पर आरोपी पति के खिलाफ आत्महत्या के उकसाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

हर बूथ पर 370 वोट अधिक लाएं

कानपुर। 10 लोकसभा सीटों पर भाजपा प्रत्याशी 5 लाख वोटों से चुनाव में जीत दर्ज करें, यह कार्य भाजपा चुनाव प्रबंधन विभाग को करना है। कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने क्षेत्र की चुनाव प्रबंधन विभाग से जुड़े संयोजक, सह संयोजकों से यह बात कही। कहा कि सभी जिलों में चुनाव प्रबंधन विभाग को 10 मार्च तक बैठकें करनी हैं। सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी देकर हर बूथ पर पिछले चुनाव से 370 वोट अधिक मिलें इसके लिए जुट जाने का आह्वान करना है।

तख्त पर मिला बुजुर्ग का शव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पनकी थानाक्षेत्र के बरगदियापुरवा की घटना
- परिजनों का आरोप, नाक से निकल रहा था खून

अमृत विचार। पनकी थानाक्षेत्र में बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान पर काम कर रखवाली करने वाले बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बुजुर्ग का शव तख्त पर पड़ा मिला। परिजनों ने नाक से खून निकलने और कान कटा देखकर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस और फोरेंसिक ने जांच की।

मूलरूप से अलीगढ़ के रहने वाले 60 वर्षीय विजय बाल्मीकि बरगदियापुरवा कच्ची बस्ती में परिवार के साथ रहते थे। उनके बेटे संजय ने बताया कि घर से कुछ कदम की दूरी पर वह एक बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान में काम करते थे। दुकान की रखवाली करते हुए वह ज्यादातर वहीं तख्त पर सो जाते थे। सोमवार रात भी खाना खाकर सो गए थे। सुबह लोगों ने पिता के मृत पड़े होने की जानकारी दी। विजय की पत्नी इंद्रा ने आरोप लगाया कि उनके नाक से खून आ रहा था। दांत टूटे हुए थे। बायां कान थोड़ा सा कटा हुआ था जिससे खून बह रहा था। परिजनों ने एक युवक पर रंजिशन आरोप लगाया है। पनकी पुलिस और एसीपी टीबी सिंह ने मौका मुआयना किया। प्रथम दृष्टया जांच में पाया गया कि सोमवार रात विजय ने शराब पी थी। कान को चींटी के काटने का तर्क देते हुए दौरा पड़ने से मौत होने की बात कही। वहीं परिजनों का आरोप था कि दुकान में लगे दो सीसीटीवी को आरोपियों ने घुमा दिया था। जिसमें केवल सड़क ही दिख रही है। बड़ी ही सुनियोजित ढंग से हत्या को अंजाम दिया गया। पोस्टमार्टम में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है।

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, ककवन कानपुर नगर

पत्रांक 735 / लेखा/पंजिकरण पत्रा0/2023–24 दिनांक 27/02/2024

पंजीकरण / नवीनीकरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि क्षेत्र पंचायत ककवन, कानपुर नगर में ठेकेदारी पंजीकरण /नवीनीकरण हेतु दिनांक 11.03.2024 तक आवेदन पत्र आमत्रित किये जाते है दिनांक 11.03.2024 के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जायेगा वह स्वतः निरस्त समझे जायेगें। आवेदन पत्रों के साथ निम्नलिखित अभिलेख संलग्न करना अनिवार्य होगा।

1. चरित्र प्रमाण पत्र ।
2. हैसियत प्रमाण पत्र ।
3. अनुभव प्रमाण पत्र ।
4. टैन/पैन की छाया प्रति ।
5. जी0एस0टी0 पंजीकरण की छाया प्रति ।
6. 50000.00 एफ0डी0आर0 मूल रूप में।

खण्ड विकास अधिकारी, ककवन, कानपुर नगर। किरन लता प्रमुख, ककवन, कानपुर नगर।

विकास की बात सांसद सत्यदेव पचौरी ने नगर आयुक्त के साथ किया कन्वेंशन सेंटर का निरीक्षण

जुलाई तक पूरा हो जाएगा कन्वेंशन सेंटर का निर्माण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चुन्नीगंज में 80 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा मॉडर्न कन्वेंशन सेंटर
- एमएचपीएल इण्डिया ने प्रोजेक्ट के लिए थीम बेस्ड डिजाइन किया

अमृत विचार। स्मार्ट सिटी लिमिटेड की ओर से चुन्नीगंज में आधुनिक कन्वेंशन सेंटर का निर्माण एक बार फिर शुरू हो गया है। यह कानपुर और आसपास के क्षेत्र में कला, संस्कृति, व्यापार और उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सेंट्रल एक्टिविटी हब होगा। मंगलवार को सांसद सत्यदेव पचौरी ने निर्माणाधीन कन्वेंशन सेंटर का निरीक्षण नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन के साथ करके कार्य प्रगति की समीक्षा की।

सांसद पचौरी ने कहा कि इस साल जुलाई तक 'आधुनिक कन्वेंशन सेंटर का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जायेगा और यह 'सेंट्रल एक्टिविटी हब' इंडस्ट्रियल सिटी का खास आकर्षण होगा। पचौरी ने कार्यदायी संस्था की तारीफ करते हुये कहा कि एमएचपीएल इंडिया का कार्य उत्कृष्ट व संतोषजनक है।

सांसद ने कार्यदायी संस्था एमएचपीएल इंडिया के निदेशक प्रणीत अग्रवाल से कार्य प्रगति के बारे में जानकारी ली। पचौरी ने कहा कि 80 करोड़ की लागत से बनाये जा रहे आधुनिक कन्वेंशन सेंटर के निर्माण से महानगर के औद्योगिक स्वरुप में चार चांद लगेंगे।

इससे शहर में बड़ी-बड़ी कंपनियां आयेंगी, उन्हें अपने उत्पादों की प्रदर्शन लगाने और अन्य अनेक सुविधायें मिलेंगी। इसके अलावा छोटे-छोटे उत्पादों को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

चुन्नीगंज में आधुनिक कन्वेंशन सेंटर का निरीक्षण करने पहुंचे सांसद सत्यदेव पचौरी, नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

थीम बेस्ड डिजाइन किया गया है तैयार

- ईपीसी मॉडल पर विकासकर्ता एमएचपीएल इंडिया ने इस प्रोजेक्ट के लिए थीम बेस्ड डिजाइन तैयार किया है। भवन में कमल के फूल की थीम होगी। पूरी इमारत वातानुकूलित होगी, जिसमें ढाई मंजिला संरचना में आठ लिफ्ट और चार एस्केलेटर भी लगाए जाएंगे।

16 हजार वर्ग फुट प्रदर्शनी हॉल

नगर आयुक्त ने सांसद को बताया कि आधुनिक कन्वेंशन सेंटर परियोजना की कुल लागत 80 करोड़ है। इसे दो चरणों में विकसित किया जा रहा है। आधुनिक कन्वेंशन सेंटर में बैठने की क्षमता के साथ अत्याधुनिक सभागार 16 हजार वर्ग फुट प्रदर्शनी हॉल, तीन सौ लोगों के बैठने की क्षमता सम्मेलन कक्ष, तीन संख्या- 100 क्षमता बैठक कक्ष, छह अतिथि कमरे, दो सुइट अतिथि कमरे, फुट फूड कोर्ट, 68 वाहनों की कवर्ड पार्किंग, आठ व्यावसायिक दुकानें, व्यापार केंद्र और रेस्टोरेंट इत्यादि की सुविधा होगी।

पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन दिया

कानपुर। मंगलवार को टेंपो, ऑटो, टैक्सी संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से कार्यालय में मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। पदाधिकारियों ने बताया कि नगर निगम के वैध ऑटो, टेंपो स्टैंड पर वाहनों को खड़ा करवाने व सुगम यातायात के लिए व्यवस्थित वाहन संचालन की मांग की गई। स्टैंडों पर गुंडागर्दी रोकने की मांग की गई। सुझाव दिया गया कि वाहन चालकों, टेंपो स्टैंड संचालकों के लिये पोशाक, नामपट्टिका और बैज नंबर निर्धारण, पहचान पत्र देने पर विचार किया जाए। पुलिस कमिश्नर ने ज्ञापन के सुझावों पर कई विभागों की बैठक बुलाकर समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में मेरा नाम कप्तान सोनकर अंकित है जो सही है। लेकिन मेरे पासपोर्ट (एल 9714780) में मेरा नाम त्रुटिवश सिर्फ कप्तान अंकित है जो गलत है। मेरा सही व पूरा नाम कप्तान सोनकर होना चाहिए, जो सही है। कप्तान व कप्तान सोनकर एक ही व्यक्ति का नाम है। **कप्तान सोनकर पुत्र धनीराम सोनकर निवासी ग्राम भुडकुड़ा पोस्ट रूपईडीह थाना इटियाथोक जिला गोंडा।**

सूचना

मेरा शस्त्र लाइसेंस नंबर 134 डीएमयू वास्तव में कहीं खो गया है। **गनेशराम यादव पुत्र बांकेलाल निवासी ग्राम बधुईया थाना सैफई जनपद इटावा**

सूचना

सूचित हो मैं मोहम्मद फैज़ पुत्र सैय्यद मो0 हसीब निवासी BN/198 माल गोदाम रोड मुनीराबाद, बाराबंकी ने भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए अपना नाम बदलकर सैयद मोहम्मद फैज़ रख लिया है।

आसमान से फसलों पर फिर बरसी आफत

मंगलवार को बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि, इसी महीने में दो बार हो चुकी है भारी ओलावृष्टि

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। जिले में मंगलवार को एक बार फिर से मौसम ने करवट बदली। शहरी क्षेत्र के अलावा ग्रामीणांचलों में भी बारिश हुई। जिले के कुछ क्षेत्रों में ओला भी गिरे। जिससे फसलों को काफी नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। इसी माह दो बार ओलावृष्टि से फसलों में हुए नुकसान से किसानों में मायूसी छा गई है।

दूसरी ओर बारिश के कारण ठिठुरन बढ़ गई और लोगों को सर्दी से बचने के लिए गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ा। एक पखवाड़े पूर्व बारिश के साथ ओले गिरने से गेहूं, सरसों, चना समेत अन्य दलहन एवं तिलहन फसल को काफी नुकसान पहुंचा था। इसके बाद सोमवार की शाम फिर से मौसम ने करवट बदली और मंगलवार की सुबह बारिश के साथ ओले गिरे।

फसलों को हो रहा भारी नुकसान: मंगलवार को बारिश के साथ हुसेनगंज समेत अन्य कई ग्रामीण क्षेत्रों में ओले बरसने से गेहूं, चना सरसों की फसल में भारी नुकसान हुआ। किसानों ने बताया कि बारिश के साथ ओले गिरे। इससे किसानों को काफी नुकसान का सामना करना पड़ा है। इनदिनों गेहूं को छोड़ कर अन्य फसलें पक कर तैयार हो रही हैं। किसानों की मेहनत पर कहर बरप रहा है।

बारिश के साथ गिरे ओले। अमृत विचार

बारिश और ओलावृष्टि से गिरी फसले। अमृत विचार

हवाओं ने कराया सर्दी का एहसास

बारिश के साथ शीतलहर चलने से सर्दी का एहसास हुआ। बेमौसम बारिश से आम जनजीवन प्रभावित रहा। वहीं खेती में नुकसान की चिंता बढ़ने से किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें देखने को मिलीं। वहीं फाल्गुनी मौसम में दिन में गर्मी की दस्तक देने से ज्यादातर लोगों ने गर्म कपड़ों से तौबा कर लिया, लेकिन मंगलवार को बारिश के कारण शीतलहर के दौर में फिर से गर्म ऊनी वस्त्रों का लोगों को सहारा लेना पड़ा। मंगलवार को सूर्यदेव के दर्शनमात्र ही हो पाए।

गिरने लगा तापमान

फरवरी के चौथे सप्ताह में मौसम का मिजाज और बेढ़ब हो गया है। मंगलवार को बारिश और ओलावृष्टि होन से तापमान में भी बदलाव आया है। वहीं पूरब-पश्चिम, उत्तर दिशाओं से चल रही सर्दीली हवाएं तीर सी चुभीं। जिससे तीखी सर्दी महसूस हुई। मंगलवार को अधिकतम तापमान 27 तो न्यूनतम 15 डिग्री दर्ज किया गया।

आने वाले दिनों में मौसम का पूर्वानुमान

दिन	अधिकतम	न्यूनतम	मौसम
बुधवार	27	13	आकाश साफ
गुरुवार	28	16	आकाश साफ
शुक्रवार	31	19	धूप-हल्के बादल
शनिवार	32	18	हल्के-मध्यम बादल
रविवार	27	12	हल्के-घने बादल
सोमवार	26	12	आकाश साफ

(नोट- तापमान डिग्री सेल्सियस में)

सर्द हवाएं फिर ले आईं सर्दी, बढ़े मरीज

संवाददाता फतेहपुर

- बारिश के बाद मरीजों की लगातार बढ़ रही है संख्या
- खांसी, जुकाम, बुखार के घर-घर में हो रहे मरीज

अमृत विचार। उत्तर-पश्चिमी तेज हवाओं ने फिर गर्मी को रोक दिया है। इससे अभी भी सर्द मौसम बना हुआ था। मंगलवार सुबह तेज बारिश के बाद सर्दी में इजाफा हुआ है। बदलते मौसम और बारिश के बीच मरीजों की संख्या बढ़ रही है। इससे लोगों को जुकाम बुखार के शिकार हो रहे हैं।

तापमान का यह उतार-चढ़ाव केवल फरवरी में नहीं बल्कि मार्च में भी चलता रहेगा। ऐसे में सर्दी बढ़ने से घर-घर मरीज दिखाई दे रहे हैं। बदलते मौसम में लापरवाही लोगों को बीमार कर रही है। सरकारी से लेकर निजी अस्पतालों में खांसी-जुकाम बुखार के मरीजों की इलाज को भीड़ उमड़ रही है। मौसम की आंखमिचौली ने एक बार फिर लोगों की मुसीबतें बढ़ा दी हैं। सर्दी कम होने पर जहां लोगों ने गर्म कपड़ों को पैक करना शुरू कर दिया था तो एक बार फिर सर्द हवाओं ने फिर लोगों को गर्म कपड़े पहनने पर मजबूर कर दिया है। बदलते मौसम की चपेट में आकर लोग बीमार होकर एक बार फिर अस्पतालों में पहुंच रहे हैं। अस्पताल आने वाले मरीजों में सबसे ज्यादा खांसी जुकाम और मौसमी बीमारियों के मरीजों की अच्छी खासी संख्या दिखाई दे रही है। जिला अस्पताल की ओपीडी में मंगलवार को पर्चा काउंटर पर 1050 मरीजों ने रजिस्ट्रेशन कराया। ओपीडी में चिकित्सकों ने मरीजों की जांच करने के बाद इलाज किया।

जिला अस्पताल में मरीजों की कतार।

> अभी सर्दी खत्म नहीं हुई है। रोज मौसम में हो रहे बदलाव से शरीर के प्रति लापरवाही से स्वास्थ्य गड़बड़ हो रहा है। खांसी जुकाम बुखार की किसी भी समस्या पर नजदीकी सरकारी अस्पताल में चिकित्सक को दिखाकर इलाज कराएं।
>
> -डा. एनके सक्सेना, फिजीशियन

सर्दी लगने के यह होते हैं लक्षण

मरीज को सर्दी लगना, शरीर का कांपना, जुकाम के कारण सिर दर्द होना, गले में खराश होना, पूरे शरीर का टूटना आदि लक्षण हैं।

इस तरह से करें बचाव

- सुबह शाम घर से बाहर निकले तो गर्म कपड़ों से अपने को ढक कर रखें
- ठंडे पेय पदार्थ व आइसक्रीम से पूरी तरह परहेज करें
- ऑयली स्पाइसी भोजन का सेवन कम करें
- सर्दी कम नहीं हुई है रात में पंखे का प्रयोग न करें

इन बातों पर रखें ध्यान

- बुखार आने पर पैरासिटामॉल टेबलेट खाएं
- गुनगुना पानी पिएं, ठंडे पानी से परहेज रखें
- मास्क लगाएं, धूल आदि से बचाव करें
- अधिक परेशानी होने पर डॉक्टर से सलाह लें

गेहूं खरीद को कराएं पंजीयन एक मार्च से होगी खरीद

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- धान खरीद होने के बाद अब गेहूं खरीद की शुरू हुई कवायद
- विपणन विभाग क्रय केन्द्र बनाकर तैयारियों में जुटा

अमृत विचार। धान खरीद के बाद अब गेहूं की खरीद इस बार एक मार्च से ही शुरू हो जाएगी। इसको लेकर अधिकारी लगातार तैयारी में जुटे हुए हैं। सभी केंद्र प्रभारियों को प्रतिदिन कम से कम 15 किसानों के पंजीयन करने के निर्देश दिए गए हैं। जिससे मौके पर किसानों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

प्रति वर्ष गेहूं की सरकारी खरीद अप्रैल से शुरू की जाती थी लेकिन इस बार सरकार ने लक्ष्य को पूरा करने के लिए एक मार्च से ही शुरू करने के लिए निर्देश दिए हैं। इसको लेकर जिले में पहले ही 35 खरीद केंद्र फाइनल किया जा चुके थे और अब हाल ही में पीसीएफ समेत अन्य एजेंसियों ने और केंद्रों के प्रस्ताव दिए हैं। कुल मिलाकर जिले में खरीद केंद्र गेहूं की खरीद के लिए तैयार हैं। इनमें बोरा से लेकर सभी उपकरण रखवाए जा रहे हैं। गेहूं की खरीद के लिए भी किसानों का पंजीयन अनिवार्य किया गया है। इसको देखते हुए सभी किसानों से शीघ्र पंजीयन कराने की अपील की गई है जिससे बाद में किसानों को भटकना न पड़े। इसको देखते हुए सभी मार्केटिंग विभाग के कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि प्रतिदिन कम से कम 15 किसानों के पंजीयन किए जाएं। एक मार्च से जिले में विधिवत गेहूं की खरीद शुरू हो जाएगी। अभी गेहूं खरीद के लिए केंद्र और बढ़ने की उम्मीद है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने सभी को तहसील स्थित केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रतिदिन कम से कम 15 किसानों को बुलाकर उनके पंजीयन हर हाल में किए जाएं। किसान सुविधा केंद्र के माध्यम से भी पंजीकरण करा सकते हैं।

तालाब में गैस बन जाने से 8 क्विंटल मछलियां मरीं

औंग। तालाब में गैस बनने से बड़ी संख्या में मछिलयों की मौत हो गई। मंगलवार सुबह हुई जानकारी के बाद मत्स्य पालक में हड़कंप मच गया। बाद में मछलियों को बाहर निकालकर उन्हें दफना दिया गया।

औंग कस्बा स्थित पोखरी तालाब में बड़ी संख्या में मछलियां मर गईं। मंगलवार सुबह तालाब में मरी मछलियां उतराती देख हड़कंप मच गया। मत्स्य पालक छोटे मुन्ना उर्फ अब्दुल सत्तार व सुनील गोड़िया ने बताया है कि मौसम के उतार चढ़ाव के कारण तालाब में गैस बन जाने के कारण करीब आठ क्विंटल मछलियां मर गई हैं। जिससे करीब सवा लाख रुपए का नुकसान हुआ है। मरी हुई मछलियां पानी में उतरा रही थीं, जिन्हें मत्स्य पालक तालाब से निकालकर उन्हें दफना दिया। बताया कि इससे पहले तालाब में गैस खत्म करने के लिए दवा का घोल बनाकर डाला गया था। ग्रामीण यह समझ नहीं पा रहे कि तालाब में गैस कैसे बनी।

परदेश से लौट रहा युवक जहरखुरानी का शिकार, सामान व रुपये लूट लिया

संवाददाता फतेहपुर

- हैदराबाद से लौट रहा था युवक, नशीला पदार्थ खिलाकर सामान लूटा
- थरियांव थाना क्षेत्र के बड़ा पुल के पास अचेत मिला युवक

अमृत विचार। एक युवक हाइवे किनारे सड़क पर बेहोशी हालत में पड़ा था स्थानीय लोगों की नजर जब पड़ी तो मौके पर भीड़ लग गई। युवक के परिजन भी खोजते हुए जब मौके पर पहुचे तो उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिजनों ने बताया कि बेटा हैदराबाद से कमाकर घर आ रहा था।

थरियांव थाना क्षेत्र के हस्वा चौकी क्षेत्र के बड़े पुल के पास सड़क किनारे एक युवक बेहोश पड़ा था। सुबह जब लोगों की नजर पड़ी तो भीड़ लग गई। इसी बीच युवक के परिजन बेटे को खोजते हुए मौके पर पहुचे तो पिता उदय ने बताया कि बेटे जगजीत निवासी उदय सराय हैदराबाद में रहकर एक फैक्ट्री में प्राइवेट काम करता है। परिवार में शादी में शामिल होने बीती दिन सोमवार को हैदराबाद से घर के लिए चला था। रात में जब फतेहपुर पहुंच गया तो फोन पर जानकारी दी। उसके कुछ घंटे बाद जब फोन पर सम्पर्क किया तो फोन बंद था। जब बेटा रात में घर नही पहुचा तो सुबह तलाश शुरू कर दिया। जब यहां पर पहुंचे तो बेहोशी की हालत में पड़ा था। बेटे को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसका सारा सामान गायब है बेटे ने बताया था कि सभी के लिए कपड़ा और कमाई का पैसा लेकर आ रहा है। इस मामले में थाना प्रभारी रणजीत बहादुर सिंह ने बताया कि मामला उनकी जानकारी में नही है अगर परिजन तहरीर देते है तो जांच कर मुकदमा दर्ज किया जायेगा।

मौके पर जुटी लोगों की भीड़। अमृत विचार

रोडलाइट लेकर चल रहा था, करंट से मौत

संवाददाता फतेहपुर

- हुसेनगंज से राधानगर थाना क्षेत्र में आई थी बारात

अमृत विचार। रोड लाइट लेकर बारात में चल रहा युवक की करंट की चपेट में आकर झुलस गया। जब तक कोई कुछ समझ पाता तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी पर पहुंचे परिजनों में शव देख कोहराम मच गया। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

हुसैनगंज थाना क्षेत्र के लालीपुर गांव निवासी मोहन मजदूरी कर परिवार चलाता था। परिजनों ने बताया कि मोहन शादी बारातों में रोडलाइट लेकर चलने का भी काम करता था। सोमवार रात बलुवापुर गांव से बारात लेकर रोड लाइट के साथ वह राधानगर क्षेत्र के गांव मदरियापुर गांव आया था। बारात के साथ रोड लाइट लेकर चल रहा मोहन करंट की चपेट में आ गया। जिससे वह बुरी तरह से झुलस गया। जिससे उसकी मौत हो गई।

सिलेंडर में आग लगने से मां-बेटी झुलसी

फतेहपुर। सिलेंडर में आग लगने से आग की लपटों की चपेट में आकर मां-बेटी दोनों गंभीर रूप से झुलस गई। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी बिंदकी लाया गया। झुलसी बेटी की हालत को गंभीर देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल को रेफर कर दिया।

बिंदकी कोतवाली के नरैचा गांव में सोमवार की रात को खाना बनाते समय लखन लाल के घर के अंदर गैस सिलेंडर में अचानक आग पकड़ ली। चीख पुकार मचने पर आसपास के लोग एकत्र हो गए और आग बुझाने का प्रयास कर आग में काबू पा लिया। लेकिन तब तक शशि देवी और बेटी मोनी देवी झुलस गईं। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी में भर्ती कराया गया। जहां मोनी की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल भेज दिया गया।

दुष्कर्म का फरार आरोपी गिरफ्तार

फतेहपुर। बिन्दकी कोतवाली पुलिस ने मेउना गांव निवासी अमित उर्फ राजू पुत्र छोटेलाल के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया था। इसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश किया है।

डीएम साहब! ध्यान दीजिए | लोगों की जान से खिलवाड़ करते हैं मानकविहीन अस्पताल, आए दिन मरीजों की हो रही मौत

तीन दिन में दो की मौत, नहीं हुई कार्यवाही

अमृत विचार फालोअप

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। जिले में छोलाछाप डाक्टर मरीज माफिया बन गए हैं। वह शहर और कस्बों में निजी अस्पताल, नर्सिंग होम व क्लीनिक खोलकर बीमारों का इलाज करते हैं। कभी-कभी इलाज कराने आये मरीज की जान पर बन आती है। ऐसा ही एक मामला बकेवर कस्बे का सामने आया है। सोमवार को झोलाछाप डाक्टर के गलत इंजेक्शन लगाने से मरीज इंद्रजीत की मौत हो गई। तीन दिनों पहले इसी डाक्टर के उपचार से एक महिला ने दम तोड़ दिया था। बताया जाता इस हास्पिटल का उद्घाटन पन्द्रह दिनों पहले पुलिस के एक अधिकारी ने किया था।

स्वास्थ्य विभाग की आंखों में धूल झोककर बड़ी संख्या में अवैध निजी अस्पताल, नर्सिंग होम व क्लीनिक चलाये जा रहे हैं। जिनके पास न तो प्रशिक्षित डाक्टर हैं और न ही फार्मासिस्ट। इन्हे अस्पताल चलाने का विभाग से लाइसेंस भी प्राप्त नहीं हुआ फिर भी बिना किसी रोक टोक के संचालित हो रहे। बता दें कि इनके गलत इलाज से कमोवेश हर महीने किसी न किसी मरीज की मौत हो जाती है। खास बात तो यह है कि इन पर कार्यवाही भी हुई तो खानापूर्ति के समान तथा कुछ दिनों में राजनैतिक प्रभावशाली लोगों या अफसरों के निष्क्रिय होने पर कुछ दिनों बाद पुनः अस्पताल संचालित हो जाते और विभागीय जांच में ठंडे बस्ते में पड़ जाती है। दोषियों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही न होने से अवैध ढंग से संचालित हास्पिटल पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। ये आय दिन किसी न किसी को मौत की दावत बांटते रहते हैं। कहने भर को तो जिले में 70 निजी अस्पताल व नर्सिंग होम ने रजिस्ट्रेशन करवाये हैं। लेकिन जिले में इनकी संख्या 200 से अधिक हैं।

गम्भीर नहीं दिखते नोडल अधिकारी

निजी अस्पताल व नर्सिंग होम की जांच के लिए जिले के सीएचसी व पीएचसी प्रभारियों को नोडल अधिकारी क्षेत्रीय स्तर पर नामित किया गया है। अवैध ढंग से संचालित होने वाले निजी अस्पताल व नर्सिंग होम एवं क्लीनिक की जांच कर सीएमओ को अपनी रिपोर्ट प्रेषित करेंगे। जांच में कौन मानक पूरी नहीं करते है बिन्दुवार प्रभारी चिकित्साधिकारी को रिपोर्ट देनी है। विभाग ने कईयों के खिलाफ नोटिस भेजकर करके स्पष्टीकरण भी मांगा है।

घटना के बाद लटक रहा ताला

सूत्र बताते हैं कि जिस हास्पिटल में इंद्रजीत इलाज दौरान दम तोड़ा। उसका उद्घाटन पन्द्रह दिनों पहले पुलिस के अधिकारी ने फीता काटकर किया था। मौत के बाद से हास्पिटल बंद है। इससे पता चलता है कि अस्पताल संचालक लोगों के बीच अपना प्रभाव दिखाने के लिए तरह-तरह के जतन करते हैं, जिसकी नजीर की बानगी भर है।

आखिर क्यों नहीं होती कार्यवाही

गलत उपचार से इंद्रजीत की हुई मौत के मामले में बकेवर पुलिस ने तहरीर लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लेकिन आरोपी डाक्टर के खिलाफ दूसरे दिन भी रिपोर्ट दर्ज नहीं किया। जांच के नाम पर खाकी पीड़ित को टरका रही है। इससे परिजन काफी आहत हैं। क्षेत्रीय लोग भी तरह-तरह की चर्चाये कर रहे हैं।

एक के बाद एक मौत

बकेवर थाना क्षेत्र के जवाहरपुर गांव निवासी इंद्रजीत की बकेवर स्थित कृष्णा हास्पिटल में डाक्टर के गलत उपचार से सोमवार को मौत हो गई थी। परिवारीजनों का आरोप है कि इंद्रजीत को बुखार आया डाक्टर के पास लेकर आये। डाक्टर द्वारा गलत इंजेक्शन लगा देने से मौत हो गई। मौत के बाद आक्रोशित हुए लोगों ने हंगामा काटना शुरू कर दिया और बकेवर पुलिस मौके पर बुला लिया। पुलिस के हस्तक्षेप पर मामला शांत हुआ। उक्त अस्पताल बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रहा था। इसी झोलाछाप डाक्टर ने तीन दिनों पहले खजुहा के निवासी जो कुछ सालों से बकेवर में मकान बनाकर रहते हैं। उसके परिजन महिला को उपचार के लिए हास्पिटल लेकर गलत उपचार से महिला ने दम तोड़ दिया था। मौत होने पर झोलाछाप डाक्टर ने मरीज के परिजनों को समझा बुझा कर शांत करा दिया।

गांजा व शराब बिक्री का विरोध करने पर पीटा

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। जहानाबाद थाना क्षेत्र के बसफरा गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर बताया कि उसने गांजा व शराब बिक्री का विरोध किया तो दबंगों ने उसके साथ मारपीट कर जान-माल की धमकी दी। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है।

जहानाबाद के बसफरा गांव निवासी राकेश कुमार पुत्र धर्मपाल ने बताया कि उसने कुछ माह पूर्व गांव के एक व्यक्ति से अवैध रूप से गांजा व शराब बेंचने का विरोध किया था। तब वह उसे जान से मारने की धमकी देकर बाहर चला गया था। अब वह फिर गांव वापस आ गया है। 23 फरवरी की रात को वह खजुरिया से बसफरा जा रहा था तभी वही व्यक्ति व उसके साथ आठ अज्ञात लोगों ने उसकी बाइक रूकवाई और तमंचा व धारदार हथियार लहराते हुए उसके साथ मारपीट की और धमकी देकर चले गए।

इसके बाद फिर से उसको फोन करके गाली-गलौज की, जिसकी ऑडियो रिकार्डिंग भी उसके पास है। पीड़ित ने डीएम एसपी से रिपोर्ट दर्ज कराकर कानूनी कार्रवाई करते हुए जान-माल की रक्षा किए जाने की गुहार लगाई है।

एसपी ऑफिस पहुंचा पीड़ित राकेश।

- डीएम और एसपी से पीड़ित ने की शिकायत

सार-संक्षेप

मौसेरे भाई ने बहन की भेजी अश्लील फोटो, मंगेतर ने तोड़ी शादी

फतेहपुर। रिश्ते के मौसेरे भाई ने युवती के मंगेतर के पास उसकी अश्लील तस्वीर भेज दी। इससे युवती की शादी टूट गई। सोमवार को बारात आनी थी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। राधानगर थाना क्षेत्र निवासी एक युवती ने बताया कि 26 फरवरी को उसकी शादी तय थी। वरीक्षा और गोदभराई की रस्म पहले हो चुकी थी। थरियांव थाना क्षेत्र निवासी रिश्ते में मौसेरे भाई ने छेड़छाड़ करके उसकी अश्लील फोटो बनाई और मंगेतर को 17 नवंबर और 31 दिसंबर को फेसबुक के जरिए भेज दी। इस वजह से वर पक्ष ने शादी तोड़ दी। शादी से पहले उसके घर वालों के तीन लाख रुपये भी खर्च हो गए। प्रभारी थानाध्यक्ष संदीप कुमार सिंह ने बताया कि मामले की विवेचना की जा रही है। ग्रामीणों से भी पूछताछ की जाएगी। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

एंटी रोमियो टीम ने अभियान चला दी चेतावनी

फतेहपुर। महिलाओं की सुरक्षा और स्कूल कॉलेज के आसपास बिना वजह घूम रहे युवकों के खिलाफ एंटी रोमियो टीम ने अभियान चलाया। अभियान के तहत ग्राम स्तर पर महिलाओं को पम्पलेट के माध्यम से हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देश पर सुबह से एंटी रोमियो की टीम ने शहर के सभी स्कूलों के आसपास बिना वजह घूम रहे मनचले युवकों को पकड़कर चेतावनी देते हुए छोड़ दिया। इसके साथ ही स्कूलों में जाकर छात्रों को खुद की सुरक्षा को लेकर हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी। इसी के साथ एंटी रोमियो की टीम ने ग्राम स्तर पर पहुंचकर महिलाओं को पम्पलेट देकर खुद की सुरक्षा के लिए जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने बताया कि मिशन शक्ति और ऑपरेशन जागृति के तहत पूरे जिले में एंटी रोमियो की टीम ने अभियान चलाया है। अभियान के तहत महिलाओं और स्कूल के छात्रों को सरकार द्वारा जारी किए गए हेल्पलाइन नम्बर, वीमेन पॉवर लाइन, महिला हेल्प लाइन, एम्बुलेंस सेवा, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, पुलिस आपातकालीन सेवा, चाइल्ड लाइन, स्वास्थ्य सेवा तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में जानकारी दी। इसके साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओं के सम्बन्ध में भी जानकारी देते हुए जागरूकता पंपलेट वितरित किए गए। इसी के साथ विभिन्न थानों की एन्टी रोमियो टीम द्वारा प्रमुख चौराहों, पार्कों एवं भीड-भाड़ वाले स्थानों के आसपास चेकिंग कर मनचलों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत अभियान चलाया गया।

गोधनदेव मन्दिर में हुआ विशाल भण्डारा

औंग। विकास खण्ड मलवां के ग्राम गोधरौली व कुर्मिनखेड़ा के मध्य रेलवे अंडर ब्रिज के निकट स्थापित गोधनदेव के नाम से विख्यात मन्दिर में वहां के पुजारी तथा श्रद्धालुओं के सौजन्य से मंगलवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जहां पर सुबह से शाम तक क्षेत्र के लोगों तथा दूर दराज से आए महात्माओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस भंडारे में गोधरौली निवासी हिमांशू शुक्ला, लालसिंह गौतम, सुधांशू शुक्ला, अशोक सिंह, भोला शुक्ला, रघुबीर सिंह, गोपाल शुक्ला, राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष बाबा अंशू सिंह, छिवली निवासी सोनू गुप्ता, औंग निवासी सुजीत गुप्ता आदि लोगों ने श्रमदान व अन्नदान किया।

शाम ढलते ही जाम के झाम में रहता साउथ सिटी

फतेहपुर। शाम ढलते ही भारी वाहनों के कारण शहर दक्षिणी भाग के मार्ग पर जाम लगना आम बात हो चुकी है। साउथ सिटी में राधानगर से जयरामनगर तक जाम के झाम से राहगीरों को जूझना पड़ता है। यदि कोई राहगीर इसका विरोध करता है तो वाहन स्वामियों के साथ ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड के जवानों के कोपभाजन का शिकार बनना पड़ता है। भारी वाहनों का प्रवेश शुरू होने से शाम ढलते ही राधानगर चौराहे पर आए दिन जाम लग जाता है। खासकर सहालग वाले दिन तो स्थित और भी नाजुक हो जाती है। पूरी रात जाम की स्थिति रहती है। इसके बावजूद जिम्मेदारों द्वारा कोई ध्यान न दिए जाने के कारण लोगों को परेशानियां उठानी पड़ती हैं। शाम को शहर के राधानगर होते हुए बहुआ, गाजीपुर क्षेत्र से आने वाले बड़े वाहन चौराहे पर जमा होना शुरू हो जाते हैं। जिससे बहुआ, जयरामनगर, गाजीपुर आदि मार्ग पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। वहीं पचास नंबर ओवर ब्रिज व जेल रोड, ब्लाक रोड में भी वाहनों की लंबी कतार होने से लोगों को दिक्कत उठाना पड़ रहा है। मार्ग पर दो चौकी व एक थाना होने के बावजूद बड़े व ओवरलोड वाहन चालकों की मनमानी पर अंकुश नहीं है।

अराजकतत्वों की सूचना तत्काल पुलिस को दें

धाता। लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र खागा क्षेत्राधिकारी ब्रज मोहन राय एवं थाना अध्यक्ष वृंदावन राय ने नगर पंचायत के अब्दुल कलाम नगर में एक गोष्ठी का आयोजन मंगलवार को किया। जहां क्षेत्राधिकारी ने कहा कि कोई भी अराजक तत्व चुनाव मे गड़बड़ी करते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कारवाई होगी। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपने मत का प्रयोग बगैर किसी दबाव में करने की बात कही। उन्होंने कहा कि आपकी जानकारी में कोई भी अराजक तत्व हो चाहे वह आपके बीच का हो या कस्बे का उसकी सूचना तुरंत अपने थाने में दें। जिससे उस व्यक्ति पर उचित करवाई की जाए। किसी भी व्यक्ति का मतदाता सूची में नाम न हो तो वह अपने सम्बंधित बीएलओ से मिलकर अपना नाम मतदाता सूची मे डलवाए और कोई भी समस्या हो तो किसी भी समय संपर्क कर सकते हैं। गोष्ठी मे मौजूद लोगों ने कहा कि कस्बे में सभी लोग अमन चैन के साथ रहते हैं यहां कभी भी कोई समस्या उत्पन्न नहीं हुई। अगर ऐसी कोई भी समस्या होगी तो जरूर बताया जायेगा। गोष्ठी मे एडवोकेट मोहम्मद युसुफ, शाहिद अली, असफाक अहमद, रिजवान, सभासद प्रतिनिधि मोहम्मद कलीम, व्यापार मंडल अध्यक्ष भानु प्रताप केशरवानी, सुरेश केशरवानी, चिंटू, जयचंद्र सोनकर, चांद, नफीस, बिन्नु यादव, असलम आदि सैकड़ों लोग रहे।

सिंचाई को 60 फीसदी अनुदान पर लें सोलर पंप

फतेहपुर। सिंचाई में आने वाली समस्या से किसानों को राहत देने के लिए कृषि विभाग ने भारी अनुदान पर सोलर पम्प उपलब्ध कराने का फैसला लिया है। इसके लिए बुधवार से आवेदन प्रक्रिया शुरू होगी। जिले में किसानों की समस्या सिंचाई की रहती है। कभी नहर में पानी नहीं छोड़ा जाता है तो कभी बिजली न आने से किसान सिंचाई नहीं कर पाते हैं। परंपरागत फसल लेने से किसान निरंतर घाटे में जा रहे हैं। सिंचाई के लिए बिजली और नहरों पर इस निर्भरता को खत्म करने के लिए सरकार ने प्रधानमंत्री ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाअभियान योजना (पीएम कुसुम) चला रखी है। योजना के तहत किसानों को 60 पर्तिशत सब्सिडी पर 2 से लेकर 10 हार्सपावर (एचपी) तक के सोलरपंप सब्सिडी पर दिए जाते हैं। योजना में किसानों को मात्र 40 प्रतिशत ही धनराशि देनी पड़ती है। जिला कृषि अधिकारी बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि योजना का लाभ पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर दिया जाता है।

हाईस्कूल में 1639 परीक्षार्थियों ने छोड़ी गणित की परीक्षा

अपर शिक्षा निदेशक ने आधा दर्जन परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण, अपर सचिव ने एक केन्द्र व्यवस्थापक को जारी की नोटिस

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। मंगलवार को प्रथम पाली में हाईस्कूल गणित तो इंटर में व्यवसायिक विषयों की परीक्षाएं कराई गईं। हाईस्कूल के गणित में पंजीकृत 26461 परीक्षार्थियों में 1639 एवं इंटर की व्यवसायिक परीक्षा में 888 में 37 गैर हाजिर रहे। जबकि द्वितीय पाली में इंटरमीडियट की गृह विज्ञान की परीक्षा हुई। जिसमें पंजीकृत 1777 परीक्षार्थियों में 1692 ने परीक्षा दी और 85 ने परीक्षा छोड़ दी। वहीं परीक्षा के तीसरे दिन मंगलवार को परीक्षा केन्द्रों का हाल जानने के लिए माध्यमिक शिक्षा परिषद के अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक सुरेन्द्र कुमार तिवारी जिले पहुंचे। उन्होंने प्रथम पाली की परीक्षा में कई परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने केन्द्र में प्रश्नपत्रों की सुरक्षा व्यवस्था से लेकर केन्द्र में परीक्षा की सूचिता के लिए किए गए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एक केन्द्र में डीवीआर क्रियाशील न पाए जाने पर डीआईओएस को केन्द्र व्यवस्थापक के खिलाफ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

सुबह की पाली की परीक्षा में अपर शिक्षा निदेशक सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने खागा तहसील के करीब आधा दर्जन परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा केन्द्रों में रखे प्रश्नपत्रों की सुरक्षा, कमरों में सीसीटीवी कैमरों समेत वायस रिकार्डर एवं डीवीआर आदि का जायजा लिया। इसके अलावा उन्होंने पेयजल, शौचालय आदि की भी व्यवस्था देखी। हालांकि परीक्षा केन्द्रों में कोई भी कमियां नहीं दिखीं। दोनों पालियों में उड़नदस्तों ने छापामार अभियान चलाकर चेकिंग की। दोनों पाली में सचल दल अपनी टीम के साथ परीक्षा केन्द्रों का हाल जानते रहे। लेकिन किसी भी केन्द्र से अप्रिय सूचना नहीं प्राप्त हुई। डीआईओएस शिवपूजन द्विवेदी ने बताया कि सीसीटीवी व वॉयस रिकॉर्डर के साथ ही छापामार अभियान भी चलाया जा रहा है।

परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करते अपर शिक्षा निदेशक। अमृत विचार

परीक्षा केन्द्र से बाहर निकलते परीक्षार्थी। अमृत विचार

इन केन्द्रों का हुआ निरीक्षण

अपर शिक्षा निदेशक के निरीक्षण में सरस्वती बाल मंदिर इंटर कालेज शहजादपुर खागा में पंजीकृत 394 में 383 ने परीक्षा दी और 11 अनुपस्थित रहे। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज खागा में 243 में 235 उपस्थित तो 8 गैर हाजिर रहे। इसी तरह से आशा सिंह बालिका इंटर कालेज खागा में 255 में 251 ने परीक्षा दी और 04 ने परीक्षा छोड़ दी। ऐसे ही शुकदेव इंटर कालेज खागा में पंजीकृत 144 में 135 उपस्थित तो 09 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं सरला देवी श्रीराम बालिका इंटर कालेज में पंजीकृत 370 में 333 ने परीक्षा दी और 37 की अनुपस्थिति दर्ज की गई। निरीक्षण में कोई भी कमियां नहीं मिलीं।

परीक्षा देकर निकले छात्रों में दिखी खुशी

परीक्षा केन्द्रों में परीक्षार्थी जब परीक्षा देकर बाहर निकले तो उनके चेहरों पर खुशी दिखी। उनका कहना रहा कि गणित की परीक्षा तो बेहतर रही। एक दूसरे से प्रश्नों के जवाब को मिलान करते हुए आगे की परीक्षा के लिए चर्चा करते रहे। वहीं इस बीच परीक्षा केन्द्रों के प्रशासन पूरी सक्रियता के साथ लगे रहे।

केन्द्र व्यवस्थापक को दिया गया नोटिस

खागा तहसील के भानुमति छोटेलाल इंटर कालेज थरियांव का अपर शिक्षा निदेशक सुरेन्द्र कुमार तिवारी निरीक्षण पर पहुंचे। जहां स्ट्रांग रूम तो शील्ड पाया गया लेकिन डीवीआर क्रियाशील न होने पर डीआईओएस से केन्द्र व्यवस्थापक के खिलाफ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। यहां पर पहली पाली में पंजीकृत 383 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 367 ने परीक्षा दी और 16 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे।

स्ट्रांग रूम में परिंदा भी पर न मार सके जैसी सुरक्षा

कार्यालय, संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। यूपी बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन एवं शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए परिषद ने चाक चौबंद व्यवस्था की है। केन्द्रों में डबल लॉक में रखे गए प्रश्नपत्रों की रखवाली के लिए कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। शील्ड स्ट्रांग रूम के बाहर पुलिस जवान एवं सीसीटीवी कैमरों को 24 घंटे सक्रिय रखने के निर्देश हैं। इसके अलावा सभी सचल दल प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि वह परीक्षा समाप्ति के बाद देरशाम सात बजे से रात नौ बजे तक शील्ड स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते हुए फोटो शेयर करेंगे।

डीआईओएस शिवपूजन द्विवेदी ने बताया कि सभी केन्द्रों के स्ट्रांग रूम पुलिस जवानों की मुस्तैदी रहती है। इसके अलावा सभी सचल दल प्रभारियों को सात-सात परीक्षा केन्द्रों के स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए लगाया गया है। शाम सात बजे से रात नौ बजे तक सभी सचल दल प्रभारी पुलिस स्कार्ट के साथ निगरानी कर रहे हैं।

ये हैं सचल दल प्रभारी

बोर्ड परीक्षा में कुल 6 सचल दल बनाए गए हैं। जिनके प्रभारी डीआईओएस शिवपूजन द्विवेदी, बीएसए पंकज यादव, सह डीआईओएस अनुराग श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य अविनाश कुमार आनंद, प्रधानाचार्य वीरेन्द्र पाल, प्रधानाचार्य अविनाश कुमार एवं प्रधानाचार्य डा. अरुण कुमार सिंह हैं। जिनको स्ट्रांग रूम की शुचिता जांचने की जिम्मेदारी दी गई है।

अवकाश वाले दिन भी हो रही निगरानी

अवकाश वाले दिनों में भी स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था वैसी ही रहती है। पुलिस जवानों के साथ लगाए गए सचल दल प्रभारियों को अवकाश वाले दिन भी केन्द्र में जाकर शील्ड स्ट्रांग रूम की स्थिति जांची जा रही है। देर शाम से रात तक के भ्रमण में महिला सचल दल को बाहर रखा गया है।

> स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त है। जो टीमें लगाई गई हैं, वह शील्ड स्ट्रांग रूम के सामने खड़े होकर फोटो शेयर करते हैं। जिसकी रिपोर्ट बनाकर रात 11 बजे प्रतिदिन परिषद को रिपोर्ट भेजी जा रही है।
>
> –शिवपूजन द्विवेदी, डीआईओएस

पूर्ति निरीक्षक के सामने दो पक्षों में चली लाठी

संवाददाता किशनपुर

- कई लोग घायल, पुलिस बल पहुंचा, शिकायती पत्र पर फर्जी हस्ताक्षर को लेकर हुआ हंगामा

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के बरैची गांव में मंगलवार को कोटे में घटतौली की शिकायत पर जांच करने पहुंचे पूर्ति निरीक्षक के सामने दो पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे चले। जिसमें कई लोग बुरी तरीके से घायल हो गए। कुछ देर बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने मोर्चा संभाला और मामले को शांत कराया।

बरैची गांव निवासी नुरुल हसन सरकारी राशन की दुकान का कोटेदार है। पिछले दिनों कोटे पर घटतौली को लेकर गांव के ही रहने वाले गोलू सिंह ने करीब 15 लोगों के हस्ताक्षर के साथ कोटेदार की शिकायत की थी। शिकायत के बाद मंगलवार को पूर्ति निरीक्षक जांच के लिए पहुंचे। पूर्ति निरीक्षक के आने के बाद शिकायती पत्र मे दर्शाए गए लोगों को बुलाया गया। इस दौरान कई लोगों ने शिकायती पत्र पर किए गए हस्ताक्षर को फर्जी बताया तो कई लोगों ने राशन काटने के आरोप को सही बताया। जिसके बाद मौके पर मौजूद शिकायतकर्ता पक्ष व कोटेदार पक्ष के लोगों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। कुछ देर बाद कहासुनी मारपीट तक पहुंच गई। कोटेदार नुरूल हसन का आरोप है कि कहासुनी के दौरान गोलू सिंह व योगेन्द्र सिंह ने अपने करीब आधा दर्जन लोगों के साथ लाठी-डंडों से हमला कर दिया। जिसमें इजाज हसन, मेहंदी हसन व शब्बीर गंभीर रूप से घायल हो गए। बीच बचाव को पहुंचे प्रधान पति श्रीलाल बीच बचाव करने पहुंचे तो उन पर भी हमला कर घायल कर दिया। मामले की सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर मोर्चा संभाला। विवाद को बढ़ता देख कई थानों का पुलिस बल मौके पर पहुंचा।

कुछ देर बाद सीओ खागा भी मौके पर पहुंचे और मामले को शांत कराया गया। बता दें कि विवाद के बाद पूरे गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। थानाध्यक्ष जेपी शाही ने बताया कि घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। दोनों पक्षों की तरफ से करीब आधा दर्जन लोगों पर कार्यवाही की जा रही है।

शिकायती पत्र पर फर्जी हस्ताक्षर को लेकर हंगामा

दरअसल शिकायतकर्ता द्वारा दिए गए शिकायती पत्र पर जिन लोगों के हस्ताक्षर बनाए गए थे। उन लोगों ने पूर्ति निरीक्षक के सामने हस्ताक्षर को फर्जी बताते हुए कोटेदार द्वारा सही समय से पूरा राशन देने की बात कही। जिसके बाद शिकायतकर्ता गाली गलौज करने लगा। इस दौरान हंगामा हो गया और दोनों पक्षों के बीच लाठी डंडे चलने लगे।

जंगल में गायब युवक की सिर कटी लाश मिली

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। दो दिन से गायब युवक का सिर कटी लाश जंगल में मिली है। जंगल गए ग्रामीण की नजर जब पड़ी तो आसपास गांव के लोगों को जानकारी दी। मौके पर पहुंचे मृतक के परिजनों ने पहचान कर पुलिस को सूचना दी। सिर कटी लाश मिलने के सूचना पर पुलिस अधीक्षक फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और हत्या के खुलासे के लिए पांच टीमों को लगाया।

सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के जगजीवनपुर गांव के बाहर जंगल में मंगलवार सुबह झाड़ियों में एक युवक की सिर कटी लाश पड़ी हुई थी। सुबह करीब 11 बजे के आसपास गांव का एक व्यक्ति जंगल गया तो सिर कटी लाश देखकर ग्रामीणों को सूचना दी। शव मिलने की जानकारी पर ग्रामीणों की भीड़ मौके पर लग गई। शव देखकर एक परिवार ने पहचान करते हुए पुलिस को सूचना दी। शव की पहचान विराहीनपुर मजरे जगजीवनपुर निवासी नरेन्द्र कुमार पटेल (19) के रूप में की गई। परिजनों की सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई।

सिर कटी लाश मिलने की सूचना पर पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और हत्या के खुलासे के लिए थाना पुलिस को निर्देश दिया। मृतक के पिता बच्चीलाल पटेल ने थाना पुलिस को तहरीर दी कि उसका बेटा नरेंद्र कुमार पटेल 25 फरवरी के दिन से गायब था। जिसकी मंगलवार को सिर कटी लाश गांव के जंगल में मिली है। पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने बताया कि हत्या के खुलासे के लिए पांच टीमों को लगाया गया है। प्रेम प्रसंग सहित अन्य मामले पर जांच की जा रही है। युवक एक सप्ताह पहले घर आया था।

आकाशीय बिजली गिरने बुजुर्ग महिला की मौत

फतेहपुर। रिश्तेदारी में वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने आई एक बुजुर्ग महिला मंगलवार की सुबह आकाशीय बिजली की चपेट में आ गई। हालत गंभीर देख परिजनों ने उसे सीएचसी जहानाबाद पहुंचाया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। चित्रकूट जनपद कर्वी थाना क्षेत्र के भरतपुरी कच्ची छावनी निवासी उत्तम प्रसाद की पत्नी संध्या (63) की रिश्तेदारी चांदपुर थाना क्षेत्र के मेहंदिया गांव में रामकिशोर बेरिया के यहां है। बताया कि रामकिशोर के घर में वैवाहिक कार्यक्रम में वह शमिल होने आई थी। जहां मंगलवार सुबह वह घर के बाहर कुछ काम कर रहीं थी कि तभी अचानक मौसम खराब हुआ और तेज बारिश के साथ बिजली गिर गई। जिसकी चपेट में आकर संध्या गंभीर रूप से झुलस गई। लोगों ने तत्काल उसे गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जहानाबाद पहुंचाया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जियो टैग करने के नाम पर मांगे गए रुपये, शिकायत

संवाददाता, असोथर फतेहपुर

- लाभार्थियों ने डीएम से मिलकर किया शिकायत, जांच के आदेश

अमृत विचार। प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना में बिना पैसा लिए मकान न पास किए जाने के एक मामले को लेकर नगर पंचायत के सुजानपुर निवासी चंदन सिंह जिलाधिकारी से मिले। उन्होंने अन्य पीड़ित महिला समेत कई लोगों को भी जिलाधिकारी से मिलवाया। जिससे डूडा के सर्वेयर द्वारा मकान की जियो टैग करने के नाम पर 10 हजार रुपये की मांग की गई। डीएम ने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए अपने पेशकार को महिला समेत अन्य सभी का बयान दर्ज कराते हुए जांच कराने के निर्देश दिये।

सुजानपुर के रहने वाली गरीब महिला रामरती पत्नी चंद्रभान, आरती देवी पत्नी सूर्यभान सिंह व चंदन सिंह पुत्र शिव नारायन ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान के लिए आवेदन किया था। जिसमें उसके द्वारा लगातार एक माह से नगर पंचायत कार्यालय के चक्कर लगाए जा रहे थे। पीड़ित लाभार्थियों ने बताया कि पहले जिस जमीन पर जियो टैग हुआ था वह जमीन पीडब्ल्यूडी व सड़क से संलग्न संबंधित पड़ती है। जिससे उक्त जमीन में मकान न बनाकर दूसरी अपनी सुरक्षित जमीन पर मकान बनवा लिया। जिससे शहरी प्रधानमंत्री आवास योजना का पैसा व्यर्थ न खर्च हो और न ही घर बनाने में कोई दिक्कतें हो। जिस पर लाभार्थियों ने कई बार डूडा के सर्वेयर से जियो टैग करने को कहा, लेकिन बार- बार डूडा के सर्वेयर ने लाभार्थियों से कहा कि उसके द्वारा उनके मकान की जियो टैग की जानी है, जिसके लिए वो उनके आवास पर आएंगे और वह 10 हजार रुपये का इंतजाम करके रखें। महिला व अन्य लोगों ने पैसे देने में असमर्थता जताई तो सर्वेयर ने कहा कि पैसे नहीं दोगे तो तुम्हारा मकान पास नहीं होगा। चाहे जिससे शिकायत करते रहो फर्क नहीं पड़ता। सोमवार को सभी जिलाधिकारी से मिले और शिकायत देते हुए डूडा में फैले भ्रष्टाचार की जानकारी दी। रामरती और आरती ने जिलाधिकारी को पूरी बात बताते हुए कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर कराने की मांग की। जिलाधिकारी सी इंदुमती ने पेशकार को महिला लाभार्थियों समेत अन्य का बयान दर्ज कराने के निर्देश देते हुए जांच कराने के निर्देश दिये।

अर्धनिर्मित शहरी प्रधानमंत्री आवास योजना।

सभासद और उनके करीबी द्वारा मांगी जा रही रकम

आवास योजना के नाम पर कई सभासद व उनके करीबी लाभार्थियों से योजना का लाभ दिलाने के नाम पर उगाही की जा रही है। सूत्रों की माने तो वह पहली किस्त में पांच हजार और अन्य दो किश्त आने पर पांच-पांच हजार रूपये के लिए लाभार्थियों पर दबाव बना रहे हैं। रकम नहीं मिलने पर अगली किस्त पर रोक लगवाने की धमकी देते हैं। दबाव और खाते में किश्त आने में लेटलतीफी में दहशत में आकर लाभार्थी शिकार हो रहे हैं। कई मामले की शिकायत प्रभारी पीडी डूडा और ईओ से की गई। लेकिन मामलों में कोई कार्रवाई नहीं होने से बिचौलिए बेखौफ होकर अपने खेल में मस्त हैं।

किसी को पैसे न दिए जाएं

वहीं इस संबंध में जब नगर पंचायत अध्यक्ष नीरज सिंह सेंगर से बात की गई तो कहा कि जानकारी नहीं है। लाभार्थियों द्वारा नामजद और लिखित तहरीर मिलती है तो रूपये मांगने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अगर कोई कर्मचारी या सभासद पैसा मांगता हैं तो उसे पैसे नहीं देना है। नगर पंचायत द्वारा कोई पैसा नहीं लिया जा रहा है।

20 दिन बाद भी नहीं हो सका चोरी का खुलासा

बहुआ। पांच फरवरी की रात को मोबाइल की दुकान पर दीवार में नकाब काट कर लाखों रुपये के स्मार्टफोन चोरी हो गए थे। पुलिस ने तहरीर लेकर पीड़ित को खुलासे के लिए आश्वस्त भी किया था। लेकिन 20 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस घटना का खुलासा नहीं कर सकी है।

ललौली थाना क्षेत्र के बहुआ कस्बे में स्थित कादरी मोबाइल शॉप में 46 मोबाइल और 10 हजार रुपये की नगदी पांच फरवरी की रात चोरी हो गए थे। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था और पीड़ित को जल्द खुलासे का आश्वासन भी दिया था। लेकिन न चोरों को पकड़ सकी और न माल बरामद हो सका।

दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया

फतेहपुर। दोस्ती कर फोटो खींच वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म कर शादी का दबाव बनाया। युवती की शिकायत पर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया।

मंगलवार को बिंदकी थाना पुलिस क्राइम इंस्पेक्टर श्याम प्रकाश पांडेय ने युवती के साथ दुष्कर्म के आरोपी अमित उर्फ राजू निवासी गांव मेऊना को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने गांव के ही एक युवती से दोस्ती कर उसके साथ फोटो खींच लिया। जिसको वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म किया।

'राष्ट्र पहले पर करना होगा कार्य'

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिंदकी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन प्राथमिक विद्यालय गांव मुरादपुर में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुशील कुमार के द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने संबोधित करते हुए राष्ट्रीयता और सामाजिकता की भावना से ऊपर उठकर राष्ट्र के विकास में अपने योगदान के लिए प्रेरित किया।

महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. अवधेश कुमार शुक्ला ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें जाति, धर्म, क्षेत्र संकीर्ण भावना से ऊपर उठकर के राष्ट्र को प्रमुख रखकर कार्य करना होगा। तभी हम विकसित राष्ट्र की संकल्पना को पूर्ण कर सकते हैं। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम प्रभारी डॉक्टर अंशुबाला ने मुख्य विषय सब पढ़े सब बढ़े, को वर्णित करते हुए सात दिवस के कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। छात्राओं ने क्षेत्र में जाकर लोगों से समस्याएं पूछी। महाविद्यालय के डॉ. अरविंद कुमार शुक्ला, डॉ. प्रियंका रानी, डॉक्टर रत्नेश विश्वकर्मा, धर्मेंद्र कुमार, अभिषेक कुमार, डॉ. अमित कुमार मौर्य तथा प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक, स्वयंसेवी छात्राएं रहीं।

विशेष शिविर का उद्घाटन करते प्राचार्य डॉ सुशील कुमार।

सार-संक्षेप

व्यापार करने के नाम पर युवक से हड़पे 19 लाख

फतेहपुर। बहन की ससुराल में रह रहे व्यक्ति ने फर्नीचर का व्यवसाय करने के नाम पर रुपये मांगे। भरोसे में आकर पीड़ित ने उसे 19 लाख रुपये दिए। अब आरोपी रुपये वापस नहीं कर रहा। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बिन्दकी कस्बे के कुंवरपुर रोड निवासी सोहेल खान ने बताया कि उसकी बहन की ससुराल गांव हड़हा थाना अचलगंज में है। यहां रहने के दौरान उसकी मुलाकात गांव के ही बाबू उर्फ मारूफ पुत्र मोती खान से हुई। उसने बताया कि वह फर्नीचर का व्यवसाय करता है, लेकिन व्यवसाय बढ़ाने के लिए उसके पास रुपये नहीं है। उसने झांसा दिया कि व्यापार के लिए रुपये लगाए और मुनाफा का आधा हिस्सा ले। सोहेल ने झांसे में आकर मारूफ के खाते में अलग-अलग तारीखों में कुल 19 लाख रुपए ट्रांसफर किए। कई महीने बीतने के बाद भी आरोपी ने न तो व्यापार के मुनाफे का कोई हिस्सा दिया और न ही अब रकम वापस कर रहा है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बाबू उर्फ मारूफ के अलावा षड्यंत्र में सहयोग करने वाले उसके भाई महफूज, पिता मोती खान और बहनोई अच्छे खान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। एसएसआई सत्यदेव गौतम ने बताया कि जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

आज जारी होगी किसान सम्मान निधि की 16वीं किश्त

फतेहपुर। किसान सम्मान निधि की 16वीं किश्त किसानों को शीघ्र मिलेगी। आज यानि बुधवार को प्रधानमंत्री द्वारा इसका शुभारम्भ किया जाएगा। जिसका सीधा प्रसारण देखने की व्यवस्था कृषि विभाग ने किया है। उप कृषि निदेशक राममिलन सिंह परिहार ने बताया कि 28 फरवरी को प्रधानमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 16वीं किस्त निर्गत करने का सीधा प्रसारण किया जायेगा। कार्यक्रम को पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में भी मनाया जायेगा। जनपद के प्रत्येक विकास खण्ड परिसर में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें प्रधानमंत्री के सम्बोधन का सजीव प्रसारण किया जायेगा। साथ ही जायद गोष्ठी का कार्यक्रम होगा।, जिसमें जैविक एवं प्राकृतिक खेती पर परिचर्चा, जायद में बोई जाने वाली फसलों के तकनीकी बिन्दुओं पर चर्चा की जाएगी। वहीं लाभार्थी किसानों के अभिलेखों का परीक्षण एवं उनकी समस्याओं का गुणवत्ता परख निस्तारण भी किया जाएगा।

शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म

खागा। खखरेरू थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पति के मामा का लड़का रोहित मिश्रा निवासी अमिरसा थाना सराय अकिल जिला कौशाम्बी का है। वह शादी से पूर्व घर आता-जाता रहा और उसके साथ दो बार जबरन दुष्कर्म भी किया। उसकी शादी के बाद शादी तुड़वाने की धमकी देकर शारीरिक सम्बन्ध बनाता रहा और चोरी चुपके उसके आडियो व वीडियो भी बना लिया था। शादी टूटने के डर से उसने किसी को नहीं बताया। शादी के बाद अश्लील आडियो वीडियो ससुराल में दिखाकर तलाक लेने के लिये दबाव बनाता रहा और शादी तुड़वाने के लिये ऑडियो वायरल कर दिया। इसकी जानकारी रोहित के परिवारीजनों को भी दी। जिस पर उसके पिता सुशील मिश्रा ने तलाक लेकर रोहित से करवाने क बात कही थी। 30 नवम्ब 2023 को तलाक हो गया था। इसी बीच उसे बेटी भी हुई जो रोहित की है। झांसे में लेकर जेवरात और एएक लाख रुपये भी ले लिए। इसके बाद शादी से मना कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। मामले में खखरेरु थाना प्रभारी प्रमोद कुमार राव ने बताया मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही।

आबकारी एक्ट में गिरफ्तार

फतेहपुर। हथगाम पुलिस ने सिठौरा गांव निवासी अशफीर्लाल पुत्र बालराज के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था। आरोपी फरार चल रहा था। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश किया है।

खतरा बरकरार | नहर पुल और रेलिंग दोनों हैं बुरी तरह से क्षतिग्रस्त, कई बार हादसे भी हो चुके हैं

क्षतिग्रस्त पुल की बाउंड्री वॉल बना कर की खानापूरी

संवाददाता, असोथर फतेहपुर

अमृत विचार। जरौली पंप कैनाल से निकली सुजानपुर रजबहा के बस स्टॉप के पास रेलिंग विहीन जर्जर और क्षतिग्रस्त पुल दुर्घटना को दावत दे रहा है। लोग जान जोखिम में डालकर इस पर यात्रा करने को विवश हैं। सिंचाई विभाग ने पुल पर आनन-फानन में बाउंड्री वॉल बनाकर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर लिया है। इसे लेकर लोगों में विभागीय अधिकारियों और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के प्रति काफी नाराजगी हैं।

ब्लॉक मुख्यालय असोथर को जिला मुख्यालय समेत राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने वाले असोथर-थरियांव मार्ग पर प्रेममऊ कटरा गांव के पास निचली रामगंगा नहर से निकली छोटी नहर पर नगर पंचायत के बस स्टॉप के पास बने पुल की रेलिंग और स्लैब करीब 6 वर्ष पूर्व टूट कर नहर में गिर गया था। रेलिंग विहीन क्षतिग्रस्त और जर्जर पुल से गिरकर अक्सर लोग घायल होते रहते हैं। लोगों ने अधिकारियों और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से कई बार पुल के मरम्मत की मांग की लेकिन कुछ नही हुआ।

रेलिंग का निर्माण करते कर्मचारी। अमृत विचार

बोले जिम्मेदार

इस संबंध में सिंचाई विभाग के जेई सुरेश सचान ने कहा कि अभी हाल में बाउंड्रीवॉल बनवा दिया गया है। पुलिया के मरम्मत के लिए कार्ययोजना बनाई जा रही है। शासन से स्वीकृति मिलते ही सम्पूर्ण पुल का निर्माण कार्य करा दिया जाएगा।

क्या बोले ग्रामीण

दिनेश सविता ने कहा कि सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने कई बार पुल का निरीक्षण किया और पुल के जल्द ही मरम्मत का वादा भी किया लेकिन आज तक वादा पूरा नहीं हो सका है। उन्हें शायद किसी बड़ी घटना का इंतजार है।

संतोष गुप्ता ने कहा कि पुलिया की हालत काफी खराब हो गई है। रेलिंग और स्लैब टूट कर नहर में गिर रही है। ग्रामीणों के काफी भाग दौड़ के बाद भी कोई ध्यान नहीं दे रहा है। यह पुलिया जनपद व असोथर ब्लॉक को आपस में जोड़ती है।

भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष सोनू सिंह गौतम ने कहा कि सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने कई बार पुल का निरीक्षण किया और पुल के जल्द ही निर्माण का वादा भी किया लेकिन पुल तो बना नहीं लेकिन विभाग ने क्षतिग्रस्त पुल की बाउंड्रीवॉल जरूर बना दिया है।

नीरज मौर्य ने कहा कि क्षतिग्रस्त पुलिया पर 5 वर्ष बाद भी किसी जिम्मेदार की नजर नहीं पड़ी है। किसानों को धान और गेहूं की कटाई के लिए खेतों तक हार्वेस्टर पहुंचाने में कई किलोमीटर का लगा कर पहुंचना पड़ता है। इस पर ध्यान देने की जरूरत है।

अलग-अलग स्थानों में दो युवकों ने दी जान

फतेहपुर। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सोमवार की रात दो लोगों ने फांसी के फंदे से लटककर जान दे दी। सुबह हुई घटनाओं की जानकारी पर उनके परिजनों में कोहराम मचा रहा। वहीं परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मलवां थाना क्षेत्र के अमौरा गांव निवासी चेतन सिंह ने सोमवार की रात संदिग्ध अवस्था में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं मृतक के परिजनों ने घटना के संबंध में कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। इसी तरह बकेवर थाना क्षेत्र के क्योटरा मजरे बेंता गांव निवासी पुत्तीलाल ने सोमवार की रात घर के अंदर पंखे में रस्सी का फंदा डाल फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

लापरवाही: वृद्धा को जांच रिपोर्ट में मृत दिखा बंद करा दी वृद्धा पेंशन

सितंबर 2022 में आई थी अंतिम किस्त, उसके बाद लाभ नहीं, दर्ज कराई शिकायत

वाह रे सत्यापन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। लगता है कि सरकारी कर्मचारियों का कोई भी धर्म व ईमान नहीं बचा है। वह जिसको चाहते हैं पात्र ठहरा देते हैं और अपनी मर्जी से अपात्र कर देते हैं। इतना ही नहीं जीवित व्यक्ति को भी जांच रिपोर्ट में मार डालते हैं। इस वजह से पात्रों का सरकारी योजनाओं से वंचित कर दिया जाता है। अफसर भी ऐसे लापरवाह व भ्रष्ट कर्मियों पर 'मेहरबान' रहते हैं। उन पर कार्रवाई तो होती नहीं, 'अभयदान' मिल जाता है। ऐसा ही एक और मामला प्रकाश में आया है, जिसमें बुजुर्ग की वृद्धावस्था पेंशन करीब दो साल से बंद है। वह जीवित है और जांच में उसे मृत दर्शा दिया गया।

तहसील तिर्वा क्षेत्र की ग्राम पंचायत रामपुर मझिला निवासी 80 वर्षीय विद्यावती अपने पुत्र व लाठी का सहारा लेकर मंगलवार को विकास भवन पहुंचीं। कहा कि उनका बैंक खाता आर्यावर्त बैंक शाखा इंदरगढ़ में है। इसमें 24 सितंबर 2022 को वृद्धावस्था पेंशन की अंतिम किस्त आई थी। बैंक शाखा में पहुंचकर पासबुक इंट्री कराई तो इस बात की सच्चाई सामने आई। उसके बाद पेंशन न मिलने की जनवरी 2024 में शिकायत दर्ज कराई। इसका निस्तारण यह कहकर कर दिया गया कि सत्यापन अधिकारी ने पेंशन निरस्त कर दी है।

समाज कल्याण विभाग में पुत्र के साथ बाहर जानकारी देतीं विद्यावती।

- **जनवरी 2024 में की शिकायत तो पेंशन निरस्त करने की हुई जानकारी**
- **समाज कल्याण कार्यालय से मंगलवार को पता चली आख्या की हकीकत**

लग सकता एक साल, मारा जाएगा हक

समाज कल्याण कार्यालय से आवेदक को बताया गया है कि आवेदन को फिर से सक्रिय कर लाभ दिलाया जाएगा। इसमें करीब एक साल का समय लगेगा। बैंक खाते को एनपीसीआई कराने को कहा गया है। पुत्र का कहना है कि आधार कार्ड में मोबाइल नंबर पहले से फीड है। खाता भी एनपीसीआई है। इसी खाते में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की 300 रुपये सब्सिडी भी आई है। दूसरी ओर बताया जा रहा है कि पेंशन मिलने में जो देरी होगी इस दौरान करीब तीन साल का हक जरूरतमंद को नहीं मिलेगा।

> प्रकरण की जानकारी नहीं है। कार्यालय से मामले की हकीकत पता की जाएगी। उसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।
>
> **–सृष्टि अवस्थी, जिला समाज कल्याण अधिकारी**

27 जनवरी 2024 को आख्या लगाकर यह प्रकरण आईजीआरएस पर निस्तारित कर दिया गया। मंगलवार को समाज कल्याण कार्यालय में पहुंचकर महिला ने आवेदन निरस्त करने का कारण पूछा। कार्यालय के कर्मियों ने रिपोर्ट देखकर बताया कि सत्यापन करने वाले कर्मचारी ने बुजुर्ग महिला को जांच में मृत दिखा दिया है। इससे पेंशन बंद की गई है। विद्यावती ने बताया कि पति का पूर्व में निधन हो चुका है। पेंशन मिलती है तो कुछ राहत है, लेकिन करीब दो साल से तो लाभ ही नहीं मिला है। गलत रिपोर्ट लगाने वालों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

फंदा लगा महिला ने की आत्महत्या, दहेज हत्या का आरोप

गुरसहायगंज, कन्नौज। किसी बात से आजिज आकर विवाहिता ने घर के कमरे में पंखे से दुपट्टे का फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। इससे ससुरालियों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा काटा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

ग्राम डुंडवाबुजुर्ग निवासी शमशाद की शादी थाना कमालगंज के ग्राम भीकानगला निवासी जहांगीर शाह की पुत्री गजाला (23) के साथ तीन वर्ष पूर्व हुई थी। मंगलवार की दोपहर किसी बात पर गजाला ने कमरे में पंखे से दुपट्टा का फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। मृतका के पति शमशाद ने बताया कि वह भाई नौशाद के साथ खेत पर आलू की खुदाई कर रहा था। उसकी भाभी रिंका पड़ोस के हैंडपंप से पानी भरने गई थी। परिजनों की गैरमौजूदगी में गजाला ने आत्महत्या कर ली। बताया कि मृतका के 01 माह की पुत्री है। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

निर्यातकों को जानकारी देते एफएफडीसी के प्रधान निदेशक डॉ. शक्ति विनय शुक्ल।

कन्नौज में बनाया जाए रेलवे का रैक प्वाइंट

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- **कलेक्ट्रेट में आयोजित निर्यात बंधु सेमिनार में आलू निर्यातकों ने उठाया मुद्दा**
- **अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर किया गया मंथन, इत्र उत्पादन पर फोकस**

अमृत विचार। आयात और निर्यात व्यापार के दो पहलू हैं। किसी भी स्थान पर निर्यात को बढ़ावा देने के लिए बुनियादी सुविधाएं और संसाधन उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है। जिले में आलू का उत्पादन बहुतायत में होता है, लेकिन रेलवे का रैक प्वाइंट न होने से निर्यातकों को अन्य प्रदेशों या विदेशों में आलू ले जाने में दिक्कत होती है। इसलिए सरकार को चाहिए कि कन्नौज में सबसे पहले रैक प्वाइंट बनाया जाए।

मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग केंद्र की तरफ से आयोजित निर्यात बंधु सेमिनार में जिले के आलू निर्यातकों ने रैक प्वाइंट का मुद्दा उठाया। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में आयोजित सेमिनार में एफएफडीसी के प्रधान निदेशक डॉ. शक्ति विनय शुक्ल ने बताया कि आज जापान और ब्रिटेन जैसे विकसित देशों की अर्थव्यवस्था गड़बड़ा रही है, जबकि भारत की अर्थव्यवस्था लगातार बढ़ रही है। देश में नए उद्योग-धंधों की स्थापना के साथ निवेशकों का भरोसा बढ़ा है और निर्यात नीति को भी प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इत्र और एसेंसियल ऑयल के अलावा खाद्य पदार्थों व मसालों के निर्यात की पूरी संभावनाएं हैं, जिनसे निश्चित रूप से व्यापार समृद्ध होगा। फियो के सहायक निदेशक आलोक कुमार व ईसीजीसी के प्रबंधक धनंजय झा ने सरकार की आयात-निर्यात नीति के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि कम निवेश से ही निर्यात करने से व्यापार में प्रगति की संभावनाएं हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में कैपिटल टेक्नोलॉजी, स्किल, मैनपॉवर, श्रमिकों की कोई कमी नहीं है। जो भी निर्यातक या निवेशक व्यापार करना चाहते हैं तो उनकी सभी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

उपायुक्त (उद्योग) धनंजय सिंह के संचालन में हुए सेमिनार में सीडीओ रामकृपाल चौधरी, द अतर्स एंड परफ्यूमर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष पवन त्रिवेदी, महामंत्री प्रखर कपूर, जिला उद्यान अधिकारी चंद्रप्रकाश अवस्थी समेत कई उद्यमी व अधिकारी उपस्थित रहे।

'आत्महत्या' की आंच पर सिंकने लगीं राजनीतिक रोटियां

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- **22 फरवरी को हुई थी घटना, नहीं पहुंचा कोई सत्ताधारी दल का नेता**
- **विपक्ष को मिला मुद्दा, अब तक तीन दलों के लोग पहुंचे आंसू पोंछने**

अमृत विचार जिले में पांच दिन पहले नौकरी न मिलने व पुलिस भर्ती पेपर लीक की खबर से क्षुब्ध होकर युवक ने आत्महत्या कर ली। वाकई घटना दुखद और हर किसी को झकझोरने वाली थी। लेकिन विपक्ष को इस चुनावी बेला में मुद्दा मिल गया और इस घटना की आंच में राजनीति की रोटियां सेंकी जाने लगीं हैं। उधर, बताते हैं कि सत्ताधारी दल की तरफ से कोई भी पीड़ित परिवार तक नहीं पहुंचा है। हालांकि इस घटना के बाद ही योगी सरकार ने पुलिस भर्ती परीक्षा रद्द कर दी थी।

बता दें कि 22 फरवरी को सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव भूड़पुरवा के रहने वाले 25 वर्षीय युवक ब्रजेश पाल ने अपनी डिग्रियां जलाकर आत्महत्या कर ली थी। जान देने से पहले युवक ने सुसाइड नोट में नौकरी मिलने से दुखी होने का उल्लेख किया था। वहीं परिजनों ने आरोप लगाया था कि बेटा पुलिस भर्ती का पेपर लीक होने की चर्चा से परेशान था। घटना वाले दिन ही समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने ट्वीट कर दिया था कि 'भाजपा सरकार में नौकरी की उम्मीद बेमानी है। जो भाजपा अपनी सरकार बनाने के लिए हर हथकंडा अपनाती है, वो नौकरी देने के नाम पर क्यों मुकर जाती है।' इसके साथ मामला तूल पकड़ गया तो सभी विपक्षी दलों को भी मौका मिल गया इस अवसर को भुनाने का। तभी तो अगले ही दिन से क्रमश : सपा, कांग्रेस और फिर मंगलवार को नवगठित राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी का प्रतिनिधि मंडल भी भूड़पुरवा पहुंच गया। पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाने व सरकार से मृतक की बहन को नौकरी देने की मांग उठाई जा रही है। विपक्षी दलों की तरफ से परिजनों को मुआवजा देने की घोषणा करने की मांग रखी जा रही है। इन सारी बातों के बीच खास बात यह है, अब तक सत्ता पक्ष से किसी के पीड़ित परिवार तक पहुंचने की खबर नहीं आई है। यह बात अलग है कि पेपर लीक को लेकर शिकायतों को लेकर 24 फरवरी को प्रदेश की योगी सरकार ने पुलिस भर्ती परीक्षा को रद्द करते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिलाया था। इसके साथ ही छह माह के भीतर दोबारा परीक्षा कराने की घोषणा भी की। दुखद बात यह है कि राजनीतिक दलों की पीड़ित परिवार को सांत्वना कहीं न कहीं आने वाले लोकसभा चुनाव से जोड़कर देखी जा रही है। वहीं सत्ताधारी दल से किसी के न पहुंचने को लेकर भी लोग बातें कर रहें हैं। कुछ का कहना तो यह भी है कि पीड़ित परिवार ने अपना बेटा खोया है। ऐसे में सांत्वना के नाम पर नेता जाकर उनके दर्द को बार-बार उभार रहे हैं और फोटो खिंचा रहे हैं। कुछ तो कहते हैं कि खुद की जान लेना किसी समस्या का समाधान नहीं होता है। इस कदम को किसी भी दृष्टि से सही नहीं ठहराया जा सकता है। फिर भी हताशा की पराकाष्ठा में युवक ने ऐसा कदम उठाया तो उसके परिवार को लंबे समय का दर्द दे गया। दलों को मौका मिल गया है राजनीति की रोटियां सेंकने का।

ढांढस बंधाते राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के प्रधान महासचिव प्रो. रामबख्श वर्मा।

भूड़पुरवा पहुंचे रामबख्श वर्मा, बंधाया ढांढस

कन्नौज। पिछले दिनों नौकरी न मिलने से क्षुब्ध होकर जान देने वाले युवक के घर पहुंचकर सांत्वना देने का सिलसिला जारी है। इस क्रम में मंगलवार को राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी का प्रतिनिधि मंडल प्रो. रामबख्श सिंह वर्मा (पूर्व सांसद, प्रधान महासचिव राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी) की अगुआई में पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचा। शोक संवेदना व्यक्त करने के बाद सरकार से मांग की पीड़ित परिवार को उचित आर्थिक सहायता जल्द से जल्द घोषित की जाय। मृतक की बहन संगीता (अविवाहित) को उसकी योग्यता के अनुसार नौकरी दी जाए। चेतावनी दी कि अगर सरकार उचित कार्यवाही नहीं करती तो पार्टी जनआंदोलन करने को मजबूर होगी। इस अवसर पर राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अतर सिंह पाल, सूरज पाल सिंह कश्यप (राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष), डॉ. सी पी शाक्य (जिलाध्यक्ष), राजेश राजपूत, सौरव गुप्ता, शिवनाथ सिंह वर्मा आदि उपस्थित रहे।

अतिरिक्त दहेज के लिए मारपीट कर घर से निकाला

संवाददाता, सौरिख, कन्नौज

- **एक वर्ष पूर्व हुई थी शादी, पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट**

अमृत विचार। अतिरिक्त दहेज में जंजीर की मांग को लेकर ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने थाने पहुंचकर पांच लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

क्षेत्र की नादेमऊ चौकी के गांव बरेठी दारापुर निवासिनी सपना देवी पुत्री लेजम सिंह ने बताया कि पिता ने उसकी शादी चार दिसंबर 2022 को ठठिया थाना क्षेत्र के गांव जवाहर पूर्वा निवासी सुल्तान सिंह के पुत्र मटरू के साथ सामर्थ्य के हिसाब से दान दहेज देकर की थी। कुछ दिनों तक सब कुछ ठीकठाक चलता रहा। उसने एक पुत्री को जन्म दिया जो अब 9 माह की है। ससुरालीजन मिले दहेज से संतुष्ट नहीं थे तो अतिरिक्त दहेज में एक सोने की जंजीर की मांग करने लगे। पिता ने असमर्थता जताई तो ससुराली जनों ने प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। 25 फरवरी 2024 को पति मटरू, सास सुआ देवी, ससुर सुल्तान सिंह, बड़ी जेठानी हरकुंवर, छोटी जेठानी राधा देवी सभी ससुरालियों ने एक राय होकर गाली गलौज कर मारपीट की और पहने हुए कपड़ों में घर से निकाल दिया। मारपीट में उसके सिर व शरीर में गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर घायल विवाहिता को डॉक्टरी परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया।

गोवंशों से भरा कंटेनर पकड़ा आरोपी फरार, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

अमृत विचार। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने 24 से अधिक गोवंशों से भरा कंटेनर कब्जे में ले लिया जबकि आरोपी पुलिस को देखते ही फरार हो गए। पुलिस ने गोवंशों को गोशालाओं में भेज कर अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र के मलिकपुर इलाके में सोमवार देर शाम एक कंटेनर में गोवंश भरकर जाए जा रहे थे। ग्रामीणों ने जब कंटेनर में हलचल देखी तो उसे घेर लिया। यह देख कंटेनर में सवार चालक समेत सभी आरोपी भाग निकले। ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने जब कंटेनर खोला तो उसमें लगभग 24 गोवंश मिले। इनको पास की गोशालाओं में भिजवा दिया। अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कंटेनर को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल प्रारंभ कर दी।

दरोगा ने बीमार युवक को पहुंचाया अस्पताल

गुरसहायगंज, कन्नौज। बाइक पर सवार होकर फर्रूखाबाद जा रहे कस्बा समधन के बड़ी मस्जिद निवासी अजहर खान को मलिकपुर व रामाश्रम के बीच स्थित पेट्रोल पंप के सामने अचानक मिर्गी का दौरा आ गया। इससे युवक बाइक सहित सड़क पर गिर गया। सूचना पर पहुंचे रामाश्रम चौकी प्रभारी चंद्रभान सिंह ने युवक को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी पहुंचाया। उपनिरीक्षक ने परिजनों को युवक की जेब से मिला मोबाइल व 3300 रुपये सुपुर्द कर दिए गए है।

माता-पिता को बंदकर आग लगाने वाले आरोपी दंपति गिरफ्तार

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

- **हाथ से दिव्यांग है आरोपी युवक, नहीं है कोई संतान**

अमृत विचार। माता, पिता और परिजनों को घर में बंदकर आग लगाने के मामले में आरोपी दंपति को कोतवाली पुलिस ने पकड़ लिया है। आरोपी युवक हाथ से दिव्यांग है। वह निःसंतान है। पीड़ित पिता ने बेटा बहू समेत चार पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

नगर के मोहल्ला रामकृष्ण नगर निवासी प्रकाश नारायण चतुर्वेदी ग्राम रौरा के मूल निवासी है। उनके तीन पुत्र कुलदीप नारायण चतुर्वेदी, दिलीप चतुर्वेदी व अजीत चतुर्वेदी सहित दो पुत्रियां हैं। दो पुत्रों व पुत्रियों की शादी हो चुकी है। कुलदीप का विवाह कन्नौज निवासी सोनी के साथ लगभग 15 वर्ष पहले हुआ था। कुलदीप ने एमबीए की पढ़ाई की है और एक हाथ से दिव्यांग है। बीटेक व एलएलबी किए दिलीप की शादी जून 2023 में फर्रुखाबाद से हुई है। अजीत लखनऊ में बीएएमएस कर रहा है। अजीत ने बताया कि शादी के बाद से ही भाई कुलदीप व भाभी घर के पिछले हिस्से में अलग रह रहे हैं। परिवार के लोगों से उनकी ज्यादा बोलचाल भी नहीं है। परिवार के भरण पोषण की जिम्मेदारी पिता ही उठा रहे हैं। संपत्ति में बंटवारे को लेकर आए दिन भाई व भाभी विवाद करते हैं। पिता के रिटायर होने और भाई दिलीप की शादी के बाद यह विवाद और बढ़ गया। संपत्ति को पाने के लिए ही भाई व भाभी ने घर में आग लगाकर परिजनों की हत्या करने का प्रयास किया है। उधर कोतवाली पुलिस ने आरोपी कुलदीप व सोनी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पिता-पुत्री की तलाश की जा रही है।

घर के बाहर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

उजाले की ओर एक से लेकर 10 किलोवाट तक के संयत्र का मिलेगा लाभ, ऑनलाइन करें आवेदन, लाभार्थी को अपना अंश ही देना होगा

घरों को रोशन करेगा रूफटॉप सोलर पॉवर प्लांट

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। अब आप भी अपने घर की छत या धूप वाले स्थानों पर बिजली बनाकर बिक्री कर सकते हैं। निजी आवासों में ग्रिड कनेक्टेड रूफटॉप सोलर पावर प्लांट लगाने की योजना शुरू हो गई है। पीएम सूर्य घर योजना के तहत सरकार ने मुफ्त बिजली योजना चलाई है। इसके तहत एक से लेकर 10 किलोवाट तक की क्षमता वाले संयत्र अनुदान पर लगाए जाएंगे। आवेदन की प्रक्रिया ऑनलाइन है।

उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपी नेडा) की ओर से संयंत्र लगाने के लिए कंपनियों का भी चयन कर लिया गया है। इच्छुक लोग पोर्टल https://pmsuryaghar.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) तिर्वा क्षेत्र के एसडीओ कुलदीप राजपूत ने बताया कि संयंत्रों पर 75 फीसदी तक अनुदान है। प्रक्रिया के तहत आवेदन ऑनलाइन होगा, जो यूपीपीसीएल यानि बिजली विभाग के पास ही पहुंचेगा। उसके बाद उसे नेडा को भेजा जाएगा। वहां से वेंडर के पास जाएगा। उन्होंने बताया कि लाभार्थी अपने अंश का भुगतान भी पोर्टल के जरिए कर सकते हैं। इसके अलावा लोन की भी सुविधा है। घरेलू कनेक्शनों पर यह लाभ दिया जा रहा है। एसडीओ का कहना है कि आवेदक को पहले आओ पहले पाओ के तहत लाभ दिया जाएगा। पीएम सूर्य घर मोबाइल एप पर भी जानकारी ली जा सकती है। जो संयंत्र वेंडर लगाएंगे उनकी सूची वेबसाइट https://upnedasolarrooftopportal.com/Approved-Firms पर उपलब्ध है।

कन्नौज में योजना के प्रचार व फोटो खिंचाने के लिए रखा सेल्फी प्वाइंट। अमृत विचार

10 किलोवाट तक की क्षमता वाले संयत्र अनुदान पर

यह होंगे फायदे

- ऑनग्रिड सिस्टम से यूपीपीसीएल को भी बिजली बिक्री की जा सकती है।
- विभाग पर बिजली का लोड कम होगा।
- कोयला से बिजली बनती है, जिससे प्रदूषण भी फैलता है, उस पर रोक लगेगी।
- लंबी दूरी से आने में काफी मात्रा में बिजली का नुकसान भी होता है, यह बचेगा।

लाभार्थियों को इस तरह मिलेगा लाभ

संयंत्र की क्षमता	कुल अनुदान	कुल लागत	लाभार्थी का अंशदान
एक किलोवाट	45 हजार	60 हजार	15 हजार
दो किलोवाट	90 हजार	1.20 लाख	30 हजार
तीन किलोवाट	1.08 लाख	1.80 लाख	72 हजार
चार किलोवाट	1.08 लाख	2.40 लाख	1.32 लाख
पांच किलोवाट	1.08 लाख	3.00 लाख	1.92 लाख

नोट- चार से 10 किलोवाट तक के संयंत्रों पर अनुदान 1.08 लाख रुपये ही मिलेगा। इसके बाद लाभार्थी का अंशदान बढ़ेगा।

रियल टाइम खतौनियों में गलत अंश निर्धारण से दिक्कत

संवाददाता तिर्वा, कन्नौज

अमृत विचार। खतौनी में दर्ज अपने हिस्से के लिए किसानों को परेशान न होना पड़े इसके लिए सरकार ने रियल टाइम खतौनी की व्यवस्था की। इसमें किसानों के नाम के साथ हिस्से का रकवा दर्ज करने के निर्देश दिए। तैयार रियल टाइम खतौनी में अधिकांश किसानों के हिस्से गलत दर्ज हैं जिससे वह परेशान हैं।

किसानों की भूमि के रिकार्ड के लिए खतौनी बनाई गई। इसमें किसान की भूमि के नंबर के साथ पास वाली जमीन का रकवा दिया होता था। कहीं कहीं तो कई किसानों की जमीन एकसाथ दर्ज होती थी जिससे यह बता नहीं चल पाता था कि किस स्थान पर किस किसान की कितनी जमीन है। इसलिए सरकार के निर्देश पर गांव-गांव जाकर खुली चौपाल लगाकर लेखपालों ने किसानों के अंश का पता किया। किसानों का हिस्सा निर्धारण कर रियल टाइम खतौनी तैयार की गईं। आनन फानन बनी इन खतौनियों में सही हिस्सा निर्धारण न होने से किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

..... बोले लोग .....

> अधिवक्ता मनोज राजपूत ने बताया कि जो गांव की रियल टाइम खतौनी बन गई है उनमें किसानों का अंश निर्धारण गलत दर्ज है। इनको सुधारने की व्यवस्था की जाए। **– मनोज राजपूत**

> अधिवक्ता सतीश राजपूत ने कहा जिन गांव की रियल टाइम खतौनी बन चुकी वहां पर अंश निर्धारण में गलतियां हैं। किसान वकीलों को अंश दिखाकर सुधारने की मांग कर रहे। **–सतीश राजपूत**

> अधिवक्ता भूपेंद्र सिह ने बताया कि रियल टाइम खतौनी बनाते समय अगर लेखपालों द्वारा किसान से जानकारी ली जाती तो अंश गलत न होते। जल्दबाजी में हुई समस्या दूर कराई जाए। **–भूपेद्र सिह**

> जिन किसानों की खतौनी में अंश निर्धारण गलत दर्ज है वह साक्ष्यों समेत प्रार्थना पत्र उन्हें दें। वह लेखपाल-कानूनगो की रिपोर्ट मांग कर किसानो के हिस्से को सही करा देंगे। **– अशोक कुमार, एसडीएम**

बिना लाइसेंस के 23 कोल्ड स्टोरेज, भंडारण शुरू

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। जनपद में 153 कोल्ड स्टोरेज (शीतगृह) पहले से ही हैं, 24 नए और बन गए हैं। इसमें 23 कोल्ड स्टोर ऐसे हैं, जिन्होंने बिना लाइसेंस के ही आलू का भंडारण शुरू कर दिया है। उद्यान विभाग की ओर से इन कोल्ड स्टोरेजों को अब तक लाइसेंस भी नहीं दिया गया है। इस वजह से कई तरह के सवाल उठ रहे हैं।

जानकारी के अभाव में किसान भी नए कोल्ड स्टोरेज में आलू भंडारण के लिए पहुंच रहे हैं। दरअसल, जिला उद्यान विभाग की ओर से कोल्ड स्टोरेजों के लाइसेंस का नवीनीकरण किया जाता है। साथ ही नए शीतगृहों को लाइसेंस भी दिया जाता है। संबंधित शीतगृह स्वामी अपनी-अपनी फाइलें उद्यान विभाग में देते हैं। खास बात तो यह है कि अब तक सभी शीतगृह स्वामियों की फाइलें भी लाइसेंस के लिए उद्यान विभाग में नहीं पहुंचीं हैं, उसके बावजूद भंडारण का काम तेजी से शुरू हो गया है। जनपद में पिछले कुछ सालों से लगातार नए कोल्ड स्टोर बनकर तैयार होते हैं। उसके बाद भंडारण का काम शुरू हो जाता है। परंपरा के मुताबिक वसंत पंचमी को जिलेभर के ज्यादातर कोल्ड स्टोरेज में हवन-पूजन होता है। इस दिन जो पूजा-पाठ करने से रह जाते हैं वह दो-चार दिनों में हवन करा देते हैं। उसके बाद भंडारण भी होने लगता है। इन दिनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में आलू की बोरियां (पैकेट) भरकर नए कोल्ड स्टोरेज में पहुंच रहीं हैं। इस संबंध में जिला उद्यान अधिकारी सीपी अवस्थी ने कुछ भी कहने से इंकार कर दिया।

एक कोल्ड स्टोरेज में रखा आलू। अमृत विचार

जलालाबाद क्षेत्र में हो चुकी है श्रमिकों की मौत

कुछ सालों पहले ब्लॉक जलालाबाद क्षेत्र में निर्माणाधीन कोल्ड स्टोरेज की दीवार गिरने से दो श्रमिकों की मौत हो गई थी। अधिकारियों की मिलीभगत से इस मामले को दबा दिया गया था। पीड़ितों को भी कार्रवाई न करने के एवज में आर्थिक मदद दे दी गई थी।

- 153 शीतगृह पहले से ही हैं, ट्रैक्टर्स से जा रहा है आलू

इस संबंध में जानकारी नहीं है। विभाग ही बता सकता है। कोल्ड स्टोरेजों के लाइसेंस जारी व नवीनीकृत हुए तो हैं। अगर ऐसा है तो मामले को दिखावाया जाएगा।

–शुभ्रांत कुमार शुक्ल, जिलाधिकारी

जिले में यह कोल्ड स्टोरेज नए बने

- सौरिख सिटी कोल्ड स्टोरेज, हुसेपुर, सौरिख
- कैलाश शीतालय, गोवर्धनी देवी रोड, बरौली
- बूढ़े बाबा फूड्स प्रा .लि., अटारा निस्फ, ठठिया
- बुलबुल शीतगृह, कुसुमखोर, गुगरापुर
- मां लक्ष्मी शीतालय, उधन्नापुर, छिबरामऊ
- ओम कोल्ड स्टोर स्टोरेज, त्योर, छिबरामऊ
- विजय सिंह लाल सिंह शीतालय, छिबरामऊ
- रामभरोसे मुंशी लाल शीतगृह, गोवा, सतोरा
- पीएनडी कोल्ड स्टोरेज, कड़ेरा बस्ता, तिर्वा
- सरला शीतालय, मोचीपुर, मानीमऊ
- एसएस कोल्ड स्टोरेज, बेहटा, ठठिया
- न्यू आशा शीतगृह, बलिदासपुर, तालग्राम
- न्यू आशा प्रिजर्वेशन, फगुआ भट्ठा
- माधव कोल्ड स्टोरेज, ईजलपुर, सौरिख
- नवरत्न फूड्स, बहसुइया, तिर्वा
- रूपरानी कोल्ड स्टोरेज, जसौली, कन्नौज
- एसएस यादव कोल्ड स्टोरेज, अदमापुर, रोहली
- बांके बिहारी शीतालय, बलनपुर, तिर्वा
- हरी मोहन कोल्ड स्टोरेज, चचासंडा, मोहनपुर रतनपुर
- शिवसरन शीतालय, जसौरा, जलालाबाद
- गोविंद रेफ्रिजरेशन, गांगेमऊ
- न्यू एसके कोल्ड स्टोरेज, इसवापुर
- आरएस कोल्ड स्टोरेज, छिबरामऊ

ट्रैक्टर ने मारी ऑटो में टक्कर, छात्र की मौत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। बेकाबू ट्रैक्टर ने ऑटो रिक्शा में टक्कर मार दी, जिससे ऑटो पर सवार एक छात्र की मौत हो गई। उसके दो चचेरे भाइयों समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक युवक की हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल से कानपुर रेफर किया गया है। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से भाग निकला। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

सनी कुशवाहा।

सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जलालपुर पनवारा के पास जीटी रोड की सर्विस लेन पर रात दस बजे के करीब एक ऑटो रिक्शा जलालाबाद जा रहा था। उसमें गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जलालाबाद निवासी सनी कुशवाहा (16) पुत्र भूरेलाल, उसके चचेरे भाई शानू (17) व हिमांशु (18) पुत्र गिरंद कुशवाहा, प्रधानपति हरिओम बाथम उर्फ लालू बाथम, विनोद राठौर व जीतू कुशवाहा सवार थे। ये लोग मकरंदनगर में एक गेस्ट हाउस से शादी समारोह में शामिल होने के बाद गांव जा रहे थे। ऑटो जीतू चला रहा था। सर्विस लेन पर सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने ऑटो में टक्कर मार दी, जिसमें सभी लोग घायल हो गए। ग्रामीणों ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने सनी को मृत घोषित कर दिया। शानू की हालत नाजुक होने पर उसे कानपुर रेफर कर दिया गया। हादसे की जानकारी पाकर परिजन और रिश्तेदार भी जिला अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

जिला अस्पताल में खड़े मृत छात्र के परिजन। अमृत विचार

सनी दे रहा था हाईस्कूल की परीक्षा

जलालाबाद, कन्नौज। सड़क हादसे में मृत छात्र सनी कुशवाहा दसवीं का छात्र था और बोर्ड परीक्षा दे रहा था। मंगलवार को उसका गणित का पेपर था। घायल शानू भी उसके साथ दसवीं की परीक्षा दे रहा है, जबकि हिमांशु के इंटर के पेपर चल रहे हैं। परिजनों का कहना है कि सनी पढ़ने में काफी तेज था। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद उसका शव गांव लाया गया तो परिजनों में चीख-पुकार मच गई।

एक नजर

महिला का नहीं लगा सुराग

छिबरामऊ, कन्नौज। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने बताया कि 10 फरवरी की सुबह 9 :30 बजे उनकी पत्नी घर से बाजार कहकर निकली थी, जो देर शाम तक वापस नहीं आई। काफी खोजबीन के बाद तथा रिश्तेदारियों में पूछताछ के बाद जब उसका कोई पता नहीं चला तो पति ने 17 फरवरी को कोतवाली में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। 18 दिन बाद भी महिला का सुराग नहीं लग सका।

25 पर मिनी गुंडा एक्ट

तिर्वा, कन्नौज। ठठिया पुलिस ने 25 शातिरों पर मिनी गुंडाएक्ट लगाया। एसपी के निर्देश पर थानाध्यक्ष अजय कुमार अवस्थी ने थाना क्षेत्र के पल्यौरा गांव निवासी रामराज, अनिल कुमार, सदन सिंह, बदन सिंह, अवनीश, राजेश सिंह, रामचंद्र, प्रदीप सिंह, हरिचन्द्र, मान सिंह, वीरेन्द्र सिंह, रामऔतार, भीम सिंह, राजू, साहब सिंह, बलराम, शैलेन्द्र सिंह, रामआसरे, हीरालाल, अवधेश, जयवीर, महताब, सुल्तान, राकेश कुमार, सुरेश सिंह पुत्र बनवारीलाल के खिलाफ मिनी गुंडा एक्ट की कार्रवाई के लिए रिपोर्ट एसडीएम न्यायालय भेज दी।

33 साल बाद करनौली के किसान बने 'भू-स्वामी'

वर्ष 1990 में फतेहगढ़ के फूस बंगला में लगी आग में जल गए थे अभिलेख

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज

अमृत विचार। करनौली गांव के किसानों को जब 33 साल बाद जमीन के दस्तावेज मिले तो उनके चेहरे खिल उठे और जिला प्रशासन समेत चकबंदी विभाग के अधिकारियों को धन्यवाद दिया। साल 1990 में फतेहगढ़ के फूस बंगला (अभिलेखागार) में लगी रहस्यमय आग में इस गांव के सभी अभिलेख जल गए थे। डीएम ने गांव पहुंचकर किसानों को खतौनी की एक प्रति प्रदान की और बताया कि जल्द ही धारा 52 का प्रकाशन कर अभिलेख राजस्व विभाग को सौंप दिए जाएंगे।

मंगलवार को क्षेत्र के ग्राम करनौली में जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल, बंदोबस्त अधिकारी (चकबंदी) मोहनलाल ने ग्राम प्रधान जदुनाथ सिंह सहित सभी किसानों को खतौनी की प्रति प्रदान की। डीएम ने बताया कि अब इस गांव के किसानों को भी सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। इससे पहले क्षेत्र के गांव नंदलालपुर (लोधापुर) के किसानों को भी खतौनी प्रदान की चुकी है। तहसील क्षेत्र के 34 गांवों के अभिलेख जले थे, जिनकी खतौनी तैयार की जा रही है।

जल्द ही सभी गांवों के लोगों को कंप्यूटराइज्ड खतौनी प्राप्त होगी। किसानों ने जिला प्रशासन व चकबंदी अधिकारियों की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया। इस दौरान तहसीलदार अभिनव कुमार, राजस्व निरीक्षक घनश्याम त्रिपाठी, लेखपाल शैलेंद्र यादव, महेश पाल सिंह यादव समेत कई किसान उपस्थित थे।

करनौली गांव में किसान को खतौनी प्रदान करते डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल।

- जिलाधिकारी ने किसानों को सौंपी खतौनी, जल्द होगा धारा 52 का प्रकाशन

जल्द होगा धारा 52 का प्रकाशन

राजस्व निरीक्षक (चंकबंदी) घनश्याम त्रिपाठी ने बताया कि करनौली गांव में खतौनी वितरण के बाद जल्द ही धारा 52 का प्रकाशन होगा और सभी अभिलेख तहसील के राजस्व विभाग को सौंप दिए जाएंगे। जोत चकबंदी अधिनियम 1953 की धारा 52 के अंतर्गत चकबंदी प्रक्रिया को पूर्ण कर अभिलेख राजस्व विभाग को सौंप दिए जाते हैं। इसके बाद नक्शा बनने के लिए रुड़की भेज दिया जाता है। अब इन गांवों के किसानों को क्रेडिट कार्ड, किसान सम्मान निधि समेत सभी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा।

इन गांवों के किसानों को अब भी इंतजार

परगना छिबरामऊ के ग्राम भरौली सिरखनेपुर, विशुनगढ़, मेरापुर गढ़िया, अकबरपुर, सरदामई, हरबल्लभपुर, कुंवरपुर बनवारी, उस्मानपुर, विशुनपुर हासिलपुर, कुंवरपुर जनूं, भौंराजपुर, पलिया बूंचपुर, करमुल्लापुर, असेह, डालूपुर सुल्तानपुर, खोजीपुर, प्रानपुर पल्यौरा, बरुआ सबलपुर, व हाथिन, परगना सकतपुर के बौथम, मोहद्दीनगर, गढ़िया पाह, खड़िनी, बौसिया, अरूहो व हसेरन, परगना सकरावा के मुर्रा, परगना सौरिख के कटिघरा बहादुरपुर, परगना तालग्राम के इंदुईयागंज व रोहली एवं तहसील तिर्वा के ऐराहो व बिलंदपुर के किसान अब भी कंप्यूटराइज्ड खतौनी का इंतजार कर रहे हैं।

सार-संक्षेप

कलक्ट्रेट के गांधी सभागार में मौजूद मास्टर ट्रेनर। अमृत विचार

ईवीएम, वीवीपैट की सीखीं बारीकियां

कन्नौज। लोकसभा क्षेत्र के चुनाव को लेकर कलक्ट्रेट सभागार में 30 मास्टर ट्रेनरों को ईवीएम व वीपीपैट की बारीकियां बताई गईं। इसी के साथ ही दो दिवसीय प्रशिक्षण पूरा हो गया। आज यानि बुधवार से बचे हुए 30 मास्टर ट्रेनरों को टेंडर वोट व अन्य निर्वाचन प्रक्रिया के बारे में बताया जाएगा। मंगलवार को विशेष मास्टर ट्रेनर व जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अनुपम राय ने इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन व वीवीपैट को जोड़ने का तरीका बताया। मॉक पोल व वास्तविक मतदान करने के तरीके मशीन से समझाए। उन्होंने बताया कि मास्टर ट्रेनर ही आगे चलकर मतदान व मतगणना कार्मिकों को प्रशिक्षित करेंगे। इस मौके पर सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कटियार, बीडीओ अमित सिंह, पूनम पांडेय, शुचि पांडेय, स्मिता त्रिपाठी, गुंजन भदौरिया, रेनू कमल, किरन वर्मा, रितम चतुर्वेदी, गोपाल गुप्ता, धर्मेंद्र यादव व शिवम सैनी मौजूद रहे।

सड़क हादसे में घायल शिक्षक की मौत

छिबरामऊ, कन्नौज। दो दिन पहले कोचिंग पढ़ाकर घर लौट रहा शिक्षक हादसे का शिकार हो गया। मंगलवार को उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। नगर के तालग्राम रोड स्थित मोहल्ला पटेल नगर निवासी अजय राजपूत पुत्र रामआसरे राजपूत बच्चों को कोचिंग पढ़ाकर परिवार का भरण पोषण करते थे। 24 फरवरी को वह कोचिंग पढ़ाने के लिए बाइक से तालग्राम के रसूलाबाद जा रहे थे, तभी रास्ते में किसी वाहन ने टक्कर मार दी थी। उपचार कराने के बाद वह घर आ गए। सोमवार की रात 12 :15 बजे अचानक उनकी तबियत बिगड़ गई। परिजन सौ शैय्या अस्पताल ले गए। चिकित्सक ने मेडिकल कालेज तिर्वा के लिए रेफर कर दिया। मंगलवार को वहां उपचार के दौरान अजय की मौत हो गई। घटना से पत्नी नीलम, बेटे नव तथा बेटी छवि का रो रोकर बुरा हाल हो गया।

अजय राजपूत

डीएम ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

गुरसहायगंज, कन्नौज। प्रथम पाली में हाईस्कूल में गणित की परीक्षा में डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने सराय प्रयाग हाइवे स्थित विमला देवी बृजमोहन सिंह इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेटिक मजिस्ट्रेट और केंद्र व्यवस्थापक को निर्देश दिए कि नियमों का शत-प्रतिशत पालन किया जाए। किसी भी दशा में नकल नहीं होना चाहिए। डीएम ने विद्यालय के स्ट्रांग रूम व कक्षाओं में लगे सीसीटीवी कैमरों का संचालन भी देखा। इसके अलावा डीएम ने विमला देवी बृजमोहन सिंह इंटर कॉलेज सराय प्रयाग, पं. आत्मा प्रकाश बालिका इंटर कॉलेज सिकंदरपुर और भारतीय शिक्षा सदन कॉलेज सिकंदरपुर का भी निरीक्षण किया।

बोर्ड परीक्षा का निरीक्षण करते डीएम शुभ्रान्त कुमार।

वीडियो कान्फ्रेंसिंग से बाल संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं अपर जिला जज लवली जायसवाल ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से राजकीय बाल संप्रेक्षण गृह याकूतगंज फतेहगढ़ का निरीक्षण किया। उन्होंने किशोर अपचारियों से जानकारी ली और रजिस्टरों का भी अवलोकन किया। इसके बाद अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी की बैठक हुई, जिसमें जिला जज, डीएम-एसपी ने राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी दी।

मंगलवार को अपर सत्र न्यायाधीश लवली जायसवाल ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के बाद बताया कि सभी किशोर अपचारियों से जानकारी की तो बताया गया कि निजी अधिवक्ता द्वारा पैरवी की जा रही है। सभी किशोरों की पेशी वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रतिमाह की जाएगी। निरीक्षण के दौरान प्रभारी अधीक्षक राज कुमार द्वारा बताया गया कि बाल संप्रेक्षण गृह में एक केयर टेकर, दिलीप सिंह, गौरव कम्प्यूटर आपरेटर व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी गजराज उपस्थित थे। किशोर आपचारियों के लिये संप्रेक्षण गृह में भोजनालय कक्ष में भोजन कराया जाता है। उन्होंने बताया कि यदि कोई अपचारी जिसके मामले की पैरवी के लिए कोई पैरोकार नही है तो प्रभारी अधीक्षक के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता आवेदन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को भेजें।

निरीक्षण दौरान उपस्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लिपिक बसंतराम द्वारा किशोर अपचारियों को बालकों के कानूनी अधिकार के संबंध में जानकारी प्रदान की गयी।

वीडियो कान्फ्रेंसिंग में जानकारी लेतीं एडीजे लवली जायसवाल। अमृत विचार

डीपीओ की आख्या स्पष्ट नहीं, मांगा जवाब

मंगलवार को प्रभारी जिला जज लोकेश वरुण की अध्यक्षता में अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी की बैठक की गई। सचिव लवली जायसवाल ने बताया कि न्यायालय द्वारा पीड़िताओं को प्रतिकर दिलाये जाने के लिए निर्देशित प्रकरण में जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय से प्राप्त आख्या स्पष्ट नहीं है, जिस पर जवाब मांगा गया है। प्रकरण में कार्रवाई के लिए जिला प्रोबेशन अधिकारी इरा आर्या को निर्देशित किया गया। इसके बाद 9 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए आह्वान किया गया। बैठक में डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल, एसपी अमित कुमार आनंद समेत कई अधिकारी उपस्थित थे।

किसान पंचायत में मौजूद संगठन के लोग। अमृत विचार

भाकियू अवधेश ने संगठन बढ़ाया

छिबरामऊ, कन्नौज। विशुनगढ़ रोड स्थित लिटिल स्टार गेस्ट हाउस में भारतीय किसान यूनियन अवधेश की किसान पंचायत हुई। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनंद गुप्ता, विवेक गुप्ता व बालेंदर यादव की संस्तुति पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश कुमार त्रिपाठी ने विकास तिवारी को प्रदेश उपाध्यक्ष युवा व गोपाल दुबे टाडा को मंडल उपाध्यक्ष से प्रदेश सचिव और उमा शाक्य को मंडल उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, सुधीर कुमार को मंडल प्रवक्ता कानपुर जोन, सार्थक दुबे को मंडल उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, हेमंत कुमार को तहसील संगठन मंत्री युवा प्रकोष्ठ, कमलेश कुमार को ब्लॉक उपाध्यक्ष छिबरामऊ, उवैश खान को ब्लॉक उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, प्रदीप कुमार को तहसील उपाध्यक्ष, सचिन कुमार को तहसील प्रभारी युवा प्रकोष्ठ, सरिता पाल को ब्लॉक उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ व संध्या पाल को तहसील उपाध्यक्ष से जिला उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ व अरशद खान को नगर मंत्री से जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ पद पर नियुक्त किया गया।

ब्राह्मण महासभा | हिस्ट्रीशीटर अनुपम दुबे की पत्नी ने कन्नौज में मदद के लिए फैलाई झोली

पहले वोट के लिए आते थे, अब बता रहे अपराधी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। फर्रुखाबाद के प्रशासन ने अनुपम दुबे को हिस्ट्रीशीटर घोषित किया है। उनकी पत्नी मीनाक्षी दुबे ने मंडल स्तरीय अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की बैठक में कहा कि तीन साल पहले तक राजनीतिक दल उनके यहां लोगों से वोट दिलाने के लिए आते थे, लेकिन अब पति को अपराधी घोषित कर दिया गया है।

शहर के एक होटल में आयोजित हुए कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि वह कन्नौज की ही बेटी हैं। उन्होंने लोगों से मदद की झोली फैलाई। कहा कि वह इसका अहसान कभी नहीं भूलेंगी। मीनाक्षी दुबे ने कहा कि वह कई नेताओं के पास गईं, लेकिन किसी ने भी मदद नहीं की। वह किसी की बेटी तो किसी की बहन हैं। मुसीबत की घड़ी में उनकी मदद की जाए। राष्ट्रीय अध्यक्ष व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेंद्र नाथ त्रिपाठी ने कहा कि प्रदेश के कई जिलों में ब्राह्मणों का कुंभ आयोजित हो रहा है।

प्रदेश व देश में ब्राह्मणों के खिलाफ राजनीति हो रही है। उनके बीच जाकर जागरण किया जा रहा है कि आखिर इसका मूल जिम्मेदार कौन है। ब्राह्मणों के मतों का बिखराव न हो, सभी लोग एक व संगठित होकर आगामी चुनाव में मतदान करें। इस पर चर्चा की जा रही है। कई लोगों ने राजनीतिक दलों के रवैए पर भी नाराजगी जताई। कहा अन्य वर्गों के वोट के लिए ब्राह्मणों को किनारे कर दिया गया। अनुज गांधी ने ट्रैक्टर-ट्रॉली के चोरी होने के मामले में रिपोर्ट दर्ज करने व उत्पीड़न करने की बात कही। भाजपा नेता कन्हैया दीक्षित ने समाज को एकजुट रहने की बात कही। शरद द्विवेदी ने कहा कि समाज की दुर्दशा हो रही है। लोकसभा क्षेत्र का चुनाव आ रहा है उसके लिए सशक्त रहें।

मनोनयन पत्र सौंपते ब्राह्मण महासभा सम्मेलन के आयोजक। अमृत विचार

कार्यक्रम में मौजूद मीनाक्षी दुबे (बायें से दूसरी)। अमृत विचार

- अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की मंडलीय बैठक में कहा वह कन्नौज की बेटी हैं

मासूम से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

छिबरामऊ, कन्नौज। मासूम के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। आरोपी को इससे पहले ग्रामीणों ने पकड़कर पीट दिया था।

कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी एक चार वर्षीय मासूम बच्ची के साथ गांव के ही एक युवक ने दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था। बताया जा रहा है कि सोमवार की रात लगभग 10 बजे मासूम बच्ची अपने घर के पास थी, तभी गांव का ही युवक उसे चॉकलेट देने के बहाने अपने साथ ले गया और दुष्कर्म किया। बच्ची को उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल पहुंचाया गया। हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

टेबल पर पर्चियां रखकर नकल करते पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। शहर के एसबीएस इंटर कॉलेज में दोपहर (दूसरी पाली) में यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट कॉमर्स विषय का परीक्षार्थी नकल रखकर परीक्षा दे रहा था। डीआईओएस ने उसे पकड़ लिया। उसके खिलाफ कार्रवाई की गई है। दूसरी ओर हाईस्कूल गणित के पेपर में सुबह की पाली में 1874 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे।

डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने बताया कि मंगलवार को द्वितीय पाली में गृह विज्ञान और कॉमर्स विषय का पेपर था। एसबीएस इंटर कॉलेज में एक परीक्षार्थी टेबल पर पांच प्रिंटेडेट पर्चियां रखे था। वह रुमाल से ढकी थीं। बीच-बीच में देखकर वह नकल कर रहा था। उस पर कार्रवाई की गई है। कंट्रोल रूम के सह प्रभारी आशीष शुक्ल ने बताया कि जिले के 100 में से 99 केंद्रों पर सुबह की पाली में हाईस्कूल में विषय गणित का पेपर हुआ। इसमें पंजीकृत 20,427 परीक्षार्थियों में से 18,553 ने परीक्षार्थी दी और 1874 गैरहाजिर रहे। इसी तरह सुबह की पाली में इंटरमीडिएट में वैकल्पिक विषय व्यावसायिक शिक्षा की परीक्षा 10 केंद्रों पर थी। इसमें कुल पंजीकृत 276 परीक्षार्थियों में से 264 उपस्थित हुए। 12 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट में कुल पंजीकृत 972 परीक्षार्थियों में से 896 शामिल हुए और अनुपस्थित 76 रहे।

- डीआईओएस ने दूसरी पाली में एसबीएस इंटर कॉलेज में बरामद कीं पांच पर्चियां

एक नजर

कच्ची शराब समेत दो आरोपी गिरफ्तार

कायमगंज फर्रुखाबाद। मंडी चौकी प्रभारी कृष्ण कुमार कश्यप ने बीस लीटर कच्ची शराब समेत श्यामनगर स्थित एक बाग के पास से घसिया चिलौली निवासी मोहन उर्फ मोनू व एसआई नितिन कुमार ने एक गेस्ट के पास से नईबस्ती निवासी रविंद्र को बीस-बीस लीटर कच्ची शराब समेत गिरफ्तार किया।

दो ने पीया जहर, हालत बिगड़ने पर भर्ती

कायमगंज फर्रुखाबाद। कंपिल थाना क्षेत्र के गांव बिल्सड़ी निवासी रागिनी व क्षेत्र के गांव जिजपुरा निवासी राजकुमार ने कीटनाशक पदार्थ पी लिया। दोनों के परिजन सीएचसी लेकर गए। प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

जुआ पकड़ा, तीन गिरफ्तार

कायमगंज फर्रुखाबाद। बाग में जुआ खेलते तीन जुआरी पकड़े गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली दरोगा सुनील कुमार ने सूचना पर क्षेत्र के गांव सादिकपुर के बाग में गढ़ी इज्जत निवासी अतुल उर्फ कल्लू, नगर के मोहल्ला चिलांका के बेड़ा रास निवासी मोनू, नई बस्ती निवासी लालू उर्फ संतोष कुमार को गिरफ्तार किया।

तमंचा सहित गिरफ्तार

फर्रुखाबाद। थाना जहानगंज पुलिस ने चेकिंग के दौरान युवक को तमंचा सहित गिरफ्तार कर लिया। दरोगा कपिल कुमार कुशवाह ने वाहन चेकिंग के दौरान श्री कृष्ण निवासी भड़ोसा को 315 बोर तमंचा सहित गिरफ्तार कर लिया। उसने पुलिस को बताया कि वह शौकिया तमंचा रखता है।

आलू की खुदाई कर मक्का की फसल तैयार करने में जुट गए किसान

आलू के खेत में मक्का करने पर किसान को होता है अच्छा मुनाफा

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। आलू के खेतों में मक्का की फसल तैयार करने के लिए किसानों ने आलू की खुदाई युद्ध स्तर पर शुरू कर दी है। बताते चले कि जिले में इस वर्ष 42 हजार हेक्टेयर भूमि पर आलू की पकी फसल तैयार की गई है। आलू के बाद उन्ही खेतों में मक्का करने से किसानों को 12400 रुपये प्रति बीघा के करीब का लाभ होता है। अब आलू की खुदाई कर किसानों ने मक्का की फसल बोने की तैयारी शुरू कर दी है। किसान भाव की चिंता किये बिना आलू की खुदाई में जुट गया है।

आलू की खुदाई के बाद सर्वाधिक मक्का पैदा करने वाले प्रगति शील किसान नारद सिंह कश्यप बताते है। कि आलू वाले खेत में कम लागत में मक्का की फसल तैयार हो जाती है। सबसे खास बात यह है कि इस मक्का को बेचने के लिए किसानों को मंडियों में नहीं जाना पड़ता है। व्यापारी गांव गांव जाकर मक्का खरीद ले जाते हैं। गर्मी की मक्का की मांग वाहर की मंडियों में होने की बजह किसानों को उसके दाम अच्छे मिल जाते हैं। जिस बजह से आलू का घाटा किसान मक्का की फसल तैयार कर पूरा कर लेता है। उनका कहना है कि एक बीघा खेत में मक्का की फसल तैयार करने में 3600 रुपये खर्च आता है। मक्का की फसल तैयार हो जाने पर किसानों को लागत निकाल कर 12 हजार से ज्यादा का प्रति बीघा शुद्ध लाभ होता है। इस बजह किसान आलू की खुदाई में जुटा हुआ है।

किसान रावेंद्र सिंह का कहना है कि वह हर साल आलू खोद कर मक्का और मूंगफली की फसल उसी खेत में तैयार करते आ रहे हैं। इस साल 40 बीघा खेत में मक्का पैदा करने जा रहे हैं। उनका कहना है कि मक्का की फसल तैयार होने के बाद किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए मंडियों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते हैं और सबसे खास बात यह है कि उन्हें वाजिव दाम घर बैठे मिल जाते हैं। व्यापारी घर से ही मक्का खरीद ले जाते हैं। जिस वजह से आलू खोदने के बाद किसान अपने खेतों में मक्का की फसल तैयार करता है।

जिला आलू विकास अधिकारी आरके वर्मा का कहना है कि प्रत्येक आलू किसान को अपना आलू खोद कर मक्का अथवा मूंगफली की फसल अवश्य लगानी चाहिए। मक्का की मांग बाहरी मंडियों में होने की बजह से किसानों को भाव अच्छे मिलते है। किसानों को इसका लाभ जरूर लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि आलू के खेत में मक्का और मूंगफली की फसल बहुत कम लागत में तैयार हो जाती है। पैदावार भी अच्छी होती है।

खेतों में खुदा पड़ा आलू। अमृत विचार

12 हजार चार सौ रुपये का प्रति बीघा होता है मुनाफा

3600 रुपए प्रति बीघा आता है खर्च

यह है मक्का की खेती का पूरा गणित

एक बीघा खेत में

- जुताई 400 रुपये
- बीज 1000 रुपये
- यूरिया खाद 150 रुपये
- सिंचाई 1000 रुपये
- दवा कीटनाशक 250 रुपये
- मजदूरी 500 रुपये
- थ्रेसिंग 300 रुपये
- कुल लागत 3600 रुपये
- पैदावार करीब 8 क्विंटल
- बिक्री 16000 रुपये
- शुद्ध लाभ करीब 12400 रुपये

आंगनबाड़ी केंद्र पर महिलाओं ने किया हंगामा

कायमगंज फर्रुखाबाद। जिजपुरा आंगनबाडी केन्द्र पर लाभार्थी महिलाओं ने हंगामा काटा। महिलाओं का आरोप है कि उन्हे समय से राशन नहीं मिल रहा है। जिजपुरा प्राथमिक विद्यालय में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर दर्जनभर से ज्यादा लाभार्थी महिलाएं पहुंची और जमकर हंगामा काटा। महिलओं का कहना है कि उन्हे हर महीनें समय पर राशन नहीं मिलाता है।

आरोप है आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कुछ लोगों को ही राशन देती है। उनका कहना है नवंबर का राशन फरवरी माह में वितरित किया गया है, वह भी सभी को नहीं दिया जा रहा है इस पर महिलाओं ने हंगामा किया। उन्होंने राशन कालाबाजारी करने का भी आरोप लगाया और कहा इसकी जांच की जाए ताकि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई हो सके। वहां स्वयं सहायता समूह की दुर्गा ने बताया वह समय पर गोदाम से राशन उठाकर संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र पर देती है। राशन वितरण सूचना उन्हें नहीं रहती। जिजपुरा आंगनबाड़ी केंद्र पर तैनात आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कमलेश ने बताया केंद्र पर गर्भवती महिलाएं 10, धात्री 7 हैं। जबकि 6 माह से 3 वर्ष तक के 52 बच्चे पंजीकृत है। आरोप को नकारते हुए कहा जितना राशन स्वयं सहायता समूह की ओर से दिया जा रहा है। उतना वितरित किया जाता है।

वीरान होता पांचाल घाट। अमृत विचार

एक माह आबाद रहा घाट हुआ वीरान, तट पर रह गए निशान

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- एक माह की कठिन साधना के बाद घर लौट गए कल्पवासी,

अमृत विचार। गंगातट पांचालघाट पर एक माह तक कल्पवास करने के बाद कल्पवासी अपने-अपने घर वापस लौट गए। जाते-जाते कल्पवासी गंगा के तटों को गंदा कर गए। वही एक महीने तक आबाद रहा पांचाल घाट अब वीरान होने लगा है।

महाभारत काल में पाण्डवों की कर्मभूमि रहे गंगातट पांचाल घाट पर लगे माघ मेले में एक माह तक कल्पवास करने वाले कल्पवासी एक माह की कठिन साधना के बाद जाने लगे है। यह कल्पवासी पुआल फूस वहीं छोड़ गए, जिससे गंगा के तटों पर गंदगी देखी जा रही है। इसके साथ ही दोना, पत्तल तथा फटे पुराने कपड़े भी कल्पवासी जगह जगह छोड़ गए हैं। चढ़ाए गए फूल माला भी गंगा के दोनों तटों पर पहुंचकर सड़ने लगे हैं। पांचाल घाट पर गंदगी ही गंदगी नजर आ रही है। हालांकि कल्पवासियों के जाने के बाद फिर पांचालघाट सूना लगने लगा है। अबतक चारों तरफ राम नाम के जयकारे की आवाजें जहां सुनाई पड़ती थी। आज वहां फिर जंगली जानवरों की भयानक आवाजे सुनाई पड़ने लगी हैं। बताते चलें कि गंगातट पांचाल घाट पर अर्ध कुम्भ की तरह मेला राम नगरिया लगता है। माघ मास में इस धरती पर एक माह के लिए स्वर्ग उतर आता है। जाते समय कल्पवासी भागीरथी के तटों को गंदा कर जाते हैं। यह क्रम हर साल चलता है। इस साल भी कल्पवासी तमाम गंदगी छोड़ गये हैं। मेला प्रबन्धक संदीप दीक्षित का कहना है कि कल्पवासी अपनी झोपड़ियां ट्रैक्टर पर लाद ले गए हैं और गंदगी यहां छोड़ गए, जिसे नगर पालिका परिषद के द्वारा साफ कराया जाएगा।

प्रधान आरक्षी समेत 23 पुलिस कर्मी लाइन हाजिर

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- लोकसभा चुनाव में निष्पक्षता बनाये रखने के उद्देश्य से लिया गया है निर्णय

अमृत विचार। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने आगामी लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष कराने के उद्देश्य से 23 पुलिसकर्मियों को एक साथ लाइन हाजिर कर दिया गया है। जिनमें प्रधान आरक्षी, आरक्षी और महकमे के चालक शामिल हैं।

शहर कोतवाली के आरक्षी तेजवीर सिंह व हिमांशु कोतवाली फतेहगढ़ के आर्य चौधरी व ड्राइवर रामसेवक, थाना मऊ दरवाजा के प्रधान आरक्षी ललित कुमार, सिपाही पंकज कुमार, भूपेंद्र सिंह व योगेश बाबू को लाइन हाजिर किया गया है। इसी तरह थाना कादरीगेट के दीवान सत्येंद्र कुमार, सिपाही अनिल कुमार, थाना कमालगंज के दीवान शिव प्रताप, सिपाही विश्वेन्द्र प्रपात सिंह, सिपाही देवेंद्र, सिपाही अमरदीप कुमार व चालक नगेंद्र सिंह, कोतवाली मोहम्मदाबाद के सिपाही रोहित कसाना, शोभित चौहान व सौरभ धीमान, थाना नवाबगंज के चालक सुरेशचंद पर गाज गिरी है।

थाना राजेपुर के दीवान चंद्रशेखर राजपूत, सिपाही अंकुर कुमार, थाना शमशाबाद के सिपाही मूर सलीम अहमद व ड्राइवर सूरज सिंह शामिल हैं। लाइन हाजिर किए गए कर्मचारियों में सर्वाधिक पांच थाना कमालगंज व चार थाना मऊदरवाजा के पुलिस कर्मी हैं। गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व एक ऑडियो वायरल हुआ था जिसमें एक सिपाही द्वारा 100 रुपये मांगते सुना गया था।

तिलक चढ़ा कर लौट रही कार पलटी, चार घायल

फर्रुखाबाद। थाना राजेपुर के पास कार पलटने से चार लोग घायल हो गए। घायलों को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। कार सवार तिलक चढ़ाकर हरदोई से लौट रहे थे।

राजेपुर थाना क्षेत्र के गांव गांव चाचूपुर जटपुरा निवासी अरविंद कुमार (42) अपनी बेटी का तिलक चढ़ाने सोमवार को हरदोई के गांव पाली गए थे। सोमवार रात करीब साढ़े 12 बजे कार से घर लौट रहे थे। राजेपुर के पास कार अनियंत्रित होकरह खड्ड में पलट गई। चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और जैसे-तैसे कार में दबे लोगों को निकाला। घटना में अरविंद कुमार, राकेश कुमार (50), उस्मान (44), देवेंद्र (35) कुमार घायल हो गए। घायलों को भर्ती करवाया गया।

हादसे में एक की मौके पर मौत, दूसरे ने अस्पताल में दम तोड़ा

संवाद दाताअमृतपुर फर्रुखाबाद

अमृत विचार। अमृतपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार को मार्ग दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। तीन गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों को डाक्टर राममनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

फाइल फोटो मृतक।

थाना क्षेत्र के ग्राम नगलाहूशा के सामने अमृतपुर की ओर से राजेपुर की तरफ उजीरपुर थाना अल्लाहगंज शाहजहांपुर से सरसों का भूसा भरकर राजेपुर की तरफ जा रहे ट्रैक्टर को ओवरटेक करते समय ट्रक ने कट मार दिया। जिससे अनियंत्रित ट्रैक्टर सड़क के किनारे खड़े आपस मे बातचीत कर रहे बाइक सवार आलोक शर्मा (32) निवासी कलट्टरगंज थाना अमृतपुर को रौंदते हुए पलट गया। जिससे आलोक सहित ट्रैक्टर के इंजन पर सवार बड़ागांव भाउपुर थाना पचदेवरा जिला हरदोई निवासी जगपाल (45) पुत्र हरपाल, राजेश उर्फ बबलू(40) पुत्र सालिगराम, सुआलाल (45) पुत्र राजू, अभिषेक (19) पुत्र सतीश गंभीर रूप से घायल हो गए। इसमें सुआलाल की इलाज के दौरान मौत हो गई।

सूचना पर पहुंची थाना पुलिस वग्रामीणों ने जेसीबी की मदद से ट्रैक्टर मे दबे घायलों को बाहर निकाला। एंबुलेंस से सीएचसी राजेपुर भेज दिया। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने आलोक को मृत घोषित कर दिया। आलोक की मौत से परिजनों मे कोहराम मच गया। आलोक दो भाई था। आलोक का भाई अंकित गश खाकर बेहोश हो गया। पत्नी शशिप्रभा, और दो बेटी अनन्या (6)और आरुषि (5) है। आलोक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। थांनाध्यक्ष मीनेश पचौरी ने बताया कि कट मार कर भागे ट्रक की तलाश की जा रही है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। शव का पंचनामा भर कर पोस्ट मार्टम के लिए भेजा जारहा है।

एडीएम ने घायलों के हाल जाने: अमृतपुर थाना क्षेत्र में ट्रक के कट मार देने पर दो की मौत और 3 के घायल होने की सूचना पर एडीएम सुभाष चंद्र प्रजापति व तहसील दार सदर श्रद्धा पांडे ने लोहिया अस्पताल पहुंच घायलों के हाल चाल लिए। उन्होंने घायलों को बेहतर चिकित्सीय सेवाएं देने के निर्देश दिए। लोहिया अस्पताल में हुई सुआलाल की मौत से अफरा तफरी का माहौल बन गया।

घायलों को निकाल रही जेसीबी। अमृत विचार

लोहिया अस्पताल में घायलों का हालचाल लेते अधिकारी। अमृत विचार

मीटर रीडर, उपभोक्ता के खिलाफ दर्ज हुआ बिजली चोरी का मामला

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- चेकिंग के दौरान पकड़ा मामला, मीटर रीडर बोला फंसाया जा रहा

अमृत विचार। बिजली चेकिंग के दौरान आवास-विकास में उपभोक्ता का जला मीटर विभाग में जमा करा दिया। जब जले मीटर की जांच की गई तो पता चला कि यह मीटर वह है ही नहीं, जो उपभोक्ता के घर लगाया गया था। मामले में मीटर रीडर व उपभोक्ता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। मीटर रीडर ने रंजिशवश रिपोर्ट दर्ज कराने का आरोप अवर अभियंता पर लगाया है।

25 फरवरी को लकूला फीडर के अवर अभियंता राघवराम पांडेय ने आवास-विकास में चेकिंग अभियान चलाया। 6-बी में रह रहे उपभोक्ता रामविलास के आवास पर लगा मीटर जला पाया। उपभोक्ता के आरोप पर मीटर रीडर मनीष कुमार के खिलाफ मीटर जलाने की रिपोर्ट दर्ज की गई। वहीं अवर अभियंता ने उपभोक्ता के खिलाफ भी बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। विभागीय सूत्रों ने बताया कि रामविलास के यहां जो जला मीटर पाया गया, उसकी इंट्री मीटर विभाग में नहीं थी। इस संबंध में पूछे जाने पर मीटर विभाग के अधिशासी अभियंता मसीउल्लाह ने स्वीकार किया कि जिस उपभोक्ता का जला मीटर जमा किया गया, उसकी इंट्री उनके विभाग में है ही नहीं। उनके विभाग में रामविलास के नाम से दर्ज मीटर व उनके यहां से लाए गए जले मीटर में अंतर है। मामले की जांच कराई जा रही है। दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। जेई लकूला राघवराम पांडेय ने बताया कि उपभोक्ता रामविलास के यहां जले मीटर को मीटर विभाग में जमा करा दिया है। मीटर रीडर मनीष कुमार ने बताया जेई उससे रंजिश मानते हैं, इसलिए मामला दर्ज करवाया है।

जिलाध्यक्ष ने कैबिनेट मंत्री को बताई समस्याएं

फर्रुखाबाद। निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिल कश्यप ने लखनऊ पहुंचकर कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद से मुलाकात की। उन्होंने फर्रुखाबाद जनपद की समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान कराए जाने की मांग की। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मंत्री डॉ. संजय निषाद ने सर्वेश कुमार को कमालगंज ब्लॉक अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी।

जिलाध्यक्ष के साथ अजीत बाथम, संदीप बाथम, कुलदीप बाथम, सत्येंद्र कश्यप, ज्ञानेंद्र कश्यप, मदन सिंह व धर्मेंद्र कश्यप आदि गए थे।

बीमारी से तंग मिस्त्री ने फांसी लगाकर जान दी

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- छह मार्च को होनी है बेट की शादी

अमृत विचार। बीमारी से परेशान ट्रैक्टर मिस्त्री ने आम के पेड़ पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। छह मार्च को उसके बेटे की शादी है। इसको लेकर परिवार में तैयारियां चल रही थी। सूचना पर पहुंचे परिजन बेहाल हो गए। पुलिस व फोरेंसिक टीम ने मौके पर जांच पड़ताल कर नमूने एकत्र किए।

कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के गांव मदनपुर निवासी राधेश्याम दुबे (60) ट्रैक्टर मिस्त्री थे। तीन महीने पहले उन्होंने दुकान बंद कर दी थी। वह वीपी व शुगर के मरीज थे। कई दिनों से उनकी तबियत खराब चल रही थी। उनके पुत्र अमन की छह मार्च को शादी है। राधेश्याम सोमवार को जनपद मैनपुरी में बेटे की शादी के कार्ड बांटकर रात आठ बजे घर आए। खाना खाने के बाद वह कमरे में सोने चले गए। सुबह बजे शौच करने खेत की ओर गए। लगभग आठ बजे राहगीरों ने गांव के जगदंबा के आम के बाग में राधेश्याम को रस्सी से फंदे पर लटका देखा। गांव के लोगों ने राधेश्याम के परिजनों को सूचना दी।

सार-संक्षेप

खतौनी के लिए लाइन में लगे किसान। अमृत विचार

तहसील में नहीं निकल रही खतौनी, साइड बंद

कायमगंज फर्रुखाबाद। तहसील में खतौनी न निकलने के कारण किसानों व अन्य लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तहसील में काफी समय से खतौनी निकालने के लिए साइड बेहद धीमी चल रही है। इससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को 11 बजे से साइड धीमी हुई और एक घंटे बाद बंद हो गई। खतौनी लेने आए लोग परेशान हैं।

सीएचसी में नहीं है रेबीज इंजेक्शन, लौट रहे मरीज

कायमगंज फर्रुखाबाद। सीएचसी में रेबीज इंजेक्शन न होने से मरीज वैरंग लौट रहे हैं। सीएचसी में पिछले दो दिन से रेबीज इंजेक्शन खत्म हैं। मरीज भटक रहे हैं। शनिवार के बाद सोमवार को अस्पताल खुलने पर काफी संख्या में कुत्ता व बंदर के काटने से संबंधित मरीज आए थे। लेकिन इंजेक्शन नहीं लगा। मंगलवार को भी ऐसे मरीजों को मायूस होकर लौटना पड़ता है। काफी संख्या में दूर दराज से आए मरीज काफी देर इंतजार करते हैं। उसके बाद वह लौट गए। अधीक्षक डा. शोभित कुमार ने बताया कि रैबीज इंजेक्शन को लेकर उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया था। जल्द आ जाएगे। कंपिल सीएचसी से कुछ मंगवाए गए हैं।

कई बड़ी घटनाएं होने के बाद भी ट्रैक्टर से सवारियां ढोने पर प्रशासन नहीं लगा रहा अंकुश

फर्रुखाबाद। कासगंज में हुई ट्रैक्टर पलट जाने से भीषण दुर्घटना के बाद आज फर्रुखाबाद में फिर ट्रैक्टर पर सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए ।जिनमें एक की लोहिया अस्पताल में मौत हो गई । तीन की हालत गंभीर बनी हुई है। इसके बाद भी जिला व पुलिस प्रशासन ट्रैक्टर से सवारियां ढोने को लेकर कतई गंभीर नजर नहीं आ रहा है ।लोगों का मानना है कि जिला प्रशासन किसी बड़ी घटना होने का इंतजार कर रहा है। बताते चलें कि मेला रामनगरिया के समापन पर दिन-रात ट्रैक्टर सवारियां ढोते रहे और पुलिस इन ट्रैक्टरों से ढोई जा रही सवारियों को देखकर मूकदर्शक बनी रही ।आज अमृतपुर थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर में ट्रक ने कट मार दिया ।जिससे नीचे खड़े एक युवक की मौत हो गई। ट्रैक्टर पर सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए ।इन घायलों को डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल लाया गया ।जिनमें सुआलाल की मौत हो गई। हालांकि सुआलाल की मौत की खबर सुनकर अपर जिलाधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति और तहसीलदार सदर श्रद्धा पांडे ने लोहिया अस्पताल आकर इनके हाल-चाल लिए। लेकिन मुख्य बिंदु की तरफ किसी का ध्यान नहीं गया। आए दिन हो रही ट्रैक्टर से घटनाओं को आज भी जिला प्रशासन ने गंभीरता से नहीं लिया ।लोगों का कहना है कि यदि ट्रैक्टर से सवारियां ढोने को जिला प्रशासन ने गंभीरता से नहीं दिया तो बड़ी घटना घट सकती है।

किसानों की समस्याएं

भारतीय किसान यूनियन भानू की हुई पंचायत, किसानों ने गिनाई अपनी मांगे

पंचायत कर उठाई किसानों के कर्ज माफ करने की मांग

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। भारतीय किसान यूनियन भानू की पंचायत जिला संगठन सचिव प्रताप सिंह गंगवार की अध्यक्षता में जवाहरगंज स्थित भाकियू भानू के कार्यालय में हुई। अध्यक्षता शिवराज शाक्य ने की। मंगलवार की पंचायत में कहा गया कि किसान सड़कों पर बैठा है। उसकी समस्याओं का निदान नहीं हो रहा है। एक राज्य दूसरे राज्य के किसानों को दिल्ली जाने से रोक रहा है। फर्रुखाबाद की किसान यूनियन भानू धर्मपुर हरिहर गढ़ी के सामने बदायूं मार्ग पर अपनी समस्याओं के लिए बैठे हैं। पंचायत से जिला प्रभारी मुन्नालाल सक्सेना, जिला उपाध्यक्ष रागिब हुसैन खां, जिला सचिव रामवीर, जिला मीडिया प्रभारी विनीत कुमार, नगर अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार गुप्ता, तहसील अध्यक्ष विजय शाक्य, ब्लॉक अध्यक्ष श्योराज, रामप्रकाश, श्याम सिंह, महिपाल आदि कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

पंचायत करते किसान। अमृत विचार

ये है किसानों की मांगें

- गंगा के दोनों किनारों पर बांध बनवाया जाए।
- आवारा मवेशियों से निजात दिलाई जाए।
- मेडबंदी को निरस्त कर प्रार्थना पत्रों के आधार पर टीम गठित की जाए और पैमाइश कराई जाए।
- किसानों का संपूर्ण कर्जा माफ किया जाए।
- भू-माफियाओं को चिन्हित कर कार्रवाई की जाए।
- जिला मुख्यालय, तहसील और खंड विकास अधिकारी आदि कार्यालयों में भारी भ्रष्टाचार है। भ्रष्टाचार को रोका जाए संबंधित पर कार्रवाई की जाए।
- ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे फर्रुखाबाद जनपद से होकर निकाला जाए।
- दूध, दही, देसी घी डेरी प्रोडक्ट में मिलावट रोकी जाए।
- कायमगंज में साप्ताहिक बाजार बंदी नहीं हो रही है, इसके लिए श्रम परिवर्तन अधिकारी को दंडित किया जाए।
- आगामी 2024 का चुनाव ईवीएम से न कराया जाए। बैलेट पेपर से कराया जाए।

झोपड़ी में आग लगने से नकदी सामान जला

फर्रुखाबाद। कम्पिल थाना क्षेत्र के गांव पुंथर में बीती रात संदिग्ध हालात में झोपड़ी में आग लगने से नगदी व लाखों रुपये गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची राजस्व टीम ने हुई क्षति का आंकलन किया। गांव पुंथर निवासी पूरन के घर सोमवार देर रात को संदिग्ध हालात में आग लग गई। पूरन खेत में फसल की रखवाली करने गया था। पत्नी व पुत्रवधू नन्हीं सहित परिवार के लोग झोपड़ी के अंदर सो रहे थे। आग के विकराल रूप लेने पर परिजनों को जानकारी हुई। परिजनों के शोर मचाने पर गांव के लोगों ने उनको बाहर निकाला।

न हृश्यत्यात्मसम्माने नावमानेन तप्यते।
गंगो ह्रद इवाक्षोभ्यो य: स पंडित उच्यते।।

जो अपना आदर-सम्मान होने पर खुशी से फूल नहीं उठता और अनादर होने पर क्रोधित नहीं होता तथा गंगाजी के कुंड के समान जिसका मन अशांत नहीं होता, वह ज्ञानी कहलाता है।

संपादकीय

निष्प्रभावी यूएनएससी

यूक्रेन की स्थिति को लेकर भारत लगातार चिंतित है। भारत ने महत्वपूर्ण सवाल उठाया है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद दो साल से जारी रूस-यूक्रेन संघर्ष को सुलझाने में पूर्णतयाः निष्प्रभावी क्यों रही? जबकि सुरक्षा परिषद पर अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने का जिम्मा है। शनिवार को संयुक्त राष्ट्र में भारत के प्रतिनिधि ने कहा कि शत्रुता और हिंसा का बढ़ना किसी के हित में नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सितंबर 2022 में समरकंद में शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के मौके पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ मुलाकात के दौरान कहा था कि युद्ध का युग नहीं है। भारत की ओर से हमेशा कहा गया है कि कोई भी समाधान मानव जीवन की कीमत पर कभी नहीं निकल सकता। इसलिए शत्रुता को शीघ्र समाप्त करने और बातचीत एवं कूटनीति के रास्ते पर तत्काल वापसी के लिए सभी प्रयास किए जाने चाहिए। वास्तव में यूक्रेन संघर्ष के प्रति भारत का दृष्टिकोण जन-केंद्रित रहेगा। जरूरी है कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को विकास संबंधी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए साझा उद्देश्यों और इन उद्देश्यों को हासिल करने के लिए आवश्यक साझेदारी एवं सहयोग पर ध्यान केंद्रित रखना चाहिए।

युद्ध मानवता के लिए अभिशाप बनता जा रहा है। भारत ने इस बात पर खेद जताया कि युद्ध के कारण भोजन, ईंधन और उर्वरकों की कीमत बढ़ रही है,व्यापक पैमाने पर दुनिया प्रभावित हो रही है और खासकर 'ग्लोबल साउथ' के देशों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। मतभेदों एवं विवादों का एकमात्र समाधान वार्ता ही है,भले ही इस समय यह काम कितना भी दुष्कर क्यों न लगे। शांति के मार्ग के लिए हमें कूटनीति के सभी माध्यम खुले रखने होंगे। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र प्रणाली में सुधार को लेकर इसके स्थायी सदस्यों में बीते काफी समय से उत्साह की कमी देखी गई, लेकिन वे सभी इस बात पर सहमत हुए हैं कि सुरक्षा परिषद में बदलाव लाना आवश्यक है। परिषद में स्थायी सदस्य अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, रूस, चीन और अन्य देशों के बीच शक्ति असंतुलन को तत्काल दूर करने की आवश्यकता है ताकि परिषद को अधिक लोकतांत्रिक बनाया जा सके और अंतर्राष्ट्रीय शांति, सुरक्षा एवं व्यवस्था को नियंत्रित करने में इसकी वैधता बढ़ाई जा सके। वर्तमान गैर-स्थायी सदस्य के रूप में भारत सुरक्षा परिषद में सुधार के प्रस्तावों के व्यापक सेट वाले एक संकल्प का मसौदा तैयार कर सकता है। सुरक्षा परिषद बहुपक्षवाद को प्रभावी बनाने के लिए पुरानी एवं पुरातन संरचनाओं में सुधार और उनके पुनर्निर्माण की आवश्यकता है,अन्यथा उनकी विश्वसनीयता हमेशा कम होती रहेगी। इसीलिए इसके विस्तार की जरूरत है।

कहानियों से प्रेरणा और कैरियर चुनने का ताना-बाना

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

कौन बच्चा विकसित होकर अपने लिए कैसा काम और कैरियर चुनता है यह 'प्रिडिक्टिव' नहीं होता। जरूरी नहीं आईएएस का बेटा आईएएस ही बने और किसान का किसान ही। उम्र के बढ़ने के साथ जब सेंसेस काम करना शुरू करती है तब हर एक मनुष्य अपने लिए एक अलग तरह ही अल्गोरिथम्स की रचना करता है।

'प्रेरणा' एक बहुत ही जटिल घटना है जिसके बारे में न्यूरोबायोलॉजिस्ट द्वारा कई स्तरों पर जांच की गई है और उनके विचार और सिद्धांत प्रकाशित रूप में उपलब्ध हैं। 'प्रेरणा' की जांच करने के लिए दार्शनिक डोमेन में तल्लीन होकर इसे 'अनुभूति' और 'सीखने' के साथ सह-संबंधित करने और फिर प्रेरणादायक कहानियों को पढ़ने या सुनकर व्यवहार को संशोधित करने के अलावा, इसे और अधिक गहराई से जानने के लिए तैयार किए गए प्रश्न अभी भी अनुत्तरित हैं। मनुष्य व्यवहार के संकेतों का क्या 'नुमेरिकल वैल्यूज' देकर और एक ज्ञात स्टेटिस्टिकल मॉडल के आधार पर इनका विश्लेषण करके हम वास्तव में कुछ जान पाएंगे। मेरे हिसाब से इस मामले में मचीन लैंग्वेज विकसित करने वाले जैसे ही आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस पर जो लोग काम कर चुके हैं, वे ही अधिक स्पष्टता से टिप्पणी कर पाएंगे।

क्या एक वैज्ञानिक की कहानी पढ़कर इसे पढ़ने वाले बच्चे वैज्ञानिक बनते हैं? मेरा ख्याल है एक कहानी, जिसमें संक्षिप्त में एक व्यक्तित्व या घटना का जिक्र होता है, दस बच्चे पढ़ेंगे तो दसों ही अलग तरह से मोटिवेट होंगे। इनमें से एक टीचर बनेगा और दूसरा स्पेस साइंटिस्ट। ऐसा क्यों? जरूरत यह जानने की है कि कहानी पढ़ने से इन बच्चों के मन-मस्तिष्क में किस तरह का परिवेश जन्म लेता है और यह किस फॉर्म में विकसित होता रहा, आकार लेता रहा और इनके लिए आगे के जीवन में परिस्थितयां कैसे रूपाकार लेती रहीं, बनती-बिगड़ती रहीं। परिवेशी फैक्टर्स और मोटिवेशनल वैल्यूज में -जो कहानी पढ़ने के बाद पैदा हुई, किस तरह का सामंजस्य पैदा होता है, यह न्यूरो-बायोलॉजिकल मेथड्स से भी ठीक से मालूम नहीं पड़ता।

मोटिवेशनल सिग्नल्स के पैटर्न्स को इन्टरप्रेट करना ही एक चुनौती है। मान लीजिए इस समस्या को हम 'चैट-जीपीटी' को सौंप देते हैं जो कि एक आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस टूल है। यह टूल नहीं बता सकता कि एक कहानी पढ़ने के बाद बच्चा और व्यस्क किस तरह से प्रभावित होकर क्या करेगा। 'बिहेवियर प्रीडिक्शन' एक मुश्किल काम है। इंदौर के संजय वर्मा ने 'क्या कहानियां प्रेरणा देती हैं' (अमृत विचार-24 फरवरी 2024) के माध्यम से जो कहना चाहा है उसे निष्कर्ष तो मान ही नहीं सकते,बल्कि एक इंडिकेटर जरूर है अर्थात बड़े पैमाने पर एक्जामिन करने के लिए समस्या की ओर यह एक इशारा मात्र है। निर्भर करता है कि ऐसे किसी एक या इससे समस्या के वैज्ञानिक अध्ययन की डिजाइनिंग कितनी कुशलता से की गई है जिससे बिहेवियरल निष्कर्ष निकाला जा सके जोकि सोशयली रिलेवेंट हो। अफसोस है कि भारत के सोश्यो-साइकोलोजिस्ट इस तरह के एक्सपेरिमेंट सेट-अप नहीं करते और न ही देश के न्यूरो-बायोलॉजिस्ट से इस मामले में प्रयोग करने के लिए कोआर्डिनेट करते हैं। यह मामला बेसिक साइंसेज में रिसर्च का है जिसे डिस्करेज किया जाता है। बेसिक रिसर्च के बिना 'कौशल' विकास भी असंभव होता है। इस बारे में उपलब्ध शोध-साहित्य से भी कोई निश्चित निष्कर्ष प्राप्त नहीं किए सकते। मेरा खुद का मानना है कि ऐसे प्रश्नों का उत्तर ढूंढने के लिए जो साइंटिफिक रूट हम अपनाना चाहते हैं वह शायद इस काम के लिए अभी उतना विकसित नहीं हुआ है जितना कि सोशल टूल्स या खुद वह मनुष्य जो यह बताए कि फलानी कहानी पढ़ने से उसे यह प्रेरणा मिली और वह वैसा ही करने या बनने के लिए खुद को तैयार करता रहा और किया या बना। मुझे नहीं लगता कि ऐसा कोई उदाहरण हमें दुनिया में मिल सकता है। यह मामला थ्योरेटिकल से आगे प्रैक्टिकल तक या व्यवहार तक पहुंचाने जाने और नतीजे रिपीट होने, देखने में अभी और वक्त लग सकता है। इसीलिए दुनिया में 'डाइवर्सिटी' का बोलबाला है। अपने भीतर अगर हम खुद झांक कर देखें तो पाएंगे कि प्रेरणा के स्रोत तो मौजूद रहे लेकिन पंचतंत्र जैसा कथा साहित्य पढ़कर किसी को पत्रकार या वैज्ञानिक बनने की प्रेरणा मिली हो, ऐसा मैं नहीं मानता। यह सब परोक्ष प्रभाव से होता है और कहानियों से हम एक वैल्यू-सिस्टम से अवगत हो सकते हैं, कैरियर डेवलपमेंट के लिए नहीं। एनालिस्ट तो यह कहते हैं कि फोकलोर की कहानियों में कोई 'मोरल' कभी नहीं दिया जाता, सिर्फ घटना का जिक्र होता है। वैल्यूज ओर मोरल श्रोता को खुद निकालना होता है।

> क्या एक वैज्ञानिक की कहानी पढ़कर इसे पढ़ने वाले बच्चे वैज्ञानिक बनते हैं? मेरा ख्याल है एक कहानी जिसमें संक्षिप्त में एक व्यक्तित्व या घटना का जिक्र होता है, दस बच्चे पढ़ेंगे तो दसों ही अलग तरह से मोटिवेट होंगे। इनमें से एक टीचर बनेगा और दूसरा स्पेस साइंटिस्ट। ऐसा क्यों? जरूरत यह जानने की है कि कहानी पढ़ने से इन बच्चों के मन-मस्तिष्क में किस तरह का परिवेश जन्म लेता है और यह किस फॉर्म में विकसित होता रहा, आकार लेता रहा और इनके लिए आगे के जीवन में परिस्थितयां कैसे रूपाकार लेती रहीं, बनती-बिगड़ती रहीं।

कहानियां पढने वाले बच्चों और युवाओं में कहानियों से प्रेरणा लेकर किस तरह का 'ब्रेन-मॉडयूल' विकसित होता है, यह जानना एक कौतुक से कम नहीं। इस बारे में भी शोध हुआ है। इसके अलावा 'ह्यूमन-मोटिवेशन' की एक एव्ल्युश्नरी थ्योरी पर भी काम हुआ है जिसका जिक्र सन 2006 में प्रकाशित 'जेनेटिक, सोशल एंड जनरल साइकोलॉजी' नाम से एक मोनोग्राफ में हुआ है। अकसर पेरेंट्स ही बच्चों को कहानियों की किताबें या बाल-उपन्यास लाकर देते हैं। मुझे नहीं लगता कि किसी भी माता-पिता को पेरेंटिंग के एव्ल्युशन पर किताब पढ़ने की जरूरत महसूस होती है। कुछ तो यह 'नेचुरल' है और बाकी की अपनने परिवेश से मिले 'स्टिमुलाई' पर निर्भर करती है।

कहानी से प्रेरणा लेकर एक किशोर या युवा अगर यह चाहे कि मैं यह बनूंगा, वैसा बनूंगा और उसे वही परिवेश नहीं मिलता जिसमें उसके 'प्रेरणा स्रोत' व्यक्ति का विकास हुआ था और यह बच्चा या किशोर अगर प्रयास करता रहे और वैसा नहीं बने तो उसे निराशा घेर लेगी। निराशा एक रोग है। अनेक पेरेंट्स और खुद युवा भी अपने लिए एक रास्ता कर लेते हैं लेकिन उसके अंतिम छोर, अर्थात लक्ष्य, को नहीं छू पाते और रास्ता नहीं बदलते तो इसके दुष्परिणाम सामने आते हैं। वे कुछ और बन कर अर्थात जीवन के लिए दूसरा कार्य निर्धारित हो जाने के बाद यह टीस लेकर जीते हैं जो चाहते थे वह तो नहीं बन पाए लेकिन अब यही कर लेते हैं जो सामने है। तब इसका उनके व्यक्तित्व और फॅमिली पर क्या असर पड़ता होगा? मेरे जानकारों में एक पेरेंट्स कॉलेज टीचर्स हैं। उनकी बड़ी बेटी ने एमएससी (फिजिक्स) में करने के बाद आईएएस बनने का इरादा किया। तीन साल से परीक्षा दे रही है, लेकिन प्रीलिमिनरी ही क्लियर नहीं कर पा रही। शादी के लायक हो गई है। इतने समय में, इतने ही परिश्रम से पीएचडी कर लेती। दूसरी जगह कहीं कोशिश भी नहीं की है। जिद बांध रखी है कि आईएएस ही करूंगी। मैं ऐसे बहुत से उदाहरण जानता हूं जिन्होंनें आईएएस के लिए कोशिश एकाधिक बार की लेकिन शीघ्र ही संभल गए। आईएएस के लिए की गई तैयारी के आधार पर पर वे कहीं और कामयाब हुए और उसे एक कैरियर के तौर से लेकर खुशी-खुशी रिटायर भी हो गए हैं। मानता हूं कि एक खास काम के लिए खास लेवल तक पहुंचने के लिए समझ का उत्तरोत्तर विकास होता है, लेकिन जब तक समझ बढ़ती है तब तक अवसर निकल चुके होते हैं।

कौन बच्चा विकसित होकर अपने लिए कैसा काम और कैरियर चुनता है यह 'प्रिडिक्टिव' नहीं होता। जरूरी नहीं आईएएस का बेटा आईएएस ही बने और किसान का किसान ही। उम्र के बढ़ने के साथ जब सेंसेस काम करना शुरू करती है तब हरेक मनुष्य अपने लिए एक अलग तरह ही अल्गोरिथम्स की रचना करता है। इनका फंक्शन शायद इनवोलंटरी अधिक होता है। खुद की कमांड से ये कितना काम करेंगी, मुझे मालूम नहीं। यह तो प्रत्येक मनुष्य अपने भीतर झांक कर देख सकता है। विविधता का आलम इतना विशाल और जटिल प्रतीत होता है कि कहानियों से प्राप्त प्रेरणा की पृष्ठभूमि कहीं दूर गहराई में विलीन होने का अहसास बना रहता है।

प्रसंगवश

जीवन में मिथक का सत्य

मिथक राष्ट्रीयता की शक्ति है। राष्ट्र की शक्ति है। सामूहिक मानस की शक्ति है। अवचेतन मन की ऊर्जा है। जिस के पास मिथकीयता नहीं,वह मानसिक रूप से विकलांग है। उसके पास अभिव्यक्ति की वह शक्ति कदापि नहीं हो सकती कि वह लोकमानस को संबोधित कर सके। मिथक भले ही इतिहास का सच नहीं होता,किंतु लोगों की जिंदगी में उसकी जो भूमिका होती है,वह इतिहास के सच से भी अधिक प्रभावशाली होती है। मिथक लोकचेतना का सच होता है। लोकजीवन मिथकों के साथ जीता है। मिथकों की भाषा में सोचता है, मिथकीय भाषा में अपने को अभिव्यक्त करता है, मिथक को लोकजीवन से विच्छिन्न करके नहीं सोचा जा सकता। मिथक वाचिक परंपरा है। पुराण लिखित परंपरा है।

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

मिथक-कथाओं की युगानुकूल व्याख्या जरूरी है अन्यथा जिहाद भी मिथक ही तो है। इस विषय पर एक जर्मन लोकवार्ता-शास्त्री कई साल से रिसर्च कर रहे हैं। मिथक समष्टिचेतना का अंश होते हैं,उनकी सत्ता विद्यमान है,किसी महापुरुष के आंख बंद कर लेने से उसकी उपस्थिति में अंतर नहीं आता। यह ऊर्जा है,चिंगारी से दीपक भी जलाया जा सकता है और झोंपड़ी भी। विश्व के लोकवार्ता शास्त्री आज मिथकों के अध्ययन की ओर प्रवृत्त हुए हैं, लिन्क्ड-इन पर जाकर आप माइथोलॉजी-ग्रुप का डिस्कशन देखें, अरबी, इस्लामिक, रोमन, ग्रीक, मेसोपोटामिया, जापानी-चीनी मिथक शास्त्र पर विमर्श चल रहा है। एमीलियोवैली, लौरी होंको आदि ने मानवीकरण, प्रतीकवाद आनुष्ठानिक सिद्धांतों का प्रतिपादन किया है।

> वास्तव में मिथकों का अध्ययन लोकजीवन के सांस्कृतिक स्रोतों का ही अध्ययन है। उनकी अनदेखी करना अपने को ही वंचित करना होगा।

वास्तव में मिथकों का अध्ययन लोकजीवन के सांस्कृतिक स्रोतों का ही अध्ययन है। उनकी अनदेखी करना अपने को ही वंचित करना होगा। मिथक मिथ्या नहीं होता है, वह हमारी चेतना का एक सूत्र है,सत्य है। इतिहास का सत्य आपकी किताबों में है,मिथक का सत्य हमारे जीवन में है।

बढ़ती अर्थव्यवस्था और आर्थिक सुधार

प्रो .एच .सी .पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

भारत की व्यापार करने में आसानी सूचकांक यानि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंक 63 है और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता सूचकांक 40 है। 476 मिलियन श्रमिकों के साथ भारतीय श्रम शक्ति दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी शक्ति है,जनसंख्या की दृष्टि से पहले स्थान है। भारत में दुनिया के सबसे अधिक अरबपतियों की संख्या और अत्यधिक आय असमानता भी है।

भारत की अर्थव्यवस्था मिश्रित, नियोजित अर्थव्यवस्था से रणनीतिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय सार्वजनिक क्षेत्र के साथ मिश्रित मध्यम आय वाली विकासशील सामाजिक बाजार अर्थव्यवस्था में परिवर्तित हो गई है। यह नाम मात्र जीडीपी के हिसाब से दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और क्रय शक्ति समता (पीपीपी) के हिसाब से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। प्रति व्यक्ति आय के आधार पर,भारत सकल घरेलू उत्पाद (नाममात्र) द्वारा 139 वें और सकल घरेलू उत्पाद (पीपीपी) द्वारा 127 वें स्थान पर है।

1947 में स्वतंत्रता के दौर से लेकर 1991 तक की आर्थिक नीति को राज्य हस्तक्षेप, प्राकृतिक संसाधन, नौकरशाह संचालित उद्यमों और आर्थिक विनियमन के साथ संरक्षणवादी आर्थिक नीतियों को बढ़ावा दिए जाने वाला रहा है। इस संरक्षणवादी आर्थिक नीति के कारण देश की विकास दर लगभग 3-4 प्रतिशत तक रही और 4 प्रतिशत से आगे नहीं बढ़ पाई। इसलिए इस व्यवस्था को लाइसेंस राज की आर्थिक अनुशासनहीनता के रूप में ही याद किया जाता है। भारत में 1991 में गंभीर आर्थिक संकट के कारण व्यापक स्तर पर आर्थिक उदारीकरण की नीति को अपनाया। इन आर्थिक सुधारों के जनक तत्कालीन प्रधनमंत्री पीवी नरसिंहा राव रहे,उन्होंने उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण की प्रक्रिया शुरू की। इन सुधारों को अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने 'सेकेंड जेनरेशन रिफॉर्म' के रूप में आगे बढ़ाया, उसका परिणाम है कि 21 वीं सदी की शुरुआत से ही वार्षिक औसत सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि 6 प्रतिशत से 7 प्रतिशत रही है और लगातार बढ़ती जा रही है।

> भारत में एक नया मध्य वर्ग उभरा है। यह नौकरी के बढ़ते अवसरों और आईटी तथा आउटसोर्सिंग जैसे क्षेत्रों के विस्तार के कारण है।

भारत की जीडीपी का लगभग 70 प्रतिशत घरेलू उपभोग से प्रेरित है, निजी खपत के अलावा जीडीपी में सरकारी खर्च, निवेश और निर्यात से भी संचालित होती है। इसलिए विकास की गति बढ़ाने के लिए विनिर्माण उद्योग,ऊर्जा,तकनीकी,रक्षा,परिवहन आदि बुनियादी सुविधाओं की गुणवत्ता में आमूलचूल बदलाव की जरूरत थी और इन क्षेत्रों में पिछले एक दशक के दौरान तेजी से सुधार हुआ है। इन्हीं बदलावों में एक महत्वपूर्ण निर्णय जनधन खातों को खोलने का रहा इसने समाज में और गवर्नेंस में पारदर्शिता के रूप में एक नई क्रांति को जन्म दिया। कोविड-19 की वैश्विक महामारी की भीषण त्रासदी के बावजूद आज अर्थव्यवस्था विश्व के अन्य देशों के मुकाबले सबसे तेज गति से बढ़ रही है। इन आर्थिक सुधारों ने भारतीय अर्थव्यवस्था को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए खोलने में मदद की जिससे विदेशी निवेश और व्यापार में वृद्धि हुई। आज देश का रिजर्व लगातार बढ़कर कर 600 बिलियन डॉलर को पार कर गया है, शेयर बाजार का आकार भी विश्व में चौथे स्थान पर पहुंच गया और लगातार बढ़ रहा है। भारत में एक नया मध्य वर्ग उभरा है। यह नौकरी के बढ़ते अवसरों और आईटी तथा आउटसोर्सिंग जैसे क्षेत्रों के विस्तार के कारण है। भारत आज तेज गति से बढ़ रहा है और शीघ्र तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। इसकी सबसे बड़ी वजह युवा जनसंख्या का होना है।

विकास की गति जारी रखने के लिए आवश्यक है कि बुनियादी ढांचे में सुधार के साथ-साथ ऊर्जा,रक्षा,तकनीकी व फार्मा क्षेत्र में शोध तथा नवाचार को बढ़ावा देना होगा। साथ ही शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार भी बढ़ती जनसंख्या के अनुपात में करने से मानव विकास सूचकांक में सुधार होगा। पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ सतत विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों पर शोध व अध्ययन को व्यापक स्तर पर प्रोत्साहित करना होगा। न्यूक्लियर एनर्जी, इलेक्ट्रॉनिक वाहनों का प्रयोग, सौर ऊर्जा तथा एथोनोल जैसे जैविक ईंधन पर भी और तेज गति से कार्य करने की आवश्यकता है जिससे पर्यावरण सुरक्षा व विकसित भारत का लक्ष्य पूरा होगा।

सोशल फोरम

नवउदारवादी आर्थिकी की परिणति

एक आर्थिक विशेषज्ञ बता रहे थे कि पिछले दस साल में कार्पोरेट घरानों द्वारा लिए गए तेरह लाख करोड़ रुपयों के बैंक लोन 'बैड लोन'घोषित हो गए और उन्हें माफ कर दिया गया। महज दस साल में महज कुछ घरानों ने तेरह लाख करोड़ रुपयों को खा पचा लिया। उसके पहले का हिसाब अलग होगा।

डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

दूसरे विशेषज्ञ बता रहे थे कि पिछले एक साल में एक सौ पच्चीस अरबपतियों ने भारतीय बैंकों से लोन लेकर भारत छोड़ दिया। इनमें जिनका लोन सबसे कम था वह एक सौ करोड़ रुपयों का था। नौकरी करने वाले और इनकम टैक्स देने वाले पढ़े लिखे लोग जानते हैं कि पिछले दस वर्षों में आय कर की दरें आनुपातिक रूप से उच्चतम स्तरों पर जा पहुंची हैं।

टैक्स वसूल करने में आयकर विभाग की सख्ती भी पिछले दशक के मुकाबले इस दशक में बढ़ी है। यानी लाखों करोड़ रुपये डकार जाने वाले शक्तिशाली कार्पोरेट से वसूली में सरकार का दम फूल जाता है और वे पब्लिक मनी की लूट मचाकर सुरक्षित निकल जा रहे हैं,लेकिन मध्य वर्ग और निम्न मध्य वर्ग के लोगों के लोन की किस्तें वसूलने में बैंकों की तत्परता देखते ही बनती है। होम लोन या किसी तरह के कंज्यूमर लोन या फिर पर्सनल लोन लेने के बाद कोई आम आदमी एक पैसे की भी हेराफेरी नहीं कर सकता। उन्हें लोन देने वाले बैंक मूल और ब्याज के एक एक पाई का हिसाब रखते हैं। बिना किसी नियमित आय वाले निम्न आर्थिक वर्ग के लोगों को तो बैंक लोन देते ही नहीं।

हम जो अक्सर पढ़ते सुनते हैं कि भारतीय बैंकों की माली हालत अच्छी नहीं है,उसके पीछे के मूल कारण हम नहीं, हमारे दौर के बड़े लोग हैं। ऐसे बड़े लोग जिनके हाथों में सत्ता की डोर होती है और बड़े नौकरशाह जिनके प्यादे बन कर खुद को धन्य महसूस करते हैं। वे हमारे सार्वजनिक संसाधनों पर लगातार कब्जा करते जा रहे हैं। यह तो अलग और बेहद विस्तृत अध्याय है। इसे ही कहते हैं कार्पोरेट राज,जो नवउदारवादी आर्थिकी की स्वाभाविक परिणति है।

-फेसबुक वॉल से

गोवा को देश की आध्यात्मिक राजधानी बनाने की तैयारी

कितने भारतीयों को पता है कि पुर्तगाली राज, खूबसूरत समुद्री तटों, नाइट लाइफ और प्राकृतिक सुंदरता से इतर गोवा का सनातन संस्कृति और ऐतिहासिक मंदिरों का समृद्ध इतिहास रहा है? गोवा अपने इसी गौरवशाली अतीत को एक बार फिर से स्थापित करने की ओर बढ़ रहा है। पुर्तगाली शासकों ने अपने 450 वर्षों से अधिक के शासनकाल के दौरान राज्य में मंदिरों को नुकसान पहुंचाया। 1961 तक देश के इस सबसे छोटे राज्य पर शासन के दौरान पुर्तगाली शासकों ने मुस्लिम शासकों की तरह ही हिंदू मंदिरों को नष्ट किया था। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत का दावा है कि पुर्तगालियों ने अपने शासनकाल के दौरान मंदिरों को नष्ट करना शुरू कर दिया था। मराठा राजाओं की चेतावनी और शांति समझौते पर हुए हस्ताक्षर के बाद उन्होंने मंदिरों को नुकसान पहुंचाना बंद किया।

17 वीं सदी में मराठा साम्राज्य की स्थापना करने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक की 350 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित एक समारोह में उन्होंने कहा कि राज्य को उसके समृद्ध सनातन संस्कृति लौटाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार योजना बना रही है। समारोह में उन्होंने कहा कि कम से कम गोवा की आजादी के 60 साल बाद हमें पुर्तगालियों के निशान मिटा देने चाहिए।

गौरतलब है कि मराठा शासक ने ही सबसे पहले देश में स्वराज या स्वशासन का विचार रखा। उन्होंने गोवा आकर सप्तकोटेश्वर मंदिर का पुनर्निर्माण कराया और पुर्तगालियों को मंदिरों को नष्ट करने के खिलाफ चेतावनी दी। राज्य के मुख्यमंत्री ने कहा कि "यही कारण है कि हम कहते हैं कि हिंदू संस्कृति को बचाने का प्रमुख श्रेय शिवाजी और उनके बेटे संभाजी को जाता है।"

विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

> गोवा में स्थित मंदिरों में मूलत: देश के अधिकांश हिंदू मंदिरों की तरह ही एक देवता की पूजा की जाती है। ऐतिहासिक कारणों से राज्य के मंदिरों की वास्तुकला थोड़ी अलग जरूर है।

इस बीच गोवा पर्यटन विभाग ने एकादश तीर्थ की शुरुआत कर आध्यात्मिकता, स्वदेशी, सभ्यतागत और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर जोर देना शुरू कर दिया है। इस योजना के एक हिस्से के रूप में राज्यभर में 11 मंदिरों के आसपास समुदाय-आधारित पर्यटन केंद्र विकसित करने की तैयारी जोरों पर है। ये सभी 11 मंदिर राज्य के उन सात पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्रों से होंगे,जहां विकास एवं निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता। गोवा पर्यटन विकास निगम (जीटीडीसी) ने क्यूपेम, सत्तारी, कैनाकोना और सवोर्डेम में स्थित मंदिरों को नया और भव्य रूप देने की दिशा में कदम बढ़ाना शुरू कर दिया है। राज्य पर्यटन विभाग गोवा को दक्षिण का काशी के रूप में पहचान दिलाने के लिए लगातार पहल कर रहा है। इसी पहल के तहत गोवा के धार्मिक पक्ष, विशेष रूप से मंदिरों को पर्यटकों के लिए खोला जा रहा है। गोवा पर्यटन बोर्ड की अधिकार प्राप्त समिति जल्द ही आध्यात्मिक पर्यटन सर्किट को अंतिम रूप देगी।

गोवा में स्थित मंदिरों में मूलतः देश के अधिकांश हिंदू मंदिरों की तरह ही एक देवता की पूजा की जाती है। ऐतिहासिक कारणों से राज्य के मंदिरों की वास्तुकला थोड़ी अलग जरूर है। आमतौर पर किसी भी हिंदू मंदिर का मूल डिजाइन मंदिर के गर्भगृह के आसपास ही व्यवस्थित होता है जिसमें मुख्य देवता विराजमान होते हैं। मंदिर के बाहरी डिजाइन में एक मीनार या शिकारा मुख्य मंदिर के ऊपर होता है,जो पारंपरिक रूप से पिरामिड के आकार जैसा होता है।

धार्मिक विरासत स्थलों और ऐतिहासिक मंदिरों में निश्चित रूप से यह क्षमता है कि वे गुणवत्तापूर्ण और अधिक खर्च करने वाले पर्यटकों को लुभा सकें। इसी दृष्टिकोण से राज्य का पर्यटन विभाग गोवा में आध्यात्मिक सर्किट बनाने की रणनीति पर काम कर रहा है। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए पर्यटन विभाग जल्द ही एक विज्ञापन अभियान और वृत्तचित्र श्रृंखला शुरू करने पर विचार कर रहा है। 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के साथ ही गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने राज्य को आध्यात्मिक पर्यटन की राजधानी बनाने की घोषणा कर दी थी। देश में स्थित तिरुपति, शिरडी, अजमेर और अमृतसर जैसे क्षेत्रों की आर्थिक तंत्र का मुख्य हिस्सा ही धार्मिक पर्यटन है। इसके अलावा वेटिकन सिटी,सऊदी अरब में मक्का और पाकिस्तान में करतारपुर साहिब ऐसे स्थल हैं,जो वहां की अर्थव्यवस्था के मुख्य अंग हैं।

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत और उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों ने 15 फरवरी को अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन किए और मंदिर में पूजा-अर्चना की। राम मंदिर को लाखों भारतीयों के प्रेम और विश्वास का प्रतीक बताते हुए एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से उन्होंने अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने एक्स पर लिखा,'अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर श्रीरामलला के दर्शन-पूजन करके खुद को धन्य महसूस कर रहा हूं।'

अंत में यह सवाल है कि क्या गोवा भारत की धार्मिक और आध्यात्मिक राजधानी बन सकता है? निःसंदेह, यह हो सकता है। जिस प्रकार से गोवा अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आगे बढ़ रहा है,मुमकिन है कि जल्द ही यह भारत की आध्यात्मिक राजधानी बन जाएगी।

बैंकों में डिपॉजिट ग्रोथ

हाल के दिनों में बैंकिग सेक्टर में जमाराशियों में अच्छी ग्रोथ देखने को मिली है। डिपॉजिट रेट यानी एफडी रेट में कुछ बढ़ोतरी से ऐसा मुमकिन हो सका है। वित्त वर्ष 2024 की दिसंबर तिमाही में 12.5 प्रतिशत की वृद्धि दर देखने को मिली है,जो वित्त वर्ष 2023 की इसी तिमाही में 9.6 प्रतिशत ही थी। हालांकि बैंकों का लो कास्ट डिपॉजिट यानी चालू खाता और बचत खाता में जमा राशि में कमी आई है।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

इसका कारण जमा राशियों में बढ़ोतरी होना तो है ही,अभी हाल के दिनों में कुछ बैंको ने डिपॉजिट रेट बढ़ाए हैं,वहीं बचत बैंकों पर ब्याज का आकर्षण कम होता गया है। वर्तमान में अगर यूनियन बैंक बचत बैंक का ब्याज देखे तो घटकर 2.75 प्रतिशत रह गया है जबकि एफडी रेट निरंतर बढ़ रहा है,जो वर्तमान समय में 7.90 प्रतिशत हो गया है। (सीनियर सिटीजन के लिए आधा प्रतिशत अधिक) ऐसे में ग्राहकों ने सुविधाओं का लाभ उठाते हुए बचत खाते को फ्लेक्सी खाते (स्वीपिंगखाते) में कनवर्ट करा लिया है और अधिकाश राशियां स्वतः बचत खाते से एफडी खाते में ट्रांसफर हो रही है और ग्राहक इसका भरपूर लाभ ले रहे हैं। मोबाइल बैंकिग करने वालों के लिए और भी आसानी है। वो बगैर बैंक जाए ही इस सुविधा का लाभ ले सकते हैं और लाभ ले भी रहे हैं।

> अगर बैंक एफडी पर आने वाले समय में कुछ और बढ़ोतरी करेंगे तो शायद मध्यम वर्ग की जनता के लिए थोड़ी राहत की बात होगी।

अगर बैंक एफडी पर आने वाले समय में कुछ और बढ़ोतरी करेंगे तो शायद मध्यम वर्ग की जनता के लिए थोड़ी राहत की बात होगी। चुनावी समय होने से जनता उम्मीद भी कर रही है।

एक नजर

बाप बेटों सहित सात की थाना हाजिरी तय

इटावा। जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों में रहने वाले सात लोगों के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई है। एसएसपी संजय वर्मा की रिपोर्ट के आधार एडीएम ने सात लोगों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई कर आगामी छह महीने के लिए संबंधित थाना में हर 15 तारीख को हाजिरी दर्ज कराने का आदेश जारी कर दिया है। इनमें थाना इकदिल क्षेत्र के गांव मानिकपुर विशु के ध्रुव सिंह यादव उसके बेटे शेर सिंह उर्फ शेरा व अतुल यादव, इसी थाना के गांव केशोपुर कला का रोशन लाल, बसरेहर के गांव रमपुरा का मेघ सिंह सक्सेना, शहर में घटिया अजमत अली का सुमित यादव तथा लवेदी के गांव नवादा खुर्द का जनवेद सिंह शामिल है।

रंजिश के चलते लाठी डंडों से पीटा

बकेवर, इटावा। क्षेत्र के गांव बराउख में तीन नामजदों ने एक व्यक्ति को मारपीट कर घायल किया। पुलिस ने एक को शांतिभंग करने गिरफ्तार किया है। क्षेत्र के गांव बराउख के प्रदीप कुमार ने दी तहरीर में कहा है कि वह सोमवार शाम खेत से घर रहा था कि रास्ते में गांव के दीपक, ध्रुव कुमार तथा सुरेंद्र सिंह ने घेरकर रंजिश के चलते गालीगलौज करने लगे, मना करने पर लाठी डंडो से मारपीट करते हुए घायल कर दिया। चीखपुकार सुन कर लोगों के आने पर जान से मारने की धमकी देकर चले गए।

आज ठप रहेगी विद्युत आपूर्ति

जसवंतनगर, इटावा। जुगौरा, बलरई, सिरसा बीबामऊ फीडर से जुड़े करीब सैकड़ा भर गांवों की विद्युत सप्लाई दिन भर बाधित रहेगी। अवर अभियंता जितेंद्र कुमार ने बताया कि बुधवार को सुबह 9 बजे से 6 तक इन विद्युत फीडरों के अंतर्गत अनुरक्षण कार्य होगा। इस कारण विद्युत सप्लाई दिनभर बाधित रहेगी। उपभोक्ता अपने पेयजल व अन्य कार्य समय से निपटा लें।

विद्युत अधिकारियों को हटाने एवं उनकी संपत्तियों की जांच की उठी मांग, भ्रष्टाचार का आरोप

विद्युत विभाग के खिलाफ भूख हड़ताल को मिला जनसमर्थन

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। विजय नगर मोहल्ले में विद्युत विभाग के कर्मियों द्वारा बिजली चोरी पकड़े जाने वाले मामले में महिलाओं समेत निर्दोष लोगों के विरुद्ध अनुचित और मनमानी धाराओं में एफआईआर दर्ज किए जाने के विरोध में एसडी फील्ड स्थित विद्युत अधिशाषी अभियंता कार्यालय पर भूख हड़ताल पर बैठे आंदोलनकारियों को सामाजिक, व्यापारी संगठन और जनता का समर्थन मिल रहा है। प्रशासन की तरफ से सकारात्मक पहल न होने से लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। लोगों ने धरना स्थल पर आकर बिजली विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों के खिलाफ जमकर मोर्चा खोला। उन्होंने जांच होने तक उन्हें यहां से तत्काल हटाने एवं इनकी तथा इनके संबंधी परिवारीजनों के संपत्तियों की जांच कराए जाने की भी मांग उठाई। साथ ही उन्होंने इटावा के उन पीड़ितों का भी धरना स्थल पर आने का आह्वान किया, जिन्हें बिजली चोरी में आरोपित किया गया है।

अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल पर दूसरे दिन भी राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष इं. हरि किशोर तिवारी और उनके सहयोगियों बैठे। जिसमें सर्व दलीय एवं सर्व समाज के समर्थकों की लगातार भारी भीड़ जुटती रही। इनमें व्यापारी नेता अनंत अग्रवाल, पूर्व प्राचार्य डॉ. विद्याकांत तिवारी, शैलेंद्र कुमार वर्मा एडवोकेट, ब्राह्मण समाज के नेता अरुण दुबे, बंटी वाजपेई, लोकतांत्रिक समिति के प्रदेश अध्यक्ष संतोष कुमार पांडेय, राजेंद्र कुमार दीक्षित एडवोकेट, डीडी मिश्रा एडवोकेट, शरद वाजपेई, अंशुल अशोक दुबे, आशाराम मिश्रा, अशोक द्विवेदी आदि शामिल रहे।

कर्मचारी नेता हरि किशोर तिवारी ने बताया कि मामले में विद्युत विभाग के कर्मचारी सुशील दिवाकर द्वारा विभागीय अधिकारियों के सहयोग से लिखाई गई रिपोर्ट में सुहेल के अलावा अतुल शुक्ला, हरि योगेंद्र शुक्ला, गौतम शुक्ला, इनकी पत्नियों और पुत्री दीप्ति शुक्ला के विरुद्ध मीटर टेंपरिंग गैंग और एससी एक्ट की धाराओं समेत अन्य गंभीर धाराएं लगाई गईं हैं, जो नितांत झूठी और फर्जी हैं ताकि इन्हें दबाव में लेकर इनसे अवैध वसूली की जा सके। जब तक ये झूठी एफआईआर और धाराएं वापस नहीं ली जायेगी, हम और हमारे साथी अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल करते रहेंगे। धरने में डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन, सिविल बार एसोसिएशन, राष्ट्रीय पूर्व सैनिक संगठन, उद्योग व्यापार मंडल, भारतीय किसान यूनियन, विश्व हिंदू परिषद आदि संगठन भी शामिल हुए हैं। भूख हड़ताल करने में उनके साथ सभासद पंकज पचौरी, भाजपा नेता और सभासद शरद वाजपेई, अशोक द्विवेदी, देवेंद्र शुक्ला, देवेंद्र मिश्रा और देवेश भदौरिया भी अनशन पर बैठे हैं।

विद्युत विभाग कार्यालय पर भूख हड़ताल पर बैठे इं हरि किशोर तिवारी एवं अन्य। अमृत विचार

बिजली चोरी करते चार पकड़े गये

बकेवर, इटावा। बिजली विभाग ने बिजली चोरों और बकायेदारों के खिलाफ मंगलवार को अभियान चलाया। सुबह पृथ्वीरामपुर गांव पहुंची टीम ने चार लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा। इसके गांव में हड़कंप मच गया। उप खंड अधिकारी भूप सिंह, अवर अभियंता वीरेंद्र कुमार एलएम देशराज ने टीम के साथ पृथ्वी रामपुर गांव में बिजली चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान राकेश पुत्र शिवराम, प्रेम बाबू पुत्र बृजकिशोर, गिरजेश पुत्र कैलाश, राजकुमार पुत्र हीरालाल को बिजली कनेक्शन से बाइपास कर बिजली चोरी करने में एफआईआर दर्ज कराई गई। अधिकारियों ने बकायेदारों से अपील की कि बकाया बिजली बिल जल्द जमा कर दें। जिनके कनेक्शन नहीं हैं, वह लोग कनेक्शन करा लें, जिससे बिजली चोरी में न पकड़े जाएं। चेकिंग लगातार जारी रहेगी। वहीं बिजली विभाग की इस छापामारी अभियान से पृथ्वी रामपुर सहित समीपवर्ती गांव में बिजली चोरों में हड़कंप मच गया।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने सौंपा ज्ञापन

इटावा। धरना और भूख हड़ताल को लेकर अब बिजली विभाग के इंजीनियर व कर्मचारी भी मैदान में आ गए हैं। उन्होने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि सरकारी कार्य में बाधा डाली जा रही है और दबाव बनाया जा रहा है। यदि सरकारी कार्य में बाधा जारी रही तो वे आंदोलन करेंगे। इस सिलसिले में मंगवलार की दोपहर को विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने कचहरी पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा गया है कि 26 फरवरी को इं. हरिकिशोर तिवारी व अन्य लोग अधिशाषी अभियंता केकार्यालय में पहुंचे और दो दिन पहले हुई मारपीट की घटना को लेकर दर्ज रिपोर्ट को वापस लेने का दबाव बनाया। इसके बाद बिना किसी पूर्व सूचना के भूख हड़ताल शुरु कर दी गई। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि विभागीय कार्य में बाधा डाली जा रही है यह कार्य अनैतिक व असंवैधानिक है। समिति ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है और कहा है कि यदि हड़ताल केमाध्यम से सरकारी कार्य में बाधा जारी रहती है तो समिति धरना प्रदर्शन करेगी।

सफारी में रेस्क्यू किए गए घायल तेंदुए की मौत

कार्यालय संवाददाता,इटावा।

- डाक्टरों के प्रयासों के बाद भी नहीं बच सकी जान

अमृत विचार। इटावा सफारी पार्क में पिछले दिनों रेस्क्यू किए गए घायल तेंदुए की मौत हो गई है। इस तेंदुए का सफारी के डाक्टरों ने द्वारा इलाज किया जा रहा था। तमाम प्रयासों के बाद भी उसे बचाया नहीं जा सका। मृत तेंदुए का पोस्टमार्टम कराया गया है।

इटावा सफारी पार्क के बफर जोन से 18 फरवरी को एक तेंदुए को रेस्क्यू किया गया था। जिसकी उम्र लगभग दो वर्ष थी। रेस्क्यू किए जाने के समय इस तेंदुए की पूछ में गहरा घाव था। उसका इलाज सफारी के पशु चिकित्सालय में सफारी के डाक्टरों द्वारा किया गया। रेस्क्यू के कुछ दिनों बाद ही 22 फरवरी को पं. दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान मथुरा के डॉ. आरपी पांडेय, प्रोफेसर एण्ड हेड सर्जरी विभाग ने भी उसका इलाज किया। वरिष्ठ डाक्टरों के दिए गए परामर्श के अनुसार लगातार तेंदुए का इलाज किया जा रहा था परंतु पिछले दो दिन से वह भोजन नहीं ले रहा था।

सफारी के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. विनय सिंह ने बताया कि 26 फरवरी को रात 9.28 बजे उसकी मृत्यु हो गई। तेंदुए का पोस्टमार्टम पशु चिकित्सकों के एक पैनल ने किया। इस पैनल में कानपुर प्राणि उद्यान के पशु चिकित्सक डॉ. नीतीश कुमार कटियार, सफारी पार्क के पशु चिकित्सक रोबिन सिंह यादव तथा शैलेन्द्र सिंह रहे। उसका विसरा आईवीआरआई बरेली भेजा जा रहा है ताकि मृत्यु का वास्तविक कारण पता चल सके।

रेस्क्यू के समय था घायल

इटावा। इस तेंदुए को जब रेस्क्यू किया गया तो वह घायल अवस्था में था। उसका सफारी के डाक्टरों ने मथुरा के डाक्टरों के सहयोग से इलाज किया, सफारी के अस्पताल में उसका इलाज किया गया लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। सोमवार की रात को इस तेंदुए की मौत हो गई। इससे पहले बिजनौर से भी एक तेंदुए को घायलावस्था में रेस्क्यू करके लाया गया था और इलाज के बाद उसकी मौत हो गई थी।

कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

बकेवर, इटावा। थाना क्षेत्र के अंतर्गत महेवा कट के पास जेल में बंद परिजनों से मिलकर लौट रहे बाइक सवार को कार ने टक्कर मार दी। इस हादसे में युवक बाल बाल बच गया पर उसकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गयी। ग्राम पुर्वा डोरी मुरादगंज निवासी रामवीर पुत्र बलराम सिंह ने बताया कि सोमवार को जेल में बंद माता पिता व भाई से मिलकर बाइक से वापस लौट रहे थे। बकेवर थाना क्षेत्र के गांव उझियानी के ईंट भट्टा के सामने कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हेलमेट पहने होने के चलते उछलकर दूर गिरा।

ट्रेनों की स्पीड 160 किमी प्रति घंटा करने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, इटावा।

अमृत विचार। प्रयागराज मंडल भारतीय रेल के व्यस्ततम मंडलों में से एक है। दिल्ली-हावड़ा रूट का महत्वपूर्ण भाग पं. दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन से गाजियाबाद स्टेशन तक प्रयागराज रेलवे मंडल के अधीन आता है। मार्च 2024 तक इस रूट की सेक्शनल स्पीड 130 किमी प्रति घंटा से बढ़ाकर 160 किमी प्रति घंटा करनी है। इस मंडल से प्रतिदिन 350 यात्री गाड़ियां तथा 400 माल गाड़ियां गुजरती हैं। रेलवे ट्रैक के पास निकटवर्ती गांव में कुछ लोगों के द्वारा आग लगाने की घटनाएं होती रहती हैं, जो धीरे-धीरे ट्रैक के पास पहुंचकर रेल परिचालन की संरक्षा एवं समय पालन को प्रभावित करती हैं।

समस्या के समाधान के लिए निकटवर्ती ग्रामवासियों को विषय की गंभीरता से अवगत कराने एवं इस विषय में जागरुकता अभियान चलाने की आवश्यकता है। अन्त में सुरक्षित, संरक्षित एवं तीव्र रेल यात्रा के विजन को साकार करने के लिए क्षेत्राधिकारियों, खण्ड विकास अधिकारी एवं ग्राम प्रधानों को उचित दिशा-निर्देश दिये जाने तथा एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

- रेलवे लाइन के किनारे गांवों में चलाया जाएगा जागरुकता अभियान

जिला मजिस्ट्रेट अवनीश राय ने बताया कि इस परिप्रेक्ष्य में नगर मजिस्ट्रेट, इटावा मोनं 9454416438 को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। उन्होंने उप जिला मजिस्ट्रेट/क्षेत्राधिकारी पुलिस, इटावा, भरथना, सैफई, जसवन्तनगर एवं खण्ड विकास अधिकारी, बढ़पुरा, बसरेहर, भरथना, सैफई, जसवन्तनगर को निर्देशित किया है कि वह सम्बन्धित ग्राम प्रधानों से समन्वय स्थापित कर समस्या के समाधान के लिए निकटवर्ती ग्रामवासियों को प्रकरण की गंभीरता से अवगत करायें। इस संबंध में आवश्यक समन्वय स्थापित करने के लिए रेल अधिकारी एमएस शेखावत, सहायक सुरक्षा आयुक्त/रेलवे सुरक्षा बल मोनं 9794837704 से संपर्क स्थापित किया जा सकता है।

बीएसएफ जवान के मकान से लाखों का माल पार

संवाददाता बकेवर, इटावा

अमृत विचार। थाने के ठीक बगल में स्थित बीएसएफ जवान के सूने पड़े मकान से चोर तीस हजार रुपये की नकदी व साढ़े तीन लाख रुपये मूल्य के सोने चांदी के जेवर चोरी कर ले गए। पड़ोस में रहने वाले लोगों को चोरी की भनक नहीं लग सकी। राजू अवस्थी पुत्र महावीर अवस्थी ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह राजस्थान स्थित जोधपुर में बीएसएफ में सेवारत हैं। उसकी पत्नी रीता मकान की ऊपर की मंजिल में रहते हैं और नीचे के हिस्से में एक क्लीनिक संचालित है। 4 फरवरी 2024 को उन्होंने अपनी पत्नी और पुत्री को जोधपुर बुलाया था। उसकी पत्नी मकान के ऊपरी भाग की मंजिल के मुख्य दरवाजे में लॉक लगाकर पुत्री के साथ जोधपुर चली आई। 24 फरवरी को वह 13 दिन की छुट्टी लेकर वह अपनी पत्नी व पुत्री के साथ घर आए और अपना सामान देखा तो रसोई में टिफिन में रखी चांदी की पायल गायब थी। पीड़ित ने तहरीर दी।

उद्यमियों की समस्याओं का हो समाधान : सीडीओ

कार्यालय संवाददाता, इटावा।

अमृत विचार। मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने उद्यमियों द्वारा उठाई गयी समस्याओं के समाधान के लिए कहा।

सीडीओ ने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण करना शासन की शीर्ष प्राथमिकता है। व्यापारियों द्वारा उठाई गई समस्याओं के निदान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित आवेदनों के संदर्भ से संबंधित विभागों से पूछताछ कर कारण जाना तथा जल्द ही निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने सभी उद्यमियों से कहा कि उद्योग से संबंधित समस्याओं को लिखित में दिया जाए ,जिससे निस्तारण के लिए किसी भी प्रकार की समस्या ना हो। उन्होंने उपायुक्त उद्योग से कहा कि उद्यमियों की समस्याओं को लेकर बैंक से समन्वय स्थापित करके समस्या का समाधान कराया जाए। उन्होंने बिजली विभाग से कहा कि विद्युत आपूर्ति ज्यादा समय के लिए काटी जाती है तो इसके पूर्व में उद्यमियों को अवगत करा दिया जाए, जिससे इनको किसी भी प्रकार की समस्या ना हो। उन्होंने उपायुक्त उद्योग सुधीर कुमार से कहा कि निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित आवेदन पत्रों, विभाग द्वारा संचालित पीएम रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री शिक्षुता योजना प्रोत्साहन, ग्लोबल इन्वेस्टर समिति,ओडीओपी सहित सभी रोजगारपरक योजनाओं के प्रकरणों को जल्द से जल्द निस्तारित करें।

उद्योग बंधु की बैठक में भाग लेते सीडीओ अजय कुमार गौतम। अमृत विचार

पौधा लगाना ही पर्याप्त नहीं, देखभाल भी जरूरी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। छात्र पर्यावरण संसद के बैनर तले पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन संजीव कुमार सैनी एवं एई गौरव जैन ने संयुक्त रूप से पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार वितरित किए।

संजीव कुमार ने कहा कि पौधे पर्यावरण संरक्षण के लिए बेहद आवश्यक है। हम सभी को जब भी अवसर मिले पौधरोपण अवश्य करना चाहिए। एई गौरव जैन ने कहा कि पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि उनकी देखरेख करना भी बहुत आवश्यक है। प्रबंधक कैलाश चंद्र यादव ने बताया कि छात्र पर्यावरण संसद अपने गठन के उद्देश्य की पूर्ति के लिए छात्र-छात्राओं को पौधरोपण के लिए प्रेरित करती रहती है।

पान कुंवर स्कूल में पौधा रोपित करते एक्सईएन संजीव कुमार, गौरव जैन एवं कैलाश चंद्र।

- पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में पौधारोपण

युवक ने फांसी लगाकर जान दी

इटावा। फ्रेंड्स कालोनी थाना क्षेत्र के मोहल्ला राम नगर में घरेलू कारणों से परेशान एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। क्षेत्र के मोहल्ला राम नगर निवासी मुनेद्र सिंह यादव 39 वर्ष पुत्र शिवराज सिंह घरेलू कारणों से परेशान था। इसी परेशानी के चलते उसने अपने घर पर फांसी लगा ली। जब परिवार के लोगों को जानकारी हुई तो उन्होने उसे फंदे से उतार कर जिला अस्पताल लाए जहां डाक्टरों ने उसके मरने की पुष्टि कर दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

कार्यालय ग्राम पंचायत हेंवरा विकास खण्ड सैफई–इटावा।

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत हेंवरा/निविदा प्रकाशन/2023–24/ दिनांकः 27.02.24

अल्पकालीन निविदा

महामहिम, राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से ग्राम पंचायत हेंवरा सैफई–इटावा के अन्तर्गत वर्ष 2023–24 की कार्ययोजना के अनुसार अनरेगा/15 वें वित्त/पंचम वित्त आयोग के टाइड एवं अनटाइड मद निम्नांकित विवरण के अनुसार कराये जाने बाले निर्माण कार्यो हेतु ग्राम पंचायत हेंवरा विकास खण्ड सैफई में फर्मो/ठेकेदारों से निविदायें/ टैण्डर 01.03.2024 से 07.03.2024 समय 02:30 तक आमंत्रित एवं दिनांक 08.03.2024 को ग्राम निविदा समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 03:30 पर खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 01.03.2024 से 07.03.2024 तक ग्राम पंचायत हेंवरा सचिवालय कार्यालय दिवस में प्रातः 10:30 से 01:00 बजे तक निर्धारित शुल्क अदा कर क्रय किये जा सकते है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	योजना का नाम	प्राक्कलन की लागत	जमानत धनराशि 2 प्रतिशत	निविदा का मूल्य
01	गौशाला हेंवरा में टीन शेड विस्तारीकरण कार्य	मनरेगा	415774.00	9000.00	500.00
02	SLWM शोकपिट, खाद के गड्ढे इत्यादि	SLWM	984844.00	18000.00	1000.00

निविदा की शर्ते ग्राम पंचायत हेंवरा कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है। 01–अपर मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन के पत्र सं0–730/33–3–2022–11/2022 दिनांक 26.04.2022 के अनुसार वित्त आयोग के अन्तर्गत सामग्री आपूर्ति हेतु पंचायती राज विभाग से जुड़े पदाधिकारी/कर्मी (क्षेत्र पंचायत प्रमुख खण्ड विकास अधिकारी सहायक विकास अधिकारी (पं0) ग्राम प्रधान पंचायत सचिव पंचायत सहायक पंचायती राज विभाग में सविदा पर कार्यरत कर्मी) के पारिवारिक सदस्यों व रिश्तदारों द्वारा स्थापित फर्म/वेण्डर की निविदा स्वीकार नही की जायेगी। साक्ष्य प्राप्त होने पर निविदा स्वतः निरस्त की दी जायेगी।

प्रधान — ग्राम पंचायत हेंवरा विकास खण्ड सैफई–इटावा। — ग्राम पंचायत अधिकारी

जांची व्यवस्थाएं — छात्रावासों एवं परिसर की मरम्मत के लिए धनराशि आवंटित कराने की मांग

अर्थ नियंत्रक ने कृषि इंजीनियरिंग कालेज का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के अर्थ नियंत्रक दिनेश कुमार एवं अधिष्ठाता, कृषि संकाय डॉ. सीएल मौर्या ने इटावा स्थित बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर कृषि इंजीनियरिंग कालेज का निरीक्षण किया। महाविद्यालय की व्यवस्थाओं एवं साफ-सफाई पर संतोष व्यक्त करते हुए अधिष्ठाता डॉ एनके शर्मा के द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। साथ ही महाविद्यालय के विकास के लिए कई अहम सुझाव भी दिये।

इस अवसर पर अधिष्ठाता डॉ. शर्मा ने महाविद्यालय के छात्रावासों एवं परिसर में मरम्मत हेतु धन न होने से अवगत कराते हुये शासन स्तर से स्वीकृत आकस्मिक मद में आवंटित धनराशि को बढ़ाने का अनुरोध किया। जिस पर अर्थनियंत्रक महोदय ने अधिष्ठाता को आश्वस्त किया कि वे शासन स्तर पर अपने स्तर से पूरा प्रयास करेंगे। इटावा परिसर स्थित तीनों महाविद्यालयों के विशाल परिसर को देखकर प्रसन्न्ता व्यक्त करते हुए इनके निरन्तर प्रगति में अपना सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया और यहां पढ़ाये जा रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी ली। इस अवसर पर सीएल मौर्या ने भी परिसर की साफ-सफाई पर संतोष व्यक्त करते हुये महाविद्यालय की छात्राओं से बातचीत कर अधिष्ठाता के प्रयासों की सराहना की।



कृषि इंजीनियरिंग कालेज का निरीक्षण करते अर्थनियंत्रक दिनेश कुमार। अमृत विचार

अब स्पेशल टीएलएम से पढ़ेंगे दिव्यांग बच्चे

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। अब स्पेशल टीएलएम से दिव्यांग बच्चों को पढ़ाया जाएगा। इस सिलसिले में मंगलवार को टीएलएम मेले का आयोजन किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार के निर्देशन में जिला समन्वयक समेकित शिक्षा अर्चना सिन्हा व स्पेशल एजूकेटर्स ने इस मेले का आयोजन किया गया।

इसका उद्घाटन राजकुमार यादव सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी व गायत्री डॉयट प्रवक्ता और पवन श्रीवास्तव ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और फीता काट कर किया गया। अतिथियों ने बच्चों के शिक्षण-प्रशिक्षण के लिए स्पेशल एजूकेटर्स द्वारा तैयार एवं क्रय किये शिक्षण अधिगम सामग्रियों के विषय में जानकारी ली गयी, जिसमें दृष्टिबाधित दिव्यांग बच्चों के शिक्षण पद्धति ब्रेल लिपि की जानकारी लेते हुए बताया गया कि बच्चे किस प्रकार अनाज छूकर पहचान करते है, ब्रेल लिपि में पुस्तकें फर्राटे से पढ़ते है, अबेकस, टेलर फ्रेम, स्टाईलस, ब्रेल पेपर, मॉडल को टच कर जानवर आदि की पहचान करना बताया गया। जिला समन्वयक समेकित शिक्षा अर्चना सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया गया कि टीएलएम के प्रयोग से बच्चों के शिक्षा का स्तर बढ़ेगा।

टीएलएम मेले का निरीक्षण करते जिला समन्वयक। अमृत विचार

कार्यालय ग्राम पंचायत छिमारा विकास खण्ड सैफई–इटावा।

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत छिमारा/निविदा प्रकाशन/2023–24/ दिनांकः 27.02.24

निविदा सूचना

महामहिम, राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से ग्राम पंचायत छिमारा सैफई–इटावा के अन्तर्गत वर्ष 2023–24 की कार्ययोजना के अनुसार मनरेगा/15 वें वित्त/पंचम वित्त आयोग के टाइड एवं अनटाइड मद निम्नांकित विवरण के अनुसार कराये जाने बाले निर्माण कार्यो के लिये सामग्री आपूर्ति हेतु ग्राम पंचायत छिमारा विकास खण्ड सैफई में फर्मो/ठेकेदारों से निविदायें/ टैण्डर 28.02.2024 से 05.03.2024 समय 02:30 तक आमंत्रित एवं दिनांक 05.03.2024 को ग्राम निविदा समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 03:30 पर खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 28.02.2024 से 05.03.2024 तक ग्राम पंचायत छिमारा सचिवालय कार्यालय दिवस में प्रातः 10:30 से 01:00 बजे तक निर्धारित शुल्क अदा कर क्रय किये जा सकते है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	योजना का नाम	सामग्री की लागत	जमानत धनराशि 2 प्रतिशत	निविदा का मूल्य
01	छिमारा गौशाला में टीन शैड निर्माण कार्य।	मनरेगा	537073	10742	300
02	छिमारा में उचित दर विक्रेता दुकान निर्माण कार्य।	मनरेगा	681938	13638	300
03	आर0आर0सी0 सेन्टर निर्माण कार्य।	SBM (G)	810000	16200	300
04	सामुदायिक स्थलों/सरकारी हैण्डपम्पों पर सोकपिट निर्माण कार्य (सं0– 113)	SBM (G)	854167	17083	300
05	सामुदायिक खाद गड्ढा (सं0– 57)	SBM (G)	647234	12945	300
06	ई. कचरा वाहन (सं0– 02)	SBM (G)	250000	5000	300
07	सामुदायिक खाद गड्ढा (सं0– 58)	SBM (G)	250000	5000	300

निविदा की शर्ते ग्राम पंचायत छिमारा कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है। 01–अपर मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन के पत्र सं0–730/33–3–2022–11/2022 दिनांक 26.04.2022 के अनुसार वित्त आयोग के अन्तर्गत सामग्री आपूर्ति हेतु पंचायती राज विभाग से जुड़े पदाधिकारी/कर्मी (क्षेत्र पंचायत प्रमुख खण्ड विकास अधिकारी सहायक विकास अधिकारी (पं0) ग्राम प्रधान पंचायत सचिव पंचायत सहायक पंचायती राज विभाग में सविदा पर कार्यरत कर्मी) के पारिवारिक सदस्यों व रिश्तदारों द्वारा स्थापित फर्म/वेण्डर की निविदा स्वीकार नही की जायेगी। साक्ष्य प्राप्त होने पर निविदा स्वतः निरस्त की दी जायेगी।

प्रधान — ग्राम पंचायत अधिकारी

ग्राम पंचायत छिमारा विकास खण्ड सैफई–इटावा।

शिक्षकों ने की एमडीएम संचालन बंद कराने की मांग

शिक्षकों की समस्याओं को दूर करने की उठाई मांग, शिक्षक संघ ने बीएसए को नौ सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

संवाददाता, फफूंद, औरैया

अमृत विचार। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने शिक्षकों की समस्यायों के शीघ्र निस्तारण के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को नौ सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर शिक्षकों की समस्याओं को दूर करने की मांग की।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अखिलेश चंद्र यादव के साथ तमाम शिक्षक मुख्यालय पहुंचे और शिक्षकों की समस्याओं को दूर करने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को संबोधित एक नौ सूत्रीय ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश श्रीवास्तव को सौंपा। जिसमे कहा गया कि एमडीएम कनवर्जन कास्ट पिछले सितंबर से प्राप्त नहीं हुई है इस माह में अद्यतन कनवर्जन कास्ट का पैसा उपलब्ध न होने पर एक मार्च से पूरे जिले में एमडीएम संचालन बंद कराया जाएगा। कहा कि पिछले माह खाद्यान्न में केवल चावल मिला है, गेहूं नहीं मिलने से विद्यालयों में रोटी बनना संभव नहीं है। गेहूं आवंटन के लिए कार्यवाही की जाए। रसोइयों को समय से मानदेय दिया जाए। कहा कि एक दिन का वेतन स्वीकृत करने के लिए कैंप लगाकर निस्तारण किया गया था। लेकिन उन दिवसों का मेडिकल खंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा स्वीकृत नहीं करने से अध्यापकों का एरियर नहीं निकल पा रहा है।

उनको स्वीकृत कराया जाए। समय से कंपोजिट ग्रांट विद्यालयों में नहीं आने से उसका सुदुपयोग नहीं हो पाता और वापस हो जाती है। समय से कंपोजिट ग्रांट उपलब्ध कराई जाए। कुछ ब्लाकों की लापरवाही से पूरे जिले का वेतन लेट होता है, समय से वेतन दिलाने की मांग की।

इस दौरान संगठन जिला मंत्री अरविंद राजपूत, कोषाध्यक्ष अशोक भास्कर, ओमनारायण पाल, दीपक दुबे, विक्रम दत्त, कमलेश चतुर्वेदी, बुद्धि पाल यादव, पंकज कठेरिया, राम निवास कठेरिया, पंकज त्रिपाठी सहित तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

बीएसए को ज्ञापन देते शिक्षक संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

प्रमाण पत्र देते खंड शिक्षा अधिकारी। अमृत विचार

संसाधन कार्यालय में हुई प्रधानाध्यापकों की बैठक

अछल्दा, औरैया। मंगलवार को सभागार ब्लॉक संसाधन केन्द्र पर ब्लॉक स्तरीय समस्त प्रधानाध्यापकों की मासिक समीक्षा बैठक दो पालियों में आयोजित हुई। प्रथम पाली में संकुल घसारा, भैंसोल, छछूंद, नल्हूपुर, रुरूकलॉ तथा द्वितीय पाली में संकुल- अछल्दा, पाता, बंशी, कमारा, हरचन्दपुर के विद्यालयों द्वारा प्रतिभाग किया गया। मासिक बैठक में डाटा एवं निपुण प्रगति प्रस्तुतीकरण, निपुण लक्ष्य एप डाउनलोड एवं निपुण संवाद का प्रयोग, शिक्षक, छात्र उपस्थिति एवं ठहराव, संन्दर्शिका, निर्देशिका अनुसार शिक्षण एवं ट्रैकर व तालिका का नियमित अद्यतनीकरण, मध्यम, संघर्षशील बच्चों को निपुण बनाने की रणनीति, वार्षिक परीक्षा एवं एक्सपोजर विजिट तैयारी, निर्देशानुसार कायाकल्प सन्तृप्तीकरण एवं कम्पोजिट ग्राण्ट का उपभोग, ऑनलाइन पंजिका डिजिटाइजेशन एवं उपस्थिति, मॉडल कोलोकेटिड ऑगनबाड़ी केन्द्र चिहांकन आदि बिंदुओं पर चर्चा हुई। चर्चा में खण्ड शिक्षा अधिकारी जगदीश कुमार श्रीवास्तव द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रधानाध्यापक व इंचार्ज प्रधानाध्यापक का उत्साहवर्धन तथा संघर्षशील विद्यालयों को सुधार हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

कोठीपुर को मिला आईएसओ प्रमाण पत्र

फफूंद, औरैया। ब्लाक भाग्यनगर की ग्राम पंचायत कोठीपुर को अंतर्राष्ट्रीय मानक संगठन द्वारा आईएसओ प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। यह प्रमाणपत्र पाने वाली कोठीपुर जिले की पहली ग्राम पंचायत बन गई है।

अमरेश पांडेय प्रधान।

ब्लाक भाग्यनगर की ग्राम पंचायत कोठीपुर में कुछ माह पहले अंतर राष्ट्रीय मानक संगठन द्वारा एक सर्वे किया गया था। जिसमें टीम ने पंचायत के विकास कार्यों, पंचायत सचिवालय का निरीक्षण अभिलेखों का रख-रखाव, वाईफाई सुविधा, पंचायत सहायक का कार्य, पौधरोपण, स्वच्छता, जल संरक्षण, गांव में स्वास्थ्य सुविधाएं और कृषि को देखने के बाद उपलब्ध सुविधाओं की ग्रामीणों से भी जानकारी की थी। सर्वे में कोठीपुर पंचायत सभी मानकों पर खरी उतरी। जिसको लेकर सोमवार को यूको अंतरराष्ट्रीय मानक संगठन द्वारा ग्राम पंचायत को आईएसओ प्रमाण पत्र भेजकर सम्मानित किया गया। प्रधान अमरेश पांडे ने बताया की वह अपनी पंचायत को स्वास्थ्य, रोजगार तथा सुशासन वाली पंचायत बनाने के लिए प्रयासरत हैं।

दो झोपड़ियों में आग लगने से गृहस्थी राख

संवाददाता, फफूंद, औरैया

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के गांव मुढ़ी में दो झोपड़ियों में अचानक आग लग गई। ग्रामीणों ने प्रयास कर आग पर काबू पाया। लेकिन, तब तक गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया था।

गांव मुढ़ी निवासी लज्जाराम झोपड़ी डालकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। वहीं पड़ोस में ही परिवार के सूबेदार भी झोपड़ी डालकर रहता है। सोमवार की रात लज्जाराम अपनी पत्नी शारदा के साथ खेत की रखवाली करने गया था। रात किसी वक्त झोपड़ी में अचानक आग लग गई, जो आगे बढ़कर सूबेदार की झोपड़ी में जा लगी। तपिश से सूबेदार की आंख खुली तो वह और उसकी पत्नी अर्चना वहां बंधे पशुओं को लेकर बाहर निकले और शोर मचाने लगे। शोर सुनकर ग्रामीण पहुंच गए और आसपास के मकानों में लगे हैंडपंप और समर से आग बुझाने में जुट गए। काफी देर बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन, तब तक दोनों झोपड़ी जलकर राख हो गई थी। आग से बक्शे में रखी 10 हजार की नगदी, गृहस्थी का सामान चारपाई, रजाई, गद्दा, कपड़े, गेहूं, भूसा और 50 किलो सरसों जलकर राख हो गई। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गजेंद्र सिंह की सूचना पर क्षेत्रीय लेखपाल मौके पर पहुंची और आग से हुए नुकसान का आंकलन किया। लेखपाल ने बताया की आकलन के बाद रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी है।

आग लगने के बाद जला पड़ा सामान। अमृत विचार

भाजपाइयों ने चुनाव को लेकर बनाई रणनीति

संवाददाता, बिधूना, औरैया

अमृत विचार। मंगलवार को लोकसभा क्षेत्र के विस्तारक राधाकृष्ण यादव ने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बेला में भाजपा किसान मोर्चा के सहार मंडल अध्यक्ष के कैंप कार्यालय पर बैठक की।

कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव की तैयारियों में अभी से जुट जाने को कहा। उन्होंने कहा कार्यकर्ताओं के अथक प्रयास से इस बार भाजपा 400 के पार करेगी। वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास के अलावा सबका विश्वास की अवधारणा के साथ चुनाव मैदान में उतरी है। कहा कि प्रदेश ही नहीं देश में भाजपा की सुनामी चल रही है। इस अवसर पर विधानसभा संयोजक एवं जिला पंचायत सदस्य बासुदेव प्रजापति ने कार्यकर्ताओं को चुनाव की जीत के मंत्र बताए। जबकि जिला मीडिया प्रभारी जेपी त्रिवेदी ने भी कार्यकर्ताओं में उत्साह भरा। भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह चौहान उर्फ राजू भइया ने कहा कि भाजपा की रिकॉर्ड जीत में किसानों नौजवानों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इस अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के नगर अध्यक्ष अब्दुल हमीद ने कहा कि इस बार मुस्लिम समाज भी भाजपा की ऐतिहासिक जीत में महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इस मौके पर गंगाराम कुशवाहा, देवीशंकर सैनी, महेश बाथम, कैलाश कुशवाह, सूरज आदि रहे।

बैठक के बाद मौजूद भाजपाई। अमृत विचार

15 मार्च तक बंद रहेगा रेलवे फुट ब्रिज

अछल्दा, औरैया। रेलवे स्टेशन के फुट ब्रिज की एक पटिया गिरने के बाद फुट ओवरब्रिज को जाल लगाकर बंद कर दिया गया था। फुट ब्रिज बंद होने से यात्रियों की मुश्किलें बढ़ रही हैं। यात्री जान जोखिम में डाल कर ट्रैक पार कर ट्रेन से यात्रा कर रहे हैं। यात्रियों का कहना है कि पुल बंद होने की वजह से जान का खतरा बना रहता है। 24 फरवरी को शाम को अधीक्षण अभियंता इटावा ने निरीक्षण के दौरान यात्रियों की सुरक्षा के लिए पुल के दोनों तरफ लोहे का जाल व लाल कपड़ा लगाकर बंद कर दिया था। जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह में बताया कि यात्रियों की सुरक्षा हेतु पुल को बंद कर दिया है 15 मार्च तक मरम्मत कार्य करा कर पुल चालू कर दिया जाएगा।

जैविक खेती को बढ़ावा देने पर दिया जोर

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- एक दिवसीय जैविक किसान मेले का आयोजन
- नई तकनीकी से करें खेती होगी अच्छी उपज

अमृत विचार। जिले में किसानों को नई-नई जैविक खेती के लिए बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके संबंध में कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा एक मेला आयोजित किया गया है। मंगलवार को कृषि विभाग की ओर से भाग्यनगर ब्लाक में राजकीय कृषि बीज भंडार में जैविक किसान मेला का आयोजन किया गया। इसमें किसानों को जैविक खेती के प्रति जागरूक किया गया। वहीं जैविक खेती के फायदे बताए।

मुख्य अतिथि दिबियापुर चेयरमैन राघव मिश्रा ने कहा कि माटी की बिगड़ती सेहत को सुधारने व गुणवत्तायुक्त खाद्य उत्पादन के लिए अब हम सभी को मिलकर सामूहिक प्रयास करना होगा। ताकि विषमुक्त खाद्यान्न उत्पादन संभव हो सके। उन्होंने किसानों को जैविक खेती के लिए देशी गाय के महत्व को बेहतर ढंग से समझाया। कहा कि एक देशी गाय से तीस एकड़ तक जैविक खेती की जा सकती है। जरूरत है तो सिर्फ जागरूकता के साथ गौ आधारित जैविक खेती को अपनाने की। कृषि विज्ञान केंद्र में विनोद कुमार और निशांत चौबे ने किसानों को जैविक खेती की जानकारी प्रदान किया। कहा कि बिषमुक्त खाद्यान्न का उत्पादन करके ही हम अपने परिवार व धरती माता को बीमार होने से बचा सकते हैं। उन्होंने किसानों को संकल्प दिलाया कि न जहर खाएंगे और न जहर खिलाएंगे। वहीं, जमौली गांव के किसान जगत कुशवाह ने जैविक खेती करना शुरू किया, जिससे उनको बहुत अच्छा रिजल्ट मिला। मेले में उन्होंने जैविक खेती बनी सामग्री से बिना चीनी गुड और चाय की पत्ती से सभी को चाय पिलाई लोगो ने बहुत प्रशंसा की। समाज सेवक चंद्रप्रकाश अवस्थी, रमेश पाल, सुशील कुमार व विनोद कुमार, अंकुर झा आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते दिबियापुर चेयरमैन राघव मिश्रा। अमृत विचार

कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

कलश यात्रा के साथ शुरू हुई श्रीमद भागवत कथा

अछल्दा, औरैया। विकासखंड क्षेत्र के गांव नगला झाल में भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का उद्घाटन किया गया। कलश यात्रा ने गांव का भ्रमण कर महिलाएं भागवत कथा स्थल तक पहुंची। जहां कलश की विधि विधान से पूजा-अर्चना के साथ यज्ञ स्थल पर स्थापित किया गया। क्षेत्र के ग्राम नगला झाल मैं सात दिवसीय श्रीमद भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। यात्रा में शामिल महिलाओं व युवतियों ने नहर से जल भरने के बाद कलश को सिर पर रखकर कार्यक्रम स्थल पहुंची। यह कथा सात दिनों तक चलेगी। भागवत कथा के आयोजक धर्मेंद्र कुमार राजपूत ने बताया कि कथावाचक आचार्य गोविंद अवस्थी, सरल कथावाचक साध्वी कु. मीरा किशोरी की ओर से श्रोताओं को सत्संगत का रसपान कराया जाएगा। इस दौरान परिक्षित राम पुत्री एवं रामकेश राजपूत के अलावा अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

विवेकानंद यूथ अवार्ड के लिए मांगे प्रस्ताव

औरैया। जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी राजीव कुमार उपाध्याय ने बताया कि महानिदेशालय द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए व्यक्तिगत श्रेणी के अन्तर्गत राज्य स्तरीय विवेकानन्द यूथ अवार्ड के लिए प्रस्ताव मांगे गये हैं। जनपद के 15 से 35 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे युवा, जिन्होंने राष्ट्रीय विकास एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र यथा खेलकूद, सामाजिक पौधरोपण, परिवार कल्याण, अल्पबचत, रक्तदान, सामुदायिक सेवा, खेल और शैक्षिक उत्कृष्ठता एवं स्मार्ट लर्निंग इत्यादि क्षेत्रों में यदि कोई कार्य किया हो तो अपना प्रस्ताव प्रमाण पत्र व पेपरकटिंग सहित दो प्रतियों में दिनांक 29 फरवरी, 2024 तक भेजें।

जाती हुई ठंड में न बरतें लापरवाही, पड़ेगी भारी

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। आज कल कभी बारिश तो कभी धूप निकलने के कारण मौसम में लगातार बदलाव हो रहे हैं। अचानक से बारिश, फिर ओले और फिर कड़ी धूप से लगातार तापमान में उतार-चढ़ाव हो रहा है। मौसम के इस बदलाव से सर्दी, जुकाम, बुखार, बदन दर्द, सिरदर्द, आंखों में जलन, पेट दर्द जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

खासतौर पर उन्हें इसका खतरा ज्यादा है जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर है या जो लापरवाही बरत रहे हैं। वहीं, स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसे में जरूरत है बदलते मौसम में खुद को बीमारियों से बचाकर रखने के लिए तैयार रहने की, न कि लापरवाही करने की। सीएचसी बिधूना के चिकित्सक डॉ. संकल्प दुबे का कहना है कि इस समय की गई लापरवाही गंभीर साबित हो सकती है। क्योंकि तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण रोग प्रतिरोधक क्षमता भी प्रभावित होती है। इसलिए अचानक से गर्म कपड़े पहनना बंद न करें। कई लेयर में कपड़े पहनें ताकि गर्मी होने पर एक परत हटाई जा सके। वहीं, सीएचसी अधीक्षक डॉ वी पी शाक्य का कहना है कि बदलते मौसम में फल और सब्जियों का ज्यादा सेवन करना चाहिए। खासतौर पर हरी सब्जियों का। गाजर, मूली, टमाटर जैसी सब्जियां अधिक मात्रा में लेनी चाहिए क्योंकि इनमें एंटीऑक्सिडेंट तत्व होते हैं, जो शरीर में जमे तत्वों को बाहर निकालने में मदद करते हैं। इसके साथ ही फलों में भी सेहत का राज छिपा होता है, जो शरीर को फ्रेश रखता है ।

डॉ. बीपी शाक्य।

डॉ. संकल्प दुबे। अमृत विचार

इन बातों का रखें ध्यानः

- जिन लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो वे गुनगुने पानी से नहाएं और समय-समय पर भाप लेते रहें।
- अब भी धूप निकलने पर ही मॉर्निंग वॉक पर जाएं।
- सर्दी-खांसी होने पर गर्म पानी पीएं।
- सिर और कान को हमेशा गर्म कपड़ों से ढककर रखें।
- कोशिश करें छाती और कान में ठंड न लगे, इसका बुजुर्ग ज्यादा ध्यान रखें।
- अब भी गर्म पायजामा जरूर पहनें।

बार अध्यक्ष व महामंत्री का किया गया स्वागत

औरैया। जिला बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजीव चतुर्वेदी व महामंत्री शैलेष चतुर्वेदी उर्फ पप्पल सहित कई पदाधिकारियों का फफूंद रोड स्थित एक प्रतिष्ठान पर व्यापारियों ने स्वागत किया। इस अवसर पर अध्यक्ष ने 9 मार्च को नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह कराने की संभावना व्यक्त करते हुए वकीलों के हितों के लिए कृत संकल्पित रहने की घोषणा की। दोनों पदाधिकारियों ने बार बेंच में सामंजस्य रखकर वादकारियों के हितों का पूरा ख्याल रखने की बात कही। निर्मल गुप्ता व उनके साथियों ने माल्यार्पण कर नई कार्यकारिणी का स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष अशोक अवस्थी, दीपेन्द्र सिंह कुशवाह, अरूण त्रिवेदी रहे।

जरा याद करो कुर्बानी

बलिदान दिवस पर चंबल संग्रहालय की तरफ से संकल्प सभा का किया गया आयोजन, लोगों ने बढ़चढ़ कर लिया भाग

क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद के शौर्य का किया बखान

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- काकोरी शताब्दी वर्ष समारोह के पोस्टर का हुआ विमोचन
- पुण्यतिथि पर चंद्रशेखर आजाद को श्रद्धासुमन अर्पित किये

अमृत विचार। चंबल संग्रहालय ने चौरैला के बीहड़ों में महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर संकल्प सभा का आयोजन किया। चंबल अंचल के लोगों ने अपने लड़ाका पुरखे आजाद को श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

वक्ताओं ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद की गाथा जन-जन के लिए प्रेरणा का स्रोत है। क्रांतिकारी ही नही बल्कि क्रांतिकारियों का नायक बनने के लिए ऊंची शिक्षा- दीक्षा कि जरूरत नहीं, बल्कि उसके लिए क्रांति के प्रति अगाध विश्वास के साथ अदम्य साहस और अभूतपूर्व त्याग बलिदान कि जरूरत है। शिक्षा व ज्ञान में पहुंच रखने वाले क्रांतिकारियों साथियों से सिद्धांत व ज्ञान को निरंतर सीखते रहने की जरूरत है। इसका सबसे बड़ा सबूत महान राष्ट्र भक्त क्रांतिकारी चन्द्रशेखर आजाद हैं। शिक्षा ज्ञान कि कमी के बावजूद वे क्रांतिवीरों के सेनानायक बने। दरअसल, आजाद ने क्रांतिकारी पार्टी की सदस्यता तब ग्रहण की। जब क्रांतिकारी पार्टी के मुखिया पंडित राम प्रसाद 'बिस्मिल' थे और पार्टी का नाम हिन्दुस्तान रिपब्लिक ऐसोसिएशन था। बिस्मिल उनको प्यार से 'क्विक सिलवर' पुकारते थे।

काकोरी केस के शहीदों राम प्रसाद 'बिस्मिल', अशफाकउल्लाह खान, ठाकुर रोशन सिंह और राजेन्द्रनाथ लाहिड़ी की फांसी के बाद आजाद ही दल में सबसे वरिष्ठ थे। संगठन का पुनर्गठन अब उनका ही दायित्व था। हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन पार्टी व आर्मी के चीफ बने चंद्रशेखर आजाद उर्फ बलराज का कहना था, ''अंग्रेज जब तक इस देश में शासक के रूप में रहें, हमारी उनसे गोली चलती ही रहनी चाहिए। समझौते का कोई अर्थ नहीं है। अंग्रेजों से हमारा केवल एक ही समझौता हो सकता है कि वे अपना बोरिया-बिस्तर बांध कर यहां से चल दें।'' आजाद और उनके साथियों का यह क्रांतिकारी दल का अंतिम लक्ष्य अंग्रेजों को भगाना ही नहीं बल्कि शोषणविहीन, वर्ग एवं जातिविहीन, समतामूलक समाज की स्थापना था। संकल्प सभा को विश्वात्मा वन महाराज, उपेन्द्र सिंह परिहार, प्रत्यूष रंजन मोनू, शैलेन्द्र सिंह परिहार, डॉक्टर शाह आलम राणा, कपिल तिवारी, महंत रामदास, सद्दीक अली, फूल सिंह परिहार, अभिषेक मिश्रा आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन महेशचंद्र दुबे ने किया। इस अवसर पर संजय दुबे, रिंकू परिहार, अभिषेक, वैभव रंजन, आदिल खान, हरीशचंद्र परिहार, योगेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

संग्रहालय में लगी तस्वीरों को देखते लोग। अमृत विचार

कुछ चेन पुलिंग इतिहास बन जाती हैं : राना

चंबल परिवार प्रमुख डॉ. शाह आलम राना ने काकोरी एक्शन शताब्दी वर्ष समारोह का पोस्टर जारी करते हुए कहा कि दुनियां में हर दिन ट्रेन में चेन पुलिंग होती रहती है लेकिन वह हमेशा इतिहास नहीं बन पाती। जब बड़े उद्देश्यों-लक्ष्यों के लिए काकोरी की तरह घटना होती है तो वह विश्व इतिहास बन जाती है। लिहाजा चंबल परिवार शताब्दी वर्ष की तैयारियों में पूरे जोश व खरोश के साथ जुटा हुआ है। नई पीढ़ी को केन्द्रित रखते हुए चंबल संग्रहालय कई कार्यनीतियों पर ठोस काम कर रहा है। काकोरी एक्शन शताब्दी वर्ष समारोह का प्रारंभ आगामी 8-9 अगस्त 2024 को गोरखपुर से होगा। उसके बाद अयोध्या, गोण्डा, शाहजहांपुर, कानपुर, सुल्तानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, औरैया, मेरठ आदि काकोरी केस के महानायकों से जुड़े शहरों-कस्बों में समारोह आयोजन के बाद 7-8 अगस्त, 2025 को लखनऊ में ऐतिहासिक समापन होगा।

सोलर पंपों के लिए ऑनलाइन बुकिंग शुरू

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- धोखाधड़ी से बचने तथा बहकावे में न आने को कहा

अमृत विचार। उप कृषि निदेशक प्रदीप कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पी०एम०-कुसुम) योजना अंतर्गत वर्ष 2023-24 में सोलर पम्पों के लिए पहले आओ-पहले पाओ के सिद्धांत पर ऑनलाइन बुकिंग के माध्यम से पुनः आवेदन दिनांक 27 फरवरी 2024 से प्राप्त किये जा रहे हैं।

आवेदन के लिए विभागीय पोर्टल पर लक्ष्य की समाप्ति तक खुला रहेगा। इच्छुक कृषक भाई सोलर पंपों के लक्ष्यों की सीमा तक आवेदन कर सकते हैं। बताया कि पहले जिन कृषक भाइयों की बुकिंग के समय टोकन मिनी की धनराशि कट गई थी परंतु विभागीय पोर्टल पर नाम नहीं आया था, उन सभी कृषकों का नाम जोड़ते हुए टोकन कंफर्म कर दिए गये हैं। अवशेष कृषक अंश की धनराशि कृषक 9 मार्च तक जमा कर सकते हैं। कतिपय जनपदों में कृषक जिनके द्वारा सोलर पंप के लिए आवेदन किया गया है के पास अन्जान व्यक्तियों द्वारा फोन कर सोलर पंप का पैसा किस्तों में जमा करने के लिए संपर्क किया जा रहा है, के संबंध में अवगत कराना है, कि सोलर पंप के लिए कृषकों के चयन एवं टोकन कंफर्म करने की ऑनलाइन व्यवस्था है, जो पूरी तरह से पारदर्शी है। टोकन कंफर्म करने के पश्चात कृषि विभाग के पोर्टल पर कृषक के पंजीकृत मोबाइल नंबरों पर मैसेज कृषि विभाग की तरफ से जाता है। कृषक भाइयों से अनुरोध है कि किसी भी धोखाधड़ी से बचे तथा किसी के बहकावे में न आये।

एक नजर

पूर्व राज्यपाल राम नाईक ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

अमृत विचार, लखनऊ : पूर्व राज्यपाल राम नाईक ने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट की। 'पद्म भूषण' सम्मान के लिए मनोनीत होने पर मुख्यमंत्री ने पूर्व राज्यपाल को अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। साथ ही, अयोध्या में राम मंदिर होने पर बनाया गया स्मृति सिक्का व 'एक जिला एक उत्पाद' में बनाई गई गणेश की मूर्ति भेंट की।

संसदीय क्षेत्र में नहीं रह सकेंगे निर्वाचन अधिकारी

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव के दौरान निर्वाचन अधिकारी अपने गृह जिले के संसदीय क्षेत्र में नहीं रह सकेंगे। भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश समेत देश भर की राज्य सरकारों को इस सिलसिले में निर्देश जारी किया है। आयोग ने चुनाव से पहले निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

एक परिवार की तीन फर्मों को काम देने की होगी जांच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: सरकारी अस्पतालों में एक ही परिवार की फर्मों को काम देने के मामले की जांच होगी। शासन के निर्देश पर निदेशक उपचार के नेतृत्व में गठित तीन सदस्यीय जांच कमेटी ने पड़ताल शुरू कर दी है। कमेटी ने शिकायत में शामिल लखनऊ समेत अन्य मंडलों के अपर निदेशकों से शिकायत में शामिल आरोपों को लेकर बिंदुवार एक सप्ताह में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

निर्बल समाज उत्थान समिति, फरूखाबाद ने आरोप लगाया है कि स्वास्थ्य विभाग के सरकारी अस्पतालों में एक ही परिवार की तीन फर्मों को काम दिया जा रहा है। तीन फर्मों के प्रोपराइट एक ही परिवार के हैं। इन फर्मों में मेसर्स लखनऊ ऑप्टिकल एंड सर्जिकल कंपनी व सरस्वती इंटरनेशनल और कंसोल्ट लैब्रोटरी शामिल हैं।

इन तीन फर्मों को ही टेंडर में शामिल कर स्वास्थ्य विभाग में सिंडीकेट के तहत काम हो रहा है। उक्त शिकायत को लेकर स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, फर्रुखाबाद सांसद मुकेश राजपूत, विधायक विजय कुमार राजभर ने शासन में पत्र प्रेषित किया था। जिसके बाद मामले ने तूल पकड़ा और शासन के निर्देश पर स्वास्थ्य

▸▸ जांच कमेटी की अध्यक्ष ने अपर निदेशकों को पत्र भेजकर जल्द रिपोर्ट देने के निर्देश दिए

महानिदेशक डॉ.ब्रजेश राठौर ने जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित की है।

कमेटी की अध्यक्ष डॉ. शालिनी ने लखनऊ, गोरखपुर, देवीपाटन, मेरठ, कानपुर, अयोध्या, मिर्जापुर, बस्ती मंडल के चिकित्सा स्वास्थ्य के अपर निदेशकों को पत्र भेजकर जल्द आख्या व पूरी रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए हैं।

तीन सदस्यीय कमेटी : निदेशक चिकित्सा उपचार डॉ. शालिनी गुप्ता की अध्यक्षता में गठित जांच कमेटी में, निदेशक स्वास्थ्य डॉ. बीपी सिंह कल्याणी व संयुक्त निदेशक भंडार डॉ. राजेश कटियार शामिल हैं।

15 जिलों के 17 नए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र होंगे शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं और सुदृढ़ होंगी। विभिन्न जिलों में नवनिर्मित 17 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए राज्य सरकार ने डॉक्टर समेत स्वास्थ्य कर्मियों के पद सृजित कर दिये गये हैं। एक सीएचसी में आधा दर्जन विशेषज्ञ डॉक्टर समेत 16 पैरामेडिकल स्टाफ के पद सृजित करते हुए कुल 270 पद घोषित किये गये हैं। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ .ब्रजेश राठौर ने बताया कि नियमानुसार हर सीएचसी में एक फिजीशियन बतौर चिकित्साधिकारी, एक सर्जन, एक स्त्री रोग विशेषज्ञ, एक –एक एनेस्थेटिक, रेडियोलॉजिस्ट व दंत चिकित्सक का पद निर्धारित किया गया है। इसके अलावा दो फार्मासिस्ट व तीन स्टाफ नर्स के अलावा, एक्स–रे टेक्नीशियन, डेंटल हाईजिनिस्ट, लैब टेक्नीशियन, वरिष्ठ सहायक व डार्करूम सहायक का एक–एक पद सृजित किया गया है। इस प्रकार एक सीएचसी में 16 पद सृजित हुए हैं। उन्होंने बताया कि महराजगंज के चौक सीएचसी व बहराइच में बरदहकला सीएचसी में फार्मासिस्ट के दो पद पूर्व सृजित हो चुके हैं।

मतदान से पहले सपा के मुख्य सचेतक ने ही कर दी बगावत

विधान भवन में राज्यसभा चुनाव में मतदान करने जाते सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, साथ में अन्य विधायक। अमृत विचार

▸▸ सपा के सात विधायकों ने किया भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: राज्यसभा चुनाव के लिए विधान भवन में मंगलवार को मतदान शुरु होने से पहले ही सपा के ऊंचाहार विधायक मनोज पांडेय ने पार्टी के मुख्य सचेतक पद से इस्तीफा देते हुए भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट डालने के संकेत दे दिए। इसके बाद विधानभवन स्थित पार्टी कार्यालय में लगी उनकी नेम-प्लेट भी हटवा दी गई।

मनोज पांडेय के अलावा सपा के जिन विधायकों ने भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान किया उनमें राकेश पांडेय (जलालपुर), राकेश प्रताप सिंह (गौरीगंज), अभय सिंह (गोसाइगंज), विनोद चतुर्वेदी (कालपी), पूजा पाल (चायल) और आशुतोष मौर्य (बिसौली) शामिल रहे। जबकि सपा विधायक महाराजी देवी मतदान में अपनी उपस्थिति नहीं दर्ज करा सकीं।

सपा के विधायकों ने ही नहीं बल्कि बसपा के एकमात्र विधायक उमा शंकर पांडेय ने भी राज्यसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को वोट किया है।

मतदान के बाद उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोगों ने मुझसे वोट देने के लिए नहीं कहा इसलिए मैंने भाजपा प्रत्याशी को वोट किया। भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ ने मुझसे समर्थन मांगा था। वहीं, भाजपा प्रत्याशी को वोट देने वाले सपा विधायक मनोज पांडेय ने खरीद-फरोख्त के आरोपों को नकार दिया है। उन्होंने सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव के आरोप पर कहा कि राजनीति में आरोप लगते रहते हैं।

जनसत्ता दल के अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया ने भी अपने व अपने एक विधायक के भाजपा प्रत्याशी को वोट किया। वहीं, रालोद के सभी नौ विधायकों ने एनडीए प्रत्याशियों के लिए मतदान किया।

मतदान के खास दृश्य

- अपना दल के विधायक नील रतन पटेल एंबुलेंस से मतदान करने के लिए पहुंचे। कोरोना संक्रमित नील रतन सिविल अस्पताल लखनऊ में भर्ती हैं।
- सुभासपा विधायक ने मतदान एजेंट पर मत पत्र छीनने का आरोप लगाया। सुभासपा के विधायक जगदीश राय ने जब सपा प्रत्याशी को वोट कर मतपत्र दिखाया तो ऐसा दृश्य पैदा हुआ।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए विधान भवन के तिलक हॉल में मतदान किया और पार्टी के सभी प्रत्याशियों की विजय के लिए हार्दिक मंगलकामनाएं दी।
- अचानक संजय सेठ ने विक्ट्री साइन बनाकर अपनी जीत का एलान कर दिया। दरअसल, खबर फैली कि हंडिया से सपा विधायक हाकिम चंद्र बिंद ने उनके समर्थन में वोट किया। हालांकि बाद में बिंद ने स्पष्ट किया कि उनका वोट सपा को गया है।
- उप्र. की 10 सीटों पर हुए राज्यसभा चुनाव की वोटिंग खत्म हो जाने के बाद कुल 395 वोट पड़े माने गए। वहीं चुनाव आयोग की अनुमति नहीं मिलने के चलते काफी देर तक मतगणना रूकी रही।

बायोमेट्रिक अटेंडेंस न देने वाले परीक्षा से होंगे वंचित

स्टेट मेडिकल फैकल्टी ने कॉलेज प्रबन्धकों को जारी किए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ मार्च माह से बायोमेट्रिक उपस्थिति ही होगी मान्य

▸▸ रोज मेडिकल फैकल्टी के पोर्टल पर करना होगा

अमृत विचार: निर्देश के बावजूद छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बायोमेट्रिक न लेने वाले नर्सिंग व पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्रों के रवैये पर स्टेट मेडिकल फैकल्टी ने नराजगी व्यक्त की है, साथ ही निर्देश दिये हैं कि निर्देशानुसार मार्च माह से सभी छात्रों की बायोमेट्रिक उपस्थिति ही मान्य की जायेगी, अन्यथा वार्षिक परीक्षा में बैठने का मौका नहीं मिलेगा।

उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ.अलोक कुमार ने बताया कि नर्सिंग व पैरामेडिकल पाठ्यक्रम की पढ़ाई करने वालों के लिए बायोमेट्रिक अटेंडेंस अनिवार्य है, इस बाबत मई 2023 में सभी कॉलेज व संस्थानों को पत्र भी प्रेषित किये गये थे, बावजूद तमाम केन्द्रों द्वारा विभाग के सर्वर पर डाटा लोड नहीं किया जा रहा है। जो कि लापरवाही की श्रेणी है। उन्होंने कहा कि कार्यालय के निर्मित पोर्टल पर रोजाना उपस्थिति अपलोड की जानी है। आगामी मार्च से बायोमेट्रिक उपस्थिति को अनिवार्य कर दिया गया है, फिर भी कोई बायोमेट्रिक नहीं कराता है तो ऐसे छात्र-छात्राओं को वार्षिक परीक्षाओं में शामिल होने का मौका नही दिया जायेगा।

इसके लिए उन्होंने कहा कि जिन संस्थानों में बायोमेट्रिक नहीं है, तत्काल स्थापित किये जायें। ताकि मांग के अनुरूप बायोमेट्रिक उपस्थिति की सुविधा को बढ़ावा मिले। साथ ही उन्होंने कहा कि संस्थान में इस बाबत की गई कार्रवाई से 15 मार्च तक स्टेट मेडिकल फैकल्टी कार्यालय को अवगत कराया जाये।

समिति का मतदान स्थगित

अमृत विचार : उप्र स्टेट मेडिकल फैकल्टी की निर्वाचित शासी समिति में रिक्त पदों के लिए एक मार्च 2024 को प्रस्तावित मतदान अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। मंगलवार को उक्त जानकारी देते हुए स्टेट मेडिकल फैकल्टी के निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन की अगली तिथि शीघ्र ही घोषित की जायेगी।

एनएचएम संविदा कर्मियों के बेवजह नहीं होंगे तबादले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ उप मुख्यमंत्री ने जिलास्तर पर तबादला न करने के आदेश दिए

अमृत विचार: उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) के अधिकारियों को निर्देश दिये कि संविदा कर्मचारियों के तबादले अधिकारी अपने स्तर से न करें। निर्देश के बावजूद जिलास्तर पर स्थानानंतरण होने की सूचना मिलेगी तो ऐसा करने वालों पर नियमसंगत कार्रवाई की जायेगी। प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी जिलाधिकारी (जिला स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष) और सभी सीएमओ (जिला स्वास्थ्य समिति के संयोजक) को निर्देश जारी कर दिये हैं।

उप मुख्यमंत्री ने जिलास्तर पर एनएचएम के संविदा कर्मचारियों के तबादलों पर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहाकि इस मसले पर कई जिलों से शिकायत मिल रही है। इस पर तुरंत रोक लगाई जाये। ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रदेश में एनएचएम की योजनाओं को गति बनाने में प्रयास किये जा रहें हैं। इसमें संविदा कर्मचारियों की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। ऐसे में संविदा कर्मचारियों की सुविधाओं पर भी ध्यान देने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि जिले के अधिकारी यदि एनएचएम के संविदा कर्मचारियों का तबादला करते हैं। उसके बाद यदि कोई वाद या विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है तो उसकी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की होगी। ब्रजेश पाठक ने कहा कि जिलों में कार्यरत संविदा कर्मचारियों के लिए लागू मानव संसाधन नीति, गाइडलाइन का कड़ाई से पालन किया जाये। इसमें किसी भी तरह हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में 90 हजार करोड़ का हुआ निवेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से प्रदेश में निवेश बढ़ा

अमृत विचार: प्रदेश में डाटा पार्क्स से लेकर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस में बड़े पैमाने पर निवेश किया जा रहा है। आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में 90 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का भूमि पूजन हुआ है। यह निवेश ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) में होने वाले कुल 10 लाख करोड़ की परियोजनाओं का आठ प्रतिशत से ज्यादा है। इसके जरिए प्रदेश में एनआईडीपी डेवलपर्स, टाटा टेक्नोलॉजीज, एसटीटी ग्लोबल डेटा सेंटर और जैक्सन लिमिटेड जैसे बड़े समूह कई बड़ी परियोजनाओं की शुरुआत कर रहे हैं।

डाटा दिग्गज कंपनी योट्टा 30, हजार करोड़ रुपए का निवेश कर रही है, जिसके माध्यम से एक कैपिटल इंटेंसिव डाटा सेंटर पार्क स्थापित कर किया जा रहा है जो 2160 व्यक्तियों को रोजगार देगा। इसी तरह, एसटीटी ग्लोबल डाटा सेंटर्स इंडिया प्रा. लि. 1850 करोड़ रुपए का डाटा सेंटर स्थापित करने में निवेश कर रही है। इसमें 160 व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। इसके अतिरिक्त, नोएडा में 500 करोड़ रुपए का अत्याधुनिक डेटा सेंटर बनेगा। जैक्सन ग्रुप भी यीडा क्षेत्र में 1560 करोड़ रुपए निवेश कर एक डाटा सेंटर पार्क स्थापित कर रही है।

एआई और मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग परियोजनाओं की भी शुरुआत

एडवर्ब इकोटेक ग्रेटर नोएडा में स्वचालित रोबोट और सामग्री हैंडलिंग प्रौद्योगिकियों को विकसित करने के लिए सुविधा स्थापित किया जायेगा। इसमें 500 करोड़ रुपए का निवेश होगा, साथ ही 2000 व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। इसी तरह, भारतीय बहुराष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण सेवा कंपनी डिक्सन टेक्नोलॉजीज नोएडा के सेक्टर –151 में इलेक्ट्रॉनिक्स–मोबाइल विनिर्माण सुविधा स्थापित करने के लिए 650 करोड़ रुपए का निवेश कर रही है। इसमें लगभग 4000 नौकरियां पैदा होंगी। टाटा टेक्नोलॉजीज, 4174 करोड़ रुपए के निवेश कर लगभग 150 सरकारी आईटीआई की स्थापना करेगा।

पुलिस विभाग के तीन हजार 144 करोड़ के निर्माण कार्यों का आज होगा शिलान्यास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल 28 फरवरी को लोक भवन में पुलिस महकमें के तीन हजार 114करोड़ रूपये के 64 निर्माण कार्यों का शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा 188 करोड़ा 77 लाख रूपये से प्रदेश में बने थाने और पुलिस चैकियों के प्रशासनिक, आवासीय भवनों तथा हॉस्टल-बैरक, विवेचना कक्ष, पुलिस हास्टल तथा एटीएस फील्ड यूनिट कार्यालय सहित कुल 84 निर्माण कार्या का लोकार्पण भी करेगे।

प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद ने बताया कि शिलान्यास एवं लोकार्पण के अलावा प्रयागराज और कुशीनगर में दो पर्यटक थाने शुरू होंगे। इसके अलावा प्रदेश के 57 जनपदों में साइबर क्राइम थाने, 75 जनपदों में 1523 पुलिस थानों पर साइबर सेल, 18 मण्डल मुख्यालयों पर भ्रष्टाचार निवारण संगठन के थाने के साथ-साथ आठ जनपदों में भ्रष्टाचार निवारण संगठन की इकाइयों में भी काम शुरू होगा।

प्रमुख सचिव गृह के मुताबिक शिलान्यास किये जाने वाले निर्माण कार्यो मे 4 पुलिस लाइन, 4 पीएसी वाहिनी, दो एसटीएफ, 21 पुलिस थाना और 33 पुलिस थानों पर मेडिकल कक्ष का शिलान्यास किया जाएगा। लोकार्पित होने वाली 84 योजनाओं में 3 थाना के प्रशासनिक भवन, 6 थाना के आवासीय भवन, 3 पुलिस चौकी के प्रशासनिक भवन, 54 थानों पर हास्टल-बैरक, विवेचना कक्ष, 6 पुलिस लाइन में पुरूष हास्टल, 5 एटीएस के फील्ड यूनिट कार्यालय एवं सात अन्य विविध कार्यो का लोकार्पण करेगे।

बेहतर सुविधा को मिले 48 करोड़ 35 लाख

अमृत विचार, लखनऊ : शासन ने पुलिस कर्मियों के लिये आवासीय व अनावासीय भवनों आदि के निर्माण के लिए 48 करोड़ 35 लाख रूपये से अधिक की धनराशि की स्वीकृति दी है।

प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस आधुनिकीकरण के तहत पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, मुरादाबाद की क्षमता दोगुना किये जाने की बाबत अनावसीय भवनों के निर्माण को 33 करोड़ 80 लाख 35 हजार रूपये तथा आवासीय भवनों के निर्माण हेतु 9 करोड़ 26 लाख 19 हजार रूपये दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि इसी तरह आगरा के थाना फतेहाबाद में श्रेणी–ए के 6 एवं श्रेणी–बी के 9 आवासों के निर्माण के लिए 2 करोड़ 73 लाख 70 हजार रूपये, बिजनौर में थाना बढ़ापुर में 32 क्षमता के हॉस्टल–बैरक एवं विवेचना कक्ष के निर्माण को एक करोड़ 76 लाख 81 हजार रूपये, बिजनौर में थाना नगीन देहात में 16 क्षमता के हॉस्टल–बैरक एवं विवेचना कक्ष के निर्माण कार्य के लिए एक करोड़ 19 लाख 65 हजार रूपये दिए गए हैं।

प्रमुख सचिव (गृह) ने स्वीकृत भवनों का निर्माण कार्य निर्धारित मानक एवं पूर्ण गुणवत्ता के साथ कराने के निर्देश दिए है। उन्होंने निर्माण कार्य निर्धारित समय में पूरा कराने को कहा है। उन्होंने चेतावनी है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता आदि की कमी पाये जाने पर संबंधित दोषी कर्मियों को बख्शा नही जाएगा।

वर्ग पहेली-356

बाएं से दाएं

4.1. नीली कुईं, कोका, इंदीवर 2. पृथ्वी, भूमंडल।

5.1. घुल–मिल जाना 2. पूर्ण होना 3. मिलना।

7.1. व्यक्ति

ऊपर से नीचे

1. शौच कराना, किसी अन्य को मल त्याग कराना।

2.1. तुलना के योग्य 2. जिससे तुलना की जा सकती हो।

3.1. देखने में सुंदर और भला लगने वाला 2. सुंदर, ख़ूबसूरत 3. मनोरम 4. प्रियदर्शन।

4.1. किसी विश्वविद्यालय का प्रधान अधिकारी; (वाइस चांसलर) 2. पितृसत्तात्मक व्यवस्था के अंतर्गत किसी कुल या परिवार का स्वामी, मुखिया 3. प्राचीन काल में गुरुकुल का प्रधान अधिकारी जो छात्रों की शिक्षा और भोजन आदि की व्यवस्था करता था।

6. जानवरों को होने वाला एक रोग।



वर्ग पहेली - 355 का हल

1 कि				
र		2 छि	3 गु	नी
कि			ज	
री		4 अ	रा	ड़
	5 जूं	भि	त	6 म
7 यू		ग		ह
रो		8 म	ज़	कू	री

सुडोकू-73

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

			3	7	9			8
		7				4		
2		9		6	4			
4				1		6		
		2				9		
		1		8				3
		6	8	3		2		5
		8				1		
5			2	4	1			

सुडोकू - 72 का हल

3	5	6	8	7	9	2	1	4
8	2	9	5	1	4	3	6	7
7	4	1	2	3	6	9	8	5
5	8	7	4	2	3	6	9	1
1	6	4	9	8	7	5	2	3
9	3	2	6	5	1	4	7	8
4	9	3	1	6	8	7	5	2
2	7	8	3	9	5	1	4	6
6	1	5	7	4	2	8	3	9

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 फरवरी, बुधवार 2024 संवत–2080, शक संवत 1945 मास–फाल्गुन, पक्ष–कृष्ण पक्ष, तिथि–चतुर्थी 29 फरवरी 04 .18 तक तत्पश्चात पंचमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल– उत्तर। **ऋतु**–वसंत।
चन्द्रबल–मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल–अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र–हस्त 07 .33 तक तत्पश्चात चित्रा।

मेष – आज परिवार और कारोबार दोनों में ही अच्छा तालमेल बनाकर रखेंगे। जीवनसाथी से महत्वपूर्ण विषयों पर सलाह लेना हितकर होगा। पाचन की कमजोरी के कारण अपच और उल्टी जैसी समस्या हो सकती है।

वृष – आज कार्यक्षेत्र में आपको अपनी गुणवत्ता का ध्यान रखना चाहिए। आत्मविश्वास के साथ अपने काम करेंगे। नकारात्मक बातों पर ज्यादा ध्यान न दें। नए प्रेम संबंधों में तनाव होने के योग बन रहे हैं। दिन के उत्तरार्ध में कोई बड़ा काम पूरा हो सकता है।

मिथुन – आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहेगी। त्वरित निर्णय लेने से व्यवसाय में प्रगति हो सकती है। साझेदारी संबंधि कार्यों में आपको काफी ज्यादा ध्यान देना होगा। आपको अपनी गलतियों को सुधारने के कई मौके मिलेंगे।

कर्क – आज महत्वपूर्ण यात्रा होने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास की कमी के कारण निर्णय गलत हो सकते हैं। भाई–बहनों के साथ संबंध मधुर रहेंगे। कार्यक्षेत्र में राजनीति का सामना करना पड़ेगा। धन से जुड़े मामलों को लेकर भाग्यशाली रहेंगे।

सिंह – आज बॉस आपके ऊपर नाराज हो सकते हैं। जॉब को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में नहीं लगेगा। दोपहर के पहले कुछ अनचाही स्थितियों का सामना करना पड़ेगा, लेकिन अचानक से स्थितियां आपके पक्ष में आती हुई प्रतीत होंगी।

कन्या – आज आपके सामाजिक संबंध प्रगाढ़ होंगे। गलत खान–पान के कारण स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। नया व्यापार शुरू करने की योजना को आकार दे सकते हैं। जीवनसाथी आपके मनोबल को बढ़ायेगा। अपनी शक्ति का सकारात्मक प्रयोग करेंगे।

तुला – आज महत्वपूर्ण दस्तावेजों को संभाल कर रखें। बच्चों के व्यवहार से कुछ चिंतित हो सकते हैं। नए विषयों को सीखने की कोशिश करेंगे। परिवार में आपके गुणों की प्रशंसा होगी। आपके ऊपर जिम्मेदारियां बढ़ने वाली है।

वृश्चिक – आज आपको ऐसे व्यक्तियों से मिलना पड़ सकता है ,जो आपके व्यक्तित्व को काफी प्रभावित करने वाले हैं। आवश्यक कार्यों को शाम से पहले पूरा कर लेना हितकर होगा। बेकार की बहसों से बचने का प्रयास करें।

धनु – आज सभी जरूरी काम पूरे करने की कोशिश करेंगे। छोटी–छोटी परेशानियों से निजात मिलेगी। जीवनसाथी के साथ रिश्ते बहुत प्रगाढ़ होंगे। सामाजिक आयोजन में आप भागीदारी कर सकते हैं। मित्रों से शुभ सूचना आपको प्राप्त हो सकती है।

मकर – आज अपने जीवन–स्तर को ऊंचा करने की दिशा में प्रयास करेंगे। भोग–विलास में आप काफी धन खर्च कर सकते हैं। जीवन से सभी क्षेत्रों में आपका प्रदर्शन बेहतरीन रहने वाला है। तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए शुभ दिन सिद्ध होगा।

कुंभ – आज अनावश्यक लोगों के साथ विचार–विमर्श कर समय बर्बाद न करें। कुछ लोग आपके हितैषी होते हुए भी आपकी आलोचना करेंगे। बोलचाल में विनम्र भाषा का प्रयोग करें। मित्रों के स्वभाव में कुछ बदलाव देखने को मिलेगा।

मीन – आज दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। नया कार्य शुरू करने के लिए दिन अच्छा नहीं है। व्यापार में अड़चनें आ सकती हैं। सहकर्मियों से भी आपको परेशान होना पड़ सकता है। लोगों के बीच आपका व्यवहार काफी सराहा जाएगा।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
होते होते प्यार हो गया
सुबह : 11.39
कीमत
रात : 07 .07

SONY MAX
लगे रहो मुन्ना भाई
सुबह : 10 .12
विश्वासघात
रात : 10 .04

SONY PIX
लाइफ
सुबह : 10 .48
जिओस्ट्रोम
रात : 09 .00

ZEE CINEMA
हाईजेक
सुबह : 10 .30
विजय द मास्टर
रात : 07 .30

colors CINEPLEX
जुर्माना
दोपहर : 12 .31
फिर हेरा फेरी
रात : 09 .58

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर सुबह–10 .12 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पति –मेरे सीने में बहुत दर्द हो रहा है, जल्दी से एम्बुलेंस के लिए फोन लगाओ।
पत्नी– हां, लगाती हूं, जल्दी अपने मोबाइल का पासवर्ड बताओ
पति– रहने दो, अब थोड़ा ठीक लग रहा है।

पप्पू ने गली के कोने में कचरा फेंक दिया। थोड़ी देर बाद वो घूम फिर कर गली में ही वापस आया, तो मोहल्ले वाले आपस में लड़ने लगे कि, कचरा किसने फेंका!
एक औरत ने गुस्से से कहा–फेंका होगा किसी कुत्ते के बच्चे ने।
पप्पू हंसा और बोला– कचरा मैंने फेंका और नाम कुत्ते के बच्चे का आ गया।

खाद्य टीम का छापा, नमकीन चटनी व पास्ता के भरे नमूने

एसडीएम की कार्रवाई से दुकानदारों में मचा हड़कंप

संवाददाता सैफई, इटावा

अमृत विचार। एसडीएम सैफई ने खाद्य विभाग की टीम के साथ आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के चैनल नंबर 104 पर बने फूड प्लाजा पर नमकीन व चटनी, पास्ता के सैंपल लिए। एसडीएम की कार्रवाई से हड़कंप मचा रहा। आनन-फानन में अन्य दुकानें बंद हो गई।

एसडीएम सुशांत श्रीवास्तव एवं खाद्य विभाग के अधिकारी कलामुद्दीन टीम के साथ एक्सप्रेसवे पर बने फूड प्लाजा पर अचानक पहुंची वहां नमकीन, पास्ता, चटनी आदि खाद्य पदार्थ के नमूने लेकर जांच हेतु भेजे गए। अधिकारियों ने बताया कि जांचोपरांत खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर नगर की विभिन्न दुकानों का निरीक्षण कर उन्होंने खाद्य पदार्थ बेचने वाले कारोबारियों को जागरूक करते हुए लाइसेंस बनवा कर कारोबार करने का आह्वान भी किया।

फूड प्लाजा पर खाद्य पदार्थों के नमूने भरते एसडीएम एवं अन्य। अमृत विचार

उधर, टीम द्वारा की गई कार्रवाई की जानकारी मिलने पर क्षेत्र के परचून, खाद्य पदार्थ एवं दूध व डेयरी की दुकाने फटाफट बंद हो गई। टीम के चले जाने के बाद दुकानें फिर से खुल गई। इस दौरान नायब तहसीलदार अलख शुक्ल, सहित पुलिस टीम मौजूद रही।

गैंगस्टर एक्ट में एक को सात साल का कारावास

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- कोर्ट ने पांच हजार रुपया का जुर्माना भी लगाया

अमृत विचार। अपर सत्र न्यायाधीश व विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट यज्ञेश चंद्र पांडे ने 13 साल पुराने एक गैंगस्टर एक्ट के मामले की सुनवाई करते हुए एक आरोपी को दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उसे सात साल की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उस पर पांच हजार रुपया का जुर्माना भी लगाया। जर्माना अदा न करने पर उसे तीन माह का अतिरिक्त कारावास भोगना पड़ेगा।

जिला शासकीय अधिवक्ता शिव कुमार शुक्ला ने बताया कि जीआरपी के थानाध्यक्ष सुनील कुमार श्रीवास्तव ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि वह गस्त परथे तभी स्टेशन पर जानकारी मिली कि अतुल चौधरी का अपना एक गैंग है। जो ट्रेनों में लोगों को से लूटपाट के अलावा जहर खुरानी की वारदातों को अंजाम देते है। गैग में अंशू भारद्वाज पुत्र महेश भारद्वाज निवासी जय भारत कालोनी भी शामिल है। वह शातिर किस्म का अपराधी है। जीआरपी न अंशू के खिलाफ गैगेस्टर की कार्रवाई की थी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बाद में पुलिस ने आरोप पत्र कोर्ट में पेश कर दिए।

मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश गैगेस्टर एक्ट कोर्ट में हुई। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता कृष्ण सहाय शुक्ला ने उसके खिलाफ गवाह व साक्ष्य पेश किए। कोर्ट ने उसे दोषी मानते हुए सात साल की सजा सुनाई इसके अलावा पांच हजार रूपया का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर उसे तीन माह का अतिरिक्त कारावास भोगना पड़ेगा।

हादसों में एक की मौत दो लोग हुए घायल

इटावा। जिले के अलग अलग स्थानों पर हुए हादसों में एक युवक की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पहली घटना भरथना थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुई जहां किसी ट्रेन की चपेट में आने से अंकित 18 पुत्र रवीद्र सिंह निवासी उसीरा थाना भरथना की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दूसरी घटना इकिदल थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे पर मानिक पुर मोड के पास हुई। जहां अज्ञात वाहन की चपेट में आने से कैलाश पुत्र सिया राम निवासी देसर मऊ गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके अलावा भरथना थाना क्षेत्र के गांव तुरैया के पास बाइक की चपेट में आने से शिव कुमार पुत्र कमलेश कुमार निवासी सरैया भरथना घायल हो गया। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जेल वाले सैय्यद बाबा का उर्स चादर पोशी के साथ शुरू

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- महफिले समां में कव्वालों ने पेश किए बेहतरीन कलाम

अमृत विचार। स्व. बशीर अहमद नियाजी मेवाती टोला द्वारा स्थापित हज़रत नूर अली जेल वाले सैय्यद बाबा का दो दिवसीय सालाना 52 वां उर्स मुबारक पूरी शानो शौकत और उत्साह के साथ शुरु हुआ। उर्स का उद्घाटन हज़रत नूर अली जेल वाले सैयद बाबा के ग़ुस्ल के साथ हुआ।

दरगाह हज़रत नूर अली जेल वाले सैयद बाबा कमेटी के अध्यक्ष वसीम अहमद नियाजी जिम्मी बशीर व सेकेट्ररी इख्तियार अहमद मोनू बशीर की देखरेख में सालाना उर्स मुबारक सैयद एजाज हुसैन, हाफिज मोहम्म्द अहमद चिश्ती, हाफिज फैजान चिश्ती के संचालन में शुरू हुआ। उर्स के प्रथम दिन जेल वाले सैयद बाबा की दरगाह पर ग़ुस्ल हुआ।

इसके बाद स्व. बशीर अहमद नियाजी के मकान मेवाती टोला से मोनू बशीर, पप्पू बशीर, सोनू बशीर, जिम्मी बशीर की देखरेख में चादर उठी को रेलवे रोड होती हुई जेल वाले सैयद बाबा की दरगाह पर पेश की गईं। रात में जेल वाले सैयद बाबा की दरगाह पर महफिले समां का आयोजन किया गया जिसमें सलीम झंकार कव्वाल ग्वालियर, मतलूब नियाजी कव्वाल शमशाबाद फर्रुखाबाद ने महफिले समां में बेहतरीन कलाम पेश कर जमकर वाहवाही हासिल की।

गणित के पेपर में भी 84 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

महेवा, इटावा। महेवा स्थित लोकमान्य रुरल इण्टर कॉलेज पर प्रधानाचार्य डॉ शिव शंकर त्रिपाठी के निर्देशन में परीक्षा सम्पन्न हुई। कुल पंजीकृत 374 में से 47 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। बिहारी जी इण्टर कॉलेज अहेरीपुर में प्रधानचार्या डॉ निशा वर्मा के नेतृत्व में व परीक्षा प्रभारी शिव प्रबल प्रताप सिंह राव की देखरेख में गणित की परीक्षा संपन्न हुई जिसमें कुल 144 परीक्षार्थियों में से 7 परीक्षार्थी गायब रहे। निवाड़ीकला स्थित पंडित रमेश चन्द्र इण्टर कॉलेज में कुल पंजीकृत 352 परीक्षार्थियों में 30 परीक्षार्थी गायब रहे। केंद्र व्यवस्थापक डॉ अरविंद कुमार दुबे व अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक राजकिशोर दुबे की देखरेख में परीक्षा सम्पन्न हुई।

राजस्व टीम ने साफ कराया अतिक्रमण

संवाददाता बकेवर, इटावा

- राजस्व विभाग के अतिक्रमण अभियान पर ग्रामीणों ने जताया आक्रोश

अमृत विचार। बकेवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत अहेरीपुर कस्बा में गरीबों की झोपड़ियों को हटाये जाने से लोगों में रोष हैं। एक दर्जन से अधिक महिलाओं ने आरोप लगाया है कि प्रॉपर्टी डीलर और प्रशासनिक अधिकारियों की मिली भगत से उजाड़ने का काम किया गया है।

अहेरीपुर कस्बा दलालन मुहल्ला मस्जिद के पास मुकुटपुर गांव के किनारे पड़ी जगह पर पड़ी झोपड़ियों के खिलाफ राजस्व विभाग की ओर से की जा रही कार्रवाई से लोगों में रोष व्याप्त है। प्रॉपर्टी डीलर और प्रशासनिक अधिकारियों की मिली भगत से गरीबों के झोपड़ियों को हटाया जा रहा है। बरसों पूर्व हुई चकबंदी के दौरान बची भूमि को रास्ता के नाम की गई थी। जिसका गाटा संख्या 446 है जिसमें करीब 300 मीटर की लंबाई और करीब 60 फीट चौड़ाई की भूमि रास्ता के नाम जोड़ दी गई थी। जिसमें करीब 20 फुट चौड़ा रास्ता बना हुआ है। उसके बीच में मस्जिद के सामने 300 मीटर की लंबाई और 60 फीट चौड़ाई की भूमि है। जिस पर ग्रामीण बरसों से पशु बांधते और कूड़ा डाल रहे थे। एक वर्ष पूर्व उन्होंने वहां पर लाली देवी, राजकुमारी, सुषमा देवी, मिथिलेश कुमारी, सुनीता, पिंकी देवी, ज्योति देवी, पानकुंवर, दिव्या, पूजा, लक्ष्मी देवी, गीता देवी, जरीना रमन आदि परिवार ने झोपड़ी रखने के लिए ली थी। सरकारी जगह के पीछे खेतों को प्रॉपर्टी डीलर ने प्लाटिंग के उद्देश्य से खरीद लिया। उस जगह को खाली करवा कर प्रॉपर्टी डीलर रोड के किनारे फ्रंट पर आकर अपने जमीन प्लाटों में बिक्री करना चाहता है। प्रॉपर्टी डीलर ने स्थानीय व्यक्ति से अतिक्रमण हटाने की शिकायत की। आरोप है कि सोमवार को भरथना नायब तहसीलदार मनीष द्विवेदी और लेखपाल सुधीर चौबे तथा कुछ प्रॉपर्टी डीलर के लोगों के साथ पहुंचकर बिना उनकी मौजूदगी में गरीबों के आशियाने को उखाड़ कर फेंक दिया। भरथना एसडीएम कुमार सत्यम जीत ने दूरभाष पर बताया कि रास्ते पर ग्रामीणों ने झोपड़िया रखकर अतिक्रमण कर रखा था। शिकायत पर राजस्व टीम भेज कर अतिक्रमण को हटाया गया है। आगे भी अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

लाखों खर्च फिर भी नहीं सुधरे हालात

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। स्वच्छ भारत अभियान पर केंद्र सरकार करोड़ों रुपये खर्च कर रही है। लेकिन, सफाईकर्मी इस अभियान को भी पलीता लगा रहे हैं। वह नियमित रूप से गांवों में नहीं पहुंच रहे हैं, जिससे गांवों में गंदगी का अंबार लगा है। जगह-जगह कूड़े के ढेर लग गए हैं। सफाई कर्मियों की लापरवाही के कारण ग्रामीणों को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब देश में स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की तो उस समय क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने हाथों में झाड़ू लेकर सफाई अभियान भी चलाया। जमकर फोटो भी खिचवाई, लेकिन समय गुजरने के बाद इस अभियान की गति सुस्त हो गई है। बिधूना विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत बेला में सफाई के लिए सपा शासनकाल में गांव की साफ-सफाई के लिए रखे गए सफाई कर्मी अब अपनी ड्यूटी को लेकर गंभीर नहीं हैं और गांव में नियमित सफाई के लिए नहीं पहुंच रहे। आए दिन ग्रामीण इनकी शिकायतें बिधूना ब्लॉक पर जाकर करते हैं। सफाई कर्मियों के नहीं पहुंचने पर गांव में गंदगी के ढेर लग रहे हैं। साफ-सफाई न होने से गांव में बीमारियां फैल रही हैं।

गांव में फैली गंदगी।

बेला क्षेत्र में अधिकांश गालियां ऐसी है जहाँ सड़को पर पानी भरा है। नालियां बजबजा रही है जिससे संक्रामक रोग फैलने का भी खतरा बना हुआ है। वही 2023 में संचारी रोग रोकथाम हेतु लगभग 96 हजार रुपये की लागत से साफ सफाई कराई गई।

वहीं, प्रति माह 50 हजार रुपये साफ सफाई पर खर्च हो रहे है। लेकिन धरातल पर सफाई नजर नही आती है। ग्राम सचिव राजपाल ने बताया कि उन्हें इसकी जानकारी नही है। सोमवार को जांच कर साफ सफाई करवा दी जाएगी।

भाकियू भानु ने पांच सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- किसी काम के लिए महीनों टरकाने का लगाया आरोप

अमृत विचार। भारतीय किसान यूनियन भानु के नेताओं ने मंगलवार को किसानों की पांच सूत्रीय मांगों को लेकर जिलाधिकारी के लिए उनके अधीनस्थ अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर समस्याओं का जल्द निराकरण कराने की मांग की है। किसान यूनियन भानु के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह चौहान भाकियू (भानु) के जिला प्रभारी विनय सिंह भाकियू युवा के जिलाध्यक्ष हरिओम राठौर, ऐरवाकटरा ब्लॉक अध्यक्ष योगेंद्र प्रताप सिंह, रवि आदि किसान नेताओं ने मंगलवार को किसानों की पांच सूत्री मांगों से संबंधित डीएम के लिए उनके अधीनस्थ अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

सौंपे गये इस ज्ञापन में अधिशासी अभियंता विद्युत कार्यालय दिबियापुर में अधिशासी अभियंता व उनके कार्यालय के कर्मचारियों की गलत कार्यशैली के कारण किसानों को भारी दिक्कतें हो रही हैं। प्रत्येक काम के लिए उन्हें महीनों टरकाया जाता है। जिसकी जांच कराकर समस्या का निदान कराए जाने। इन पर प्रतिबंध लगाए जाने, ग्राम पंचायतों में बने पंचायत भवनों में पंचायत संबंधी कामकाज नहीं किया जाता जिससे लोगों को दिक्कतें हो रही हैं।

समस्या का निराकरण कराए जाने, तहसील कार्यालय में तैनात चकबंदी सीओ पिछले लगभग 4-5 वर्षों से एक ही जगह पर जमे हैं उनका स्थानांतरण करवा कर व्यवस्था सुधारे जाने, बिधूना नगर में सड़कों पर अतिक्रमण से जाम के साथ दुर्घटनाएं हो रही हैं। समस्या का निराकरण कराए जाने की मांगे शामिल है।

चार ने विषाक्त पदार्थ का किया सेवन, भर्ती

इटावा। जिले के अलग अलग स्थानों पर चार लोगों ने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। पहली घटना जसवंत नगर के मोहल्ला फक्कड़पुरा में हुई जहां घरेलू कारणों से परेशान होकर शाहीन पुत्री राजू ने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। दूसरी घटना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला स्वरूप नगर में हुई जहां पति से विवाद होने के बाद इमरान की पत्नी करिश्मा ने भी विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। इसके अलावा नगला नगौली में पति से विवाद होने के बाद रवीना ने भी किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। उन सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके अलावा मानिकपुर मोड निवासी महेश राजपूत की पत्नी कमलेश कुमारी ने घरेलू कारणों से परेशान होकर किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

मनमानी | पीड़ित किसानों ने जिलाधिकारी को पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार

बिना किसी भुगतान के रेलवे ने भूमि पर किया कब्जा

संवाददाता, कंचौसी, औरैया

अमृत विचार। कंचौसी रेलवे स्टेशन के उत्तर पश्चिमी किनारे पर बनाये जा रहे रेलवे बिजली घर में इंजीनियर व ठेकेदार ने जेसीबी मशीन चलाकर रेलवे की भूमि के साथ किसानों की जमीन का बड़ा हिस्सा कब्जा कर लिया है। सोमवार को जिला सामकेतिक विशेष मूक बधिर विद्यालय हीरानगर कंचौसी में दिव्यांग जनों को ट्राई साइकिल वितरण करने पहुंचीं जिलाधिकारी नेहा प्रकाश को पीड़ित किसान ज्ञान प्रकाश, राजकुमार पोरवाल आदि ने शिकायती पत्र देकर समाधान की मांग की है।

कंचौसी स्टेशन के किनारे बिधूना तहसील के राजस्व गांव नौगवा के गाटा संख्या 1308 के बडे हिस्से को अपने मे मिलाकर सीमेंट सरिया कंक्रीट की मोटी दीवार खड़ी कर दी है। जबकि निर्माण से पहले खेत मालिक ज्ञान प्रकाश, राजकुमार पोरवाल आदि ने उप जिलाधिकारी बिधूना, तहसीलदार को पत्र देकर सीमांकन की मांग की थी। इस पर लेखपाल राजशेखर ने नापजोख कर किसानों की जमीन होने की रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों को देकर रेलवे से बदले में किसानों को मुआवजा देने को कहा था। लेकिन रेलवे ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। न ही किसानों को कोई नोटिस दिया, जिससे मायूस किसान इसे रेलवे की जबरदस्ती बता रहे है। जब कि रेलवे का कोई वरिष्ट अधिकारी आज तक मौके पर नही पहुंचा और न किसानो को कोई संतोष जनक जवाब दिया है।

रेलवे बिजली घर के पास कराया जाता निर्माण। अमृत विचार

इस संबध में रेलवे के आई.ओ.डब्ल्यू सौरभ कुमार संयुक्त टीम से जमीन की नाप कराने की बात कह रहे है। वहीं, दूसरी ओर ढिकियापुर गांव के किसान राना दोहरे उसके भाइयों ने पेटी ठेकेदार राजकुमार द्वारा उनके खेत मे जबरन रेलवे पटरी के किनारे चाहर दीवार बना दी है, जिसे उन्होंने अधिकारियों के आदेश पर लेखपाल को मौके पर ले जाकर चाहरदीवारी का काम रोक दिया है। लेकिन, रेलवे के अधिकारी इस पर कुछ बोलने से कतरा रहे है।

मच्छरों का प्रकोप बढ़ने से मलेरिया डेंगू की आशंका

संवाददाता, कंचौसी, औरैया

- मच्छरों पर नियंत्रण से बचाव को नहीं उठाये कारगर कदम

अमृत विचार। मौसम में अचानक तापमान बढ़ते ही अचानक मच्छरों का भीषण प्रकोप होने से मलेरिया डेंगू फैलने की आशंका से लोग बेहद भयभीत हैं। मच्छरों के कारण लोगों की रात की नींदें व दिन का चौन भी छिन गया है। इसके बावजूद स्वास्थ्य महकमे द्वारा अब तक मच्छरों पर नियंत्रण के लिए कोई कदम नहीं उठाया है।

इन दिनों अचानक मौसम में तापमान बढ़ने के साथ ही मच्छरों का भीषण प्रकोप हो गया है। आलम यह है शाम ढलते ही मच्छरों का कहर लोगों पर टूट पड़ता है। मच्छरों के दंश से लोगों की रात की नींदें हराम हो रही है। वहीं, दिन के समय भी यह मच्छर लोगों पर कहर ढाने से नहीं चूकते हैं। मच्छरों के काटने से नन्हे-मुन्ने बच्चों की तो रात के समय चीखें ही सुनाई पड़ती हैं। इन जहरीले मच्छरों के काटने से लोगों के शरीर पर लाल चकत्ते फफोले पड़ने और उनमें तेज दर्द खुजली होने के साथ उनमें पानी भी निकलने लगता है। क्षेत्रीय लोगों द्वारा मच्छरों से निजात के लिए गांवों कस्बों के नाले नालियों में एंटी लारवा व डीडीटी का छिड़काव एवं फागिंग कराने को लेकर लगातार मांग उठाई जा रही है, किंतु इसके बावजूद संबंधित स्वास्थ्य महकमा चुप्पी साधे नजर आ रहा है। अचानक मच्छरों का प्रकोप होने से मलेरिया डेंगू फैलने की आशंका के बावजूद स्वास्थ्य महकमे द्वारा अब तक मच्छरों व मलेरिया से बचाव एवं नियंत्रण के लिए कोई कारगर कदम उठाए जाते नजर नहीं आए हैं। कंचौसी संघर्ष सीमित के अध्यक्ष ताराचंद्र पोरवाल, राहुल तिवारी, शैलेश अवस्थी, आदि ने मच्छरों एवं मलेरिया से बचाव एवं नियंत्रण के लिए कारगर कदम उठाए जाने की जिला प्रशासन से मांग की है।

सार-संक्षेप

डीएम नेहा प्रकाश व एसपी चारु निगम को सम्मानित करते कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद।

लखनफ में डीएम व एसपी को किया गया सम्मानित

औरैया। जिले में 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर परिवहन विभाग, शिक्षा विभाग एवं जन सहयोग से सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए वृहद मानव श्रृंखला का सफल आयोजन किया गया था। जिसमें उपस्थित छात्र-छात्राओं व भारी जन समूह को मतदाता जागरुकता व यातायात नियमों के संबंध में जागरूक करते हुए शपथ भी दिलाई गई थी। इस आयोजन की सफलता पर परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा लखनऊ में 27 फरवरी को आयोजित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के समापन पर राज्य स्तरीय सड़क सुरक्षा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री लोक निर्माण विभाग जितिन प्रसाद व राज्य मंत्री परिवहन विभाग (स्वतंत्र प्रभार) दया शंकर सिंह द्वारा जिलाधिकारी नेहा प्रकाश व पुलिस अधीक्षक चारु निगम को पुरस्कृत किया गया।

गड्ढे में पलटा पड़ा ट्रैक्टर।

ट्रैक्टर ट्राली गड्ढे में घुसी, चालक ने कूदकर बचाई जान

ऐरवाकटरा, औरैया। ट्रैक्टर ट्राली में बिजली के खंभे लदे हुए जा रहे थे। तभी, अचानक ट्रैक्टर की ट्रॉली अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गई। ट्रैक्टर चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। चालक ने बड़े सावधानी से ट्रैक्टर से कूद गया और वहां आसपास खड़े लोगों को भी बचा लिया और गाड़ी गहरे गड्ढे में जा गिरी, जिससे ट्राली में लदे हुए बिजली के खंभा भी वहीं गिर गये। उनको बड़ी मुश्किल से अन्य गाड़ियों की सहायता से निकल गया।

सफाई करते सेवा दलों के लोग।

बाबा जी के जन्म दिवस के पर्व पर चला सफाई अभियान

ऐरवाकटरा, औरैया। कस्बा ऐरवा कटरा के श्री बूढ़े बाबा शिव मंदिर के तट से निकले माइनर की 500 मीटर दूरी सीमा तक का सत्संग सेवा दलों ने सफाई की। सेवा दल के प्रभारी रवि बाथम ने बताया कि आज सत्संग सेवा दल निरंकारी बाबा हरदेव सिंह के जन्मदिवस पर माता सुदीक्षा के दिशा-निर्देशन में चलाया गया। सफाई प्रोजेक्ट अमृत महोत्सव के तहत स्वच्छ जल का वर्णन किया गया। साथ में सेवा दलों ने सार्वजनिक स्थलों पर सफाई का संकल्प लिया। सफाई अभियान में महिला भाई-बहन सहयोग करते देखे गए। सहयोग में गौरव, जवाहर लाल, रवि बाथम, रजनीकांत, ज्योति, गुनगुन, डोली आदि मौजूद रहीं।

व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को नियुक्त पत्र सौंपते आलोक दीक्षित

धारा 43 ए एमएसएमई कानून में बदलाव की मांग

इटावा। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित एवं महामंत्री रिषी पोरवाल नें नौरंगाबाद के बैटरी व्यवसायी राहिल सगीर को व्यापार मंडल का जिला सचिव मनोनीत किया गया है। जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित ने कहा कि सरकार नित नये कानून बनाकर व्यापार करना कठिन करती जा रही है। आयकर विभाग की धारा 43 ए एमएसएमई कानून जिसमें व्यापारी को खरीदे गये माल का 15 दिन के अन्दर भुगतान करना होगा जो व्याहारिक रूप से कतई संभव नहीं है। अत: व्यापार मंडल इस कानून का विरोध करता है तथा इस कानून को वापस करनें की मांग करता है, इसके लिए व्यापार मंडल के केन्द्रीय नेतृत्व नें केन्द्रीय वित्त मंत्री से समय मांगा है, हम व्यापारियों को आशा है कि सरकार व्यापारियों की मांगों की समीक्षा करेगी, और व्यापारी हित मे कार्य करेगी अगर सरकार नें हमारी मांगे नहीं मानी तो व्यापार मंडल प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर धरना प्रर्दशन आदि करनें को मजबूर होगा। इस अवसर पर राहत हुसैन रिजवी, अजीत कुमार, कामरान खान, साकिर भाई, धर्मेंद्र यादव, बल्लू फैय्याज, सुनील गुप्ता, जगत शर्मा, नमित अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

दाल की बड़ी खरीदती फाउंडेशन की पदाधिकारी।

महिलाओं को स्वरोजगार के लिए दिया प्रशिक्षण, सामग्री भी खरीदी

इटावा। ग्लोबल पीस फाउंडेशन की ओर से महिलाओं को विभिन्न कार्यो के संबंध में प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया गया जिससे वे आत्मनिर्भर बन सके। इसके साथ ही इन महिलाओं द्वारा तैयार की गई सामग्री की खरीदारी भी की। फाउंडेशन की ओर से अध्यक्ष सीमा सिंह, सचिव गरिमा दुबे व प्रभा गावा ने बढ़पुरा ब्लाक के गांवों में जाकर महिलाओं को दाल की बड़ी और रुई की बत्ती बनाने जैसे कार्यो के लिए प्रशिक्षित किया गया। इससे महिलाएं यह छोटे छोटे कार्य करके आत्मनिर्भर बन सकेंगी। फाउंडेशन की पदाधिकारियों ने बताया कि बेरोजगार महिलाओं को रोजगार के लिए प्रेरित करने और उनकी मदद करने का कार्य फाउंडेशन की ओर से किया जाता रहेगा।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 990 फ्लैग 1100 डीएमओ 870 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)	
लोकल	मिल डिलीवरी
गेहूं दड़ा	2525-2550
आर.आर.21	2700-2750
गेहूं फारम	2800-2850
जौ	2000-2100
ज्वार	2600-4000
बाजरा	2125-2175
मकाई	2000-2200
दलहन (प्रति क्वि.)	
चना	5200-5400
अरहर	7500-8000
मसूर	5500-5600
मटर	4200-4300
उड़द हरा	10000-10200
उड़द काला	6000-8000
मूंग	8500-8800
दाल (प्रति क्वि.)	
अरहर फूल	14500-14700
अरहर स्पेशल1	12000-12100
चना दाल	6900-7000
मटर दाल	4900-5000
मसूर मलका	6800-6850
मसूर दाल	6900-6950
उड़द दाल	9000-12000
उड़द धोवा	10500-13000
मूंग दाल	8800-10300
मूंग धोवा	9800-11500
चावल (प्रति क्वि.)	
अरवा	2000-2300
बासमती नं 1.	8500-10000
सेला	2500-3000
बासमती नं 2.	6500-7500
किराना (प्रति क्वि.)	
कली मिर्च	55000-70000
बड़ी इलायची	85000-120000
सोंठ	30000-40500
धनिया	6000-13000
लाल मिर्च	28000-34000
जीरा	58000-62000
अजवाइन	20000-28000
हल्दी	13500-16500।

मोदी के तीसरे कार्यकाल में भी जारी रहेंगे सुधार कार्य

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उद्योग निकाय फिक्की की ओर से आयोजित कार्यक्रम में किया आश्वस्त

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को भारतीय उद्योग जगत से खुद को 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य के साथ जुड़ने का आह्वान किया। उद्योग निकाय फिक्की की ओर से आयोजित 'विकसित भारत @ 2047: विकसित भारत व उद्योग' सत्र को संबोधित करते हुए मंत्री ने उद्योग जगत को आश्वस्त किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल में भी सुधार जारी रहेंगे।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने फिक्की के कार्यक्रम में कहा कि कोई भी देश डिजिटल इंफ्रा के बिना विकास का लक्ष्य हासिल नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि हम डेवलपमेंट गोल के साथ आगे बढ़ेंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार एआई के क्षेत्र में इनोवेशन और निवेश को बढ़ावा देगी। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार स्पेस सेक्टर में भी निवेश को बढ़ावा देगी।

अप्रैल-मई में होने वाले आम चुनावों के बाद नई सरकार का गठन होगा और भाजपा को विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में लौटेंगे। सीतारमण ने कहा कि भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। मंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों के दौरान सरकार की ओर से कई सुधार किए गए हैं और यह प्रवृत्ति जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि अगली मोदी सरकार द्वारा किए जाने वाले सुधारों में उत्पादन के कारकों पर ध्यान दिया जाएगा।

फिक्की के कार्यक्रम में मौजूद सीतारमण व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर।

'विकसित भारत@2047' कार्यक्रम में बोले अनुराग

एक दशक में यूपीए से यूपीआई तक का आया बदलाव

नई दिल्ली। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि सरकार की पहल और उद्योग सहित सभी वर्गों के योगदान से भारत 2047 से बहुत पहले एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा। ठाकुर ने फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) द्वारा आयोजित 'विकसित भारत@2047' सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की साहसिक नीतियों और निर्णयों के कारण भारत दुनिया की पांच नाजुक अर्थव्यवस्थाओं में से एक से हटकर शीर्ष पांच में पहुंच गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि चुनावों में मिले स्पष्ट जनादेश के कारण प्रधानमंत्री को कठोर निर्णय लेने का अधिकार मिल गया। ठाकुर ने कहा, "यदि आप 2014 पर नजर डालें तो हम दुनिया की पांच नाजुक अर्थव्यवस्थाओं में से एक थे। भ्रष्टाचार के मामले थे। एक खोए हुए दशक से लेकर 'टेकेड' (प्रौद्योगिकी से भरपूर दशक) तक, यूपीए के समय से लेकर यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) के समय तक का ये सफर कैसा रहा है, मुझे लगता है कि चीजें बदल गई हैं।"

देश में कर्मचारियों के वेतन में औसत 10% वृद्धि की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

- सर्वे के मुताबिक, सर्वाधिक लाभ वाहन-विनिर्माण के क्षेत्र में

भारत में कंपनियों द्वारा इस साल कर्मचारियों के वेतन में औसतन 10 प्रतिशत वृद्धि किए जाने की उम्मीद है। मंगलवार को जारी एक सर्वे में यह बात कही गई है। सर्वे में कहा गया है कि सबसे अधिक वेतनवृद्धि का लाभ वाहन, विनिर्माण और इंजीनियरिंग क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों को मिलेगा।

मंगलवार को जारी परामर्शक फर्म मर्सर के कुल पारिश्रमिक सर्वेक्षण (टीआरएस) के अनुसार, वर्ष 2023 में औसत वेतनवृद्धि 9.5 प्रतिशत थी। इसमें कहा गया, 'यह प्रवृत्ति भारत के मजबूत आर्थिक प्रदर्शन और नवाचार और प्रतिभा के केंद्र के रूप में इसके बढ़ती आकर्षण को दर्शाती है। भारत में वाहन, विनिर्माण, इंजीनियरिंग और जीवन विज्ञान में कर्मचारियों को सबसे अधिक वेतनवृद्धि मिलने का अनुमान है। यह इन क्षेत्रों की प्रतिस्पर्धी प्रकृति को दर्शाता है।'

सर्वेक्षण में कहा गया है कि भारत में औसत वेतनवृद्धि 2024 में 10 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है, जो 2023 में 9.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ शीर्ष पर थी। इसमें कहा गया है कि भारत में स्वैच्छिक नौकरी छोड़ने की दर वर्ष 2021 में 12.1 प्रतिशत से धीरे-धीरे बढ़कर वर्ष 2022 में 13.5 प्रतिशत हो गई है।

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	72,000
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,000
गिन्नी (प्रति नग)	47,650-47,850
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,200
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,050
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42,500
चांदी (999)	72,000
चांदी तैयार	72,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80,000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	64,000
सोना जेवरात गिन्नी	63,000
चांदी पक्की	715 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,100
चांदी आभूषण	72,200।

ऑनलाइन लोन: चीनी कंपनियों के खिलाफ जांच अंतिम चरण में

नई दिल्ली, एजेंसी

- कॉरपोरेट मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी जानकारी

एप के जरिये ऑनलाइन कर्ज वितरण से जुड़ी कंपनियों समेत कई चीनी फर्मों के खिलाफ कॉरपोरेट मामलों का मंत्रालय जांच कर रहा है। इनमें से कुछ जांच अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं।

गैरकानूनी ढंग से कर्ज वितरण एप का संचालन करने वाली कंपनियों के खिलाफ हाल में जांच तेज हुई है। इसके अलावा मंत्रालय लाभकारी स्वामित्व को छिपाने के लिए कंपनियों और संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मंत्रालय विभिन्न चीनी कंपनियों खासकर कर्ज एप से जुड़ी कंपनियों के खिलाफ पड़ताल कर रहा है और इनमें से कुछ जांच अंतिम चरण में हैं। अधिकारी के मुताबिक, रिजर्व बैंक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय समेत अन्य इकाइयों से मिली शिकायतों के आधार पर भी संबंधित कंपनियों के खिलाफ जांच शुरू की जाती है। हालांकि कुछ कंपनियों के वित्तपोषण स्रोतों का पता लगाना कभी-कभी मुश्किल होता है, लेकिन कंपनियों के लाभकारी स्वामित्व का पता लगाने के प्रयास किए जाते हैं।

वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री अगले वित्त वर्ष में 7% तक घटेगी: इक्रा

नई दिल्ली। घरेलू वाणिज्यिक वाहन (सीवी) की बिक्री में अगले वित्त वर्ष में उच्च आधार प्रभाव की वजह से चार से 7 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है। मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने कहा कि आम चुनावों से पहले आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण जनवरी-मार्च तिमाही में बुनियादी ढांचागत गतिविधियों में रुकावट के कारण बिक्री कम रह सकती है। एजेंसी ने कहा, "अनुमान है कि वित्त वर्ष 2023-24 में घरेलू सीवी उद्योग की मात्रा में सालाना दो से पांच प्रतिशत की वृद्धि होगी।

खेती के साथ आय बढ़ाएगी कृषि विकास योजना

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- सरकार के अधीन विभाग और संस्थाएं करेंगी काम, मिली मंजूरी

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में खेती के साथ किसानों की आय 'राज्य कृषि विकास योजना' बढ़ाएगी। इस योजना को शासन ने स्वीकृति दी है। इसमें कृषि एवं सम्वर्गीय विभाग व संस्थाएं योजनाओं-परियोजनाओं पर काम कर किसानों को लाभान्वित करेंगी। इनके सहयोग से किसानों की आय में गुणात्मक वृद्धि होगी।

इसमें एक जिला एक उत्पाद में मुख्य फसल को शामिल किया जाएगा। जीआई टैग भी दिया जाएगा। इससे उत्पाद को पहचान के साथ बिक्री का प्लेटफार्म मिलेगा। वहीं, राज्य सरकार विभाग व संस्थाओं को निधि पर 100 प्रतिशत अनुदान देगी। योजना का कृषि विभाग को नोडल नामित किया गया है, जिसकी देखरेख में बजट, भुगतान से लेकर योजनाओं पर सभी काम होंगे। विभाग व संस्थाएं प्रगति रिपोर्ट के साथ खर्च का उपभोग प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराएंगे।

प्रोत्साहन के लिए करेंगे नई पहल: कौशल विकास के तहत किसानों को अंतर्राज्यीय व अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण, विस्तार सेवाओं के प्रोत्साहन के लिए नई पहल, फार्म मैकेनाइजेशन, सोलर संचाई पंप, कृषि ड्रोन, कंबाइन हार्वेस्टर, प्राकृति खेती, श्री अन्न पर प्रशिक्षण व मेला, प्रदर्शनी, गोष्ठी व कार्यशाला में सम्मलित किया जाएगा। इसके अलावा कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र के अंतर्गत नवीन अवसंरचनाओं की आवश्यकता होने पर प्रयोगशाला की स्थापाना, भंडारण सुविधा, मोबाइल मल्टी यूटिलिटी वैन, कृषि निवेश केंद्र, कृषि रक्षा इकाई, कृषि विपणन पर कार्य होंगे।

राष्ट्रीय

कांग्रेस-कम्युनिस्ट केरल में दुश्मन, बाकी जगह अच्छे मित्र

भाजपा की राज्य इकाई की पदयात्रा के समापन समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों दलों पर किया कटाक्ष

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र में भाजपा के खिलाफ मजबूत विकल्प तैयार करने का प्रयास कर रहे कांग्रेस और कम्युनिस्ट दलों पर कटाक्ष करते हुए मंगलवार को कहा कि वे केरल में एक-दूसरे के दुश्मन हैं, लेकिन अन्य राज्यों में वे 'बीएफएफ' यानी हमेशा के लिए सबसे अच्छे दोस्त हैं।

मोदी ने यहां सेंट्रल स्टेडियम में भाजपा की राज्य इकाई की पदयात्रा के समापन समारोह में विपक्ष पर निशाना साधते हुए दावा किया कि उसके पास देश की प्रगति के लिए कोई खाका नहीं है। उन्होंने कहा कि विपक्ष यह मान चुका है कि वह इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव में जीत नहीं पाएगा, इसीलिए उसके नेता उन्हें भला-बुरा कहने की रणनीति अपना रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'केरल में कांग्रेस और कम्युनिस्ट एक-दूसरे के दुश्मन हैं, लेकिन अन्य राज्यों में वे 'बीएफएफ' हैं।'

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने कम्युनिस्ट मुख्यमंत्री (पिनराई विजयन) पर भ्रष्टाचार एवं घोटालों में शामिल होने का आरोप लगाया और वाम सरकार को फासीवादी करार दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा, 'इसके जवाब में कम्युनिस्टों ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज कराया और उनके पूर्ववर्ती प्रशासनों पर विभिन्न घोटालों में शामिल होने का आरोप लगाया, लेकिन केरल के बाहर 'इंडी' गठबंधन की बैठकों में वे एक साथ बैठते हैं। समोसे और बिस्कुट खाते हैं और चाय पीते हैं।' उन्होंने कहा, 'यानी तिरुवनंतपुरम में वे कुछ और कहते हैं तथा दिल्ली में कुछ और कहते हैं। केरल के लोग आगामी लोकसभा चुनावों में इस विश्वासघात का जवाब देंगे।'

मोदी ने केरल के लोगों से आग्रह किया कि वे आगामी लोकसभा चुनावों में राज्य में उनकी पार्टी को दोहरे अंकों में सीट जिताकर अपना आशीर्वाद दें। उन्होंने कहा कि भाजपा कभी किसी राज्य को वोट बैंक के नजरिए से नहीं देखती। मोदी ने दावा किया कि पिछले 10 साल में केरल को अन्य भाजपा शासित राज्यों की तरह ही विकास से लाभ हुआ है। उन्होंने कहा कि यह उनकी गारंटी है कि वह केरल के लोगों के सपनों और आकांक्षाओं को साकार करने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के साथ-साथ देश से गरीबी और भ्रष्टाचार मिटाना 'मोदी की गारंटी' है।

तमिलनाडु में बोले मोदी- 'इंडिया' गठबंधन ने अपनी हार स्वीकार कर ली

तिरुपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों ने हार स्वीकार कर ली है, लेकिन उनका इरादा लूटने का है। मोदी ने यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए द्रमुक और कांग्रेस की आलोचना की और अन्नाद्रमुक के नेताओं दिवंगत एमजी रामचंद्रन और जयललिता की विरासत का उल्लेख किया। मोदी ने यहां भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई की राज्यव्यापी यात्रा 'एन मन एन मक्कल' के समापन समारोह को संबोधित करते हुए विपक्ष पर निशाना साधा और कहा कि पिछले 10 वर्षों के दौरान केंद्र की भाजपा सरकार ने तमिलनाडु में विकास परियोजनाओं के लिए पहले की तुलना में अधिक धनराशि दी है। मोदी ने कहा, 'इंडिया के घटक दलों ने हार स्वीकार कर ली है, लेकिन उनका इरादा लूटने का है। लेकिन लोगों ने ऐसे किसी भी प्रयास को रोकने का मन बना लिया है। तमिलनाडु में भी भाजपा भ्रष्टाचार की राजनीति को खत्म करने की तैयारी कर रही है।"

बिहार: कांग्रेस के दो व राजद के एक विधायक भाजपा में शामिल

पटना। बिहार में कांग्रेस के विधायक मुरारी प्रसाद गौतम, सिद्धार्थ गौतम और राष्ट्रीय जनता दल की विधायक संगीता कुमारी मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गईं। भाजपा में शामिल होने के बाद उन्होंने बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा से मुलाकात की। सम्राट चौधरी से मिलने जाते वक्त जब संगीता कुमारी से पत्रकारों ने पूछा कि क्या वह भाजपा में शामिल हो गई हैं तो उन्होंने कहा- हां।

तेजस्वी यादव की 'जन विश्वास यात्रा' और 3 मार्च को प्रस्तावित रैली से पहले इस पालाबदल को भाजपा की ओर से लोकसभा चुनाव से पहले हर संभव समीकरण साधने के तौर पर देखा जा रहा है। संगीता कुमारी कैमूर जिले की मोहनिया सीट से विधायक हैं। वहीं सिद्धार्थ विक्रम सीट और मुरारी गौतम चेनारी से विधायक हैं।

परिवारों का उपभोग खर्च सर्वे चुनाव से प्रेरित: खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस अध्यक्ष मोदी सरकार पर लगाए आरोप

कांग्रेस ने हाल में आए उपभोग खर्च सर्वे को 'चुनाव से प्रेरित और भ्रामक सर्वे' करार देते हुए मंगलवार को दावा किया कि सरकार ने गरीबी के विषय पर अपनी पीठ थपथपाने की नाकाम कोशिश की है, जबकि हकीकत यह है कि आज 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने यह भी कहा कि अगर केंद्र में 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनती है तो देश में जाति आधारित जनगणना करवाई जाएगी ताकि सही आंकड़ा एकत्र हो सके।

राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) के ताजा अध्ययन के मुताबिक, देश में परिवारों का प्रति व्यक्ति मासिक घरेलू खर्च 2011-12 की तुलना में 2022-23 में दोगुना से अधिक हो गया है। गत शनिवार को जारी बयान के अनुसार, एनएसएसओ ने अगस्त, 2022 से जुलाई, 2023 के दौरान परिवारों का उपभोग खर्च सर्वेक्षण किया। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, '10 साल की गहन निद्रा में खर्राटे लेने के बाद आखिरकार मोदी सरकार जनता के खर्च और आमदनी पर चुनाव से प्रेरित सर्वे लाई है। सर्वे में मोदी सरकार ने अपनी पीठ थपथपाने की नाकाम कोशिश की है।'

एक नजर

संदेशखालि जा रहे आईएसएफ विधायक नौशाद सिद्दीकी गिरफ्तार

कोलकाता। पुलिस ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के अशांत संदेशखालि जा रहे 'इंडियन सेक्युलर फ्रंट' (आईएसएफ) के विधायक नौशाद सिद्दीकी को गिरफ्तार कर लिया। निषेधाज्ञा लागू होने का हवाला देते हुए संदेशखालि की ओर जा रहे कांग्रेस के एक दल को भी नजात के पास रोक दिया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि भांगड़ से विधायक सिद्दीकी को कोलकाता में साइंस सिटी के पास गिरफ्तार किया गया था।

राजद विधायक के परिसरों पर ईडी ने की छापेमारी

आरा/पटना। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आय से अधिक संपत्ति के मामले को लेकर मंगलवार को बिहार के भोजपुर जिला मुख्यालय आरा में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) विधायक किरण देवी, उनके पति और पूर्व विधायक अरुण यादव तथा कुछ अन्य से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की। किरण देवी भोजपुर जिले के संदेश निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती हैं, जहां उनके पति ने 2015 के विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की थी। तेजस्वी यादव ने कहा कि ये छापे इस बात का सबूत हैं कि केंद्र में शासन करने वाली भाजपा डरी हुई है।

बीजद से टिकट पाने के लिए 10 हजार से ज्यादा ने किया आवेदन

भुवनेश्वर। आगामी लोकसभा चुनाव और ओडिशा विधानसभा का चुनाव लड़ने के लिए बीजू जनता दल का टिकट पाने के लिए 10,000 से ज्यादा लोगों ने आवेदन किया है। ओडिशा विधानसभा में 147, जबकि राज्य में लोकसभा की 21 सीटें हैं। बीजद के संगठन सचिव प्रणब प्रकाश दास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "आगामी चुनावों में पार्टी टिकट के लिए 10,000 से अधिक लोगों ने आवेदन किया है।"

जमात-ए-इस्लामी पर प्रतिबंध पांच साल बढ़ा

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने राष्ट्र की सुरक्षा, अखंडता और संप्रभुता के खिलाफ गतिविधियों को जारी रखने को लेकर मंगलवार को जमात-ए-इस्लामी (जम्मू कश्मीर) पर प्रतिबंध पांच साल के लिए बढ़ा दिया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि देश की सुरक्षा को खतरा पहुंचाने वाले किसी भी व्यक्ति को कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की आतंकवाद और अलगाववाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति का पालन करते हुए सरकार ने जमात-ए-इस्लामी (जम्मू कश्मीर) पर प्रतिबंध पांच साल के लिए बढ़ा दिया है।' जमात पर देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने का आरोप है। इसे पहली बार 28 फरवरी 2019 को 'गैरकानूनी संगठन' घोषित किया गया था।

राजस्थान: आईसीयू में भर्ती महिला से दुष्कर्म, आरोपी कर्मचारी गिरफ्तार

जयपुर। राजस्थान के अलवर जिले में एक निजी अस्पताल की आईसीयू में भर्ती महिला से दुष्कर्म के आरोप में एक कर्मचारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने बताया कि घटना मंगलवार सुबह करीब साढ़े चार बजे की है। आरोपी चिराग यादव को हिरासत में ले लिया गया। वह अस्पताल में नर्सिंग सहायक के पद पर कार्यरत है। शिवाजी पार्क थाना प्रभारी राजपाल सिंह ने बताया कि फेफड़ों में संक्रमण के कारण महिला अस्पताल के आईसीयू में उपचाराधीन है।

मुंबई : छोटा राजन गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

मुंबई। मुंबई पुलिस ने वर्ली से छोटा राजन गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है और उसके पास से एक देसी पिस्तौल और कारतूस बरामद किए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान श्याम तांबे उर्फ सेवियो रॉड्रिग्स (42) के रूप में हुई है, जिसे सोमवार को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने कहा, "मुंबई पुलिस की अपराध शाखा को विशेष सूचना मिली थी कि तांबे मध्य मुंबई में वर्ली के जीजामाता नगर इलाके में आ रहा है। सूचना के अनुसार जाल बिछाया गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया।" उन्होंने बताया कि उसके पास से एक देसी पिस्तौल और तीन कारतूस बरामद किए गए। अधिकारी ने बताया कि तांबे छोटा राजन गिरोह का सक्रिय सदस्य था

बीकानेर: जासूसी के आरोप में कैंटीन का संचालक गिरफ्तार

जयपुर, एजेंसी

- पाकिस्तानी महिला एजेंट के साथ खुफिया सूचना कर रहा था साझा

पाकिस्तानी गुप्तचर एजेंसियों के लिए जासूसी करने को लेकर बीकानेर जिले में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी सैन्य क्षेत्र 'महाजन' में कैंटीन चलाता है, जो 'हनीट्रैप' में फंसकर सामरिक महत्व की सूचनाएं पाक 'हैंडलर' को दे रहा था।

अतिरिक्त महानिदेशक (पुलिस खुफिया) संजय अग्रवाल ने बताया कि राजस्थान खुफिया विभाग ने मिलिट्री इंटेलिजेंस (सैन्य खुफिया शाखा), बीकानेर के साथ संयुक्त कार्रवाई कर पाकिस्तान गुप्तचर एजेंसी के लिए जासूसी कर रहे 'ऊपर का बास' गांव (बीकानेर जिले) के निवासी विक्रम सिंह (31) को गिरफ्तार किया है। अग्रवाल ने बताया कि सतत निगरानी के दौरान पता चला कि विक्रम सिंह सोशल मीडिया के माध्यम से पाकिस्तानी खुफिया हैंडलर के निरंतर संपर्क में है। उन्होंने बताया कि जब विक्रम सिंह की गतिविधियों पर गहनता से नजर रखी गई तो पता चला कि वह 'हनीट्रैप' में फंसकर सोशल मीडिया के माध्यम से पाक महिला एजेंट के साथ सामरिक महत्व की सूचना साझा कर रहा है।

मराठा आरक्षण आंदोलन की होगी एसआईटी जांच

मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने सरकार को निर्देश दिया कि वह एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करके उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के खिलाफ मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे की टिप्पणी की व्यापक जांच करे। सत्तारूढ़ गठबंधन के सदस्यों ने जरांगे की टिप्पणियों का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि राज्य में अशांति फैलाने की साजिश थी। अध्यक्ष ने सरकार को फडणवीस के खिलाफ जरांगे की टिप्पणियों की जांच के लिए एक एसआईटी गठित करने का निर्देश दिया। जरांगे ने आरोप लगाया था कि फडणवीस उनकी हत्या कराने कोशिश कर रहे हैं।

आप ने दिल्ली से चार और हरियाणा से एक उम्मीदवार घोषित किया

नई दिल्ली, एजेंसी

- विधायक सोमनाथ भारती को नई दिल्ली सीट से टिकट

आम आदमी पार्टी (आप) ने लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली की चार और हरियाणा की एक सीट के लिए मंगलवार को उम्मीदवारों की घोषणा की। पार्टी ने वरिष्ठ नेता सोमनाथ भारती को नई दिल्ली सीट से मैदान में उतारा है। पार्टी ने राज्यसभा के पूर्व सदस्य सुशील गुप्ता को हरियाणा के कुरुक्षेत्र से अपना उम्मीदवार घोषित किया है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक के बाद पांच नामों की घोषणा की गई। आप के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) संदीप पाठक ने यहां संवाददाता सम्मेलन में उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। आप ने दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष एवं मालवीय नगर से विधायक सोमनाथ भारती को नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से, कोंडली के विधायक कुलदीप कुमार को पूर्वी दिल्ली सीट से, सहीराम पहलवान को दक्षिणी दिल्ली से और पूर्व सांसद महाबल मिश्रा को पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा है।

पार्टी ने दिल्ली में लोकसभा चुनाव के लिए विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की अपने सहयोगी कांग्रेस से हाथ मिलाया है। सीट बंटवारे को लेकर दोनों दलों के बीच हुए समझौते के तहत आप दिल्ली में चार और कांग्रेस तीन लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ेगी। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में लोकसभा की कुल सात सीट हैं।

आदर्श आचार संहिता से पहले जारी हो सकते हैं सीएए के नियम

नई दिल्ली। पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए बिना दस्तावेज वाले गैर-मुस्लिम प्रवासियों को तेजी से नागरिकता देने के लिए विवादास्पद नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 (सीएए) के कार्यान्वयन के नियम लोकसभा चुनावों के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले जारी किए जाने की संभावना है। चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता लागू हो जाती है। चुनाव का कार्यक्रम अगले पखवाड़े में घोषित किया जा सकता है। सूत्रों ने कहा कि आदर्श आचार संहिता प्रभाव में आने से पहले सीएए के नियम जारी किए जा सकते हैं।

नागरिक का जीवन और व्यक्तिगत आजादी की सुरक्षा सर्वोपरि : उच्चतम न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी

● सुनवाई करते हुए शीर्ष कोर्ट ने की टिप्पणी कहा- अनुच्छेद 21 संविधान की आत्मा

एक नागरिक की आजादी सर्वोपरि है और उससे जुड़े मामले में तेजी से फैसला न करना व्यक्ति को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मिले बहुमूल्य अधिकार से वंचित करेगा। शीर्ष अदालत ने हाल ही में एक मामले में सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की।

शीर्ष अदालत ने अनुच्छेद 21 को जीवन और व्यक्तिगत आजादी की सुरक्षा से जुड़े अनुच्छेद 21 को संविधान की आत्मा बताया। अदालत ने कहा कि बंबई उच्च न्यायालय से ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जहां जमानत या अग्रिम जमानत के आवेदनों पर तेजी से फैसला नहीं किया जा रहा है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ सुनवाई कर रही थी। पीठ ने अपने 16 फरवरी के आदेश में कहा, हमारे सामने ऐसे कई मामले आए हैं जिनमें न्यायाधीश गुण-दोष के आधार पर मामले पर फैसला नहीं कर रहे हैं। लेकिन कई आधारों पर मामलों को दबाने के लिए बहाने ढूंढ रहे हैं। इसलिए, हम बंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से अनुरोध करते हैं कि वह आपराधिक अधिकार क्षेत्र का इस्तेमाल करने वाले सभी न्यायाधीशों से जल्द से जल्द जमानत से जुड़े मामले पर फैसला करने का अनुरोध करें।

पीठ ने कहा, यह कहने की जरूरत नहीं होनी चाहिए कि भारत के संविधान का अनुच्छेद 21 संविधान की आत्मा है। नागरिकों की आजादी सर्वोपरि है। इसमें कहा गया, किसी नागरिक की आजादी से जुड़े मामले में तेजी से फैसला न करना और किसी न किसी आधार पर मामले को दबाना भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीकृत उनके बहुमूल्य अधिकार से वंचित करेगा। पीठ ने सर्वोच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार (न्यायिक) से कहा कि वह उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार (न्यायिक) को अपने आदेश से अवगत कराए। शीर्ष अदालत एक आरोपी की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। आरोपी ने बंबई हाईकोर्ट के 31 मार्च 2023 के फैसले को चुनौती थी। हाईकोर्ट ने उसकी जमानत याचिका का निपटारा करते हुए उसे निचली अदालत के सामने ऐसी याचिका दायर करने की अनुमति दी थी।

पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन गगन चूमेंगी देश की चार शक्तियां

गगनयान देश का पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन है जिसके तहत चार अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष की सैर कराई जाएगी। इस मिशन को 2024 के आखिर या 2025 की शुरुआत तक भेजा जा सकता है। इसी साल मानव रहित परीक्षण उड़ान होगी, जिसमें एक व्योममित्र रोबोट भेजा जाएगा। गगनयान मिशन तीन दिवसीय है। मिशन के लिए 400 किलोमीटर की पृथ्वी की निचली कक्षा पर मानव को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा और फिर सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाया जाएगा।

400 किलोमीटर की निम्न पृथ्वी की कक्षा में अंतरिक्ष यात्रियों को भेजा जाएगा

● भारत का गगनयान मिशन सफल होता है, तो भारत उन देशों की एक खास सूची में शामिल हो जाएगा, जिन्होंने खुद चालक दल अंतरिक्ष यान लॉन्च किया है। वर्तमान में ऐसा मुकाम हासिल करने वाले देश केवल अमेरिका, रूस और चीन ही हैं।



प्रशांत बालाकृष्णन नायर

ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालाकृष्णन नायर केरल से ताल्लुक रखते हैं। ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालाकृष्णन नायर (47) ने अपनी स्कूली शिक्षा कुवैत से पूरी की। उन्होंने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) से स्नातक की डिग्री हासिल की है। उन्होंने वहां 'स्वोर्ड ऑफ ऑनर' हासिल करके उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। साल 1999 में एक कमीशन अधिकारी के रूप में वो वायु सेना में शामिल हो गए।

अंगद प्रताप

ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप ने ग्रुप के अन्य तीन सदस्यों के साथ रूस में 13 महीने तक ट्रेनिंग की है। उनका जन्म 17 जुलाई 1982 को प्रयागराज में हुआ था। वह एनडीए के पूर्व छात्र हैं और 18 दिसंबर 2004 को भारतीय वायुसेना की फाइटर स्ट्रीम में नियुक्त हुए थे। वह एक फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर और टेस्ट पायलट हैं और उनके पास लगभग 2000 घंटे की उड़ान का अनुभव है।

अजित कृष्णन

ग्रुप कैप्टन अजित कृष्णन उन चार अंतरिक्ष यात्रियों में से हैं जिन्हें मिशन के लिए चुना गया था। उनका जन्म 19 अप्रैल 1982 को चेन्नई, तमिलनाडु में हुआ था। वह एनडीए के पूर्व छात्र हैं और वायु सेना अकादमी में राष्ट्रपति के स्वर्ण पदक और स्वॉर्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित हैं। उन्हें 21 जून 2003 को भारतीय वायुसेना की फाइटर स्ट्रीम में कमीशन दिया गया था। वह फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर और टेस्ट पायलट हैं और उनके पास लगभग 2900 घंटे की उड़ान का अनुभव है।

शुभांशु शुक्ला

गगनयान मिशन के चार अंतरिक्ष यात्रियों में से एक विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला ने रूस की राजधानी मॉस्को के यूरी गगारिन कॉस्मोनॉट ट्रेनिंग सेंटर में ट्रेनिंग हासिल की है। उनका जन्म 10 अक्टूबर 1985 को लखनऊ, यूपी में हुआ था। वह एनडीए के पूर्व छात्र हैं और 17 जून 2006 को भारतीय वायुसेना की फाइटर स्ट्रीम में नियुक्त हुए थे।

वह एक फाइटर कॉम्बैट लीडर और एक टेस्ट पायलट हैं, जिनके पास लगभग 2000 घंटे की उड़ान का अनुभव है।

एक नजर

थाईलैंड: भारत से पहुंचे भगवान बुद्ध के अवशेष, भक्तों ने किए दर्शन

बैंकॉक। थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में बौद्ध भिक्षुओं ने ध्यान लगाकर माखा बुचा पर्व मनाया। भगवान बुद्ध ने इसी दिन अपने पहले शिष्यों में से 1,250 को दीक्षा दी थी। एक लाख भक्तों ने भगवान बुद्ध और उनके दो शिष्यों के पवित्र अवशेषों की पूजा की। इन्हें भारत से ले जाया गया है।

वीजा रैकेट में शामिल ब्रिटिश एयरवेज का कर्मचारी फरार

लंदन। ब्रिटेन की पुलिस अपने भारतीय अधिकारियों के साथ मिलकर ब्रिटिश एयरवेज (बीए) के एक कर्मचारी की तलाश कर रही है। कर्मचारी वीजा रैकेट मामले में फरार चल रहा है और कथित तौर पर भारत में है। मीडिया के मुताबिक, व्यक्ति (चौबीस वर्षीय) हीथ्रो हवाई अड्डे के टर्मिनल पांच पर सुपरवाइजर के रूप में काम करता था। आरोपी लोगों को बिना जरूरी वीजा दस्तावेजों के ब्रिटिश एयरवेज से यात्रा कराने के लिए प्रत्येक यात्री 25 हजार पाउंड लेता था। फरार कर्मचारी का नाम सार्वजनिक नहीं किया गया है। ब्रिटिश पुलिस भारतीय समकक्षों के साथ मिलकर खोज रही है।

आंदोलन: किसानों ने ट्रैक्टरों की बाड़ लगा पोलैंड की सीमा सील की

वर्सा। यूरोप के कई देशों में चल रहा किसान आंदोलन लगातार उग्र होता जा रहा है। अब पोलैंड के किसानों ने जर्मनी के साथ अपने देश की सीमा सील कर दी है। उन्होंने बॉर्डर पर ट्रैक्टरों की बाड़ बना दी है। बढ़ती कीमतों, करों में वृद्धि और हरित प्रतिबंधों के खिलाफ किसान आंदोलन कर रहे हैं।

चंद सिक्कों में खरीदी गई हैरी पॉटर किताब की प्रति लाखों में बिकी

लंदन। करीब 30 साल पहले पुरानी किताबें बेचने वाली एक दुकान से महज कुछ रुपयों में खरीदी गई हैरी पॉटर के पहले उपन्यास की शुरुआती प्रति (प्रूफ कॉपी) नीलामी में 11,000 पाउंड (करीब 11 .5 लाख रुपये) में बिकी। ब्रिटिश नीलामीकर्ता ने सोमवार को बताया कि एक दुकान से दो अन्य पुस्तकों के साथ कुल 40 पेंस (आज की दर से करीब 41 रुपये) में खरीदी गई थी। इस प्रति के पृष्ठ पर असंशोधित प्रूफ कॉपी लिखा है।

रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकने में नाकाम रही यूएनएससी, भारत ने उठाई बदलाव की मांग

कंबोज बोलीं-जब तक इसमें बदलाव नहीं होगा, तब तक सुरक्षा परिषद विश्वसनीयता के घेरे में रहेगी

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

भारत ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मौजूदा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए हैं। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने सवाल उठाते हुए पूछा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकने में क्यों असफल रहा? भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की पुरानी व्यवस्था में बदलाव की मांग की। यूएन जनरल असेंबली प्लेनरी की बैठक हुई, जिसमें रुचिरा कंबोज ने सवाल उठाए।

रुचिरा कंबोज ने कहा 'रूस-यूक्रेन युद्ध को चलते हुए दो साल का समय बीत चुका है। ऐसे में हमें बतौर संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों को कुछ पल रुककर सोचने और अपने आप से पूछने की जरूरत है कि क्या निकट भविष्य में इस संकट का समाधान निकल सकता है? और अगर नहीं निकल सकता तो फिर संयुक्त राष्ट्र व्यवस्था, खासकर सुरक्षा परिषद क्यों है? इसका गठन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शांति और सुरक्षा के लिए किया गया था, ऐसे में ये क्यों मौजूदा संघर्षों को सुलझाने में पूरी तरह से बेअसर साबित हुई है?'

बीते शुक्रवार को यूक्रेन संकट पर संयुक्त राष्ट्र की जनरल असेंबली की प्लेनरी बैठक हुई। इसी दौरान भारत की संयुक्त राष्ट्र में स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने सुरक्षा परिषद में बदलाव की मांग उठाई। कंबोज ने यूएनएससी के पुराने ढांचे में बदलाव की मांग की और कहा कि जब तक इसमें बदलाव नहीं होंगे तब तक सुरक्षा परिषद की विश्वसनीयता सवालों के घेरे में रहेगी।

कूटनीतिक से निकलेगा समाधान यूक्रेन को लेकर भारत चिंतित

रुचिरा कंबोज ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस बयान को भी दोहराया, जिसमें पीएम मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा था कि 'ये युद्ध का युग नहीं है।' कंबोज ने कहा कि 'यूक्रेन हालात को लेकर भारत चिंतित है। हम लगातार इस बात पर जोर दे रहे हैं कि इंसानी जिंदगी की कीमत पर कोई समाधान नहीं होना चाहिए। हिंसा किसी के भी हित में नहीं है।' कंबोज ने कहा कि कूटनीतिक तरीके से ही शांति संभव है और इसके लिए सभी पक्षों के बीच बातचीत होनी चाहिए। हमें ऐसे कदम उठाने से बचना चाहिए, जिनसे बातचीत और समाधान के रास्ते बंद हो जाएं।

मानवाधिकार हमारे लोकतांत्रिक सिद्धांतों का हिस्सा, यूएन की बैठक में बोले जयशंकर

नई दिल्ली। स्विट्जरलैंड के जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकार परिषद का सत्र सोमवार से शुरू हो गया है। यह मानवाधिकार परिषद का 55वां सत्र है, जो सबसे लंबा होगा और अप्रैल तक चलेगा।

इस बैठक के पहले दिन भारतीय विदेश मंत्री ने अपने संदेश में मानवाधिकार परिषद की बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल के पूरे सहयोग का वादा किया और कहा कि भारत मानवाधिकारों की सुरक्षा के लिए काम करता रहेगा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने संदेश में कहा कि 'मैं ये सुनिश्चित करूंगा कि हमारा प्रतिनिधिमंडल और उच्चायुक्त आपको पूरा समर्थन और सहयोग दें। भारत परिषद के सदस्यों के साथ मिलकर मानवाधिकारों की सुरक्षा और बढ़ावे के लिए काम करता रहेगा। भारत के लोकतांत्रिक सिद्धांतों और विविधता भरी सोच में मानवाधिकार गहरे तक समाए हुए हैं। विदेश मंत्री ने नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से सत्र को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 'पुरानी संरचनाओं को सुधारने, प्रणालीगत खामियों को ठीक करने और वर्तमान वैश्विक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करने वाले बहुपक्षीय ढांचे को तत्काल बनाने का समय आ गया है।' उन्होंने कहा, 'भू-राजनीतिक चुनौतियों का स्थायी समाधान खोजने के लिए यूएन और उसके बाहर मिलकर काम करना हमारे सामूहिक हित और हमारी जिम्मेदारी भी है।

इमरान-बुशरा बीबी भ्रष्टाचार के नए मामले में दोषी करार

इस्लामाबाद, एजेंसी

● दंपती ने लगे आरोपों से किया इनकार, मामले की सुनवाई छह मार्च तक स्थगित

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पत्नी बुशरा बीबी को अदालत ने दोनों के खिलाफ 190 मिलियन पाउंड (लगभग 20 अरब रुपये) के अल-कादिर भ्रष्टाचार मामले में आरोप तय किए हैं। न्यायाधीश नासिर जावेद राणा ने रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में सुनवाई की। कई मामलों में इमरान इसी जेल में सजा काट रहे हैं।

न्यायाधीश ने अदालत कक्ष में इमरान खान और बुशरा बीबी की मौजूदगी में आरोप पत्र पढ़ा। अल-कादिर ट्रस्ट के नाम पर सैकड़ों नहरों की जमीन का कथित तौर पर अधिग्रहण किया गया था। मामले में राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने इमरान खान, उनकी पत्नी और अन्य के खिलाफ जांच शुरू की थी। जिसमें सरकारी खजाने को 190 मिलियन पाउंड का नुकसान होने का मामला सामने आया था।

मीडिया के मुताबिक, सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ने कहा कि मामले में 58 गवाहों के बयान दर्ज किए जाएंगे। न्यायाधीश ने इमरान खान के खिलाफ आरोप तय करते समय पूछा कि क्या वह दोषी हैं या नहीं। इमरान ने जवाब दिया, मुझे आरोप पत्र क्यों पढ़ना चाहिए, जब मुझे पता है कि उसमें क्या लिखा है? इमरान खान और उनकी पत्नी दोनों ने अपने खिलाफ लगे आरोपों से इनका किया। मामले की सुनवाई छह मार्च तक के लिए स्थगित कर दी गई। जवाबदेही अदालत ने एनएबी के पांच गवाहों को भी सुनवाई में शामिल होने का आदेश दिया। एक जवाबदेही अदालत ने तोशाखाना मामले में इमरान और बुशरा को 14 साल की सजा सुनाई थी। बुशरा को इमरान के इस्लामाबाद स्थित बनी गाला आवास में नजरबंद किया गया है। अल-कादिर ट्रस्ट मामला 190 मिलियन पाउंड के समझौते से जुड़ा है। जिसे ब्रिटेन की राष्ट्रीय अपराध एजेंसी ने कारोबारी मलिक रियाज हुसैन से रकम वसूलने के बाद पाकिस्तान भेजा था।

तंबाकू-सिगरेट पर लगे प्रतिबंध को हटाएगा न्यूजीलैंड

वेलिंग्टन। न्यूजीलैंड की नई सरकार तंबाकू की बिक्री पर लगे प्रतिबंध को हटाने जा रहा है। रिसर्चर और प्रचारकों द्वारा सरकार को तंबाकू से होने वाले मौतों के बारे में दी गई चेतावनी के बावजूद मंगलवार को सरकार ने इस पर लगे प्रतिबंध को हटाने की घोषणा की है।

ये इसी साल जुलाई से लागू हो जाएगा। इसके साथ ही स्मोक्ड तंबाकू उत्पादों में निकोटीन सामग्री में कटौती की जाएगी और तंबाकू खुदरा विक्रेताओं की संख्या 90% से अधिक कम हो जाएगी। अक्टूबर में चुनी गई नई गठबंधन सरकार ने पुष्टि की कि मंगलवार को तत्काल कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सरकार धूम्रपान को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है।

सड़क पर उतरे लोग...

साओ पाउलो : ब्राजील के साओ पाउलो शहर में पूर्व राष्ट्रपति जैर बोल्सोनारो पर लगाए गए तख्तापलट की कोशिश के आरोप के खिलाफ उनके 5 लाख से ज्यादा समर्थक सड़कों पर उतर आए। साथ उन पर लगाई गई चुनावी पाबंदी का भी विरोध किया। दरअसल, बोल्सोनारो से जनवरी 2023 में हुई हिंसा को लेकर पूछताछ हुई। लोगों ने पूर्व राष्ट्रपति पर लगी चुनावी पाबंदी हटाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। ● एजेंसी

अंतरिक्षयान ओडीसियस ने चंद्रमा से भेजी पहली तस्वीर

वाशिंगटन, एजेंसी



अमेरिका के टेक्सास की इंट्यूटिव मशीन का लूनार लैंडर ओडीसियस चंद्रमा पर लैंडिंग करने में सफल रहा, लेकिन यह लैंडिंग पूरी तरह से सटीक नहीं थी और लैंडिंग के बाद यान थोड़ा सा टेढ़ा हो गया। इस घटना से यह कई मायनों में एक अनोखी लैंडिंग बन गई है।

ओडीसियस, 1972 में अपोलो17 मिशन के बाद चंद्रमा पर पहुंचने वाला पहला अमेरिकी अंतरिक्षयान बन गया है। ओडीसियस ने चंद्रमा की दक्षिणी सतह से पहली तस्वीर भेजी है। इंट्यूएटिव मशीन्स ने एक्स पर सोमवार को एक पोस्ट पर कहा, ओडीसियस चंद्रमा की सतह से नोवा कंट्रोल में फाइटर कंट्रोलर के साथ कम्यूनिकेट कर रहा है। पोस्ट में दो तस्वीरें भी शेयर की गई हैं। पहली तस्वीर षट्भुज आकार के अंतरिक्ष यान के उतरने की, और दूसरी उसके गिरने के 35 सेकंड बाद ली गई, जिसमें मालापर्ट ए प्रभाव क्रेटर की पक्की मिट्टी का पता चलता है। आपको बता दें यह एक प्राइवेट कंपनी का लैंडर था, और इसमें नासा का भरपूर सहयोग था।

सूरज की रोशनी से जागा जापान का मून लैंडर: जाक्सा

टोक्यो। जापान के पहले मून लैंडर ने पृथ्वी से एक संकेत का जवाब दिया है। इससे पता चलता है कि यह सप्ताह भर की दूसरी चंद्र रात से बच गया है। यह जानकारी देते हुए जापान की अंतरिक्ष एजेंसी जाक्सा ने इसे चमत्कार बताया।

गत 20 जनवरी को जापान के मानव रहित स्मार्ट लैंडर फॉर इन्वेस्टिगेटिंग ने 20 जनवरी को चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग की थी। इसके साथ ही जापान चांद पर पहुंचने वाला पांचवां देश बन गया। जाक्सा ने बताया कि एसएलआईएम गत माह गलत दिशा में गिर गया था और इसके सौर पैनलों तक सूरज की रोशनी नहीं पहुंच पा रही थी। हालांकि, सूरज की रोशनी मिलते ही लैंडिंग के आठवें दिन एसएलआईएम से संपर्क हो गया।

अगले सोमवार तक गाजा में थम जाएगा युद्ध: जो बाइडन

वाशिंगटन, एजेंसी

● बोले- दोनों पक्ष संघर्ष विराम समझौते के करीब फाइनल मुहर लगना बाकी

इजराइल और हमास के बीच पांच महीने से अधिक समय से युद्ध जारी है। इजराइल ने कड़ी जवाबी कार्रवाई और समझौता कर अपने कुछ लोगों को रिहा करा लिया था। अब एक बार फिर जंग थोड़े समय के लिए रुक सकती है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने उम्मीद जताई है कि अगले सोमवार तक इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम हो सकता है। उन्होंने माना है कि दो पक्ष संघर्ष विराम समझौते के करीब हैं।

जो बाइडन ने गाजा में संघर्ष विराम के सवाल पर कहा, 'मेरे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने मुझसे कहा है कि हम इसके करीब हैं और मेरी उम्मीद है कि अगले सोमवार तक हम युद्धविराम कर लेंगे।' साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि हम इसके नजदीक हैं, लेकिन यह अभी तक पूरा नहीं हुआ है। अभी इस पर फाइनल मुहर लगना बाकी है। गौरतलब है, इससे एक दिन पहले ही व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने बताया था कि, 'इस्राइल, अमेरिका, मिस्र और कतर के प्रतिनिधियों ने पेरिस में मुलाकात की। इस दौरान अस्थायी संघर्षविराम के बदले हमास द्वारा बनाए गए बंधकों को रिहा करने पर चारों के बीच सहमति बन गई है। मोसाद के निदेशक डेविड बार्निया सहित एक इस्राइली प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को पेरिस में सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी (सीआईए) के निदेशक बिल बर्न्स, मिस्र और कतर के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की।

विज्ञान इसरो 2030 तक अगला मंगल मिशन लॉन्च करने की बना रहा है योजना

मंगल की धरती पर उड़ान भरेगा भारतीय हेलीकॉप्टर

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : इसरो लाल ग्रह मंगल पर उड़ान भरने की योजना पर काम कर रहा है। मंगलयान के बाद यह दूसरा भारतीय मंगल मिशन होगा, जिसे 2030 में लॉन्च करने की योजना है। मंगल मिशन नन्हा हेलीकॉप्टर साथ लेकर इस मिशन को महत्वाकांक्षी बनाने जा रहा है।

इसमें दोराय नही कि अंतरिक्ष की दुनिया में भारत बहुत कम समय पर दुनिया के अग्रणी देशों में अपना नाम सुमार कर चुका है। बहुत कम लागत और कम समय में मार्स ऑर्बिटर मिशन (मंगलयान) की सफलता से इसरो ने दुनिया को अपनी ओर आकर्षित किया था। मंगलयान को 2013 में लॉन्च किया था और 2014 में मंगल की कक्षा में स्थापित हुआ था। करीब आठ साल मंगल मिशन ने अनेक महत्वपूर्ण खोज कर भारतीय विज्ञान क्षमता का परिचय दिया। अब इसरो मंगल ग्रह की सतह पर नासा का इनजेनिटी हेलीकॉप्टर की तर्ज पर अपना हेलीकॉप्टर शामिल करना चाहता है, जो 2030 के दशक की शुरुआत में लॉन्च हो जाएगा।

हेलीकॉप्टर भारतीय मार्सलैंडर के साथ उड़ान भरेगा। विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र के अंतरिक्ष भौतिकी प्रयोगशाला के वैज्ञानिक जयदेव प्रदीप ने हाल ही में एक वेबिनार के दौरान यह जानकारी दी। मंगल ग्रह पर लैंडिंग मिशन के लिए हेलीकॉप्टर मंगल के हवाई अन्वेषण के लिए पेलोड का एक सूट साथ ले जाएगा। पेलोड में एक तापमान सेंसर, आर्द्रता सेंसर, दबाव सेंसर, हवा की गति सेंसर, विद्युत क्षेत्र सेंसर और धूल एरोसोल के ऊर्ध्वाधर वितरण को मापने के लिए एक ट्रेस प्रजाति और धूल सेंसर शामिल किया जाएगा। भारतीय हेलीकॉप्टर मंगल की सतह से 328 फीट यानी100 मीटर ऊपर तक उड़ान भरने में सक्षम होगा, जबकि नासा का इनजेनिटी 79 फीट की ऊंचाई तक उड़ सकता है। मंगल की धरती के वातावरणीय जानकारी जुटाने के लिये अगली पीढ़ी के लिए वरदान साबित होगा।

मंगल की धरती पर नासा का हेलीकॉप्टर।

मंगल पर कीर्तिमान स्थापित करेगा इसरो, बसाएगा मानव बस्ती

मंगल की धरती पर मानव बस्ती बसाने को लेकर नासा व चीन के साथ भारत भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर चुका है। इन सभी देशों का एकमात्र सपना मंगल पर मानव का दूसरा घर बसाना है। मंगलयान की सफलता से भारतीय वैज्ञानिको के हौंसले बुलंद हैं। इसरो की तैयारी अब मंगल पर नया कीर्तिमान स्थापित करना है। मगर आज भी यह सवाल अनुत्तरित है कि कब तक मंगल पर मानव बस्ती बसाई जा सकेगी।

यूएई: आम लोगों के लिए मार्च से खुलेगा बीएपीएस मंदिर

आबू धाबी, एजेंसी

15 से 29 फरवरी तक वीआईपी मेहमानों को दी गई थी दर्शन करने की अनुमति

अबू धाबी में पहला हिंदू मंदिर एक मार्च से जनता के लिए खोला जाएगा। बता दें कि इस महीने की शुरुआत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मंदिर का उद्घाटन किया था। लगभग 700 करोड़ रुपये की लागत से इस मंदिर का निर्माण बोचासनवासी श्री अक्षर पुरूषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) द्वारा अबू मुरीखा में किया गया।

भव्य मंदिर का उद्घाटन 14 फरवरी को एक समर्पण समारोह के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने किया था, जिसमें 5,000 से अधिक आमंत्रित लोग शामिल हुए थे। 15 से 29 फरवरी तक पहले से पंजीकरण कराने वाले विदेशी श्रद्धालुओं या वीआईपी मेहमानों को मंदिर में दर्शन की अनुमति दी गई थी। अब मंदिर 1 मार्च से सुबह 9 बजे से रात 8 बजे तक जनता के लिए खुला रहेगा। मंदिर हर सोमवार को बंद रहेगा। इसकी जानकारी मंदिर के एक प्रवक्ता ने दी है।

इस मंदिर के निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाली 18 लाख ईंटों और 1.8 लाख घन मीटर बलुआ पत्थर राजस्थान से लाए गए है। यह मंदिर अयोध्या में हाल ही में उद्घाटन किए गए राम मंदिर की तरह, वास्तुकला की नागर शैली में बनाया गया है।